# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# सिपाही की क्यों नहीं दर्ज हुई एफआईआर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार यादव का कहना है कि घटना से एक दिन पूर्व निलम्बित सिपाही अपनी पत्नी का दवा-इलाज कराने डाक्टर के यहां गया था। उसका अपराध सिर्फ इतना है कि उसने पूछ लिया कि अल्ट्रासाउंड का फीस हमारे जनपद में सस्ता है यहां महगा क्यूं है ? इतनी सी बात पर डाक्टर और उनके सभी स्टाफ ने दौड़ा-दौड़ा कर सिपाही को पीटा। ऐसे में अभी तक पीड़ित की एफआईआर दर्ज नहीं हुई उल्टे पीड़ित को ही जेल भेज दिया गया। श्री यादव ने कहा कि यदि सिपाही ने डाक्टर पर हमला किया तो डाक्टर की एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्यवाही कर दी गई। परंतु सिपाही एक दिन पहले डाक्टर के हमले का शिकार हुआ तो आज तक एफआईआर नहीं दर्ज हुई? न्याय दोनों पक्षों को मिलना चाहिए। सिपाही का एफआईआर नहीं दर्ज होना निंदनीय है। सीएम को इस प्रकरण का संज्ञान लेना चाहिए।

# सिपाही की पत्नी बोली डॉक्टर के सामने चल रहा था तांडव, नहीं रोके

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चार दिन बाद डा. अनुज सरकारी और सिपाही पंकज कुमार के बीच मारपीट का चश्मदीद गवाह सिपाही की पत्नी आदिति सोमवार को एसएसपी से मिलकर चिकित्सक और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उसने कहा कि मेरे पति का सिर्फ यही कसूर था कि वह अल्ट्रासाउंड का रेट चिकित्सक डा. अनुज सरकारी से पूछ लिये और इसी बात से खफा होकर डाक्टर व अन्य कर्मचारियों ने उन पर हमला बोल दिया। मेरे सामने ही पति की बर्बरता से पिटाई की जा रही थी। लोहे के राड से मेरे पति के सिर पर मारा गया। पति को बचाने की गुहार लगायी तो डॉक्टर ने एक बार भी घटना को रोकने का कोशिश नहीं की।

सिपाही की पत्नी का कहना है कि वह पेट में दर्द की वजह से परेशान थी। कई चिकित्सकों के वहां इलाज कराया लेकिन सुधार नहीं हुआ। पुलिस विभाग की नौकरी में रहते हुए पत्नी की जिन्दगी बचाने की कोशिश की तो उन्हे गैर हाजिर

- **कप्तान ने घटना का जिक्र किया तो सहम उठी आदिति**
- **पुलिस मुखिया और चिकित्सक की भूमिका में दिखे कप्तान**
- **सिपाही की पत्नी से इलाज के बारे में की पूछताछ**

कर सस्पेंड कर दिया गया। मेरे पति ने मुझसे कहा कि कोई बात नहीं तुम व बेटी सुरक्षित रहेगी तो नौकरी फिर मिल जाएगी। डा. अनुज सरकारी के वहां इलाज कराने के दौरान पति ने पूछ लिया कि अन्य जगह अल्ट्रासाउंड का रेट 800 रुपया है और आपके यहां 1100 रुपया लिया जा रहा है ,यह गलत है। यही बात चिकित्सक को बुरी लगी और उसके बाद पति के साथ मार-पीट किया गया।

मुलाकात के दौरान एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पूछा पेट में दर्द की शिकायत कब से है, कहां पर इलाज कराए? सिपाही की पत्नी से पूरी हिस्ट्री एक चिकित्सक के तौर पर कप्तान ने जानने की कोशिश की। आदिति ने बताया कि वाराणसी और खलीलाबाद के बाद गोरखपुर में डा. अनुज सरकारी के वहां इलाज कराने आये थे। उसने कहा कि मेरा इलाज तो नहीं हुआ लेकिन पूरे परिवार के साथ जो अत्याचार हुआ वह जगजाहिर है।

## एसएसपी की पहल पर सिपाही की पत्नी का होगा एम्स में इलाज



**गोरखपुर (एसएनबी)।** सिपाही की पत्नी आदिति की तबियत खराब है। उसके इलाज को लेकर सोशल मीडिया में चर्चा है। इस बात की जानकारी होने पर आज सिपाही की पत्नी से मुलाकात के बाद एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर के पहल पर सिपाही की पत्नी का इलाज एम्स में कराने की व्यवस्था की गयी है।

एसएसपी ने सिपाही की पत्नी से पूछा कि किस अस्पताल में इलाज की व्यवस्था करा दिया जाए। आदिति ने बोला कि प्राइवेट अस्पताल की बजाए एम्स में इलाज हो जाए तो ठीक रहेगा। कप्तान ने तत्काल एम्स थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को निर्देश दिया कि सिपाही के पत्नी के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने स्वयं एम्स के अधिकारियों से बात की।

# विसर्जन स्थलों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रकहट (एसएनबी)।** शारदीय नवरात्र में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा का की प्रतिमा के विसर्जन को लेकर प्रशासन ने चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है ताकि कोई अप्रिय घटनाएं घटित



ना हो रविवार को एसडीएम बांसगांव केशरी नन्दन तिवारी व सीओ बांसगांव दरवेश कुमार थाना प्रभारी गगहा गौरव वर्मा ने थाने पर प्रधान, क्षेत्र के सम्भ्रांत, आयोजकों के साथ बैठक कर आगाह किया था कि कोई नयी परम्परा का शुरुआत नहीं की जाएगी डीजे की आवाज तेज ना हो अश्लील गानें ना बजें। सोमवार को सभी अधिकारियों ने विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया जिसमें रकहट, असवनपार, करहकोल घाट का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शंकर यादव, चन्दन पांडेय,चन्दमौल पाण्डेय,दिपक पाण्डेय,जुगेश कुमार सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। **बेलीपार प्रतिनिधि** के अनुसार बांसगांव के एसडीएम व सीओ ने बेलीपार क्षेत्र के मलांव गांव स्थित राप्ती नदी के किनारे बनाये गये दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से बात कर सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बेलीपार थानाध्यक्ष विशाल सिंह, प्रधान मुकुंद नारायण सेवक पाण्डेय सहित दुर्गविजय यादव, शैलेश यादव, शिवकुमार यादव, अक्षय कुमार सहित दर्जनों लोंग उपस्थित रहे।

# नहीं खुला बच्चियों की हत्या का राज, बिंदु की मौत

जासं, गोरखपुर : बेटी और भतीजी की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदने वाली बिंदु की भी रविवार की रात मौत हो गई। मेडिकल कालेज में उपचार कर रहे चिकित्सकों ने इसकी पुष्टि की। मौत की सूचना पर बिंदु के मायके पक्ष से कोई नहीं आया। अंततः ससुर शिव प्रसाद, देवर खुशवन और उसके तीन साथी संदीप चौहान, उपेंद्र चौहान और वंशी ने पंचनामा पर हस्ताक्षर किए। सोमवार शाम साढ़े चार बजे के करीब पोस्टमार्टम के बाद ससुराल वालों को शव सिपुर्द किया गया। बिंदु की मौत से दोनों बच्चियों की हत्या का राजफाश नहीं हो सका।



बिंदु । फाईल फोटो

खुशवन ने बताया कि सोमवार की सुबह आठ बजे वह मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर पहुंचे तो भाभी बिंदु बेड पर नहीं थीं। कर्मचारियों से पूछताछ के बाद पता चला कि रात में ही उनकी मौत हो चुकी थी। शव को मोर्च्युरी में रखा गया है। वहां पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा भरने को कहा तो भाभी के महराजगंज के मुजरी तेनुहिया स्थित मायके में सूचना दी गई। वहां से कोई नहीं आया। पंचनामा की कार्यवाही पूरी करने के लिए पांच लोगों की जरूरत थी।

- दो अक्टूबर को बेटी व भतीजी की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूद गई थी बिंदु
- ससुर शिव प्रसाद चौहान व देवर खुशवन ने तीन साथियों के साथ भरा पंचनामा

## पड़ोसियों के दबाव पर अंतिम संस्कार को तैयार हुआ रवि

बेटी और भतीजी की दो अक्टूबर को हत्या की सूचना पर हैदराबाद से आए रवि ने पत्नी बिंदु से नाता तोड़ लिया था। चिकित्सकों के बुलाने पर भी वह मेडिकल कालेज नहीं गया। उसने पत्नी का अंतिम संस्कार करने से भी मना कर दिया था। लेकिन चक्सा हुसैन स्थित घर पर जब बिंदु का शव लाया गया, तो अंतिम प्रक्रिया पूरी करने के लिए पड़ोस के लोगों ने रवि से कहा। वह तैयार नहीं हो रहा था। पड़ोसियों के साथ घर वालों ने भी दबाव बनाया तो रवि ने बिंदु का अंतिम संस्कार किया।

> मेडिकल कालेज में भर्ती बिंदु की रविवार की रात में मौत हो गई। पंचनामा भरवाकर पुलिस की मौजूदगी में राजघाट पर उसका अंतिम संस्कार भी करा दिया गया है। उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है। सीडीआर निकलवाया जा रहा है। जांच के बाद घरवालों से बातचीत कर मामले में आगे की कार्रवाई होगी।
>
> रवि कुमार सिंह
>
> सीओ गोरखनाथ

## मुखाग्नि देने के बाद मायके से घाट पर पहुंचा बड़ा भाई

सुबह सूचना देने पर बिंदु के मायके वालों ने कोई जवाब नहीं दिया। शव घर पहुंचने पर भी मायके से कोई नहीं पहुंचा था। पति रवि के तैयार होने के बाद जब मायके पक्ष को सूचना दी गई तो बिंदु का बड़ा भाई पिंटू महराजगंज स्थित घर से गोरखपुर के लिए निकला। राजघाट पर जब तक वह पहुंचा, शव को मुखाग्नि दे दी गई थी।

## सीडीआर निकलवाकर पुलिस करेगी घटना की जांच

गोरखनाथ पुलिस को बिंदु का मोबाइल फोन मिल गया है। सीडीआर निकलवाकर पुलिस जांच करेगी कि उसकी किससे बातचीत होती थी। बच्चियों की हत्या के लिए किसी ने उसे उकसाया तो नहीं था। जांच के बाद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। खुशवन का कहना है कि वह चाहते थे कि भाभी को होश आए तो वह पूछते कि जिन्हें इतना प्यार और दुलार दिया, ऐसी कौन सी बात हो गई कि अपने ही हाथों मार डाला।

# न्याय मांगने पुलिस आफिस पहुंची अदिति

## जेल में चल रहा निलंबित सिपाही का उपचार, आज होगा डाक्टर का सिटी स्कैन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिला कारागार में निरुद्ध निलंबित सिपाही की पत्नी अदिति सोमवार को स्वजन के साथ पुलिस कार्यालय पहुंची। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर को घटना की जानकारी देने के साथ ही पति की पिटाई का वीडियो दिखाया और डा.अनुज सरकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई। मारपीट में घायल सिपाही का जिला कारागार में उपचार चल रहा है। वहीं डाक्टर की स्थिति सुधार हो रहा है। मंगलवार को सिटी स्कैन होने के बाद पता चलेगा कि घाव अभी भरा या नहीं।

संतकबीर नगर जिले के मंझगावा गंगा गांव के रहने वाले निलंबित सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति दोपहर 12 बजे स्वजन, चार वर्ष के बेटे शिवम व अधिवक्ता को लेकर पुलिस कार्यालय पहुंची। एसएसपी से मिलकर गुरुवार की शाम को गैस्ट्रो लीवर हास्पिटल में हुई घटना के बारे में बताया। अदिति की माने तो अल्ट्रासाउंड कराने का रेट ज्यादा होने की बात पूछने पर उसके पति से डाक्टर उलझ गए और प्रतिकार करने पर बदसलूकी करने के साथ ही कर्मचारियों के साथ मिलकर पीट दिया। वह बचाने पहुंची तो उसके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। बेटे के चीखने पर भी पिटाई कर रहे लोगों का दिल नहीं पसीजा। कैंट पुलिस के पहुंचने पर ही उन्होंने पति को छोड़ा था। एसएसपी ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। वहीं इंटरनेट मीडिया पर सिपाही की पिटाई का वीडियो प्रसारित हो रहा है। जिस पर लोग अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

**दूसरे दिन आधार कार्ड व पर्चा लेने गए थे :** अदिति ने बताया कि चार अक्टूबर को पंकज अपना आधार कार्ड व दवा का पर्चा वापस मांगने डा.अनुज सरकारी के क्लीनिक पर गए। इस दौरान उन्हें अकेला देख एक बार फिर डाक्टर के कर्मचारियों ने हमला कर दिया और पीटते हुए उन्हें कैंट थाना ले गए। पुलिस ने डाक्टर की पत्नी से तहरीर लेकर पति को जेल भेज दिया, उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



एसएसपी से मिलने पहुंची निलंबित सिपाही की पत्नी अदिति • जागरण

### गलत है दुर्व्यवहार करने का आरोप

डा.अनुज सरकारी की पत्नी डा.माधवी सरकारी का कहना है कि दुर्व्यवहार का आरोप निराधार है। हास्पिटल में सैकड़ों मरीज व तीमारदार रोज आते हैं। किसी को दिक्कत नहीं होती। गुरुवार की रात में डाक्टर को दिखाने के बाद सिपाही की पत्नी केबिन से बाहर निकल गई थी और प्रसन्न भी थी, लेकिन निलंबित सिपाही पंकज हंगामा करने लगा। बाहर जाने के लिए कहने पर धक्का देकर गिरा दिया। जिसके बाद कर्मचारियों ने उसे पुलिस को सौंप दिया। महंगी जांच व फीस के लिए विवाद का आरोप भी गलत है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सिपाही के लिए मांगा न्याय

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव एवं महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने डाक्टर पर हथौड़े से वार करने वाले सिपाही पंकज कुमार को न्याय देने की मांग की है। इस मामले में उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं डीजीपी को संदर्भित करते हुए पोस्ट किया है। जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि इलाज कराने आए सिपाही को उसके परिवार के सामने मारना-पीटना गलत है। सिपाही को जेल भेजा जा चुका है लेकिन उनके एवं उनके परिवार के साथ न्याय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को एडीजी जोन से मिलकर सिपाही को न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपेगा।

# सीओ कैंट करेंगे सिपाही प्रकरण की जांच

**गोरखपुर (एसएनबी)।** डाक्टर की पिटायी के आरोप में जेल में बंद घायल सिपाही श्रीमती आदिति के अनुरोध पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पूरे मामले की जांच सीओ कैंट योगेन्द्र सिंह को सौंप दी है।

वह सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंची थी। एसएसपी कार्यालय पहुंचने के बाद वहां पर तैनात पुलिसकर्मी सिपाही की पत्नी से मिले और घटना के बारे में पूछताछ किया। इस दौरान एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सिपाही पत्नी को मिलने के लिए आफिस में बुलाया। सिपाही की पत्नी ने 3 व 4 अक्टूबर को डा. अनुज सरकारी के अस्पताल पर घटित घटना के बारे में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

आदिति ने बताया कि पेट में दर्द की वजह से वाराणसी में इलाज कराया लेकिन कोई राहत नहीं मिली। तबियत खराब होने की वजह से पति पंकज कुमार लगातार अवकाश पर रहने के कारण गैरहाजिर हो गए। इस दौरान चिकित्सकों की सलाह पर 2 अक्टूबर को गोरखपुर स्थित डा. अनुज सरकारी के वहां नम्बर लगवाकर दिखाया। डा. अनुज सरकारी अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पर्चे पर लिखे। अल्ट्रासाउंड कराने के बाद 3 अक्टूबर को डाक्टर के पास रिपोर्ट दिखाने पहुंचे तो डा. अनुज ने कहा कि सामान्य रिपोर्ट है। इस दौरान चिकित्सक से सिपाही पति पंकज ने कहा कि अल्ट्रासाउंड की फीस 1100 रुपये कहीं नहीं लिया जाता है। आपके वहां अल्ट्रासाउंड का फीस बहुत अधिक है। इस बात पर डा. अनुज सरकारी भड़क गए और गाली गुप्ता देते हुए अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर सिपाही पति को मारने पीटने लगे। सिपाही की पत्नी ने कहा कि पति की पिटाई को देख चार साल की बेटी चिल्लाने लगी। मैंने बचाने का प्रयास किया तो वहां के कर्मचारियों ने मुझे भी मारा पीटा जिससे मेरी साड़ी फट गयी। मुझे खींच कर केबिन में बंद कर दिया गया। इस दौरान बाउंसर ने लोहे की राड से मेरे पति के सिर पर हमला कर दिया जिससे वह लहुलूहान हो गए।

पीड़िता ने बताया कि डा. अनुज सरकारी ने ही फोन कर पुलिस बुलाया। पुलिस पति और बच्चों के साथ मुझे कैंट थाने पर लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक के दवाव में पुलिस ने उन्हीं की बात सुनी और फिर बिना किसी कार्रवाई किये हमें घर भेज दिया। उसने बताया कि रात में घर पर पति सोये नहीं। चोट से कराहते रहे और फिर सुबह वह घर से निकल गए। पीड़िता ने तहरीर के आधार पर डा. अनुज सरकारी व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता की तहरीर मिलने के बाद एसएसपी ने पूरे मामले की जांच सीओ कैंट को सौंपी है। सीओ कैंट की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पीड़िता ने शिकायती पत्र उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक, एडीजी जोन गोरखपुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग दिल्ली, अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली को पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

- आदिति बोलीं अल्ट्रासाउंड के पैसे को लेकर डॉक्टर ने बाउंसरों से करायी पिटाई
- सिपाही की पत्नी ने डीजीपी, एडीजी जोन, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग, अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग, अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजा पत्र

### एसएसपी ने आरोपी सिपाही की पत्नी के प्रार्थना पत्र पर दिया आदेश



एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मुलाकात करती सिपाही पंकज की पत्नी आदिति। फोटो : एसएनबी

### निष्पक्ष होगी जांच, दोषी पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि चिकित्सक डा. अनुज सरकारी के मामले में सिपाही की पत्नी आदिति का शिकायती पत्र मिला है। शिकायती पत्र के आधार पर जांच का आदेश दिया गया है। जांच निष्पक्ष होगी और दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों की जिम्मेदारी है कि वह कानून को अपने हाथ में न लें। कानून अपना काम करेगा। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

# एसएसपी से मुलाकात कर सिपाही की पत्नी ने लगाई न्याय की गुहार

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (7 Oct):** डॉक्टर पर हमला करने वाले सस्पेंड सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति चार साल के बेटे शिवम के साथ सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंची और एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई. अदिति ने बताया कि मेरे पति ने कहा कि डॉक्टर साहब अल्ट्रासाउंड आपके यहां बहुत मंहगा है. यहां पर 11 सौ रुपये लिए गए यही अल्ट्रासाउंड अन्य जगहों पर आठ सौ रुपये में ही हो जाता है. ये बात सुनते ही डॉक्टर अनुज सरकारी भड़क गए और गाली देने लगे. तभी उनके 15-20 गुर्गे भी चेंबर में घुस आए. डॉक्टर के साथ मिलकर गुर्गों ने मेरे पति को बेरहमी से पीटा. मेरे साथ भी दुर्व्यवहार किया गया. अदिति ने बताया कि तीन अक्टूबर की इस घटना को देखकर मेरा चार साल का बेटा शिवम भी चींखने चिल्लाने लगा. इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस बुलाकर मुझे व मेरे पति को सौंप दिया. थाने पर जांच पड़ताल में डॉक्टर अनज सरकारी की गलती सामने आने पर दंपती को छोड़ दिया गया.

## पर्चा लेने गए थे क्लीनिक

अदिति ने बताया कि चार अक्टूबर को पंकज अपना आधार कार्ड व दवा का पर्चा वापस मांगने डॉ. अनुज सरकारी के क्लीनिक पर गए. इस दौरान उन्हें अकेला देखकर एक बार फिर डॉक्टर के गुर्गों ने उनपर हमला कर दिया. डॉ. अनुज सरकारी जाति सूचक गाली देते हुए बोले कि आज इसके साथ इसकी पत्नी नहीं है, इसे कैंट थाने ले चलकर एफआईआर दर्ज कराओ. इसके बाद मारते पीटते हुए थाना कैंट तक ले गए, वहां पर एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजवा दिया. थाना कैंट में मैंने भी तहरीर दी, लेकिन डॉक्टर के दबाव में केस दर्ज नहीं किया गया. अदिति ने एसएसपी से कहा कि साहब आप थाना कैंट को केस दर्ज करने का आदेश देने की कृपा करें.

## एसएसपी ने ली जानकारी

एसएसपी ने सिपाही की पत्नी अदिति से उसकी बीमारी के बारे में भी जानकारी ली. साथ ही सिपाही के सस्पेंड होने का कारण भी पूछा. उन्होंने अदिति का इलाज कराने का भी आश्वासन दिया.

**सिपाही की पत्नी ने मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है. घटनाक्रम के बारे में भी बताया है, जिसकी जांच पड़ताल कर साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

# गीडा में तैनात सिपाही ने मांगे रुपये, ऑडियो वायरल

**घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद।** गीडा थाना में तैनात एक सिपाही का ऑडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। दरअसल, ऑडियो में सिपाही एक शख्स से पांच की जगह छह हजार रुपये की मांग कर रहा है। मामले की जांच एसपी ने सीओ को सौंपी है।

गीडा क्षेत्र के एक युवक ने दूसरे से सात लाख रुपये में थार दिलाने का वादा किया। रकम लेने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली, तो शिकायत पर गीडा थाने में करीब एक माह पहले पंचायत हुई। इसके बाद लिखा पढ़ी में पैसा वापस करने का करार हुआ। इसके बाद भी रकम नहीं मिलने पर युवक ने सिपाही से संपर्क किया। इसी दौरान सिपाही का ऑडियो वायरल हुआ है। ऑडियो में पांच की जगह छह हजार की मांग की जा रही है। हालांकि आपका अपना अखबार 'हिन्दुस्तान' वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

त्योहार के समय कैसे रहेगी सिटी में शांति, जब आधी रात को सड़कों पर रहते हैं

# बड़े बाप की औलादें

| बेतियाहाता के भगत सिंह चौराहे पर गाड़ी में हुड़दंग कर रहे युवकों ने पुलिस वालों को दी देख लेने की धमकी | रामगढ़ताल एरिया में आधीरात को सड़क पर बाइकों का मेला लगा काटा केक, मचाया उत्पात | दोनों ही मामलों में कैंट व रामगढ़ताल थाना की पुलिस ने की सख्त कार्रवाई, गाड़ियां हुई सीज, युवकों का चालान |
|---|---|---|

त्योहार का मौसम शुरू हो गया है. नवरात्रि चल रही है और दशहरा सिर पर है. दीपावली व छठ को लेकर भी माहौल उत्साह में है. डीआईजी, एसएसपी और डीएम शांति व्यवस्था को लेकर कंसर्न हैं. तीनों अफसरों ने मंडे को इसे लेकर पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की बैठक पर लंबे चौड़े निर्देश भी दिए.

**i CONCERN** इसके बावजूद शहर के बड़े बाप की औलादें मान नही रहे हैं. कहीं आधी रात को चौराहे पर हुड़दंग हो रहा है तो कहीं लबे सड़क केक की कटिंग. हद तो ये कि इन्हें वर्दी का खौफ भी नही. कारण की जब सिटी में ऐसी दो घटनाओं पर पुलिस वालों ने टोकाटाकी की तो बड़े बाप की औलादों ने देख लेने की धमकी तक दे डाली. हालांकि अफसरों का सख्त रवैया काम आया पहले अर्दब में आ जाने वाली पुलिस अचानक जोश में आ गई. संडे और मंडे को पुलिस ने आधी रात को सिटी की शांति व्यवस्था में व्यवधान का प्रयास करने वाले बड़े बाप की औलादों की गाड़ियां ही नहीं सीज की, बल्कि लाख दबाव के बावजूद उनका चालान भी काट दिया.

## डीआईजी, डीएम व एसएसपी हुए सख्त शांति व्यवस्था के अड़ंगाबाजों पर सख्ती

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की बैठक लेते डीआईजी, डीएम व एसएसपी.

GORAKHPUR (7 Oct): आगामी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, कानून व्यवस्था का शत-प्रतिशत पालन किया जाए, शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह बातें डीआइजी आनन्द कुलकर्णी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश एवं एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने कहीं. तीनों अधिकारी रविवार को पुलिस लाइन सभागार में त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे.

### एसडीएम व सीओ की जोड़ी

डीआइजी एवं एसएसपी ने कहा कि दशहरा एवं प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए. प्रतिमा विसर्जन मार्गों पर सीसी कैमरे लगवाए जाएं. एसडीएम एवं सीओ संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे और सीसी कैमरे लगवाएंगे. जिलाधिकारी ने कहा कि विसर्जन मार्ग को गड्ढामुक्त बनाएं, साफ-सफाई, बिजली एव जलापूर्ति अनवरत बनी रहे. जर्जर एवं ढीले तार को ठीक कर लिया जाए, बिजली के जर्जर खंभों को दुरुस्त कर लिया जाए. अधिकारियों ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस निरंतर तत्पर है. सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. एसएसपी ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी. यातायात व्यवस्था भी बेहतर रहेगी. उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराया जाए, जिससे उसका निराकरण कराया जा सके.

## अंधेरी रात में सुनसान सड़क पर हंगामा



GORAKHPUR: बेतियाहाता के भगत सिंह चौराहे पर रविवार की रात गाड़ी खड़ी करके हुड़दंग मचा रहे युवकों को पुलिसकर्मियों ने टोका तो भिड़ गए, घर जाने के लिए कहने पर देख लेने की धमकी देने लगे. थानेदार ने घटना की जानकारी अधिकारियों को देने के साथ ही चारों युवकों को हिरासत में ले लिया. स्कार्पियो सीज कर दी गई.रविवार की रात में 12 बजे कैंट थाना पुलिस बेतियाहाता में जांच कर रही थी. इसी दौरान स्कार्पियो गाड़ी में हुड़दंग कर रहे चार युवक दिखे. नाम, पता पूछने व घर जाने के लिए कहने पर पुलिसकर्मियों से भिड़ गए. सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी सीज करने के साथ ही गोरखनाथ के रितुज जायसवाल, जयंत श्रीवास्तव, सक्षम शुक्ला व आकर्ष सर्राफ को हिरासत में लिया गया था. सोमवार की सुबह सभी युवकों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया.

**02**

## रोड पर बाइक, बाइक पर केक और सड़क पर हुड़दंग



GORAKHPUR : सर्किट हाउस के पास सोमवार की शाम सड़क पर बाइक खड़ी करके केक काटने के साथ ही युवक रास्ते से गुजर रहे लोगों पर कमेंट कर रहे थे. रामगढ़ताल थाना पुलिस ने घेराबंदी कर छह बाइक को कब्जे में लेकर सीज करने के साथ ही दो युवकों को हिरासत में लिया है. सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम छह बजे सूचना मिली कि सर्किट हाउस के बगल से जाने वाली सड़क पर 10 की संख्या में खड़े युवक बाइक पर केक रखकर काटने के साथ ही हुड़दंग कर रहे हैं. सिपाहियों के पहुंचने पर भी जब नहीं हटे तो रामगढ़ताल थाना प्रभारी चितवन कुमार ने घेराबंदी कर छह बाइक को कब्जे में लेने के साथ तारामंडल में रहने वाले मोनू गौड़ व रितेश गौड़ को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में पाबंद किया है.

**03**

" फेस्टिव सीजन को देखते हुए सिटी में चेकिंग तेज की गई है. फुल नाइट पेट्रोलिंग भी हो रही है. लगातार कार्रवाई भी हो रही है. रामगढ़ताल एरिया में सख्त नजर रखी जा रही है. पकड़े जाने वालों के खिलाफ लगातार शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है.



अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# नहीं खुला हत्या का राज, बिंदु की हुई मौत

**दो सितंबर को बेटी व भतीजी की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूद गई थी बिंदु**

**GORAKHPUR :** बेटी और भतीजी की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदने वाली बिंदु की भी रविवार की रात मौत हो गई. मेडिकल कॉलेज में इलाज कर रहे डॉक्टर्स ने इसकी पुष्टि की. मौत की सूचना पर बिंदु के मायके पक्ष से कोई नहीं आया. अंततः ससुर शिव प्रसाद, देवर खुशवन और उसके तीन साथी संदीप चौहान, उपेंद्र चौहान और वंशी ने पंचनामा के कागजात पर हस्ताक्षर किए. सोमवार शाम साढ़े चार बजे के करीब पोस्टमार्टम के बाद ससुराल वालों को शव सिपुर्द किया गया. बिंदु की मौत से दोनों बच्चियों की हत्या का राजफाश नहीं हो सका. खुशवन ने बताया कि सोमवार की सुबह आठ बजे वह मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर पहुंचे तो भाभी बिंदु बेड पर नहीं थीं. कर्मचारियों से पूछताछ के बाद पता चला कि रात में ही उनकी मौत हो चुकी थी. शव को मोर्च्युरी में रखा गया है. वहां पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा भरने को कहा तो भाभी के महराजगंज के मुजरी तेनुहिया स्थित मायके में सूचना दी गई. वहां से कोई नहीं आया. पंचनामा की कार्यवाही पूरी करने के लिए पांच लोगों की जरूरत थी. उन्होंने पिता और तीन दोस्तों को फोन कर बुलाया. पोस्टमार्टम के बाद देर शाम राजघाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया.

## दबाव पर तैयार हुआ रवि

बेटी और भतीजी की दो सितंबर को हत्या की सूचना पर हैदराबाद से आए रवि ने पत्नी बिंदु से नाता तोड़ लिया था. डॉक्टर्स के बुलाने पर भी वह मेडिकल कॉलेज नहीं गया. उसने पत्नी का अंतिम संस्कार करने से भी मना कर दिया था. लेकिन जब बिंदु का शव लाया गया, तो पड़ोस के लोगों ने दबाव बनाया तो रवि ने बिंदु का अंतिम संस्कार किया.

**रविवार की रात में बिंदु की मौत हो गई. पुलिस की मौजूदगी में राजघाट पर उसका अंतिम संस्कार भी हो गया है. उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है. सीडीआर निकलवाया जा रहा है. जांच के बाद घरवालों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई होगी.**

**रवि कुमार सिंह,** सीओ गोरखनाथ

## सीडीआर से जांच

गोरखनाथ पुलिस को बिंदु का मोबाइल फोन मिल गया है. सीडीआर निकलवाकर पुलिस जांच करेगी कि उसकी किससे बातचीत होती थी. बच्चियों की हत्या के लिए किसी ने उसे उकसाया तो नही था. जांच के बाद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी. खुशवन का कहना है कि वह चाहते थे कि भाभी को होश आए तो वह पूछते कि जिन्हें इतना प्यार और दुलार दिया, ऐसी कौन सी बात हो गई कि अपने ही हाथों मार डाला.

# जालसाजी करने वाले समेत तीन पर इनाम

गोरखपुर। बांसगांव, सिकरीगंज में दर्ज तीन मुकदमों में फरार चल रहे तीन आरोपितों पर एसएसपी ने इनाम घोषित कर दिया। एलएनटी कंपनी में जालसाजी करने के आरोपित संतकबीरनगर के तमाखास निवासी विशाल कुमार पाल पर दस हजार रुपये, बांसगांव में ही दर्ज दुष्कर्म केस में फरार मनीष वर्मा पर दस हजार रुपये और सिकरीगंज थाने में दर्ज दुष्कर्म केस में फरार चल रहे बड़यापार निवासी शिवम कुमार गौड़ पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया।

## चार साल के बेटे के साथ एसएसपी से मिलकर सिपाही की पत्नी ने लगाए कई आरोप

# पति के अल्ट्रासाउंड महंगा बताने पर भड़क गए थे डॉक्टर अनुज

**हि फॉलोअप**

- डॉक्टर और उनके स्टॉफ पर लगाया आरोप, मुकदमा लिखने की लगाई गुहार
- एसएसपी ने कार्रवाई और इलाज में मदद का आश्वासन दिया



एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन देती सिपाही की पत्नी अदिति।

> सिपाही की पत्नी ने प्रार्थना पत्र दिया है। घटनाक्रम के बारे में भी बताया है, जिसकी जांच पड़ताल कर साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टर अनुज सरकारी पर हमला के आरोप में जेल गए निलंबित सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति सोमवार को अपने चार साल के बेटे शिवम के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची और एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। अदिति ने एसएसपी को बताया कि मेरे पति ने कहा था कि डॉक्टर साहब आपके यहां अल्ट्रासाउंड बहुत महंगा है। यहां पर 11 सौ रुपये लिए गए, वही अल्ट्रासाउंड अन्य जगहों पर आठ सौ रुपये में हो जाता है। यह बात सुनते ही डॉक्टर भड़क गए और गाली देने लगे। तभी उनके 15-20 लोग भी चेंबर में घुस आए। डॉक्टर के साथ मिलकर उन लोगों ने मेरे पति को बेरहमी से पीटा। मेरे साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

अदिति ने एसएसपी को बताया कि तीन अक्तूबर को जब यह घटना हुई उस समय मेरा चार साल बेटा भी साथ था, यह सब देखकर बेटा भी चीखने चिल्लाने लगा। इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस बुलाकर मुझे व मेरे पति को सौंप दिया। थाने पर जांच पड़ताल में डॉक्टर की गलती सामने आई, लेकिन उसके बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं हुई। अदिति ने आरोप लगाया कि चार अक्टूबर को पंकज अपना आधार कार्ड व दवा का पर्चा वापस मांगने डॉ. अनुज सरकारी के क्लीनिक पर गए थे। इस दौरान उन्हें अकेला देखकर एक बार फिर डॉक्टर के स्टॉफ ने उनपर हमला कर दिया। आरोप लगाया कि डॉ. अनुज सरकारी जातिसूचक गाली देते हुए बोले कि आज इसके साथ इसकी पत्नी नहीं है, इसे कैंट थाने ले जाकर एफआईआर दर्ज कराओ। इसके बाद मारते-पीटते हुए थाना कैंट तक ले गए, वहां पर एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया। कैंट थाने में मैंने भी तहरीर दी, लेकिन डॉक्टर के दबाव में केस दर्ज नहीं किया गया। अदिति ने एसएसपी से कहा कि आप थाना कैंट को केस दर्ज करने का आदेश देने की कृपा करें।

**सोशल मीडिया पर सिपाही के पक्ष उठा रहे आवाज:** डॉक्टर पर हमले के आरोपित सिपाही के पक्ष में लोग सोशल मीडिया पर आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि सिपाही की पिटाई का वीडियो सार्वजनिक है, उसे भी न्याय मिलना चाहिए। अधिवक्ता भी सिपाही की पैरवी कर रहे हैं। वहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश खासतौर पर मेरठ के पुलिसकर्मी सिपाही पंकज के सहयोग के लिए पैसा भी जुटा रहे हैं।

## एसएसपी ने ली अदिति से बीमारी की जानकारी

एसएसपी ने सिपाही की पत्नी अदिति से उसकी बीमारी के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिपाही के निलंबित होने का कारण भी पूछा। उन्होंने अदिति का इलाज कराने का भी आश्वासन दिया और एम्स के इंस्पेक्टर से बात कर अदिति का एम्स में इलाज में मदद करने के लिए कहा।

## निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

गोरखपुर। पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी को भेजे अपने शिकायती पत्र में कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों के अनुसार गुरुवार को डॉक्टर के उकसाने पर अस्पताल कर्मियों ने सिपाही पंकज कुमार के साथ मारपीट की थी। इस संबंध में एफआईआर दर्ज करने कैंट थाने गए थे लेकिन डॉक्टर के दबाव में पुलिस ने मामला रफादफा कर दिया। शुक्रवार को भी सिपाही द्वारा कथित रूप से डॉक्टर पर हथौड़े से प्रहार के बाद अस्पताल कर्मियों ने सिपाही की पिटाई की। सिपाही की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## डॉक्टर पर भी दर्ज हो मुकदमा : रूपेश

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने मुख्यमंत्री और डीजीपी उत्तर प्रदेश को ट्वीट करके सिपाही पंकज कुमार को न्याय दिलाने की मांग की है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सिपाही पंकज कुमार को न्याय दिलाने के लिए एडीजी से मिलकर अपनी बात रखेगा। कर्मचारियों ने नेताओं ने कहा है कि डॉक्टर ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए सिपाही को जेल भेजवा दिया। सिपाही की तहरीर पर केस नहीं दर्ज हुआ। कर्मचारी नेताओं ने डॉक्टर की संपत्ति की जांच कराने की अपील सरकार से की है।

# महिला से किया दुष्कर्म

गोरखपुर। बेटे को जान से मारने की धमकी देकर महिला से पड़ोस में रहने वाले एक मनबढ़ ने दुष्कर्म किया। महिला को काम पर आते-जाते समय उसे परेशान करता है। आरोपित की हरकत से आजिज आकर पीड़ित ने तिवारीपुर थाने में दुष्कर्म व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तिवारीपुर थाना पुलिस को तहरीर देकर महिला ने बताया कि पति से तलाक होने के बाद वह

# शहर में फिर आए असलहे तैयार हुई मनबढ़ों की सूची

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। करीब एक वर्ष बाद एक बार फिर शहर में असलहों की खेप आ गई है। गत दिनों में असलहों के पकड़े जाने की पुष्टि के बाद पुलिस ने भी इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि ऐसे मनबढ़ों की सूची भी तैयार कर ली है।

खासकर शहर इलाके में मनबढ़ों की सूची तैयार कर पुलिस ने एक्शन भी शुरू कर दिया है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। पुलिस ने रविवार को ही तीन युवकों को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। पुलिस जल्द ही अन्य मनबढ़ों को भी सलाखों के पीछे भेजने की तैयारी में है।

तारामंडल वसुंधरा इन्क्लेव के पास मनबढ़ों के दो गुटों में विवाद हो गया था। इस दौरान एक पक्ष ने एक कार पर फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। जांच

> मनबढ़ों की सूची तैयार की गई है, सूची के मुताबिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। शहर में असलहे कहां से आ रहे हैं, इसकी जांच पुलिस कर रही है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

शुरू हुई तो पता चला कि पैडलेगंज के पास ही अब मनबढ़ों का नया ठिकाना बन गया है।

एसपी सिटी ने खुद कमान संभाली और उस इलाके में अपने स्रोतों व सीसी टीवी कैमरों की मदद से मनबढ़ों को चिह्नित कर सूची तैयार की है। पुलिस ने जांच शुरू की तो रविवार को ही एक कार में तीन मनबढ़ असलहा लेकर घूमते मिल गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और जेल भिजवा दिया। पुलिस तमंचा की खेप लाने वालों की तलाश में जुटी है।

# नौकायन : जन्मदिन पर हुड़दंग, दो दबोचे

**मनबढ़**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल क्षेत्र के नौकायन के पास सोमवार को मनबढ़ों ने एक लाइन से बाइक खड़ी कर उस पर केक काट कर हुड़दंग मचाते हुए जन्मदिन मना रहे थे। खबर मिलते ही पुलिस पहुंची तो दो युवक पकड़े गए जबकि अन्य बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से बरामद हुई छह बाइक को सीज कर दिया वहीं युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

- दोस्त का जन्मदिन मनाने पहुंचे थे सभी नौकायन
- बाइक की सीट पर केक रखकर काट रहे थे युवक
- मौके से छह बाइक को पुलिस ने किया सीज



पुलिस की गिरफ्त में दोनों युवक।

दरअसल रामगढ़ताल क्षेत्र में हाल के दिनों में एक के बाद एक कर कई घटनाएं सामने आई हैं। युवक पर हमले के मामले में उसके साथी जब पुलिस थाने में शिकायत करने गए तो मनबढ़ युवक के साथियों ने कार सवार छात्र और उसके साथी पर फायरिंग की। पुलिस ने उनकी एक के बाद एक गिरफ्तारी शुरू की इस बीच कार सवार तीन युवक असलहों के साथ पकड़े गए। वह रामगढ़ताल इलाके में ही घूम रहे थे। इन सब मामलों में कार्रवाई चल ही रही थी कि अब इसी इलाके में सोमवार को हुड़दंग की एक और घटना सामने आई। पता चला कि एक लाइन से छह बाइक खड़ी कर हर बाइक की सीट पर एक केक रखकर काटने के साथ मनबढ़ युवक हुड़दंग मचा रहे थे। किसी ने इसकी खबर पुलिस को दे दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो अन्य युवक भाग गए जबकि दो को पुलिस ने दबोच लिया। युवकों की पहचान गोपलापुर निवासी रितेश गौड़ और मोनू गौड़ के रूप में हुई। पता चला कि रितेश गौड़ का सोमवार को जन्मदिन था। रितेश के साथ ही 10 से 15 युवक जन्मदिन मनाने नौकायन पर एकत्रित हुए थे। हर बाइक की सीट पर एक-एक केक रखा गया था। वहीं युवक हाथ में आतिशबाजी के लिए कई चीजें लिए हुए थे। सभी युवक तेज तेज चिल्लाकर हुड़दंग मचा रहे थे। पुलिस ने मौके पर बरामद सभी गाड़ियों को सीज करने के साथ ही दोनों मनबढ़ों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# छात्राओं को दी महिला हेल्पलाइन की जानकारी

गोरखपुर। महात्मा गांधी पीजी कॉलेज में महिला थाना और कोतवाली की ओर से मिशन शक्ति के तहत छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी ओंकार दत्त तिवारी ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सब इंस्पेक्टर प्रियंका ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय भी बताए। प्राचार्य प्रो अनिल सिंह ने छात्राओं को मोबाइल का सही उपयोग के बारे में सजग रहने का सुझाव दिया।

# बिंदू की मौत, बच्चियों के कत्ल का राज दफन

## बेटी व भतीजी की हत्या करने वाली बिंदू का मेडिकल में इलाज के दौरान गई जान

गोरखपुर। दो अक्तूबर को गोरखनाथ क्षेत्र के पार्वतीनगर कॉलोनी में बेटी नैना (06) और भतीजी शीतल (03) की हत्या कर ट्रेन के आगे कूदने वाली बिंदू की छठवें दिन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को उसकी मौत के साथ ही बच्चियों की हत्या का राज भी हमेशा के लिए दफन हो गया। कुछ लोग मानसिक बीमार तो कई लोग तंत्रमंत्र हत्या की वजह मान रहे थे।

बिंदू के देवर खुशवन ने बताया कि सोमवार की सुबह गोरखनाथ थाने से मौत की सूचना मिली थी। मेडिकल कॉलेज जाकर पंचनामा भर दिया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। भाभी के मायके महाराजगंज के पनियरा में रहने वाले परिजनों को उनकी मौत की सूचना दी गई। लेकिन उनके माता-पिता आने को तैयार नहीं थे। बड़े भाई पिंटू दाह संस्कार के समय राजघाट पहुंचे थे।

**कांपते हाथ से पति ने बिंदू की भरी मांग :** बिंदू की करतूत की वजह से आखिरी बार घर की चौखट पर उसका शव नहीं लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शव लेकर देवर सीधे राजघाट पहुंचा। पति रवि चौहान ने उसे देखने से भी इन्कार कर दिया था। आखिरी समय में रवि पत्नी का दाह संस्कार करने राजघाट आए। रवि ने बिंदू को साड़ी, चुनरी ओढ़ाई और उसकी मांग में कांपते हाथ से सिंदूर भरा। रवि ने रोते हुए बोला कि बेटी को आखिरी समय देख नहीं पाया। जिसने मारा उसका दाह संस्कार कर रहा हूं। राजघाट में बिंदू का भाई पिंटू, देवर खुशवन और दो अन्य लोग मौजूद रहे। उधर, कॉलोनी में बिंदू की मौत की चर्चा होती रही लेकिन उसकी करतूत की वजह से कोई भी अंतिम संस्कार में शामिल होने नहीं गया।

**नतिनी को मार डाला इसलिए चेहरा नहीं देखना चाहते हैं मां-बाप :** पांच भाई बहन में बिंदू दूसरे नंबर पर थी। इसके अलावा तीन भाई पिंटू, रिंकू, अंगद और बहन रूबी है। बिंदू के के इस कृत्य से नाराज पिता भवानी चौहान और मां रुकमणि बहुत नाराज थीं। उन्होंने कहा कि बेटी की हर बात मानी, जो भी किया उसका साथ दिया, लेकिन नतिनी को मारने की घटना बहुत ही शर्मनाक है।

# आपके यहां अल्ट्रासाउंड बड़ा महंगा है यह सुनते ही भड़क गए डॉक्टर साहब

## डॉ. अनुज सरकारी प्रकरण : एसएसपी से मुलाकात कर आरोपी सिपाही की पत्नी ने बताया घटनाक्रम

गोरखपुर। डॉ. अनुज सरकारी पर हमले के आरोपी निलंबित सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति चार साल के बेटे शिवम के साथ सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंचीं। उन्होंने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। अदिति ने बताया-मेरे पति ने डॉक्टर से जब यह कहा कि आपके यहां अल्ट्रासाउंड जांच महंगी है तो वह भड़क गए। इसके बाद मेरे पति को जमकर पीटा गया। एसएसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसएसपी को घटनाक्रम की जानकारी देते हुए अदिति ने बताया कि तीन अक्तूबर को डॉक्टर के चैंबर में पहुंचे तो उनके पति ने कहा-डॉक्टर साहब! आपके यहां अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 1100 रुपये लिए गए। यही जांच अन्य जगहों पर 800 रुपये में ही हो जाती है। इसके बाद डॉक्टर अनुज सरकारी भड़क गए और गाली देने लगे। तभी उनके 15-20 गुर्गे भी चैंबर में घुस आए। डॉक्टर के साथ मिलकर गुर्गों ने उनके पति को बेरहमी से पीटा। उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

अदिति ने बताया कि इस घटना को देखकर उनका चार साल का बेटा शिवम चीखने-चिल्लाने लगा। इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस बुलाकर उन्हें व पति को सौंप दिया। थाने पर जांच-पड़ताल में डॉक्टर अनुज सरकारी की गलती सामने आने पर दंपती को छोड़ दिया गया।

**डॉक्टर-स्टॉफ पर एफआईआर दर्ज करने की मांग, एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन**



निलंबित सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति बच्चे के साथ।

### आधार कार्ड और पर्चा लेने गए थे क्लीनिक

अदिति ने बताया कि चार अक्तूबर को पंकज अपना आधार कार्ड व दवा का पर्चा वापस मांगने डॉ. अनुज सरकारी के क्लीनिक पर गए। इस दौरान उन्हें अकेला देखकर एक बार फिर डॉक्टर के गुर्गों ने उनपर हमला कर दिया। डॉ. अनुज सरकारी जातिसूचक गाली देते हुए बोले-आज इसके साथ इसकी पत्नी नहीं है, इसे कैंट थाने ले चलकर एफआईआर दर्ज कराओ। इसके बाद मारते-पीटते हुए थाना कैंट तक ले गए, वहां पर एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया। थाना कैंट में उन्होंने भी तहरीर दी, लेकिन डॉक्टर के दबाव में केस दर्ज नहीं किया गया।

### आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कराने की मांग

**गोरखपुर** । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रुपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को ट्वीट कर सिपाही पंकज कुमार के साथ मारपीट मामले में आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कराने की मांग की है। मंगलवार को कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एडीजी से भी मुलाकात करेगा।

" सिपाही की पत्नी ने मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है। घटनाक्रम के बारे में भी बताया है। इसकी जांच-पड़ताल कर साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**डॉ. गौरव ग्रोवर**, एसएसपी

अदिति से बीमारी के बारे में एसएसपी ने ली जानकारी : एसएसपी ने सिपाही की पत्नी अदिति से उसकी बीमारी के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिपाही के निलंबित होने का कारण भी पूछा। उन्होंने अदिति का इलाज कराने का भी आश्वासन दिया।

# बिंदू की मौत, दफन हो गया दो मासूमों की हत्या का राज

**फॉलोअप**

- गोरखनाथ इलाके में बेटी व भतीजी की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदी थी बिंदू
- गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में चल रहा था उपचार, देवर को सुपुर्द किया गया शव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वा के पास स्थित मकान में दो अक्तूबर को बेटी नैना व भतीजी शीतल की हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदी बिंदू की मौत हो गई। हादसे के बाद ही वह कोमा में थी और रविवार की देर रात बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर देवर खुशवंत मेडिकल कॉलेज पहुंचा और सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उसे सुपुर्द कर दिया गया। सोमवार को ही देर शाम बिंदू के पति रवि चौहान ने दाह संस्कार किया। बिंदू की मौत के साथ ही दो मासूमों की हत्या का राज भी दफन हो गया।

दो अक्तूबर को हत्या के बाद ट्रेन के आगे कूदने के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बिंदू को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन सिर पर गंभीर चोट की वजह से वह कोमा में चली गई थी। उसी दिन से वह मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी।

रविवार को उसे एक बार होश आया, लेकिन आंख खोलने के चंद सेकेंड बाद ही फिर से बेहोश हो गई। तभी डॉक्टरों ने उसके बचने की उम्मीद छोड़ दी थी और पुलिस ने घरवालों को सूचना दी थी। हालत बिगड़ने की सूचना के बाद भी पति रवि चौहान ने पत्नी से न मिलने का फैसला किया, लेकिन देवर पहुंचा था। रात में मौत के बाद शव को मोर्चरी में रखा गया था। सोमवार को वीडियोग्राफी के बीच बिंदू के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर शव देवर को सुपुर्द कर दिया गया।

" बेटी व भतीजी की हत्या करने वाली बिंदू की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में दर्ज केस भी खत्म होगा।
-**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

### खत्म हो जाएगा हत्या का केस

बच्चों के बाबा शिवप्रसाद की तहरीर पर बिंदू पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। अब उसकी मौत के बाद यह केस भी खत्म हो जाएगा। हत्या का केस होने की वजह से मेडिकल कॉलेज में आईसीयू के बाहर पुलिस वाले मौजूद थे और मंजू का कस्टडी में ही उपचार चल रहा था।

### यह हुआ था

पचपेड़वा निवासी शिवप्रसाद चौहान के दो बेटे रवि चौहान और खुशवंत चौहान अपने परिवार के साथ पार्वतीपुरम कॉलोनी में रहते हैं। शिवप्रसाद अपनी बेटी के साथ चक्सा हुसैन में रहते हैं। रवि हैदराबाद में रहकर काम करता है, जबकि खुशवंत यहीं पर प्लंबर है। दो अक्तूबर को बिंदू अपनी छह वर्ष की बेटी नैना व भतीजी शीतल की हत्या कर खुद ट्रेन के आगे कूद गई थी। शिवप्रसाद की तहरीर पर पुलिस बिंदू पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# करंट की चपेट में आई महिला, मौत

गुलरिहा। खुटहन में सोमवार सुबह एक महिला की घर की सफाई के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, खुटहन खास दक्षिण टोला की पिंकी (30) पत्नी राजू निषाद सुबह 11 बजे खाना बनाने के बाद घर की सफाई कर रहीं थीं। बिजली के बोर्ड के पास तार कटा हुआ था, जो उनके हाथ में सट गया और वह करंट की चपेट में आ गईं। घर वाले इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ब्यूरो



ज्ञापन देने पहुंचे इमामबाड़ा मुतवाल्लियान कमेटी के लोग। संवाद

# नरसिंहानंद के खिलाफ आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर। पैगंबरे इस्लाम की शान में गुस्ताखी करने वाले यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नरसिंहानंद के बयान को लेकर मुसलमानों में जबरदस्त गुस्सा है।

गिरफ्तारी, सख्त सजा, रासुका व देशद्रोह की कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। सोमवार को विभिन्न संगठनों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नरसिंहानंद पर कार्रवाई की मांग की।

मस्जिद कादरिया गुलशन असुरन पोखरा, इमामबाड़ा मुतवल्लियान कमेटी, हिंदू मुस्लिम एकता कमेटी से जुड़े लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। नरसिंहानंद के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आरती साहू को सौंपा। रासुका के तहत सजा की मांग की गई। वहीं शिया फेडरेशन ने एसपी सिटी अभिनव त्यागी को ज्ञापन सौंप नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान हाफिज शाकिर अली, शाकिर अली सलमानी, सैयद इरशाद अहमद, हाजी सोहराब खान आदि लोग शामिल रहे। ब्यूरो

# छत से गिरकर एमबीबीएस छात्र की मौत में अज्ञात पर हत्या का केस

## संदिग्ध हालात में गिरे छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**शाहजहांपुर/तिलहर।** नेशनल हाईवे स्थित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की छत से एक दिन पहले संदिग्ध हालात में गिरकर हुई एमबीबीएस छात्र कुशाग्र प्रताप सिंह (26) की मौत के मामले में परिजनों ने अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि पुलिस प्रारंभिक जांच में आत्महत्या मान रही है।

गोरखपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्ती नगर फेज-1 के एमआईजी 35 निवासी अजय कुमार सिंह ने तिलहर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा कुशाग्र एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र था। छह अक्तूबर को सुबह 08:45 बजे उनके पास फोन आया कि बेटे की मौत हो गई है। इसकी सूचना उन्होंने लखनऊ में रहने वाले अपने रिश्तेदारों को दी। वह भी कॉलेज पहुंचे। अजय के मुताबिक, प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है कि कुशाग्र को जबरदस्ती छत से नीचे फेंका गया था। उसके शरीर पर चोट जैसे निशान थे। हॉस्टल का सीसीटीवी कैमरा बंद था। कॉलेज प्रशासन का रवैया भी असहयोगात्मक था। उन्हें शक है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। पिता के मुताबिक, बेटे ने कुछ साथी छात्रों को उधार रुपये भी दिए थे। उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी को न्याय दिलाने की मांग की है।

**सबूतों से छेड़छाड़, छात्र के फर्जी हस्ताक्षर का आरोप :** चचेरे भाई सूरज ने सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। बताया कि पुलिस काफी दबाव में काम कर रही है। इच्छा के अनुसार रिपोर्ट तक नहीं लिखी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। उपस्थिति रजिस्टर पर छात्र के फर्जी हस्ताक्षर हैं। आरोप लगाया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दोनों हाथों को पकड़ने के निशान हैं।

### लखनऊ में किया गया छात्र का अंतिम संस्कार

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के राप्ती नगर निवासी एडवोकेट अजय सिंह के इकलौते पुत्र कुशाग्र प्रताप सिंह का अंतिम संस्कार लखनऊ में किया गया। रविवार को शाहजहांपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में तीसरी मंजिल से गिरने से उनकी मौत हो गई थी। सोमवार को दिनभर कॉलोनीवासी शव का इंतजार करते रहे। वहीं अधिवक्ता के घर पर सन्नाटा पसरा रहा। कॉलोनीवासियों का कहना था कि अंतिम संस्कार कर परिवार घर वापस आएगा। घटना की जानकारी होने पर कुशाग्र के माता-पिता अपने शुभचिंतकों के साथ रविवार सुबह शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए। कुशाग्र अपने माता-पिता का इकलौती संतान था। ब्यूरो

# सिपाही के पैसा मांगने का ऑडियो वायरल

गीडा (गोरखपुर)। थाने में तैनात एक सिपाही के पैसा मांगने का ऑडियो वायरल हो रहा है। जांच के बाद जिम्मेदार कार्रवाई का दावा कर रहे हैं। सोमवार को पूरे दिन यह चर्चा का विषय बना रहा।

पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी की सुरक्षा में तैनात एक सिपाही ने गीडा क्षेत्र के एक युवक से सात लाख रुपए में थार गाड़ी दिलाने का वादा किया था। पैसा लेने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली तो मौखिक शिकायत पर गीडा थाने में करीब एक माह पहले पंचायत भी हुई थी।

इसके बाद लिखा पढ़ी में सिपाही का पैसा वापस करने का करार हुआ। इसी दौरान गीडा थाने में तैनात एक सिपाही का ऑडियो वायरल हो गया है। ऑडियो में सिपाही पिपरौली चौकी पर तैनात दूसरे सिपाही से मिलकर धन देने की बात कर रहा है। सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि जांच कर रही हूं। ब्यूरो

# दुबई से संदीप के शव भेजने की पहल शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

सरदारनगर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के तिलौली गांव निवासी संदीप यादव (30) का शव दुबई से मंगवाने के लिए तिलौली गांव निवासी व आईटीबीपी के डीआईजी अंगद प्रसाद यादव ने यूएई में भारतीय दूतावास से संपर्क कर शव भेजने की मांग की है। उनकी पहल पर भारतीय दूतावास ने मृतक संदीप के परिवार का डिटेल मांगा है। इस पहल से मृतक के परिवार को एक उम्मीद जगी है।

जानकारी के अनुसार, 25 सितंबर को तिलौली गांव निवासी संदीप यादव की दुबई में मौत हो गई थी। खबर मिलते ही संदीप के घर में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने दुबई से शव को लाने की मांग की।

## आईटीबीपी डीआईजी अंगद प्रसाद ने दुबई में भारतीय दूतावास से किया संपर्क

गांव के युवक की दुबई में हुई मौत की जानकारी होने पर आईटीबीपी में डीआईजी और तिलौली गांव निवासी अंगद प्रसाद यादव ने भारतीय दूतावास से संपर्क कर युवक के शव को भेजने की मांग की।

संज्ञान लेते हुए भारतीय दूतावास ने संदीप की पत्नी का आधार कार्ड व अन्य जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। डीआईजी ने संदीप से संबंधित सभी जानकारी व दस्तावेज भारतीय दूतावास को उपलब्ध कराया है। उम्मीद की जा रही है कि संदीप यादव का शव बहुत जल्द भारत आ जाएगा।

# नौकायन पर हुड़दंग कर मना रहे थे जन्मदिन, पुलिस ने दबोचा

## रामगढ़ताल पुलिस ने छह बाइक सीज कर दो युवकों को हिरासत में लिया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल के नौकायन में सड़क पर भीड़ एकत्रित कर हुड़दंग मचाते हुए जन्मदिन मनाना मनबढ़ युवकों को मंहगा पड़ गया।

लाइन से कई बाइक पर केक सजाकर अभी काटने की तैयारी ही चल रही थी, तभी रामगढ़ताल थाने की पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस को देखकर सभी युवक भागने लगे। दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मौके से छह बाइक मिली, जिसे सीज कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, गोपलापुर के रितेश गौड़ का सोमवार को जन्मदिन था। जिसे मनाने के लिए रितेश के साथ ही 10 से 15 युवक एकत्रित हुए थे। मनबढ़ों ने नौकायन की सड़क पर लाइन से छह बाइक खड़ी की थी। हर बाइक की सीट पर एक-एक केक रखा गया था। वहीं युवक हाथ में आतिशबाजी के लिए कई सामान लिए हुए थे।

इस दौरान सभी युवक सड़क पर हुड़दंग मचा रहे थे। तभी उनपर पुलिस की नजर पड़ी। जैसे ही पुलिस वहां पहुंची, अधिकतर युवक भाग गए। मौके से रितेश गौड़ और जीडीए ऑफिस के सामने रहने वाला मोनू पकड़ा गया। वहीं छह बाइक जिन पर केक सजाया गया था, उसे सीज कर दिया गया। रामगढ़ताल थाना पुलिस का कहना था कि आए दिन जन्मदिन के नाम पर हुड़दंग की शिकायतें मिलती हैं। इससे यहां घूमने आने वाले पर्यटकों को परेशानी होती है।

### सड़क पर गाड़ी में पी रहे थे शराब, पुलिवालों से भिड़े

गोरखपुर। बेतियाहाता के भगत सिंह चौराहे पर रविवार रात गाड़ी खड़ी करके शराब पी रहे युवकों को पुलिसकर्मियों ने टोका तो वे भिड़ गए। घर जाने के लिए कहने पर देख लेने की धमकी देने लगे। थानेदार ने घटना की जानकारी अधिकारियों को देने के साथ ही चारों युवकों को हिरासत में लेकर स्कार्पियो गाड़ी सीज कर दिया। रविवार रात में 12 बजे कैंट थाना पुलिस बेतियाहाता में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कार्पियो में बैठकर शराब पी रहे चार युवक दिखे। नाम, पता पूछने व घर जाने के लिए टोकने पर पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी को सीज करने के साथ ही गोरखनाथ के ऋतुज जायसवाल, जयंत श्रीवास्तव, सक्षम शुक्ला व आकर्ष सराफ को हिरासत में ले लिया। सभी का चालान किया गया। ब्यूरो

# पथराव कर घायल करने के आरोप में तीन पर केस

गुलरिहा। ग्राम पंचायत जैनपुर निवासी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने तहरीर देकर तीन लोगों पर रात में घर पर चढ़कर पथराव कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस तीन नामजद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित के मुताबिक सोमवार की रात 12 बजे गांव के सुनील कुमार निषाद, राजेश निषाद और उसका दोस्त अनिल निषाद निवासी परसौना अचानक पथराव करना शुरू कर दिए। ब्यूरो

# जुलूस में डीजे और ऑटो-ई रिक्शा में बजाया लाल घाघरा तो लगेगा जुर्माना

## प्रशासन ने तीन दिसंबर तक लागू की नए कानून बीएनएस की धारा-163

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** ऑटो और ई-रिक्शा में तेज आवाज में लाल घाघरा जैसे फूहड़ गाने और जुलूस में डीजे बजाया तो कार्रवाई होगी। प्रशासन ने नए कानून भारतीय न्याय संहिता की धारा-163 लागू कर दी है। इसके तहत नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों का चालान कर सीज किया जाएगा और जुर्माना भी भरना पड़ेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने त्योहारों और विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं के दृष्टिगत सभी थाना क्षेत्रों में तीन दिसंबर 2024 तक के लिए ये प्रतिबंध लगा दिए हैं। पहले आईपीसी की धारा-144 थी, अब नए कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 हो गई है। नए कानून में ऑटो व ई-रिक्शा में तेज आवाज अथवा अश्लील संगीत नहीं बजाना है।

इसके अलावा रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर रोक लगा दी गई है। जुलूसों में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा।



लाल घाघरा गाना बजाने पर ई-रिक्शा सीज किए जाएंगे। संवाद



नशे में चलाता है ओवरलोड ऑटो गाना सुनवाता है... लाल घाघरा

1 मई 2023 को प्रकाशित खबर।

धार्मिक पर्व पारंपरिक रूप से आयोजित होंगे, कोई भी नई प्रथा अथवा नए रूट का प्रयोग नहीं किया जाएगा। नए कानून में कोई भी व्यक्ति अपने घर के सामने, आंगन, बरामदे अथवा छत पर ईंट, पत्थर, तेजाब या ऐसी वस्तु नहीं रखेगा, जिससे फेंक कर मारे जाने से चोट लगे।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ने 33 बिंदुओं को इंगित करते हुए आदेश जारी कर दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर इसका उल्लंघन करते पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर पर हमला प्रकरण

एसएसपी से मुलाकात कर आरोपी सिपाही की पत्नी अदिति ने बताया घटनाक्रम

# अल्ट्रासाउंड बड़ी महंगी है.. यह सुनते ही भड़के डॉक्टर और पति को पीटा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉ. अनुज सरकारी पर हमले के आरोपी निलंबित सिपाही पंकज कुमार की पत्नी अदिति चार साल के बेटे शिवम के साथ सोमवार को पुलिस ऑफिस पहुंची। उन्होंने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। अदिति ने बताया-मेरे पति ने डॉक्टर से जब यह कहा कि आपके यहां अल्ट्रासाउंड जांच महंगी है तो वह भड़क गए। इसके बाद मेरे पति को जमकर पीटा गया। एसएसपी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसएसपी को घटनाक्रम की जानकारी देते हुए अदिति ने बताया कि तीन अक्तूबर को डॉक्टर के चैंबर में पहुंचे तो उनके पति ने कहा-डॉक्टर साहब! आपके यहां अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 1100 रुपये लिए गए। यही जांच अन्य जगहों पर 800 रुपये में ही हो जाती है। इसके बाद डॉक्टर अनुज सरकारी भड़क गए और गाली देने लगे। तभी उनके 15-20 गुर्गे भी चैंबर में घुस आए। डॉक्टर के साथ मिलकर गुर्गों ने उनके पति को बेरहमी से पीटा। उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया।

अदिति ने बताया कि इस घटना को देखकर उनका चार साल का बेटा शिवम चिल्लाने लगा। इसके बाद डॉक्टर ने पुलिस बुलाकर उन्हें व पति को सौंप दिया। थाने पर जांच में डॉक्टर की गलती सामने आने पर दंपती को छोड़ दिया गया।



आरोपी सिपाही की पत्नी ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। संवाद



7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

**आधार कार्ड और पर्चा लेने गए थे क्लीनिक :** अदिति ने बताया कि चार अक्तूबर को पंकज अपना आधार कार्ड व दवा का पर्चा वापस मांगने डॉ. अनुज सरकारी के क्लीनिक पर गए। इस दौरान उन्हें अकेला देखकर एक बार फिर डॉक्टर के गुर्गों ने उनपर हमला कर दिया। डॉ. अनुज सरकारी जातिसूचक गाली देते हुए बोले-आज इसके साथ इसकी पत्नी नहीं है, इसे कैंट थाने ले चलकर एफआईआर दर्ज कराओ। इसके बाद मारते-पीटते हुए थाना कैंट तक ले गए, वहां पर एफआईआर दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया। थाना कैंट में उन्होंने भी तहरीर दी, लेकिन डॉक्टर के दबाव में केस दर्ज नहीं किया गया।

अदिति से बीमारी के बारे में

## *डॉक्टर सरकारी की पत्नी ने आरोप को बताया निराधार*

*डॉ. अनुज सरकारी की पत्नी डॉ. माधवी सरकारी ने बताया कि सारे आरोप निराधार हैं। डॉक्टर के चेंबर में पत्नी और बच्चे के साथ सिपाही पंकज आया था। उसकी पत्नी की रिपोर्ट नार्मल थी, इसलिए एक महीने की दवा लिखकर उसे बाहर भेज दिया गया। उसका बच्चा बार-बार बिजली के बोर्ड पर हाथ डाल रहा था। करंट ना मार दे, इस वजह से उसे बाहर जाने के लिए कहा गया। इसके बाद पंकज, डॉक्टर से बहस करने लगा, इसके बाद उन्हें धकेल दिया, जिससे वह नीचे गिर गए। उस समय वह और क्लीनिक के तीन स्टाफ भी मौजूद थे।*

**एसएसपी ने ली जानकारी :** एसएसपी ने सिपाही की पत्नी अदिति से उसकी बीमारी के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिपाही के निलंबित होने का कारण भी पूछा। उन्होंने अदिति का इलाज कराने का भी आश्वासन दिया।

## *सोशल मीडिया पर डॉक्टर और सिपाही के खूब चर्चे*

*गोरखपुर। सिपाही की पिटाई और डॉक्टर अनुज सरकारी पर हमले का प्रकरण सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस घटना के बाद से ही यूजर एक्स और फेसबुक, इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर इस घटना को लेकर डॉक्टर के प्रति तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सिपाही पर कार्रवाई से लोग संतुष्ट हैं, लेकिन डॉक्टर अनुज सरकारी पर पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया, इससे वे काफी नाराज भी हैं। यूजर का कहना है कि डॉक्टर और उनके स्टाफ पर भी केस दर्ज कर कार्रवाई होनी चाहिए।*



सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना डॉक्टर और सिपाही प्रकरण।

***मेरठ में कई संगठन जुटा रहे चंदा :*** *सूत्रों के अनुसार, इस घटना की चर्चा प्रदेश के कई शहरों में शुरू हो गई है। मेरठ और अन्य शहरों में एक संगठन सिपाही को न्याय देने के लिए संगठित भी हो रहा है। यही नहीं, चंदा बटोरने की बात भी सामने आई है।*

## आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कराने की मांग

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रुपेश श्रीवास्तव और महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को ट्वीट कर सिपाही पंकज कुमार के साथ मारपीट मामले में आरोपी डॉक्टर पर केस दर्ज कराने की मांग की है। मंगलवार को कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एडीजी से भी मुलाकात करेगा। ब्यूरो

*सिपाही की पत्नी ने मिलकर प्रार्थना पत्र दिया है। घटनाक्रम के बारे में भी बताया है। इसकी जांच-पड़ताल कर साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।* - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच। गढ़वा चौक निवासी निशा गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को पति प्रिंस मद्धेशिया, ससुर जयगोविंद, जेठ, जेठानी, दो देवर और एक ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में निशा ने बताया कि दो साल पहले उसकी शादी प्रिंस से हुई थी। मांग के अनुसार मायके वालों ने दहेज दिया था। लेकिन ससुराल पहुंचने पर पति समेत अन्य आरोपी बाइक और अतिरिक्त दो लाख रुपये की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। रविवार की शाम आरोपियों ने उसे मारा-पीटा और घर से निकाल दिया।

# कोमा में ही चल बसी बिंदु कत्ल का राज भी दफन

## बेटी-भतीजी की हत्या करने वाली बिंदु की बीआरडी में इलाज के दौरान जान गई

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दो अक्तूबर को गोरखनाथ क्षेत्र के पार्वतीनगर कॉलोनी में बेटी नैना (06) और भतीजी शीतल (03) की हत्या कर ट्रेन के आगे कूदने वाली बिंदु की छठवें दिन सोमवार को मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को उसकी मौत के साथ ही बच्चियों की हत्या का राज भी हमेशा के लिए दफन हो गया। पूरा परिवार तबाह होने बेसुध पति का दुख यह भी है कि अब उसे बच्चियों के मारे जाने की हकीकत कभी पता नहीं चल सकेगी।

बिंदु के देवर खुशवन ने बताया कि सोमवार की सुबह गोरखनाथ थाने से मौत की सूचना मिली थी। मेडिकल कॉलेज जाकर पंचनामा भर दिया। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। भाभी के मायके महाराजगंज के पनियरा में रहने वाले परिजनों को उनकी मौत की सूचना दी गई, लेकिन वहां से कोई आने को तैयार नहीं था। हालांकि बाद में बड़े भाई पिंटू दाह संस्कार के समय राजघाट पहुंचे।

**कांपते हाथ से पति ने बिंदु की भरी मांग :** बिंदु की करतूत की वजह से आखिरी बार घर की चौखट पर उसका शव नहीं लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शव लेकर देवर सीधे राजघाट पहुंचा। पति रवि चौहान ने उसे देखने से भी इन्कार कर दिया था। आखिरी समय में रवि पत्नी का दाह संस्कार करने राजघाट आए। रवि ने बिंदु को साड़ी, चुनरी ओढ़ाई और उसकी मांग में कांपते हाथ से सिंदूर भरा। रवि ने रोते हुए कहा-मैं कितना बदकिस्मत हूं कि बेटी को आखिरी समय देख नहीं पाया। जिसने मारा, उसका दाह संस्कार कर रहा हूं।



आरोपी बिंदु। अमर उजाला


बिंदु की हालत गंभीर, पति देखने भी नहीं गया

7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### बंद हो जाएगी फाइल

*ससुर शिव प्रसाद चौहान की तहरीर पर बिंदु पर हत्या का केस गोरखनाथ थाने में दर्ज किया गया था। बिंदु की मौत के बाद हत्या की फाइल अब बंद हो जाएगी।*

### सिर की हड्डी टूटने से हुई बिंदु की मौत

ट्रेन की टक्कर से बिंदु को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट आई थी। सिर व ललाट पर टांका लगा था। बाएं पैर में प्लास्टर लगा था। हाथ की कलाई और दाहिने पैर पर पट्टी लगी थी। इसके अलावा शरीर के अन्य भाग में भी चोटें आईं थीं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर की हड्डी टूटने की वजह से बिंदु की मौत हुई।

### नतिनी को मार डाला इसलिए चेहरा नहीं देखना चाहते हैं मां-बाप

पांच भाई-बहन में बिंदु दूसरे नंबर पर थी। इसके अलावा तीन भाई पिंटू, रिंकू, अंगद और बहन रूबी है। बिंदु की इस कृत्य से पिता भवानी चौहान और मां रुकमणि बहुत नाराज हैं। उन्होंने कहा कि बेटी की हर बात मानी, जो भी किया उसका साथ दिया, लेकिन नतिनी को मारने की घटना बहुत ही शर्मनाक है। मां रुकमणि बार-बार नतिनी नैना को याद कर अचेत हो जा रही थीं। वहीं बेटी की करतूत से शर्मिंदा हैं।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# स्नातक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

सलेमपुर। श्री रैनाथ ब्रह्मदेव महाविद्यालय में कोतवाली पुलिस सलेमपुर ने एमएम एवं स्नातक के छात्राओं को आत्मरक्षा की गुर सिखाए और उन्हें कैसे बचाव हो इसके प्रति विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। एसआई रामचन्द्र सिंह यादव ने कहा कि छात्राएं जागरूक रहें, उनसे कोई छेड़छाड़ या मैसेज करे तो वे नि:संकोच तत्काल 1090 डायल कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस कॉल करने वाली छात्राओं को तुरंत सहायता प्रदान करेगी साथ ही छात्रा का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# एंटी रोमियों टीम ने किया जागरूक

■ मिशन शक्ति के तहत सभी थानों की टीम ने नारी सुरक्षा की दी जानकारी

देवरिया, निज संवाददाता। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थानों की एन्टीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को पुलिस पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान को जागरूक किया।

महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन को विशेष अभियान मिशन शक्ति के तहत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी की देखरेख में जिले के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस की कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।

सरकार की विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे जानकारी दी गयी।

# दो नामजद और दो अज्ञात पर मारपीट का केस दर्ज

खुखुन्दू। क्रिकेट मैच देखकर पांच दिन पूर्व वापस आ रहे युवक को रास्ते में रोककर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत दो अन्य पर मारपीट का केस दर्ज किया है। सुलभ पटेल 3 अक्टूबर को क्रिकेट मैच देखने के लिए गया था। वह मैच देखकर शाम को वापस आ रहा था उसी दौरान दोघड़ा मंदिर के पास कुछ युवक रास्ते में रोककर उसे मारपीट कर घायल कर दिए ।

# ट्रैक्टर हड़पने वाले एजेंसी मालिक पर केस

देवरिया। ट्रैक्टर हड़पने वाले एजेंसी मालिक पर सदर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। किसान ने गारंटी अवधि में खराब होने पर एजेंसी में ट्रैक्टर बनवाने को दिया था। दस दिन बाद ट्रैक्टर मांगने पर एजेंसी मालिक ने देने से इंकार किया और जान माल की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पुरवा स्थित साना आटो मोबाइल के प्रोपराइटर जहांगीर आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गौरी बाजार थाना क्षेत्र के घतुरा खास निवासी अचितानंद पुत्र रमेश यादव ने पुरवा चौराहे के हाटा रोड स्थित जहांगीर आलम के साना आटो मोबाइल से वर्ष-23 में ट्रैक्टर खरीदा। यूपी-52- बीएम 9529 ट्रैक्टर गारंटी अवधि में ही खराब हो गया। 2 अप्रैल-23 को अचितानंद यादव ने ट्रैक्टर को ठीक करने को जहागीर आलम की एजेंसी को दिया। एजेंसी मालिक ने एक सप्ताह ट्रैक्टर ठीक कर देने को कहा।

# पानी में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

सुरौली। सुरौली थाना क्षेत्र के उसरा बाजार में पुल व एक विद्यालय के बीच झाड़ियां में एक शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पानी में होने से शव से दुर्गंध आ रही थी।

दोपहर बाद शव की पहचान हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दहशत में है दोनों आरोपियों का परिवार

तरकुलवा। रविवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल छेड़खानी के दोनों आरोपी धीरज और रितिक का परिवार दहशत में है। दो दिनों से उनके घर के चूल्हे नहीं जले हैं। सोमवार को परिवार के लोग गुमसुम दरवाजे पर बैठे रहे।

4 अक्टूबर को छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे क्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी रितिक यादव और धीरज पटेल को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद रविवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। रितिक घटना के दो दिन पहले ही बाहर रहकर बिल्डिंग का काम सीख रहा था। वह दशहरा में घर आया था। उसकी मां मीना देवी, बहन रेखा तथा पिता दीनानाथ ने कहा कि दो दिन से घर में चूल्हा तक नहीं जला है। सुबह मालूम हुआ कि पुलिस से मुठभेड़ में उसके बेटे को पैर में गोली लगी है। वही बैकुंठपुर में धीरज की मां अनीता देवी दूसरे के घर शरण ली है।



दरवाजे पर गुमसुम बैठे मुठभेड़ में घायल रितिक यादव का परिवार।

# असम राइफल के जवान का बीमारी से हुआ निधन

भलुअनी, हिसं। भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी निवासी हीरालाल यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। दरवाजे पर तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा तो अंतिम दर्शन को बड़ी संख्या में लोग जुटे। सरयू तट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। जवानों ने गॉड ऑफ ऑनर दिया।

हीरालाल वर्ष 2007 में असम राइफल में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। एक माह पूर्व घर पर छुट्टी में आए थे 20 दिन पहले अचानक उनकी तबीयत खराब हुई परिजन देवरिया मेडिकल कालेज ले गए। देवरिया से गोरखपुर और फिर गोरखपुर से लखनऊ वेलसन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।



हीरालाल यादव (फाइल फोटो)।

- 20 दिन से लखनऊ में चल रहा था इलाज
- सरयू तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

उनके बड़े भाई गेनालाल यादव ने बताया कि रविवार की रात लगभग 11 बजे अस्पताल में ही मौत हो गई। मौत के बाद पत्नी संध्या का रो-रो बुरा हाल है। एक पुत्र साहिल 9 वर्ष एवं एक पुत्री साक्षी 7 वर्ष है।

# कालाबन प्रधान पद पर पुनर्मतगणना पर स्टे

गौरीबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। हाईकोर्ट ने कालाबन प्रधान पद के पुनर्मतगणना पर रोक लगा दिया है। उपजिलाधिकारी न्यायालय ने दाखिल एक चुनाव याचिका की सुनवाई कर पुनर्मतगणना कराने का आदेश दिया था।

2021 में हुए गौरीबाजार के कालाबन में प्रधान पद के लिए चुनाव में प्रधान पद की प्रत्याशी पूजा देवी को 967 मत व आशा देवी को 966 मत मिले थे। एक मत से पूजा देवी विजई रहीं। मतगणना में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए आशा देवी ने उप जिलाधिकारी सदर के कोर्ट में पुनर्मतगणना के लिए याचिका दाखिल

- उप जिलाधिकारी न्यायालय ने दिया था पुनर्मतगणना का आदेश
- पुनर्मतगणना के खिलाफ प्रधान चली गई थीं हाईकोर्ट

किया थी। चुनाव याचिका स्वीकार कर उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय ने पिछले महीने 19 सितंबर को कालाबन में प्रधान पद के पुनर्मतगणना का आदेश दिया था। खंड विकास अधिकारी गौरीबाजार को तीन महीने के भीतर पुनर्मतगणना की तिथि व समय निर्धारित करने का भी आदेश दिया था।

### रविवार की रात में दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में कर लिया था गिरफ्तार

# छात्राओं से छेड़खानी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार, चौथे की तलाश

**कार्रवाई**

तरकुलवा(देवरिया), हिटी। छात्राओं से छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को पुलिस ने तरकुलवा थाना क्षेत्र के कंचनपुर चौराहे से सोमवार की सुबह दबोच लिया। उसको न्यायालय में पेश किया गया, जहां से नाबालिग होने के चलते कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। रविवार की रात दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। इस दौरान फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगी। पुलिस टीमें छेड़खानी के चौथे आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

रविवार की रात तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरसिया गोठा गांव के समीप पुलिस की छेड़खानी में शामिल धीरज पटेल (25) राधाकिशुन निवासी बंजरिया टोला बैकुंठपुर थाना तरकुलवा और इसी गांव के रहने वाले रितिक यादव(22) पुत्र दीनानाथ के साथ मुठभेड़ हो गई। इस घटना में धीरज पटेल के बाएं पैर में और रितिक यादव के दाहिने पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों का महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज चल रहा है उनके पास से तमंचा भी बरामद हुआ। छेड़खानी में शामिल तीसरे अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। वह कक्षा 11 का छात्र और नाबालिग है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से नाबालिग के चलते कोर्ट ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया।




मुठभेड़ के बदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती धीरज पटेल और रितिक यादव।

- शुक्रवार को बाइक सवार चार युवकों ने छात्राओं के साथ की थी छेड़खानी
- आरोपियों को पकड़ने को एसओजी समेत लगी थी पुलिस की पांच टीमें

"छात्राओं से छेड़खानी के तीसरे आरोपी को भी पकड़ लिया गया है। रविवार की रात मुठभेड़ में दो बदमाश दबोचे गये थे। चौथे आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

-संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक

## यह है पूरी घटना

तरकुलवा क्षेत्र के एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ने वाली दो छात्राएं चार को परीक्षा देकर साइकिल से घर जा रही थी। बाइक सवार चार युवकों ने उनको दबोच लिया। दोनों छात्रायें चीखने लगी है तथा एक छात्रा सड़क किनारे गिर गयी। दूसरी छात्रा साइकिल फेंक कर चिल्लाते हुए भागने लगी। मनबढ़ युवकों ने बाइक रोक कर उन्हे दौड़ा लिया। सड़क किनारे गिरी दूसरी छात्रा भी किसी तरह जान बचा कर भागी। छात्राओं की चीख सुन कर कुछ ग्रामीण दौड़े तो चारो युवक बाइक से फरार हो गये। यह सारी घटना एक मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।

## आरोपियों की शिनाख्त को लगाना पड़ा एड़ी-चोटी का जोर

इस मामले में अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त करने के लिए पुलिस को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा। घटना के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्र के गांवों के प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, कोटेदारों, दुकानदारों समेत जागरूक लोगों को सीसीटीवी में दिखने वाले युवकों का फोटो दिखाकर उन्हे चिन्हित करने में जुट गयी। पुलिस की टीम घटनास्थल पर मिले मोबाइल के लोकेशन के आधार पर भी छेड़खानी करने वालों की पहचान करने में जुटी थी। इसके अलावा शुक्रवार और शनिवार की रात को विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी किया। पुलिस की टीम आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनसे मिले अहम सुराग के आधार पर ही पुलिस ने छात्राओं से छेड़खानी करने वालों के करीब पहुंची।

## घटना के बाद पुलिस पर था काफी दबाव

छेड़खानी की इस घटना को लेकर पुलिस पर काफी दबाव था। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद यह मामला पूरे प्रदेश में काफी चर्चित हो गया है। प्रदेश के कद्दावर नेता और कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के विधानसभा क्षेत्र में यह घटना होने से पुलिस की नींद उड़ गई थी। सूर्यप्रताप शाही ने मामले में सख्त कार्रवाई करने के लिए एसपी से बात की थी। यही नहीं विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भी पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई करने को कहा था।

## छेड़खानी करने वालों पर टेढ़ी है पुलिस की नजर

छेड़खानी और दुष्कर्म के मामले में इस साल तीन मामलों में पुलिस पांच आरोपियों के पैर में गोली मार चुकी है। शहर के एक मुहल्ला निवासी किशोरी से दुष्कर्म व गौरी बाजार में युवतियों पर तेजाब फेंकने के मामले में आरोपियों को मुठभेड़ में गोली लग चुकी है। रविवार को छात्राओं से छेड़खानी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया। इस दौरान दोनों के पैर में गोली लगी है। 11 अप्रैल को गौरी बाजार के देवगांव के पास जा रही दो युवतियों पर बाइक सवार दो युवकों ने तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उसी रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। रामनाथ देवरिया में 25 अगस्त को दुकान में सामान खरीदने गयी सात वर्षीय किशोरी से समीउल्लाह नामक दुकानदार ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर चली गयी।

# टीनशेड तोड़कर चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान उड़ाया

जासं, खुखुंदू: चौराहे पर स्थित किराने की दुकान को चोरों ने रविवार की रात निशाना बनाया। टीनशेड तोड़कर चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान उड़ा दिया।

खुखुंदू चौराहे पर शैलेश मद्धेशिया की किराने की दुकान है। प्रत्येक दिन की भांति वह रात को दुकान बंद कर घर चले गए। इस बीच चोरों ने ऊपर से टीनशेड तोड़ दिया और उसमें रखा 25 हजार रुपये नगद समेत हजारों का सामान चोर उठा ले गए। सोमवार की सुबह इसकी जानकारी दुकानदार को तब हुई, जब वह दुकान पर पहुंचे और सामान बिखरा देखा। खास बात यह है कि इस चौराहे पर पुलिस की पिकेट भी लगती है। ऐसे में चोरी होने की घटना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार




गिरफ्तार बदमाशों के साथ पुलिस टीम • सौ.पुलिस

जासं, देवरियाः सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने रामपुर बुजुर्ग के पास से चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरोह का मास्टर माइंड सिपाही का लड़का अभी भी फरार बताया जा रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बलिया जनपद के नगरा थाना क्षेत्र के देवढ़ीया के रहने वाले सत्येंद्र यादव स्वास्तिक फाइनेंस सलेमपुर में कर्मचारी हैं। इनकी बाइक 12 सितंबर को सलेमपुर कोतवाली के मनिहारी के समीप से उस समय चोरी हो गई, जब वह बाइक खड़ा कर शौच करने के लिए चले गए। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बाइक चुराने वाले रामपुर बुजुर्ग के पास हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद बाइक सवार युवक भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। जिसमें प्रिंस सिंह निवासी भीखमपुरा थाना बरहज, देवेश कुमार निवासी बेलडाड़ व राहुल कुमार निवासी बरौली थाना भलुअनी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया। जो गोरखपुर जनपद के कैंट थाना क्षेत्र से लूटी गई थी। बताया जा रहा है कि गिरोह का सरगना एक सिपाही का बेटा है। जिसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह का सरगना अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## बस अड्डा पर मोबाइल फोन चुराने वाला गिरफ्तार

जासं, गोरखपुरः बस अड्डा पर मोबाइल फोन चुराने वाले को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया।आरोपित के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन मिला। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित जंगल किता सेन गांव का रहने वाला महेंद्र गिरि रविवार की रात बस अड्डा पर यात्री का मोबाइल फोन चुरा रहा था। जानकारी होने पर स्थानीय लोगों की मदद से पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। जांच में पता चला कि उसके विरुद्ध कुल सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं वह पहले भी जेल जा चुका है।

# नौकरी लगाने के नाम पर जालसाज ने की ठगी

खुखुंदूः थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली इमरती देवी ने बेटी व दामाद को स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा ठगी करने का आरोप लगाया है।

तहरीर में उसने कहा कि नौकरी दिलाने के नाम पर एक जालसाज ने रुपया ले लिया। अब न तो रुपया वापस कर रहा है और न ही नौकरी ही लगा रहा है। मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

# ट्रैक्टर एजेंसी मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया: शहर के पुरवा चौराहा स्थित साना आटो मोबाइल के मालिक के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर की है। म

गौरीबाजार थाना क्षेत्र के धतूरा खास के रहने वाले अचितानंद यादव ने शिकायत की है। उनका आरोप है कि उनके पास एक ट्रैक्टर था। उन्होंने पुरवा चौराहा स्थित साना आटो मोबाइल पर अपना ट्रैक्टर लेकर 2 अप्रैल 2023 को पहुंचे। वहां पर ट्रैक्टर एजेंसी मालिक जहांगीर आलम ने एक सप्ताह में ट्रैक्टर ठीक कराकर देने की बात कही। इसके बाद वह लगातार ट्रैक्टर के लिए दौड़ते रहे, लेकिन ट्रैक्टर एजेंसी मालिक उनका ट्रैक्टर नहीं दिया।

# अतिक्रमण ने बिगाड़ दी रामपुर कारखाना बाजार की सूरत, होती दिक्कत

## बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न पेयजल का इंतजाम, खरीदना पड़ता है पानी, शौचालय व मूत्रालय की सुविधा न होने से लोगों को पड़ता है भटकना

सुंदर स्वच्छ बाजार

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखानाः रामपुर कारखाना बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है। सुभाष चौक, गुदरी बाजार व बड़ा बाजार सुबह से लेकर शाम तक अतिक्रमण की चपेट में रहता है, जिसके चलते जाम की समस्या विकराल हो गई है। दोपहिया व चारपहिया वाहनों से बाजार में आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण से बाजार की सूरत बिगड़ गई है। यहां पार्किंग है और न ही पेयजल की सुविधा। शौचालय व मूत्रालय का भी इंतजाम नहीं हैं। जागरण संवाददाता ने रामपुर कारखाना बाजार का हाल जाना तो समस्याएं सामने आईं हैं।

वैसे तो रामपुर कारखाना नगर पंचायत है, जहां बाजार स्थित है। सुभाष चौक की बात करें तो यहां चारों तरफ सड़क पर ठेले व खोमचे वाले ही दिखते हैं, जो फल, मूंगफली, बिरयानी, अंडा आदि की बिक्री करते हैं। गुमटी में भी सामान रखकर दुकानदार बेचते हैं। यहां से गुजरना कठिन हो जाता है। देवरिया-कसया टू-लेन बाजार के मुख्य चौराहा सुभाष चौक से गुजरा है। यहां सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगी हुई है। तीन तरफ से यहां आने जाने के लिए मार्ग है, लेकिन अतिक्रमण के चलते नागरिक जाम में फंस जाते हैं। जनता इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं भी जाम का शिकार हर दिन बनती हैं। छुट्टी के बाद घंटे भर इंतजार करने पर मुख्य सड़क पर पहुंच पाती हैं। सुभाष चौक के निकट आटो चालकों का कब्जा रहता है। नगर पंचायत की तरफ से निर्धारित पड़ाव अड्डा के पास कोई भी वाहन खड़ा नहीं होता। गुदरी बाजार तिराहे पर सड़क पर दुकान स्थापित हो गई है, जिसके चलते यहां पैदल गुजरना भी दोपहर बाद मुश्किल हो जाता है।


रामपुर कारखाना बाजार के सुभाष चौक पर बेतरतीब खड़े आटो व ई-रिक्शा • जागरण

**गड्ढे में तब्दील सड़क, कीचड़ से बढ़ी मुश्किलें :** बाजार को जाने वाली बहरामपुर मोड़ से आगे सड़क की हालत बदतर हो गई है। हर घर नल योजना के तहत पाइपलाइन व नाला निर्माण के चलते सड़क का अस्तित्व खत्म हो गया है। दोनों तरफ से गंदे पानी के चलते मुख्य सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। करनपुर पचखेड़ा, माधोपुर, मुंडेरा लाला, डिघवा आदि गांवों के लोग इसी रास्ते बाजार आते व जाते हैं। बाजार की कई सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई हैं।

**शौचालय व मूत्रालय का अभाव :** बाजार में शौचालय व मूत्रालय का अभाव है, जिसके कारण खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें शर्मसार होना पड़ता है। दुकानदारों ने मूत्रालय का निर्माण बाजार में कराने की मांग की है। सुभाष के चौक से कुछ दूरी पर सार्वजनिक शौचालय बना है, जहां बाजार में आने वाले लोग नहीं पहुंच पाते।

**आरओ खराब, नहीं ली गई सुध :** नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से आठ आरओ मशीन लगवाएं गए हैं, लेकिन लापरवाही के कारण सभी खराब हैं। एक जगह मशीन गायब है। पानी के लिए लोगों को भटकना पड़ता है।

**सफाई में होती है देरी :** बाजार की सफाई समुचित ढंग से नहीं होती। यहां कूड़ा दिन में भी पड़ता रहता है। डंपिंग ग्राउंड पर कूड़ा ले जाने में भी देरी की जाती है। लोगों का कहना है कि दो से तीन दिन बाद कूड़ा डंपिंग ग्राउंड पर ले जाया जाता है।

**जर्जर तार व पोल दे रहे हादसे को दावत** बड़ी बाजार में जर्जर तार व पोल बदला नहीं गया है। हादसे को आशंका बनी हुई है।


सुभाष चौक के निकट बाक्स से गायब आरओ मशीन • जागरण

सफाई समय से नहीं होती, जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा रहता है। नियमित सफाई की जानी चाहिए। जिससे दुकानदार व नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े व स्वच्छता को गति मिल सके।


लक्ष्मण जायसवाल, समाजसेवी


गुदरी बाजार चौराहा के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण • जागरण

बाजार में सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण के चलते गुजरना मुश्किल हो जाता है। एक तरफ राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होती है तो दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।


महेंद्र कुमार मिश्र, नागरिक

बाजार में वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था न होने के चलते स्टेट बैंक से लेकर सुभाष चौक तक हमेशा अतिक्रमण बना रहता है। दुकानों के पास खरीदारों के वाहन या अन्य वाहन खड़ा करने से जाम की समस्या बनी रहती है।


आशीष कुमार, व्यवसायी

गुदरी बाजार घनी आबादी के बीच स्थित है। यहां पेयजल व्यवस्था ध्वस्त है। चौराहे पर जगह-जगह लगाए गए आरओ प्लांट महज दिखावा बने हुए हैं। कहीं मशीन गायब है तो कहीं टोंटी। पानी के लिए लोग परेशान होते हैं।


गुलजार सिंह, नागरिक।

# प्रतिमा विसर्जन के लिए तैनात किए गए 67 मजिस्ट्रेट

- तैनाती स्थल पर उपस्थित रहकर नामित मजिस्ट्रेट कराएंगे विसर्जन
- महत्वपूर्ण स्थलों पर गोताखोर, क्रेन व एंबुलेंस की होगी व्यवस्था

जागरण संवाददाता, देवरियाः दशहरा व प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम होंगे। प्रतिमा विसर्जन के लिए 67 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। यह प्रतिमा विसर्जन स्थल पर तैनात रहेंगे। प्रतिमा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के साथ ही गोताखोर, क्रेन, एंबुलेंस तथा स्वास्थ्य टीम की भी तैनाती रहेगी।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि नामित मजिस्ट्रेट अपने तैनाती स्थल पर रहकर प्रतिमा के विसर्जन का कार्य पूरा करेंगे। इसके बाद ही अपने तैनाती स्थल से हटेंगे। सभी मजिस्ट्रेट पहले ही भ्रमण कर लें और जानकारियां ले लें। किसी तरह की दिक्कत समझ में आए तो समय रहते उसका निस्तारण करा लिया जाए।

तैनात मजिस्ट्रेट कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय पर स्वविवेक से निर्णय भी लेंगे। किसी भी दिक्कत की सूचना तत्काल अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अपर पुलिस अधीक्षक को देंगे।

## पर्व सकुशल संपन्न कराने को यह बनाए गए नोडल

दुर्गा पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव को सदर, सलेमपुर व भाटपाररानी तहसील के नोडल अधिकारी मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी व रुद्रपुर तथा बरहज तहसील के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय को नामित किया गया है।

## यहां होना है प्रतिमाओं का विसर्जन

पटना पुल से प्रतिमा का विसर्जन होगा। यहां पथ प्रकाश की व्यवस्था बीडीओ रामपुर कारखाना, नाविक व अन्य इंतजाम सदर तहसीलदार, क्रेन का इंतजाम लोक निर्माण विभाग की तरफ से किया जाएगा। जबकि हेतिमपुर में बीडीओ अनिल कुमार, तहसीलदार सदर की तैनाती रहेगी। जबकि क्रेन का इंतजाम टोल प्लाजा की तरफ से किया जाएगा। महुआपटन में भी बीडीओ पथ प्रकाश का इंतजाम करेंगे। जबकि लोक निर्माण विभाग की तरफ से क्रेन का इंतजाम किया जाएगा। गोताखोर का इंतजाम सदर तहसीलदार करेंगे।

गोरया घाट, सेमरौना रुद्रपुर, नरायनपुर रुद्रपुर, नदावर सलेमपुर, चनुकी, चनुकी उत्तर, मेहरौना, भवानी छापर, कपरवार बरहज, भागलपुर में भी प्रतिमा विसर्जित की जाएंगी।

पथ प्रकाश की व्यवस्था बीडीओ, नाविक व गोताखोर का इंतजाम तहसीलदार, क्रेन का इंतजाम लोक निर्माण विभाग की तरफ से किया जाएगा।

इसके अलावा शहर के लक्ष्छीराम पोखरा, गायत्री मंदिर, हनुमान मंदिर पोखरा, हथिया पोखरा, सोंदा ताल व कठिनइया, देसही देवरिया में महावा पुल, बैतालपुर में रुच्चापार, रामपुर कारखाना में गोरयाघाट, सपही घाट, बसंतपुर धूसी, रामनगर पुल घाट, कमधेनवा घाट, नौतनघाट, कोन्हलिया व नरायनपुर घाट, खनुआ घाट, साखाघा पर विसर्जन होगा। इसी तरह सेमरा घाट, भेड़ी घाट, नरायनपुर पुल, नौतन हथियागढ़, बघौचघाट गांव का पोखरा, पकहां घाट, दुर्गा नाला, तिलौली घाट, पैना घाट, किरवनिया पुल, पिड़रा घाट, उसरा पुल, पयासी घाट, बैरिया घाट, गड़ौना घाट, स्याही नदी घाट, सोहगरा व पयासी चकलाल, सेमरी पुल, कम्हरिया, नकटा नाला, दनउर घाट, मंडल पुल वीरसिंह पुर, चौथिया घाट, बरहज का थाना घाट, बनकटा के भरही नदी भवानी छापर में भी मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन होगा।

# इलाज के दौरान असम राइफल के जवान की मृत्यु

भलुअनी, देवरिया: क्षेत्र के करौंदी के रहने वाले असम राइफल के जवान की उपचार के दौरान लखनऊ स्थित एक अस्पताल में रविवार की रात मृत्यु हो गई। निधन की सूचना घर आते ही परिवार में मातम छा गया। बरहज के सरयू नदी तट पर सैनिक सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। गांव के रहने वाले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गेंदालाल यादव के छोटे भाई हीरालाल यादव असम राइफल में थे। उनकी इस समय तैनाती शिलांग में थी। लगभग चार माह पहले तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद वह घर आ गए। इसके बाद विभिन्न अस्पताल में उपचार कराया गया। एक माह से लखनऊ स्थित एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। अचानक उनकी रविवार की रात मृत्यु हो गई। उनके निधन की सूचना आते ही परिवार के लोग दहाड़ मारकर रोने लगे। पत्नी संध्या देवी का चयन उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शिक्षक के पद पर हुआ है। सोमवार को उनकी वहां ज्वाइनिंग थी।



हीरालाल यादव • फाइल फोटो

# कल सुनाई जाएगी दोषियों को सजा, टिकीं सभी की निगाहें

जासं, खुखुंदू (देवरिया): प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में 11 वर्ष पहले गोली मारकर हुई सीओ जियाउल हक के मामले में सीबीआइ न्यायालय ने 10 आरोपितों को दोषी करार दिया है। कल आने वाले सीबीआइ न्यायालय के सजा के फैसले पर गांव के सभी लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं। हर कोई आरोपितों को कठोर सजा की आवाज उठा रहा है। वहीं पिता शमसुल हक ने बेटे के हत्यारों को फांसी की सजा या फिर आजीवन कारावास की सजा की मांग की है। उनका कहना है कि फांसी की सजा मिल जाए तो कलेजे को ठंडक मिलेगी।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के जुआफर गांव के रहने वाले जियाउल हक की दो मार्च 2013 को प्रतापगढ़ के कुंडा के बलीपुर में बवाल के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को सीबीआइ न्यायालय में सुनवाई हुई और 10 आरोपित दोषी पाए गए। नौ अक्टूबर को दोषी पाए गए आरोपितों को सजा सुनाई जाएगी।

- सीओ जियाउल हक की हत्या के मामले में 11 वर्ष बाद न्यायालय सुनाएगा दोषियों को सजा
- पिता शमसुल हक बोले, दोषियों को मिले फांसी की सजा तभी कलेजे को मिलेगी ठंडक

बुधवार को आने वाले सजा के फैसले पर परिवार ही नहीं, गांव व आसपास के लोगों की भी निगाहें टिकी हुई हैं। पिता शमसुल हक व मां हाजरा खातून का कहना है कि घर की माली स्थिति ठीक न होने के बावजूद भी बेटे को अधिकारी किसी तरह बनाया। बेटा अधिकारी बना तो लगा कि हम लोगों की जिंदगी ठीक से गुजर जाएगी। बेटा हर दिन हम लोगों से बातचीत करता था और हालचाल लेता था। लेकिन कुछ लोगों ने बेटे की हत्या कर मेरा सहारा छीन लिया। ऐसे लोगों को फांसी की सजा होनी चाहिए। रिश्ते के चाचा इंद्रीश सिद्दीकी का कहना है कि हत्यारों को कड़ी सजा होनी चाहिए।

# पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**पथरदेवा:** पुरानी रंजिश में दो भाईयों पर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मोतीपुर के रहने वाले नेहाल व रेहान पांच अक्टूबर को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद घर जा रहे थे, धूस देवरिया के समीप कुछ मनबढ़ों ने उन पर हमला कर घायल कर दिया और चाकू से भी हमला किया। इस मामले में मां गुलशन खातून की तहरीर पर पुलिस ने अब्दुला, नसीम खान, जिसान व दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

# दो शोहदे मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

## तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से लौटते समय छात्राओं से की थी छेड़खानी, दर्ज था मुकदमा

जागरण संवाददाता, देवरिया: विद्यालय से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही छात्राओं के साथ रास्ते में घेरकर छेड़खानी करने वाले दो शोहदे रविवार की रात तरकुलवा थाना क्षेत्र में सिरसिया के समीप पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिए गए। शोहदों के पैर में गोली लगी। इसके बाद उन्हें देर रात महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पूछताछ के बाद दोनों को सोमवार को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। उधर पुलिस ने तीसरे आरोपित बाल अपचारी को कंचनपुर के समीप से दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। फरार एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो छात्राएं बगल के विद्यालय में आठवीं की पढ़ाई करती हैं। शुक्रवार की सुबह वह विद्यालय में परीक्षा देने के लिए साइकिल से गई थीं। परीक्षा देने के बाद दोनों छात्राएं अपने घर साइकिल से लौट रहीं थी। रास्ते में एक बाइक पर सवार चार शोहदों ने दोनों को रास्ते में ही घेर लिया और छेड़खानी करने लगे।



मुठभेड़ मे गिरफ्तार आरोपित को मेडिकल कालेज ले जाती पुलिस• जागरण



मुठभेड़ में गिरफ्तार धीरज• जागरण



मौके पर आरोपित• सौ.पुलिस

- देर रात तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरसिया के समीप मुठभेड़ में पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार
- फरार एक आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश, जल्द गिरफ्तारी करने का दावा

### अस्पताल में मुंह छिपाते नजर आए गिरफ्तार शोहदे

मुठभेड़ में पुलिस ने जिन दो शोहदों को रात को गिरफ्तार किया, वह जब मेडिकल कालेज पहुंचे तो भीड़ से अपना मुंह छिपाते नजर आए। हमेशा वह अपना हाथ चेहरे पर रखते हुए नजर आए।

### जेल से मेडिकल कालेज भेजे गए मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश

देवरिया: तरकुलवा थाना क्षेत्र में रविवार की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार दोनों बदमाशों को न्यायालय से सोमवार को जेल भेज दिया गया। पैर में गोली लगने के चलते रात को साढ़े आठ बजे जेल से दोनों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए भेज दिया गया।

किसी तरह शोहदों के चंगुल से छात्राएं भागीं। इस घटना में शामिल शोहदों की गिरफ्तारी में जुटी एसओजी व पुलिस टीम को सूचना मिली कि घटना में शामिल शोहदे तरकुलवा की तरफ आ रहे हैं।

सूचना के बाद पुलिस हरकत में आई और सिरसिया पहुंच गई। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो शोहदों ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस अपने को बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिससे दो शोहदों के पैर में गोली लग गई।

उनकी पहचान तरकुलवा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर बंजरिया के रहने वाले धीरज पटेल व ऋतिक यादव के रूप में की गई। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया। देर रात एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध पुलिस टीम पर हमले का भी मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। साथ ही एक बाल अपचारी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार एक आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# विवाहिता की मृत्यु के मामले में मुकदमा दर्ज

बनकटा: श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बलीवन में विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के तिरमासाहून के रहने वाले श्रवण का आरोप है कि उन्होंने दो वर्ष पहले अपनी बेटी सोनू की शादी बलिवन के रहने वाले कन्हैया के साथ की थी। जब से बेटी ससुराल आई, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दो लाख रुपये दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उन लोगों ने 30 सितंबर की रात हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया।

# चीनी मिल चालू होने तक जारी रहेगा धरना

जागरण संवाददाता, देवरिया: चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। किसान बैतालपुर चीनी मिल को चलाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि बैतालपुर चीनी मिल चलने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। सरकार बैतालपुर चीनी मिल को न चलाकर किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही है। किसान इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

क्रांतिकारी किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि लंबे समय से धरना-प्रदर्शन व आंदोलन किया जा जा रहा है। किसानों की मांगों को नजर अंदाज करना सरकार को महंगा पड़ सकता है। बैतालपुर चीनी मिल को चालू होने से एक तरफ जहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो दूसरी तरफ गन्ने का रकबा भी बढ़ेगा। किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बैतालपुर चीनी मिल का चलना आवश्यक है। प्रदेश सरकार किसानों से वादा करने के बाद भी मिल को नहीं चला रही है, जिससे किसानों में नाराजगी है। किसान हित में मिल को चलाया जाए, नहीं तो यह आंदोलन बंद होने वाला नहीं है।




कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देते किसान • जागरण

यहां मुख्य रूप से राम प्रकाश संह, बकरीदन अली, पं. वेद प्रकाश सिंह, टाइगर यादव, राम एकबाल चौहान, एकेश मिश्र, विजय कुमार सिंह, अफरोज खान, विनोद सोनकर, कन्हैया चौहान, रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# घनी आबादी के बीच स्टोर किया जा रहा पटाखा

जागरण संवाददाता, देवरियाः दशहरा व दीपों के पर्व दीपावली को लेकर जनपद में घनी आबादी के बीच पटाखा स्टोर किए जाने लगे हैं। प्रशासन ने जिन लोगों को पटाखा बेचने व रखने का लाइसेंस दिया है, उनमें अधिकांश के गोदाम आबादी के बीच हैं। ऐसे में थोड़ी भी सावधानी हटी तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। उधर अभी तक प्रशासन की तरफ से इन दुकानों व गोदामों की जांच शुरू नहीं की जा सकी है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी जल्द ही जांच प्रक्रिया पूरी कर लेने का दावा जरूर कर रहे हैं।

विजय दशमी व पर्व दीपावली है। इस दिन भी लोग पटाखा फोड़ते हैं। इन दोनों त्योहारों को देखते हुए पटाखा लाइसेंसीधारक भंडारण करने लगे हैं। , जिसके चलते बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि जल्द ही सभी दुकानों व गोदामों की जांच कर ली जाएगी।

इनके पास है पटाखा का लाइसेंस : सदर कोतवाली के बभनी में सुरेंद्र चौरसिया, मेहड़ा में गोंविद कुमार, महेंद्र सिंह, हरेराम ठाकुर, पोखर भिंडा में सुनील कुमार, गौरीबाजार थाना के अतरडीहा में जैनुल रंगरेज, रुद्रपुर कोतवाली के राकेश, कमला देवी, खुखुंदू थाना क्षेत्र के पिपरी के बबलू कुमार, परसिया भगौती की समसुन निशा, अलाउद्दीन, सलेमपुर कोतवाली के दिनेश गुप्ता, पुरैना में जलील अहमद, मोहम्मद हलीम, लार में फिरोज आलम, सलेहा खातून, भटनी थाना क्षेत्र के नूरीगंज में कमरुद्दीन, भाटपाररानी के बहियारी बघेल में मुख्तार रंगरेज, खामपार के भिंगारी बाजार में कृष्ण चंद बरनवाल, बनकटा के रामपुर में हामिद अंसारी, सोहनपुर में ग्यासुद्दीन, महुआडीह थाना क्षेत्र के पिपरा नायक के इस्माइल अली, खामपार के भिंगारी बाजार के केशर बेगम, रामपुर कारखाना के सिधुआ में हरिकेश राव के पास लाइसेंस है।

दिल्ली में **ड्रग्स की तस्करी में** छोटी रार के औरंगजेब के पकड़े जाने का मामला

# बेटे का तस्करी में नाम आते ही टूटने लगा मां का हौसला

जागरण संवाददाता, खुखुंदू: ड्रग्स की तस्करी में पकड़ा गया नरौली भीखम के छोटी रार के औरंगजेब को गांव व परिवार के लोग वाहन चालक समझते थे, अचानक ड्रग्स तस्करी में नाम आने के बाद सभी हतप्रभ है। वहीं चूड़ी बेच कर परिवार में खुशहाल जिंदगी जी रही शैबुननिशा के बेटे का नाम तस्करी में सामने आने के बाद अब उसके हौसले टूटने लगे हैं। पांच दिनों से वह न तो बकरी चराने जा रही है और न ही चूड़ी ही बेचने। तबीयत बिगड़ने के बाद वह घर पर बैठी रह रही है।



औरंगजेब के घर के पास आपस में चर्चा करते ग्रामीण ● जागरण

छोटी रार के रहने वाला औरंगजेब सिद्दीकी का परिवार काफी गरीब है। बड़ा भाई समसुद्दीन दूसरी बार आठ माह पहले विदेश गया है। जबकि दूसरे नंबर का नौसाद समूह में सुपरवाइजर है और तीसरा औरंगजेब अपने को वाहन चालक बताता था, जबकि छोटा जावेद पेंटिंग का कार्य करता है। मां शैबुननिशा चूड़ी बेच, बकरी चराकर परिवार का भरण पोषण करती रही है। अचानक बेटे का नाम ड्रग्स तस्करी में आने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं, जो बेटा गांव व जवार में वाहन चालक बताता था, उसका नाम ड्रग्स तस्करी में आने के बाद गांव में मां की तबीयत ही बिगड़ गई है। हर दिन दवा लेनी पड़ रही है। वहीं विदेश में रह रहा भाई भी हर दिन फोन कर मां की जानकारी ले रहा है। पूर्व प्रधान व प्रधान पति रबूल करीम ने बताया कि औरंगजेब को हम लोग चालक जानते थे जब इसका नाम ड्रग तस्कर में आया तो हम लोग हतप्रभ है।

### औरंगजेब को वड़ा वनने का रहा हमेशा शौक

ड्रग्स तस्करी में आरोपित औरंगजेब का अगल-बगल के लोगों से अदावत था, जून महीने में बगल के लोगों से मारपीट व धारदार हथियार से प्रहार करने का मामला आया था। इस मामले में थाने में मुकदमा है। लोगों का कहना है कि औरंगजेब को हमेशा बड़ा बनने का शौक रहा।

---

# पुलिस ने जमील को जेल भिजवाया पत्नी ने गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

## जालसाजी में पहले गया भी है जेल, बाहर आने के बाद कुशीनगर को बनाया था ठिकाना

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** हरैया गांव के जमील अहमद को कुशीनगर पुलिस ने रविवार को जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस की वर्दी, पहचान पत्र के अलावा कुछ नकद भी बरामद हुआ। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर, आरोपी की पत्नी ने पुलिस की गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया है। उसका कहना है कि पुलिस ने गिरफ्तारी की फर्जी कहानी बनाई है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के हरैया गांव के जमील अहमद (48) को कुशीनगर की तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने रविवार को मधुरिया गांव के पास नेशनल हाइवे पर चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उसके पास से पुलिस अफसरों का यूनिफॉर्म बरामद हुआ। साथ ही 1300 सौ रुपये नकद भी बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि आरोपी तमाम विभागों में उच्च अधिकारी बनकर सरकारी योजनाओं का लाभ व नौकरी आदि दिलाने के नाम पर इस समय कुशीनगर जिले में अपने गैंग के साथ सक्रिय होकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। उसके विरुद्ध कुछ दिन पहले मधुरिया गांव की महिला जरीना ने पचास हजार रुपये की ठगी का केस दर्ज कराया था। उसी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया। तब जाकर पूरा मामला खुला। पता चला कि लखनऊ, गोरखपुर में भी कई मामले दर्ज हैं। लखनऊ पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। जेल से बाहर आने के बाद वह कुशीनगर में सक्रिय था। पुलिस का यह भी कहना है कि वह पेशे से दर्जी है। लखनऊ में वह सिलाई करता था।

### पत्नी बोली- पुलिस बना रही झूठी कहानी

ठगी में गिरफ्तार जमील अहमद की पत्नी हसीरुन निशा ने तुर्कपट्टी पुलिस पर गिरफ्तारी के मामले में झूठी कहानी बनाकर पेश करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसके पति शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब घर से भोजन कर यह बताकर निकले कि उन्हें आंख में दिक्कत है। हेतिमपुर में इलाज कराकर शाम तक लौट आएंगे। वह सवारी पकड़ कर निकल गए। शाम को वापस नहीं आने पर सभी परेशान हो गए। उनका फोन भी बंद आने लगा। दूसरे दिन शाम को उनके मोबाइल फोन से अचानक पड़ोसी के मोबाइल पर फोन आया। जमील ने पत्नी से बात कराए जाने की बात कही। पड़ोसी फोन लेकर उनके घर पहुंचा तो फोन कट गया। बात नहीं हो पाई। उसके बाद देर शाम को उनके नंबर से दोबारा फोन आया। पत्नी ने बात किया तो उधर से जमील नहीं कोई महिला बात कर रही थी। उसने जमील से बात नहीं कराई। न ही उसके विषय में कुछ बताया। तीसरे दिन पुलिस ने मधुरिया हाईवे पर बाइक के साथ गिरफ्तारी दिखाकर जेल भिजवा दिया।आरोपी की पत्नी का पूर्व के आरोपों पर कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन इस गिरफ्तारी पर उसने सवाल खड़े किए हैं। उसका कहना है कि उसका पति आखिर तीन दिन कहां रहा।

### वर्दी सिलाते-सिलते बना वर्दीधारी

कुशीनगर। होमगार्ड से लेकर दर्जी और जालसाजी करने वाले फर्जी इंस्पेक्टर व पुलिस उपाधीक्षक देवरिया का जमील अहमद वर्दी सिलते-सिलते अफसरों से पहचान बनाई और अपराध के दलदल में धंसता गया। पुलिसकर्मियों की वर्दी सिलने के साथ उसने खुद वर्दी धारण कर ली। जमील की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता 2019 में ही शुरू हो गई थी, लेकिन 2022 में दुबई से लौटने के बाद उसकी गतिविधियां तेज हो गईं। शुरुआत में दर्जी के रूप में पहचान बनाने वाले जमील का आपराधिक सफरनामा देवरिया और गोरखपुर से शुरू हुआ था। जहां वह पकड़ा गया और फिर दुबई रोजगार की तलाश में गया।

# सैनिक सम्मान के साथ सेना के जवान को दी गई विदाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज/भलुअनी।** क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी सेना के जवान हीरालाल यादव 45 पुत्र स्व.रामदेव यादव की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। उनका सरयू तट पर सैनिक सम्मान के साथ अंतिम-संस्कार किया गया।



हीरालाल यादव

करौंदी गांव निवासी सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव के छोटे भाई हीरालाल की पोस्टिंग असम राईफल शिलांग में सिपाही के पद पर थी।

करीब चार माह पूर्व उनकी तबियत अचानक खराब हो गई थी। तभी से वह बीमार चल रहे थे।

## नौकरी ज्वाइन करने गई थी पत्नी

**भलुअनी।** क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी हीरालाल यादव आसाम राइफल में सेना के जवान थे। लोगों के अनुसार उनकी पत्नी संध्या की पिथौरागढ़ में शिक्षक पद पर ज्वाइनिंग था। जिसको लेकर लोगों में खुशी थी। जो कुछ देरा बाद ही हीरालाल की मौत से गम में बदल गई। हीरालाल के 12 वर्ष का एक पुत्र साहिल और 08 वर्ष की एक पुत्री साक्षी है। संवाद

# मूर्ति विसर्जन के 67 संवेदनशील स्थानों पर होगी मजिस्ट्रेट की तैनाती

## किसी तरह की दिक्कत न होने और शांति के लिए उठाया गया कदम

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** दुर्गापूजा त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारी की है। जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जिले के 67 मूर्ति विसर्जन व संवेदनशील स्थान पर अधिकारियों की मजिस्ट्रेट के रूप में तैनाती की है। नामित मजिस्ट्रेट अपनी निगरानी में मूर्ति विसर्जन कराएंगे। विवादों व समस्याओं का निस्तारण करेंगे, जिससे किसी तरह की दिक्कत न होने पाए और शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न हो सके।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया है कि नामित मजिस्ट्रेट अपने तैनाती स्थल पर मूर्तियों का विसर्जन पूरा होने के बाद हटेंगे। सभी मजिस्ट्रेट भ्रमण कर मूर्तियों के विसर्जन के कार्यक्रम की जानकारी कर लें। विसर्जन का कार्यक्रम कई दिन तक चलता है, इसमें कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए तैनाती स्थल पर मौजूद रहना आवश्यक होगा। वह कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपने विवेक से निर्णय लेंगे तथा गंभीर स्थिति की सूचना तत्काल जिला मजिस्ट्रेट, प्रशासन को देंगे।

डीएम ने तहसील सदर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन, तहसील सलेमपुर व भाटपाररानी के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी एवं तहसील बरहज व रूद्रपुर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व को नोडल अधिकारी नामित किया है।

## मूर्ति विसर्जन स्थलों पर तैनात रहेंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी

**देवरिया।** दुर्गा पूजा व दशहरा के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। 13 मुख्य मूर्ति विसर्जन स्थलों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। यहां पर्याप्त मात्रा में दवा की उपलब्धता के साथ डॉक्टरों की टीम मुस्तैद रहेगी। इसके अलावा संबंधित अस्पताल पर डॉक्टरों की 24 घंटे तैनाती रहेगी।

सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान विसर्जन स्थलों पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को पत्र जारी कर स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी सीएचसी व पीएचसी पर पांच-पांच बेड आरक्षित करने को कहा गया है। हर स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त दवाओं की आपूर्ति की गई है। उन्होंने बताया कि पटनवा पुल, हेतिमपुर, महुआपाटन, गोरयाघाट, रुद्रपुर के सेमरौना, नारायनपुर, नदवार, सलेमपुर के चुनकी दक्षिणी, मेहरौना भाटपार के चुनकी उत्तरी, भाटपाररानी के भवानी छपरा, बरहज के कपरवार व भागलपुर मूर्ति विसर्जन स्थलों पर स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम तैनात की जाएगी। टीमें विसर्जन स्थल पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। डॉक्टर, फार्मासिस्ट, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व एंबुलेंस की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में पैरासीटामॉल, एंटी डायरियल, एंटी ईमेटीक, एवीआर, एएसवी पलब्ध कराए गए हैं।

# महिला ने लगाया शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर कारखाना। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के खिलाफ महराजगंज जिले की एक महिला ने तहरीर दी है। उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। थाने में दोनों पक्ष सुलह-समझौते की बात कर रहे हैं।

स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक व्यक्ति अपने पिता को लेकर के महराजगंज के एक स्थान पर झाड़ फूंक कराने गया था, जहां पर एक महिला से मुलाकात हुई। वह अपने को अकेले जान करके एक चौराहे तक उसे छोड़ने को कही। पुरुष ने महिला को वह जहां कहीं छोड़ दिया। महिला मोबाइल नंबर ले ली और दोनों में बातचीत होने लगी। देवरिया के व्यक्ति की महराजगंज की महिला के घर आना-जाना भी होने लगा। कुछ दिन के बाद महिला देवरिया आ गई और पता पूछ कर इसके गांव तक चली आई। दो-चार दिन तक गांव में रही। इसके बाद वह उससे निकाह करने का दबाव बनाने लगी। बात न बनने पर सोमवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसमें शादी का झांसा दे करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाई है। मामले की जानकारी होते ही पुलिस आरोपी के घर पहुंच गई।

# औरंगजेब ने मां से कहा था... घर आऊंगा या पैसे भेज दूंगा

## पांच दिन पूर्व दिल्ली में कोकीन के साथ पकड़ा गया था तस्कर औरंगजेब

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के छोटी रार गांव का रहने वाला औरंगज़ेब आठ अक्तूबर को ही घर आने नहीं तो पैसे भेजने के लिए मां शैबुननिशा से बोला था। यही बात मां सोते-जागते बोल रही है। गरीबी में फेरी लगाकर चूड़ियां बेच बेचकर पांच बेटों और तीन बेटियों को पालने वाली मां ने जबसे औरंगजेब सिद्दीकी को ड्रग्स कारोबार में पकड़े जाने की सुनी है। वह तबसे बीमार पड़ गई है। उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं है। सोमवार को तबीयत बिगड़ने पर उसको खुखुंदू लेजाकर इलाज कराया गया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के नरौली भिखम के छोटी रार गांव निवासी औरंगजेब (25) जबसे ड्रग कारोबार में पकड़ा गया है तबसे गांव में जाने पर गांव वालों में तरह-तरह की बातें सुनने को मिल रही है। गांव के लड़के सोशल मीडिया के जरिए औरंगजेब से संबंधित सभी खबरों पर पल-पल नजर रख रहे हैं। सोमवार को गांव जाने पर पता चला कि औरंगजेब की मां की मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। वह सोते-जागते स औरंगजेब की ही रट लगाते रह रही है। बेटियों का कहना है कि मां शैबुननिशा ने हमलोगों को बहुत गरीबी में पाल पोसकर बड़ा की है। कभी-कभी ऐसा भी दिन आता था जिस दिन हम लोग बिना खाएं ही सो जाते थे। औरंगजेब के ड्रग्स कारोबार से अनजान रही मां के दिल पर उसके पकड़े जाने से गहरी चोट लगी है। औरंगजेब सिद्दीकी 8 अक्टूबर को ही घर आने नहीं तो पैसे भेजने की मां से बात कही थी।


दिल्ली पुलिस के आने की खबर से सहमा औरंगजेब का परिवार

7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### भाइयों को है अफसोस, काश औरंगजेब पास ही रहा होता

**खुखुंदू।** मां शैबुननिशा और घर रह रहे भाई नौसाद, जावेद, शाहिद और घर आई बहन नजमा खातून को अफसोस है कि कहां से हमलोगों ने औरंगजेब को दिल्ली भेज दिया। काश वह हमलोगों के साथ ही रहा होता तो शायद आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। मां शैबुननिशा का कहना है कि बड़ी गरीबी में बच्चों को पालकर कमाने लायक बनाई, लेकिन मुझे नहीं मालूम था कि हमारा लाडला दिल्ली में जाकर ऐसी दलदल में फंसता जा रहा है कि जहां से निकलना मुश्किल होगा। उधर, दुबई में रह रहे बड़े भाई नसरुद्दीन सिद्दीकी भी औरंगजेब की खबर सुन बेहाल पड़े है। वैसे अब औरंगजेब की मां की तबीयत बिगड़ती देख गांव वाले भी मायूस है।

# धार्मिक पोस्टर फटने पर नाराजगी पुलिस ने लगाया दूसरा पोस्टर

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** देसही देवरिया स्थानीय चौराहा पर लगा धार्मिक पोस्टर किसी ने रविवार की रात को फाड़ दिया। सोमवार की सुबह पोस्टर फटा देख कर लोगों में काफी नाराजगी फैल गई। इस बात की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एक पक्ष से जुड़े लोग आरोपियों पर कार्रवाई की बात पर अड़ गए। पुलिस ने नया पोस्टर लगा कर आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। तब जाकर मामला शांत हुआ। इससे गांव में तनाव बना हुआ है।

रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के देसही देवरिया स्थानीय चौराहा पर दशहरा और दुर्गा पूजा के दौरान कई जगह झंडा और पोस्टर भी लगा है। आरोप है रविवार की रात किसी ने झंडा और पोस्टर फाड़ दिया। सोमवार की सुबह लोगों ने जब फटा पोस्टर देखा तो कुछ ही समय में यह बात फैल गई। मौके पर काफी लोग जुट गए। इसी बीच सूचना पाकर एसओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शरारती तत्वों के खिलाफ गांव वालों की कड़ी नाराजगी को देखते हुए पुलिस ने दूसरा पोस्टर लगवाया। लोगों ने आरोपियों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह समझा - बुझाकर मामला शांत कराया। चौराहा स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी जनार्दन त्यागी ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## आरोपियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने लोग

एसओ नंदा प्रसाद ने बताया कि चौराहा पर एक धर्म से जुड़ा पोस्टर ऊपर लगा था। हवा से फट गया या किसी ने जानबूझकर फाड़ दिया, इस बात की जांच की जा रही है।

# सफाई के दौरान दो पक्षों में बवाल, 10 घायल

## एक पक्ष को सड़क की सफाई करने से दूसरे पक्ष ने रोका तो हुआ विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के बीजापुर झंगटौर गांव में सोमवार को सुबह करीब आठ बंजे दरवाजे पर सफाई करने के दौरान दो पक्षों में बवाल हो गया। देखते-देखते मारपीट और पथराव शुरू हो गया। इसमें 10 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां स्थिति गंभीर देख डाक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बवाल शांत कराया।

बीजापुर झंगटौर गांव में सदानंद प्रसाद और सिधारी प्रसाद के बीच भूमि विवाद चलता आ रहा है। सोमवार सुबह करीब आठ बजे दरवाजे के सामने सड़क की सदानंद की पत्नी कुन्ती देवी और बेटी बीना कुमारी सफाई कर रही थीं। इसी बीच सिधारी प्रसाद का बेटा राहुल कुमार वहां आ पहुंचा और सफाई करने से रोकने लगा। नहीं मानने उसके घरवाले भी आ पहुंचे।

दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते-देखते मारपीट



घायल सदानंद प्रसाद और परिवार के सदस्य। संवाद

पथराव होने लगा। जिसमें सदानंद प्रसाद, उनकी पत्नी कुन्ती देवी, बेटी बीना कुमारी, रिचा कुमारी, बेटे श्रीकेश और रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष से सिधारी प्रसाद, बेटे उपेन्द्र प्रसाद, राहुल कुमार और बहू रीना देवी भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद शांत कराया। दोनों पक्षों को गांव वालों ने एंबुलेंस से नजदीक के परसिया चंदौर स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया।

दोनों पक्षों से गंभीर रूप से घायल हुए लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई है। एक पक्ष से तहरीर मिली है। दूसरे पक्ष से तहरीर मिलने पर उनका भी केस दर्ज किया जाएगा। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि विवाद की जानकारी मिली है। पुलिस जांच कर रही है।

# एसओ पर वृद्ध दंपती की पिटाई के लगे आरोप की जांच शुरू

## खुखुंदू थाना क्षेत्र के बकुची मिश्र गांव की वृद्ध दंपती ने लगाया था आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के बकुची मिश्र गांव में घर में घुसकर एक वृद्ध दंपती की एसओ पर पिटाई करने और केस दर्ज करने के लिए रुपये मांगने के जांच एसपी संकल्प शर्मा ने सोमवार को सलेमपुर सीओ दीपक शुक्ला को सौंपी है। वृद्ध दंपती का एक वीडियो वायरल हुआ है।

जिसमें वह कह रहे हैं कि एसओ ने पिटाई की है। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर भी इसकी शिकायत भी की है। मंगलवार को पीड़ित दंपती एसपी से भी मिलेगा। खुखुंदू थाना क्षेत्र के बकुची मिश्र गांव निवासी सुभाष चौरसिया का कहना है कि एक सितंबर को घर में पुरानी दीवार तोड़कर घर का मरम्मत कार्य कराने जा रहे थे।


एसओ पर वृद्ध दंपती को पीटने, केस दर्ज करने के लिए रुपये मांगने का आरोप

7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

बड़ी बहू, उसके बेटे और बेटियों ने मिलकर पत्नी फूला देवी को मारापीटा। इसी बीच बहू को भी उसी के बेटों के हाथों चोट लग गई। हालांकि वह थाने पहुंच उल्टे हमलोगों पर आरोप लगा दी। जब केस दर्ज करने की बारी आई तो एसओ दिग्विजय सिंह ने डांटकर मुझे भगा दिया। जबकि बहू की तहरीर पर हमलोगों पर केस दर्ज कर लिया। आरोप है कि थाने जाने पर पुलिस ने 25 हजार रुपये की मांग की।

शनिवार दोपहर में करीब 2.40 पर एसओ गांव पहुंचे। मुझे और मेरी पत्नी को मारापीटा। इस मामले को एसपी संकल्प शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए सोमवार को सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला को जांच कर जल्द रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। वैसे पीड़ित दंपती एसपी से मिलने मंगलवार को जाएंगे। एसपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी पाए जाने पर एसओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भटनी में रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज, जाम से मिलेगी राहत

## 38 करोड़ की लागत से बनेगा पुल, आज होगा शिलान्यास, आवागमन में होगी सहूलियत

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। नगर के बाइपास रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर 38 करोड़ 13 लाख से उपरिगामी सेतु बनाया जाएगा। मंगलवार को सदर सांसद, क्षेत्रीय विधायक व अफसरों के मौजूदगी में इसका शिलान्यास किया जाएगा। ओवरब्रिज बनने के बाद क्रॉसिंग के दोनों तरफ लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

बाइपास रोड स्थित 115 नंबर रेलवे ढाले पर उपरिगामी सेतु बनाने की मांग कई वर्षों से चल रही थी। करीब एक दशक से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में यहां का मुख्य मुद्दा रेलवे ढाले पर ओवरब्रिज निर्माण ही रहा है। 2022 विधानसभा सभा के चुनाव में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया था। विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने मुख्यमंत्री से मिलकर भटनी में उपरिगामी सेतु बनवाने में मदद करने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद पुल बनाने की कवायद शुरू हुई, लेकिन रेलवे की ओर से सहभागिता राशि नहीं मिलने के चलते इसमें देरी होती रही। अब रेलवे ने भी सहभागिता राशि देकर सेतु निर्माण कराने की मंजूरी दे दी है।



भटनी नगर स्थित रेलवे फाटक पर खड़े लोग। संवाद

ऐसे में मंगलवार को सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया व अन्य लोगों की मौजूदगी में इसका शिलान्यास किया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति, अभय तिवारी, आशीष पासवान, सत्यव्रत मिश्र, शेषनाथ कुशवाहा आदि लोगों ने बताया कि भटनी जंक्शन से होकर छपरा, गोरखपुर व वाराणसी की ओर प्रतिदिन कई ट्रेनें इस रेलवे फाटक से गुजरती है। इसके चलते फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। साथ ही शहर के बीच में रेलवे लाइन होने के कारण लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ती है।

रेलवे फाटक पर अत्यधिक ट्रेनों के गुजरने से फाटक बंद रहता है। इससे क्रासिंग के दोनों तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मुख्यमंत्री से निवेदन कर यहां उपरिगामी सेतु का निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार से इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। **-सुरेंद्र चौरसिया**, विधायक रामपुर कारखाना

भटनी जंक्शन से छपरा व वाराणसी रूट की ट्रेनें आने-जाने के चलते इस रेल फाटक से प्रतिदिन करीब सौ से ज्यादे ट्रेनें गुजरती हैं। ऐसे में यहां उपरिगामी पुल की आवश्यकता अनिवार्य है। प्रदेश सरकार की ओर से धन स्वीकृत होने के बाद रेलवे ने भी सहभागिता राशि दे दी है।
**-अशोक कुमार**, पीआरओ डीआरएम वाराणसी

## पुल पर लगा जाम आवागमन में परेशानी

देवरिया। जिले को कसया से जोड़ने वाले मालवीय रोड स्थित ओवरब्रिज पर दोपहर 12.10 पर लगे जाम ने राहगीरों को करीब एक घंटे तक परेशान किया। ऐसे में दोनो तरफ से आने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन इसमें फंसे रहे। इसमें पुलिस व एक एंबुलेंस वाहन भी शामिल रहा।

पुल के पास खड़े होमगाइर्स जब जाम को समाप्त कराने में असफल रहे तो मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस ने सख्ती से इसे धीरे-धीरे समाप्त कराया। इसमें करीब एक घंटे लग गए। टीएसआई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को वाहनों व लोगों के अधिक संख्या में जिला मुख्यालय पर आने से यह स्थिति बनी। मालवीय रोड व जाम की सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने इसे समाप्त कराया। दोपहर में वाहनों की अधिकता के चलते एवं गोरखपुर ओवरब्रिज पर एक वाहन के खराब हो जाने के चलते वहां भी जाम की स्थिति बनी। कुछ दोपहिया व चारपहिया वाहन चालक भुजौली कालोनी से होकर कुर्ना नाला के रास्ते बीआरडी पीजी कॉलेज के पीछे के रास्ते गोरखपुर रोड पर पहुंचे।संवाद

# मुठभेड़ की थ्योरी सही हो या गलत पुलिसिया कार्रवाई से लोग खुश

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा। छेड़खानी के मामले में रविवार की देर रात में तरकुलवा पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में गोली मारी। दोनों महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती हैं। मुठभेड़ की थ्योरी सही है या गलत, लेकिन इस पुलिसिया कार्रवाई से लोग खुश है। लोगों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से बदमाशों में दहशत और महिलाओं व लड़कियों के साथ हो रहे अपराध में कमी आएगी।

लोगों का कहना है कि ऐसे दुस्साहसी युवकों के खिलाफ पुलिस के लंगड़ा कानून की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष व जलुआ गांव के रविशंकर सिंह ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई सराहनीय है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कनकपुरा गांव के राजकुमार राव ने कहा कि पुलिस ने शानदार कार्रवाई की है।



बंजरिया में अमर उजाला पढ़ते लोग। संवाद

## रितिक की थी बाइक, डॉन बनने की चाहत में नाबालिग ने तीनों से की दोस्ती

**तरकुलवा।** डॉन बनने की चाहत में एक नाबालिग ने तीन मनचले युवकों से दोस्ती की थी। वह उनके गैंग में शामिल हो गया। उनके हर गलत कामों में साथ आने-जाने लगा। हम बात कर रहे हैं उस नाबालिग की जो चार अगस्त को गांव के मनबढ़ युवकों रितिक यादव और धीरज पटेल के साथ बाइक पर बैठकर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप पहुंच गया। वहां उसने स्कूल से परीक्षा देकर लौट रही दो छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटना में शामिल हुआ। वारदात बगल में स्थित एक मुर्गी फॉर्म में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### *बेटियों की सुरक्षा प्राथमिकता*

*बहू-बेटियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। भाजपा सरकार महिला सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। किसी भी कीमत पर अपराध और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। –**सूर्य प्रताप शाही,** कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार*

### *कार्रवाई देर से ही सही जायज*

*पुलिस की कार्रवाई देर से ही सही जायज है। हालांकि पुलिस पहले हुई छेड़छाड़ की घटनाओं को गंभीरता से ली होती तो यह नौबत नहीं आती। इस घटना के शेष आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए।*
***ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी,** सपा नेता, पूर्व मंत्री*

## सर्जिकल की जगह इमरजेंसी वार्ड में रखे गए दोनों आरोपी

**देवरिया।** चार दिन पहले परीक्षा देकर लौट रही दो छात्राओं से छेड़खानी करने वाले दो आरोपी के कंचनपुर से सिरसिया गोठा की ओर जाने की सूचना मिली। पुलिस से घिरा देख अपराधियों ने फायरिंग की।

जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली मारकर दबोच लिया। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। दोनों को एक वार्ड में शिफ्ट किया गया। सुबह में इसीजी प्रभावित देख डॉक्टरों व कर्मियों ने पुलिसकर्मियों से सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट कराने की बात कही। चार घंटे बाद एक गंभीर मरीज का इसीजी प्रभावित होने पर डॉक्टरों ने जबरदस्ती उन्हें सर्जिकल वार्ड में भिजवाया। संवाद

# गिरफ्त में आए शोहदों ने बयां की छेड़खानी वाले दिन की कहानी

### तरकुलवा क्षेत्र में धीरज पटेल, रितिक यादव और नाबालिग आरोपी ने छात्राओं को पकड़ने की नीयत से दौड़ाया था

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/तरकुलवा।** स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़खानी के तीन आरोपी अब तक पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं, जबकि एक अभी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने उस दिन की सारी कहानी बयां कर दी।

जानकारी के अनुसार, छात्राओं से छेड़खानी के दिन बंजरिया निवासी विवेक सैनी बाइक चला रहा था। बाइक पर ठीक उसके पीछे धीरज पटेल बैठा था। उसके पीछे नाबालिग आरोपी और सबसे पीछे रितिक यादव। जब वे छात्राओं के समीप पहुंचे तो रितिक व नाबालिग बाइक से उतर गए और छात्राओं से छेड़खानी करते हुए पकड़ने की नीयत से दौड़ाने लगे।

इसी बीच धीरज पटेल भी बाइक से उतर कर छात्राओं के पीछे दौड़ने लगा, जबकि विवेक सैनी बाइक लेकर आगे चला गया और कुछ दूरी पर खड़ी कर दी। इधर, दोनों छात्राएं शोहदों से बचने के लिए चिल्लाते हुए भागने लगीं। भागने की कोशिश में एक छात्रा सड़क पर साइकिल लेकर गिर पड़ी। इसके बाद भी हिम्मत दिखाते हुए साइकिल छोड़ भागना शुरू कर दिया। दूसरी छात्रा साइकिल से भागने के क्रम में खेतों में जाकर गिर पड़ी। उनके चिल्लाने की आवाज सुन पीछा कर रहे तीनों आरोपी रुक गए और वापस भागकर कुछ दूर आगे बाइक लेकर रुके विवेक सैनी के साथ भाग निकले। इस पूरी घटना की वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस ने पहचान कर दबिश शुरू कर दी। दो आरोपियों धीरज पटेल और रितिक यादव को रविवार देर रात सिरसिया गोठा इलाके में मुठभेड़ के बाद दबोच लिया, जबकि नाबालिग आरोपी को सोमवार सुबह






व्हील चेयर से रितिक को एक्स-रे कराने ले जाती पुलिस। संवाद

कंचनपुर से गिरफ्तार किया। फरार चल रहे विवेक सैनी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

**बेटियां बोलीं... अब हम निडर होकर जा सकेंगे स्कूल :** तरकुलवा। एक स्कूल से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी के दो आरोपियों को पुलिस टीम ने रविवार देर रात में मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। सुबह इसकी सूचना मिलने पर क्षेत्र के स्कूल-कालेजों में पढ़ने वाली छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं था। छात्राओं ने पुलिस की कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अब वे बेखौफ होकर स्कूल जा सकेंगी।


छात्राओं से छेड़खानी के आरोपियों से पुलिस मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

# छात्राओं से छेड़खानी में तीसरा नाबालिग आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा

तरकुलवा(देवरिया)। स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़खानी के एक और आरोपी को पुलिस ने सोमवार को कंचनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

इस मामले में एक आरोपी अब भी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं, दो को पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। क्षेत्र के एक स्कूल की दो छात्राओं के साथ शुक्रवार से घर लौटते समय बाइक सवार चार बदमाशों ने छेड़खानी की थी। संवाद

>> संबंधित खबरें पेज 2 पर

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# अभद्र धार्मिक टिप्पणी के मामले में तीन गिरफ्तार

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध किए गए अभद्र पोस्ट को शेयर करने वाले मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा फरार बताये गये हैं। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। रामेश्वर की गिरफ्तारी को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने आक्रोश जताते हुए ज्ञापन सौंपा। सीओ ने रामनवमी तक का वक्त दिया है।

सीओ सदर ने बताया कि फेसबुक एकांउट से हिंदू धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला एक आपत्ति जनक पोस्ट शेयर किये जाने का प्रकरण बीते 4 सितंबर को सामने आया था। पुलिस ने चार लोगों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने व आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया था। सोमवार को मामले से संबंधित सूर्यप्रकाश पुत्र रामेश्वर निवासी कोतवाली पडरौना, राज कपूर कुशवाहा पुत्र शम्भू निवासी थाना हनुमानगंज व विजय प्रताप पुत्र दयालू थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपी रामेश्वर कुशवाहा की गिरफ्तारी हेतु सघन प्रयास किया जा रहा है। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के नाहर छपरा के रामेश्वर कुशवाहा पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के कुशीनगर जिलाध्यक्ष हैं।

# आठवीं की छात्रा बनी दो घंटे की थानेदार

## मिशन शक्ति

**तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति योजना के क्रियान्वयन के तहत तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष ने फाजिलनगर ब्लॉक के जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदवलिया की छात्रा सरिता निषाद को दो घंटे का थानाध्यक्ष बना कर नारी शक्ति का सम्मान किया। सरिता ने अपने साथियों साथ फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा अपने विवेक का परिचय देते हुए प्रार्थना पत्रों को निस्तारित किया।



तुर्कपट्टी थाने में थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठ लोगों की समस्याएं सुनतीं छात्रा सरिता।

सोमवार की सुबह दस बजे थाना का प्रभार लेने के बाद सरिता निषाद तथा उनकी साथी शिवानी विश्वकर्मा, आंचल मद्धेशिया, सीता मिश्रा, प्रीति यादव तथा संतिमा चौहान ने विभिन्न रजिस्टर, मालखाना, बंदी गृह और भवन का निरीक्षण कर उनके बारे में जानकारी हासिल की। थानाध्यक्ष बनी सरिता ने बताया कि पुलिस कर्मियों का काम बेहद कठिन होता है। चार फरियादियों की शिकायत सुनीं, घरेलू विवाद व जमीन का मामला था, जिसका निस्तारण किया। मुझे आईपीएस अधिकारी बनना है। यह मेरे सपने का पहला कदम है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि छात्रा को एक दिन के लिए थानेदार बनाया गया था। थानेदार की कुर्सी पर बैठरकर जनसुनवाई की और थाने में आने फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी, चार गिरफ्तार

## कार्रवाई

- कटनवार में किराए का मकान लेकर संचालित की जा रही थी फैक्ट्री
- बड़ी मात्रा में तैयार व अर्धनिर्मित पटाखा, बारूद व कागज बरामद

**पडरौना, निज संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के कटनवार में अवैध पटाखा तैयार करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से भाग रहे चार धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 28 बोरे में तैयार किये पटाखे, आठ बोरी अर्धनिर्मित पटाखे, बड़ी मात्रा में रद्दी कागज व बारूद आदि बरामद किया। कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पडरौना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि नगर के कटनवार रोड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। पुलिस टीम तत्काल वहां के लिए चल दी। पुलिस का वाहन देख एक अधेड़ तेजी से भागा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास झोले में बारूद मिला। उसकी पहचान नन्हें हुसैन निवासी कटनवार अमन नगर पडरौना के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर गांव के ही अशोक गुप्ता के घर टीम ने छापेमारी की, जहां 28 बोरी पटाखा, आठ बोरी अर्धनिर्मित पटाखा, दो बोरी रद्दी कागज, छह बोरी निर्मित मिट्टी के बट्टे वाला अनार पटाखा, 1.700 किग्रा बारूद, पटाखा तैयार करने के लिए सुतली व पटाखा बनाने के उपकरण बरामद हुए। मौके से भाग रहे महिला समेत तीन को दबोच लिया गया। तीनों की पहचान कैशर आलम निवासी कटनवार रोड अमन नगर, अलीसार निवासी मीरगंज नोनियापट्टी, जाहिदा निवासी बेलवा चुंगी कटनवार रोड थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

एएसपी ने बताया कि यह गिरोह किराए का मकान लेकर अवैध पटाखा निर्माण करता था। तैयार पटाखों की दीपावली व छठ पर बिक्री की जाती थी। टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी पुनीत वर्मा, दारोगा राहुल कुमार, प्रिंसी पांडेय आदि शामिल रहे।

# जाली नोट कारोबारी गिरोह के सरगना पर रेप का केस

**तमकुहीराज (कुशीनगर), हिसं।** जाली नोट कारोबारी गिरोह के सरगना और सपा नेता रफी अहमद उर्फ बबलू पर उसके मोबाइल में मिले आपत्तिजनक वीडियो और फोटो से सामने आई पीड़िता ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है।


आरोपी सपा नेता रफी अहमद

- **मोबाइल में आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले थे**
- **तमकुहीराज थाने में पीड़िता ने दर्ज कराया मुकदमा**

भारत और नेपाल में जाली नोट खपाने के आरोप में गिरफ्तार किए गिरोह के सरगना और समाजवादी लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी अहमद उर्फ बबलू के मोबाइल में कुछ महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो एवं फोटो मिले थे। पुलिस ने इस बिंदु पर जांच शुरू की तो एक पीड़िता सामने आ गई। उसने पुलिस को आपबीती सुनाई और तमकुही राज थाने में रेप व उत्पीड़न की तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की भी जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कराने एवं उसकी पहचान गोपनीय रखते हुए मेडिकल कराकर न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी में है।

भक्ति गीत बजाने पर सदर तहसील से कुछ ही दूरी पर हुआ विवाद, जाम हटवाने को पुलिस ने किया लोगों पर हल्का बल प्रयोग

# दुर्गा प्रतिमा ले जा रहे लोगों पर पथराव, हाईवे जाम

**विवाद**

**पडरौना, निज संवाददाता।** सोमवार को दोपहर बाद पडरौना से दुर्गा प्रतिमा लेकर जा रहे भिस्वा लाला (गनेशीपट्टी) की दुर्गा पूजा समिति के कुछ युवकों से ट्राली पर भक्ति गाना बजाने को लेकर शहर में सदर तहसील से कुछ ही दूरी पर विवाद हो गया। आरोप था कि दूसरे वर्ग के कुछ लोगों ने गाना बजाने पर एतराज जताते हुए लाठी-डंडे, धारदार हथियार और ईंट-पत्थर से दुर्गा पूजा समिति के कुछ लोगों पर हमला कर दिया। इससे पांच-छह लोग घायल हो गए। आंशिक रूप से प्रतिमा भी खंडित हो गई। उसके बाद नाराज लोगों ने पडरौना-कसया एनएच-28 को जाम कर दिया और नारेबाजी करने लगे। तब तक भाजपा व हिन्दूवादी संगठनों के भी कई लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंच गई।

विवाद और न बढ़े, इसलिए एएसपी रितेश सिंह, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय और फोर्स के साथ पहुंच गए। प्रदर्शन कर रहे लोग हमलावरों की गिरफ्तारी और खंडित की गई प्रतिमा की जगह दूसरी दिलाने की मांग कर रहे थे। एएसपी ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माने और पुनः सड़क जाम कर दिया, जिसकी वजह से जाम लग गया। उसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम हटवाया। देर शाम को आरोपियों पर केस दर्ज किए जाने व आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू कर दिए जाने के बाद जाम समाप्त हो गया। पडरौना कोतवाली पुलिस ने इस मामले में सैकड़ों अज्ञात पर पथराव व मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद से ही पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। शाम को आठ जब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। देर रात तक छापेमारी जारी थी। करीब आधे घंटे तक शहर की मुख्य सड़क पर प्रदर्शन के चलते रोड जाम रहा। करीब तीन घंटे तक मौके पर हंगामा जारी रहा।

बताया जा रहा है कि पंडाल में स्थापित करने के लिए सोमवार को दिन के करीब साढ़े तीन बजे गनेशीपट्टी के कुछ लोग ट्राली पर दुर्गा प्रतिमा रखकर पडरौना से अपने गांव जा रहे थे। इन लोगों का आरोप था कि छावनी में सदर तहसील से बढ़े ही थे कि ट्रॉली पर गाना बजाने को लेकर कुछ लोग एतराज जताते हुए उलझ गए। कुछ लोग ईंट-पत्थर फेंकने लगे, जिससे प्रतिमा आंशिक रूप से खंडित हो गई। लाठी-डंडे व धारदार हथियार से भी हमला करने का आरोप लगाया है, जिससे पांच-छह लोगों के घायल हो गए। घटना की जानकारी होते भिस्वा लाला, गनेशीपट्टी और आस-पास के गांवों के लोग जुट गए और पडरौना-कसया रोड, एनएच-28 को जाम कर दिया। पुलिसफोर्स भी मौके पर पहुंच गई और जाम खत्म कराया, लेकिन लोग सड़क के किनारे ही नारेबाजी करने लगे। एएसपी रितेश सिंह, सीओ सदर अजेय प्रताप सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचकर समझाया, लेकिन लोग इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। दोबारा सड़क जाम कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों पर दंगा भड़काने के प्रयास, जानलेवा हमला, समूह को उकसाने, धार्मिक प्रतीक को नुकसान पहुंचाने, हत्या के प्रयास समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी गयी है। अब तक फैजान अली, अदनान, नूर मोहम्मद, सेराज, मो कैफ, सद्दाम व सुल्तान समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।



पडरौना के छावनी में दुर्गा प्रतिमा ले जा रहे लोगों पर पथराव करते युवक।



कार्रवाई की मांग पर अड़े भाजपा कार्यकर्ता।

### पुलिस ने बदल कर दूसरी दिलाई प्रतिमा

पथराव में प्रतिमा खंडित हो गयी थी। इसे लेकर दुर्गा पूजा समिति के लोग बेहद नाराज थे। पुलिस ने उन्हें समझाकर उनकी तहरीर के अनुसार गंभीर धाराओं में मुकदमा तो दर्ज किया ही, उनकी मांग पर दूसरी प्रतिमा मंगाकर समिति को सौंपी। समिति के लोग यह प्रतिमा लेकर भिस्वा लाला गांव चले गए और वहां पंडाल में प्रतिमा स्थापित भर कर दी।

### विरोध जताने वालों में ये रहे शामिल

विरोध जताने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, ऋतिक सिंह गौतम, नीरज सिंह बिट्टू, नूतन दुबे, पवन मिश्र, सूर्य प्रकाश शुक्ल चिंटू, गौरव तिवारी, मुकेश तिवारी, मुकेश प्रताप सिंह, पूनम जायसवाल, कार्तिक मिश्र, सुशील शर्मा आदि मौजूद थे।

### 11 थानों की पुलिस ने देर शाम छापेमारी कर 15 लोगों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सड़क जाम करने वालों को खदेड़कर रास्ता खाली कराया। सड़क किनारे काफी देर तक वार्ता हुई। एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय, एसडीएम आशुतोष कुमार, तहसीलदार पूर्णिमा सिंह, नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, शहर लेखपाल योगेंद्र गुप्ता और 11 थाने की पुलिसफोर्स देर शाम तक घटनास्थल पर मौजूद रही। एएसपी रितेश सिंह ने बताया कि भिस्वा लाला निवासी राजेश्वर गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर देर शाम तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी कार्रवाई जारी है।

# छात्रा का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**हि फॉलोअप**

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया-पडरौना मार्ग पर बाड़ीपुल चौराहे के समीप एक दिन पूर्व हादसे में जान गंवाने वाली होनहार छात्रा का सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंच तो परिवारीजनों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद बाड़ी नदी के तट पर उसका अंतिम संस्कार हुआ।

कसया थाने के कुशीनगर नगर पालिका परिषद के बापूनगर सेमराधूसी निवासी व होमगार्ड संतराम उर्फ चंद्रभूषण पांडेय पुत्र स्व. अनिरुद्ध पांडेय की बेटी निधि उर्फ निशि पांडेय उम्र 15 साल महर्षि अरविंद विद्या मंदिर कसया में हाईस्कूल की छात्रा थी। वह रविवार को सहेली करहिया निवासिनी नेहा के साथ स्कूली से कसया स्थित एक कोचिंग सेंटर से कोचिंग करके घर लौट रही थी। ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से निशि की मौके पर ही मौत हो गयी थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

मां बेबी पांडेय रूक रूक कर बेहोश हो जा रही है। बड़ी बहन कृति पांडेय व भाई अंकित पांडेय का रो रोकर बुरा हाल है। बाड़ी नदी के तट पर छात्रा का अंतिम संस्कार हुआ।

### पूर्व छात्रा की मौत पर विद्यालय परिसर में शोकसभा

**पडरौना।** आरडी मेमोरियल हाईस्कूल सेमरा धूसी बाड़ीपुल में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शिक्षकों के साथ स्कूली बच्चों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद स्कूल को बंद कर दिया गया। प्रधानाचार्य चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की शिकार हुई छात्रा निशि पांडेय ने नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक आरडी मेमोरियल हाईस्कूल में पढाई पूरी की थी। उनके निधन से पूरा विद्यालय परिवार स्तब्ध है। सहायक अध्यापक विनय पाण्डेय, संजय, खुर्शेद, इरफान, आसिफ, अमरजीत, मुन्नी शुक्ला, विमलेश शुक्ला, लक्ष्मी तिवारी, ममता, प्रियंका, सुधा, रजनी, साहिना, शकुंतला, अभिषेक, संदेश, दीपक, आंचल, राहुल, विक्की, सिमरन, कावेरी, फरहान, परवेज, काजल, नव्या, काव्या, साइना, संजीव, आदित्य आदि शामिल रहे।

# दुर्गा प्रतिमा पर पथराव, 10 लोग घायल, 11 गिरफ्तार

- मुस्लिम बाहुल्य बस्ती छावनी में कुछ लोगों ने चलाए ईंट-पत्थर, अफरा-तफरी
- प्रतिमा रोक सड़क पर बैठे पूजा समिति के सदस्य, कार्रवाई पर माने

जागरण संवाददाता, कुशीनगर: दशहरा पर स्थापित करने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से ले जाई जा रही दुर्गा प्रतिमा पर सोमवार को पडरौना की मुस्लिम बाहुल्य बस्ती छावनी में कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इससे प्रतिमा खंडित हो गई और ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार लगभग 10 लोग घायल हो गए। इस दुस्साहसिक घटना के विरोध में पूजा समिति के सदस्य धरने पर बैठ गए। रवींद्रनगर धूस थाने के भिसवा लाला गांव के लोग पडरौना नगर के बावली चौक से ट्रैक्टर ट्राली से दुर्गा प्रतिमा लेकर जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली के आगे डीजे लगी मैजिक चल रही थी। प्रतिमा कोतवाली क्षेत्र के छावनी घोसी टोला मोहल्ले के सामने पहुंची थी



पडरौना नगर के छावनी में सड़क जाम किए लोगों को समझाती पुलिस ● जागरण

कि कुछ युवकों ने मैजिक के सामने बाइक रोककर डीजे की आवाज कम करने को कहा। इस पर मैजिक सवार युवकों से कहासुनी होने लगी। इसी बीच प्रतिमा को लक्ष्य कर ईंट-पत्थर चलने लगे, जिससे अफरा- तफरी मच गई। इस दौरान प्रतिमा खंडित हो गई। पथराव में 16 वर्षीय संदीप, 14 वर्षीय आकाश, 15 वर्षीय रामलखन, 18 वर्षीय रोहित, 16 वर्षीय अभिषेक, 15 वर्षीय विकास निवासी गनेशीपट्टी सहित दस से अधिक युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद समिति के सदस्यों ने मूर्ति रोक पडरौना-कसया मार्ग को जाम कर दिया। कुछ ही समय में एएसपी, एसडीएम व सीओ सदर पहुंच गए और किसी तरह स्थिति को संभाला। शाम को पूजा समिति के सदस्य राजेश्वर गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने सैकड़ों अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। सीसी टीवी कैमरे से पहचान कर फैजान अली, अदनान, सिराज, नूर मुहम्मद, मोहम्मद कैफ, सद्दाम व सुल्तान निवासी छावनी घोसी टोला समेत 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

संबंधित खबर » 5

# दो घंटे के लिए आठवीं की छात्रा सरिता बनीं तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जा रहा जागरूक, चार मामले निस्तारित

जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टी: मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को इसी के तहत जनपदीय आदर्श संविलियन विद्यालय रुदवलिया की छात्रा सरिता निषाद ने तुर्कपट्टी थाने पर दो घंटे के लिए थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली।

इस दौरान सरिता ने अपने साथियों संग पीड़ितों की फरियादी सुनी। त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। चार मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। थाना का प्रभार लेने के बाद सरिता अपने साथी सीता मिश्रा, शिवानी विश्वकर्मा, आंचल मद्धेशिया, प्रीति यादव तथा संतिमा चौहान ने माल खाना, बंदी गृह, विभिन्न अभिलेख व परिसर का निरीक्षण कर उनके विषय में जानकारी हासिल की। थानाध्यक्ष सरिता ने बताया कि पुलिस कर्मियों का काम बेहद कठिन होता है। धूप, गर्मी, सर्दी व बरसात के मौसम में वह पूरी रात जाग कर आम जनता को सुरक्षा प्रदान करती है। लोगों को इनका



तुर्कपट्टी थाना में फरियाद सुनतीं दो घंटे की थानाध्यक्ष बनीं सरिता निषाद बाएं पहली ● जागरण

सम्मान करना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान थाने पहुंचे फरियादियों की शिकायत सुनी। इसमें अधिकतर पारिवारिक कलह व जमीनी विवाद का मामला सामने आए। उसने चार मामलों का मौके पर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर निस्तारण कराया। कहा कि मुझे आइपीएस बन कर देश की सेवा करनी है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि छात्रा को दो घंटे के लिए थानेदार बनाया गया था। थानेदार की कुर्सी पर बैठ कर जनसुनवाई की और सामने आए मामलों को अपने सूझ-बूझ के साथ निस्तारित कराया।

# छात्राएं डरें नहीं, सुरक्षा को लेकर रहें सतर्क

जासं, छितौनी: कस्बा स्थित छितौनी इंटर कालेज परिसर में सोमवार को हनुमानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पटेल की देखरेख में नारी सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को डायल 1090 एवं 112 के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि छात्राएं निर्भीक होकर विद्यालय आएं। किसी से डरने की जरूरत नहीं है, सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन 24 घंटे तत्पर है। सुरक्षा को लेकर जागरूक व सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि किसी अनजान व्यक्ति को व्यक्तिगत जानकारी न दें, अनजान जगह पर जाने से बचें। महिला कांस्टेबल सुनीता यादव व प्रतिभा तिवारी ने कहा कि अराजकतत्व विद्यालय आते-जाते समय परेशान करें तो उसकी सूचना प्रधानाचार्य के माध्यम से पुलिस को दें। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन कमरुद्दीन अली अंसारी ने किया।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का पर्दाफाश,चार गिरफ्तार

- कटनवार में किराए का मकान लेकर संचालित की जा रही थी फैक्ट्री
- बड़ी मात्रा में तैयार व अर्धनिर्मित पटाखा तथा बारूद बरामद

जागरण संवाददाता, पडरौना: सदर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के कटनवार में अवैध पटाखा तैयार करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से भाग रहे चार धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 28 बोरे में तैयार पटाखे, आठ बोरी अर्धनिर्मित पटाखे, बड़ी मात्रा में रद्दी कागज व बारूद आदि बरामद हुआ है। मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पडरौना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि नगर के कटनवार रोड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। पुलिस टीम तत्काल वहां के लिए चल दी। पुलिस का वाहन देख एक अधेड़ तेजी से भागा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास झोले में बारूद मिला। उसकी पहचान नन्हें हुसैन निवासी कटनवार अमन नगर पडरौना के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर गांव के ही अशोक गुप्ता के घर टीम ने छापेमारी की, जहां 28 बोरी पटाखा, आठ बोरी अर्धनिर्मित पटाखा, दो बोरी रद्दी कागज, छह बोरी निर्मित मिट्टी के बट्टे वाला अनार पटाखा, 1.700 किग्रा बारूद, पटाखा तैयार करने के लिए सुतली व पटाखा बनाने के उपकरण बरामद हुए। मौके से भाग रहे महिला समेत तीन को दबोच लिया गया। तीनों की पहचान कैशर आलम निवासी कटनवार रोड अमन नगर, अलीसार निवासी मीरगंज नोनियापट्टी, जाहिदा निवासी बेलवा चुंगी कटनवार रोड थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। एएसपी ने बताया कि यह गिरोह किराए का मकान लेकर अवैध पटाखा निर्माण करता था। तैयार पटाखों की दीपावली व छठ पर बिक्री की जाती थी। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी पुनीत वर्मा, दारोगा राहुल कुमार आदि शामिल रहे।



पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते बाएं से एएसपी रितेश कुमार सिंह व सीओ अभिषेक प्रताप अजेय • जागरण

# सात गाड़ियों का किया चालान, 5500 रुपये जुर्माना

मथौली बाजार: कप्तानगंज थाने के मथौली कस्बा के मुख्य चौराहे पर सोमवार की शाम खड़े किए गए सात वाहनों को चौकी इंचार्ज विक्रम अजीत राय ने नो-पार्किंग के तहत चालान करते हुए 5500 रुपये जुर्माना लगाया। चालकों को हिदायत दी कि सड़क के किनारे वाहन न खड़ा करें। एसआइ प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल अंजनी कुमार, कांस्टेबल उपेंद्र कुमार, शुभम सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# हाटा के गोदाम में लगी आग, फटा सिलेंडर

## लाखों की क्षति

**ढाढा, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा के मेन बाजार में सोमवार की रात करीब 11 बजे शार्ट सर्किट से बीनू रौनियर के कॉस्मेटिक समान के गोदाम में आग लग गई। इस दौरान गैस सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप ले लिया। ऊपर की मंजिल पर रहने वाला परिवार भाग निकला और शोर मचाने लगा।

जैसे ही आग की लपटे घर के बाहर निकलने लगी तो पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। सूचना पर तत्काल हटा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पा लिया गया।

इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई थी।

# नाले में डूबे युवक का शव बरामद

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** चौराखास थाना क्षेत्र के कोइलसवा निवासी एक युवक गांव के बगल से बहने वाली सोन नाले में नहाने के दौरान रविवार को डूब गया था। घटना के 24 घंटे बाद उसका शव नाले से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोइलसवा निवासी आशीष चौहान (22)पुत्र दिनेश चौहान रविवार को शाम चार बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ बिहार सीमा पर बहने वाली सोन नाला में नहाने गया था। नहाने के दौरान युवक तेज बहाव की ओर बढ़ गया जिससे वह डूबने लगा। जबतक साथ नहाने वाले युवकों की नजर उस पर पड़ती, वह तेज धारा में बहकर दूर चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी तलाश करायी, मगर उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस ने एसडीआरएफ को सूचना दी। लेकिन टीम को आने में काफी देर हो गयी। सोमवार सुबह से फिर उसकी तलाश शुरू हुई। शाम चार बजे उसका शव नाले डूबने के स्थान से कुछ दूर नाले में उगी झाड़ियों में फंसा मिला। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चौराखास चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।



आशीष चौहान (फाइल फोटो)।

## पांच बहनों में इकलौता भाई था आशीष

आशीष पांच बहनों में सबसे छोटा था। कुछ ही दिन पहले वह बाहर से घर आया था। शनिवार को अपने दोस्तों के साथ नाले में नहाने चला गया। उसे क्या पता था कि वहां मौत इंतजार कर रही है। लोगों की माने तो वह एक ट्यूब के सहारे नाले में नहा रहा था लेकिन पानी का दवाब बढ़ने के कारण ट्यूब उसके शरीर से अलग हो गया जिससे यह घटना हो गयी। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

# गंडक नहर पर जाम से धूप में फंसे रहे लोग



पडरौना नगर स्थित सुभाष चौक-कसया मार्ग पर नहर पर लगे जाम में फंसे लोग। • जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौना : सड़कों पर अतिक्रमण व बेतरतीब वाहनों के संचलन से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सोमवार को फिर जिला मुख्यालय से लेकर नगर में लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा है। इसकी वजह से कठकुइयां मोड़ से बड़ी गंडक नहर तक सुबह नौ बजे से शाम तक वाहन रेंगते दिखे। वाहन चालकों को आधे-आधे घंटे तक जाम से दो-चार होना पड़ा। जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम छावनी, कुबेरस्थान मोड़,सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बना रहा। जाम से जूझ रहे लोगों ने यातायात पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है। व्यापारी नेता मनोज मोदनवाल का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

- कम नहीं हो रहीं लोगों की दिक्कतें जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ती जा रही समस्या
- जाम से जूझ रहे लोगों ने यातायात पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है

दिलीप मोदनवाल का कहना है कि बेतरतीब दो व चार पहिया का चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। शशिकांत यादव ने कहा कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। तेज प्रताप तिवारी ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि इसकी समीक्षा करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ रही है। शीघ्र ही अभियान चलाकर सड़क की पटरी खाली कराया जाएगा।

# तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

सिसवा नाहर : तरयासुजान के बिरवट कोन्हवलिया में एक व्यक्ति की जमीन हड़पने की नीयत से पटीदार ने जान से मारने की धमकी दे रहा हैं।पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई हैं। मीना देवी ने पुलिस को  सौंपे तहरीर में लिखा है कि मेरा कोई पुत्र नहीं है। एक पुत्री है जिसकी शादी हो गई है।बीते एक सप्ताह पूर्व जितेंद्र ने फूस की झोपड़ी उजाड़ दी। विरोध करने पर पहुंचे हरेंद्र ने पति पर लोहे की राड से प्रहार कर दिया।

# ...साजिश या फिर घटना

जागरण संवाददाता, पडरौना: नगर के छावनी के घोषी टोला में सोमवार दोपहर दुर्गा मूर्ति पर हुआ पथराव साजिश का हिस्सा है या घटना, यह तो जांच के बाद पता चलेगा, लेकिन हालत साजिश की ओर इशारा जरूर कर रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पथराव करने वालों में कानून का भय नहीं था। नहीं तो सामान्य आवाज के साथ बज रहे भक्ति गीतों से किसे और भला क्यों दिक्कत होती। घटनाक्रम पर गौर करें तो अचानक आए एक युवक ने जुलूस में शामिल वाहन रोक डीजे को लेकर आपत्ति जताई और इतने ही देर में पीछे से आई भीड़ जुलूस में शामिल युवा और बच्चों पर ईंट-पत्थर बरसाने लगी। कहा जा रहा कि भीड़ में महिलाएं भी शामिल थीं और महिलाओं ने भी डंडों से लोगों पीटा।

दोपहर के लगभग तीन बज रहे थे। कसया-पडरौना मार्ग पर आवाजाही रफ्तार में थी। तभी अचानक मची चीख-पुकार सुनकर लोग पहुंचे तो हालात देख अवाक रह गए। दुर्गा मूर्ति लेकर जा रहे बच्चे, युवक, किशोर व अधेड़ खून से लथपथ पड़े थे। राहगीरों ने इसकी खबर पुलिस व नजदीक स्थित तहसील प्रशासन को दी। इतने ही देर में यह घटना आग की तरह फैल गई। मूर्ति लेने आए भिसवा लाला गांव के लोग भी आ पहुंचे। एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताया कि हमलोग बावली चौक से ट्रैक्टर-ट्राली पर दुर्गा मूर्ति लेकर नाचते-गाते आ रहे थे।

छावनी के घोषी टोला पहुंचे कि अचानक एक मनबढ़ युवक ने वाहन के आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी। वह उसने डीजे बंद करने को कहा। ट्राली के पीछे चल रहे लोग उससे बात करने के लिए आगे ही बढ़े कि पीछे से आई आक्रामक भीड़ ने पथराव कर दिया। अफरा-तफरी मच गई। भीड़ के निशाने पर मूर्ति व हमलोग थे। बता दें कि दशकों से जिला मुख्यालय रवींद्र नगर के आसपास के गांवों में दुर्गा मूर्ति पडरौना से कसया-पडरौना मार्ग के रास्ते ही जाती रही है। इस तरह मूर्ति ले जाने का रूट पहले से तय था। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस की ओर से तय रूट से ही मूर्ति लेकर जा रहे थे भिसवा लाला गांव के लोग, अचानक आए युवक ने रोका जुलूस, और फिर चलने लगा ईंट-पत्थर

## हर वार इसी मार्ग से जाती थी मूर्ति, पहली वार हुआ विवाद

हर बार प्रतिमा इसी मार्ग से होकर जाती थी। पहली बार छावनी में इस तरह की घटना हुई है। ऐसे में लोगों में चर्चा हो रही है कि ऐसा क्या हुआ कि वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में अशांति का वातावरण खड़ा हुआ। इसके पीछे कोई साजिश तो नहीं है।

## माहौल विगाड़ने वालों पर लगेगा गैंगस्टर

दुर्गा मूर्ति पर पथराव की घटना को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध विधि के अनुसार गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। आरोपितों में अगर किसी का आपराधिक इतिहास है तो उसके विरुद्ध एनएसए की भी प्रक्रिया शुरू होगी।

## मूर्ति लाने व विसर्जन के समय लें पुलिस की सहायता : एसपी

एसपी ने नागरिकों से अपील कि है कि त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं। मूर्ति लाने तथा विसर्जन के समय थाने को सूचना दें। समिति को तत्काल पुलिस बल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अगर आयोजकों को किसी तरह की परेशानी आती है तो वह एएसपी के नंबर 9454401082 या एसपी के नंबर 9454400289 पर अपनी समस्या बता सकता है। समस्या का तत्काल समाधान कराया जाएगा।

संवेदनशील जगहों को लेकर खास सजगता बरती जा रही। शांति समितियों की बैठक में नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा कि छावनी में अचानक कौन सी ऐसी बात हो गई जिससे इतना बड़ा विवाद हो गया।

# बालक के साथ कुकर्म मुकदमा दर्ज

जासं, तरयासुजान : तरयासुजान के एक गांव के मनबढ़ युवक ने सोमवार को बांसवारी में ले जाकर पांच वर्षीय बालक के साथ कुकर्म किया। रोते हुए बालक घर पहुंचा और स्वजन को आप बीती बताई। देर शाम पीड़ित के पिता ने थाने में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है, वह फरार बताया जा रहा है। तहरीर के मुताबिक आरोपित रिशु दोपहर एक बजे बालक को बहला फुसलाकर बांसवारी में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया और फरार हो गया। कुछ देर बाद रोते हुए बालक घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पीड़ित बालक को लेकर पिता थाने पहुंचे और तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ आरोपित के घर पहुंचे, लेकिन वह फरार हो गया था।

# महिला सुरक्षा के बारे में दी जानकारी

**छितौनी।** छितौनी इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पुलिस ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर रहने की बात कही।

हनुमानगंज एसओ अजय पटेल ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्तियों से बातचीत के दौरान उसे व्यक्तिगत जानकारी न दें। उन्होंने रास्ते में घटित अप्रिय घटनाओं की जानकारी माता-पिता और शिक्षक को देने के लिए प्रेरित करते हुए पुलिस सहायता के लिए 1090 या 112 डायल करने की सलाह दी गई। अंत में प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संवाद

# आठवीं की छात्रा सरिता दो घंटे के लिए बनी थानेदार

## जनसुनवाई के दौरान दिया सूझबूझ का परिचय, चार मामले सुलझाए

संवाद न्यूज एजेंसी

तुर्कपट्टी। मिशन शक्ति के तहत रुदवलिया विद्यालय की छात्रा सरिता निषाद को दो घंटे का थानाध्यक्ष बनाया गया। सरिता निषाद ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और पुलिस अधिकारियों को निस्तारण के लिए कहा।

सोमवार की सुबह करीब दस बजे थाना का प्रभार लेने के बाद सरिता निषाद साथी शिवानी विश्वकर्मा, आंचल मद्धेशिया, सीता मिश्रा, प्रीति यादव और संतिमा चौहान के साथ रजिस्टर, माल खाना, बंदी गृह और भवन का निरीक्षण कर उसके बारे में जानकारी ली। सरिता ने बताया कि पुलिस कर्मियों का काम बेहद कठिन है। धूप, गर्मी, सर्दी, बरसात में पुलिसकर्मी लोगों की सुरक्षा के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने चार फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया।

# उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस सख्त, पूजा समितियों को मिलेगी फोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्षों ने मूर्ति आयोजकों से किया संपर्क बवाल के बाद सक्रिय हुई पुलिस

पडरौना। शहर के छावनी में देवी प्रतिमा पर पथराव के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को मूर्ति आयोजकों को उनकी मांग पर पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

मूर्ति पंडाल तक ले जाने, पंडाल पर और विसर्जन कराने तक पुलिस आयोजकों के संपर्क में रहेगी, ताकि किसी तरह का कोई विवाद न हो। शहर से लेकर गांव तक के मूर्ति आयोजकों से पुलिस संपर्क करना शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस की चूक से शहर के छावनी में तहसील के पास मूर्ति पर पथराव के बाद विवाद बढ़ गया। पुलिस के काफी मशक्कत के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि नवरात्र में बवाल करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस शिकंजा कसेगी।

मूर्ति आयोजकों को पंडाल तक देवी प्रतिमा ले जाने के लिए, पंडाल से विसर्जन के लिए ले जाने और पंडाल पर पुलिस मुस्तैद रहेगी।

थानेदारों को एसपी ने इसके लिए सभी मूर्ति आयोजकों से संपर्क करने के लिए निर्देश दिया है। अगर कोई थानाध्यक्ष पुलिस फोर्स उपलब्ध कराने में टाल मटोल करता है तो इसकी जानकारी मूर्ति आयोजक एसपी के सीयूजी नंबर 945400289 और एएसपी के सीयूजी नंबर 7830666678 पर दे सकते हैं।

थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों और कस्बों में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## पटाखा बनाने का सामान व बारूद बरामद, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। फैक्टरी से पटाखा बनाने के सामान और बारुद के साथ पुलिस ने चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी संगठित तरीके से अवैध पटाखा को तैयार करते थे। इस मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि एएसपी रितेश कुमार सिंह और सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर कोतवाली पुलिस अभियान चला रही है।

रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कटनवार रोड के पास झोले में कुछ संदिग्ध सामान लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और संदिग्ध को हिरासत में लेकर उसके झोले की तलाशी ली तो विस्फोटक सामान मिले। पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान नन्हें हुसैन निवासी कटनवार रोड अमन नगर पडरौना के रूप में हुई। उसकी



पडरौना शहर में अवैध पटाखा बनाने वाली पकड़ी गई फैक्टरी। स्रोत-पुलिस

निशानदेही पर अशोक गुप्ता के मकान से अवैध पटाखा फैक्ट्री से जुड़े कैशर आलम निवासी कटनवार रोड अमन नगर, अलीसार निवासी मीरगंज नोनियापट्टी व जाहिदा निवासी बेलवा चुंगी कटनवार रोड को भी गिरफ्तार कर लिया।

फैक्टरी से 28 बोरी तैयार पटाखे, आठ बोरी अर्धनिर्मित पटाखे, दो बोरी रद्दी कागज, छह बोरी निर्मित मिट्टी के बट्टे में बने अनार पटाखा और एक झोले में 1.700 किग्रा बारूद, पटाखा बनाने की सुतली व अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनका एक संगठित गिरोह है। अशोक गुप्ता के मकान को किराये पर लेकर उन लोगों ने गोदाम बनाया था, जहां वह अवैध पटाखों का निर्माण करते हैं।

आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने आगामी त्योहार दीपावली व छठ पूजा को लेकर काफी मात्रा में पटाखा का निर्माण किया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह, एसआई पुनीत वर्मा, राहुल कुमार, महिला कांस्टेबल प्रिन्सी पांडेय, कांस्टेबल चन्द्रमा बिंद, धर्मेन्द्र चौहान, रईश अहमद, प्रियंका पटेल शामिल रहे।

# जमील को भेजा जेल, पत्नी ने गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

## जालसाजी में लखनऊ पुलिस पहले भी भिजवा चुकी है जेल, बाहर आने के बाद कुशीनगर को बनाया था ठिकाना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना/देसही देवरिया।** हरैया गांव के जमील अहमद को कुशीनगर पुलिस ने रविवार को जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस की वर्दी, पहचान पत्र के अलावा कुछ नकद भी बरामद हुआ। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर, आरोपी की पत्नी ने पुलिस की गिरफ्तारी पर सवाल खड़ा किया है। उसका कहना है कि पुलिस ने गिरफ्तारी की फर्जी कहानी बनाई है।

महुआडीह थानाक्षेत्र के हरैया गांव के जमील अहमद (48) को कुशीनगर की तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने रविवार को मधुरिया गांव के पास नेशनल हाइवे पर चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, उसके पास से पुलिस अफसरों का यूनिफॉर्म बरामद हुआ। साथ ही 1300 सौ रुपये नकद भी बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि आरोपी तमाम विभागों में उच्च अधिकारी बनकर सरकारी योजनाओं का लाभ व नौकरी आदि दिलाने के नाम पर इस समय कुशीनगर जिले में अपने गैंग के साथ सक्रिय होकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

उसके विरुद्ध कुछ दिन पहले मधुरिया गांव की महिला जरीना ने पचास हजार रुपये की ठगी का केस दर्ज कराया था। उसी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया। तब जाकर पूरा मामला खुला। पता चला कि लखनऊ, गोरखपुर में भी कई मामले दर्ज हैं। लखनऊ पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। जेल से बाहर आने के बाद वह कुशीनगर में सक्रिय था। पुलिस का यह भी कहना है कि वह पेशे से दर्जी है। लखनऊ में वह सिलाई करता था। वहीं एक जालसाज महिला के साथ मिलकर पुलिस की वर्दी सिलने लगा।

### पत्नी बोली- पुलिस बना रही झूठी कहानी

ठगी में गिरफ्तार जमील अहमद की पत्नी हसीरुन निशा ने तुर्कपट्टी पुलिस पर गिरफ्तारी के मामले में झूठी कहानी बनाकर पेश करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसके पति शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब घर से भोजन कर यह बताकर निकले कि उन्हें आंख में दिक्कत है। हेतिमपुर में इलाज कराकर शाम तक लौट आएंगे। वह सवारी पकड़ कर निकल गए। शाम को वापस नहीं आने पर सभी परेशान हो गए। उनका फोन भी बंद आने लगा। दूसरे दिन शाम को उनके मोबाइल फोन से अचानक पड़ोसी के मोबाइल पर फोन आया। जमील ने पत्नी से बात कराए जाने की बात कही। पड़ोसी फोन लेकर उनके घर पहुंचा तो फोन कट गया। देर शाम उनके नंबर से दोबारा फोन आया। पत्नी ने बात की तो उधर से जमील नहीं कोई महिला बात कर रही थी। उसने जमील से बात नहीं कराई। न ही उसके विषय में कुछ बताया। तीसरे दिन पुलिस ने मधुरिया हाईवे पर बाइक के साथ गिरफ्तारी दिखाकर जेल भिजवा दिया। आरोपी की पत्नी का पूर्व के आरोपों पर कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन इस गिरफ्तारी पर उसने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उसका कहना है कि उसका पति आखिर तीन दिन कहां रहा।




7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।



दरोगा की वर्दी में जमील अहमद।
स्रोत- सोशल मीडिया

### वर्दी सिलाते-सिलते बना वर्दीधारी...बढ़ी होशियारी तो अपराध से कर ली यारी

**कुशीनगर।** होमगार्ड से लेकर दर्जी और जालसाजी करने वाले फर्जी इंस्पेक्टर व पुलिस उपाधीक्षक देवरिया का जमील अहमद वर्दी सिलते-सिलते अफसरों से पहचान बनाई और अपराध के दलदल में धंसता गया। पुलिसकर्मियों की वर्दी सिलने के साथ उसने खुद वर्दी धारण कर ली।

जमील की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता 2019 में ही शुरू हो गई थी, लेकिन 2022 में दुबई से लौटने के बाद उसकी गतिविधियां तेज हो गईं। शुरुआत में दर्जी के रूप में पहचान बनाने वाले जमील का आपराधिक सफरनामा देवरिया और गोरखपुर से शुरू हुआ था।

जहां वह पकड़ा गया और फिर दुबई रोजगार की तलाश में गया। दुबई से लौटने के बाद जमील ने लखनऊ से जालसाजी की ऐसी जमीन तैयार की, जिसमें पहले युवतियों और फिर महिलाओं को फंसाने लगा। संवाद

### ..तो अपराध की ओर बढ़ गए जमील के कदम

■ **जमील** कभी खाकी वर्दी सिलकर ईमानदारी से जीविकोपार्जन करता था। उसके अरमान सीमित थे लेकिन वर्दी सिलने के साथ ही वर्दी धारण करने का ऐसा जुनून सवार हुआ कि वह अपराध की ओर बढ़ गया। वर्दी सिलाई के दौरान जमील के संपर्क पुलिस अफसरों से भी हो गए थे। जमील ने आपराधिक गतिविधियां बढ़ा दी और जालसाजी शुरू कर दी। गोरखपुर,लखनऊ के अलावा वह पूर्वांचल के कई इलाकों में ठगी को अंजाम दे चुका है।

**वसूली में भी आता था नाम...गैंग में महिला के होने के भी सुबूत**

■ जमील ने वर्दी धारण करने के बाद लोगो पर धौंस जमाना शुरू कर दिया था। उसके इस गैंग में महिला के होने के भी संकेत लखनऊ में गिरफ्तारी के बाद मिले थे लखनऊ में एक अग्निकांड में बाद कई होटल में जमील ने अग्निशमन उपकरण पर वर्दी के नाम पर वसूली की बात भी सामने आई थी। इस गैंग में रानी नाम की एक महिला के भी संलिप्तता की बात सामने आ रही है।

**पत्नी का आरोप- पति को फंसा रही कोई महिला**

■ जमील अहमद की पत्नी ने बताया कि उनके पति शुक्रवार को ही घर से निकले थे। रात तक घर न पहुंचने पर प्रधान के यहां और पुलिस चौकी पर तलाश भी की। एक दिन बाद अपने पति के मोबाइल नंबर पर फोन करने पर एक महिला फोन उठाकर हंसती है और मुंबई से होने की बात बताती है। पत्नी का आरोप है कि उसके पति को कोई महिला फंसा रही है।

# सात वाहनों का किया चालान

**मथौली।** मेन चौराहे पर नो पार्किंग में खड़े सात वाहनों का पुलिस ने चालान कर दिया। पुलिस ने इन वाहनों पर 5500 रुपये जुर्माना लगाया है। मथौली चौकी इंचार्ज विक्रम अजित राय ने सोमवार की शाम नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि नो पार्किंग में खड़े सात वाहनों को चालान किया गया। वाहन चालकों से 5500 रुपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान एसआई प्रमोद कुमार, हेडकांस्टेबल अंजनी कुमार, कांस्टेबल उपेंद्र कुमार, कांस्टेबल शुभम सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# जान जोखिम में डालकर नाव से गंडक नदी पार कर रहे ग्रामीण

## नरवाजोत से अहिरौलीदान तक बहती है गंडक नदी, पुल का निर्माण कराने की मांग तेज

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीरोड।** सेवरही क्षेत्र में गंडक नदी के उस पार किसान गन्ने व धान की खेती करते है। नदी का जलस्तर सामान्य हो गया है। किसान फसल की देखभाल में जुट गए हैं। धान कटाई शुरू हो चुकी है और नवंबर में चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू होने वाला है। लोगों ने नदी पर पुल का निर्माण कराने की मांग की है।

सेवरही क्षेत्र में नरवाजोत से अहिरौलीदान तक लगभग 17 किलोमीटर की लंबाई में गंडक नदी बहती है। हर साल नदी दिशा बदल देती है। नरवाजोत, पिपराघाट, जंगलीपट्टी, बिनटोली, घघवा जगदीश, जवही दयाल, विरवट कोन्हवलिया, बाक खाश, बाघा चौर, नोनियापट्टी, अहिरौलीदान आदि गांवों के सैकड़ो लोगों की खेती उस पार चली गई है।

वहां आने-जाने का एकमात्र साधन नाव है। लोग जान जोखिम में डाल कर खेती करने उस पार जाते-आते हैं। एपी तटबंध के किनारे बसे गांवों के लोगों का कहना है कि नदी पार खेती करना किसी चुनौती से कम नहीं है।



सेवरही क्षेत्र में नाव से गंडक नदी पार जाते किसान व मजदूर। संवाद

## नौ वर्ष बाद भी नहीं बना रजवाबर में घाघी नदी पुल का एप्रोच

**जौरा बाजार।** फाजिलनगर और कसया ब्लॉक को जोड़ने के लिए रजवाबर में घाघी नदी पर बने पुल के पास नौ साल बाद भी एप्रोच का निर्माण नहीं किया जा सका है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। हर दिन छोटी-मोटी दुर्घटना होती रहती है। वर्ष 2913 में तत्कालीन मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने पुल का शिलान्यास किया था। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 369.89 लाख की लागत से पुल का निर्माण कराया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मार्च 2015 में पुल का लोकार्पण किया था। लेकिन, अब तक पुल का एप्रोच मार्ग नहीं बन सका है। रजवाबर के स्वामीनाथ कुशवाहा, मंगल, मुन्ना, राजदेव कुशवाहा, नेबूलाल जायसवाल, जवाहर जायसवाल, किशुनदेव, अनिरुद्ध आदि ने कहा कि एप्रोच रोड नहीं बनने से सबसे अधिक परेशानी रात के समय आवागमन में होती है। इन लोगों ने पुल के पास अधूरे अप्रोच को बनवाने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अभी मैं नया हूं। इसकी जानकारी नहीं है। संवाद

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**तरयासुजान।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। पड़ोसी गांव के दो युवकों पर किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। किशोरी के पिता ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी को पड़ोसी गांव के दो युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। शनिवार की रात करीब नौ बजे उसे दनियाड़ी चौराहे के पास पकड़कर घर लाया। तरयासुजान एसओ राजप्रकाश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। संवादसंवाद

# चोरी की आशंका से चिंतित हैं गांव के लोग

**गंगुआ बाजार।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में रविवार की रात एक व्यक्ति के घर के पास संदिग्ध लोग दिखे। चोर की आशंका होने पर महिलाओं ने शोर मचाया तो घर में छिपे लोग भाग निकले। चोर होने की आशंका से गांव के लोग रात में जाग कर निगरानी कर रहे हैं।

गांव के दलित बस्ती (दुसाध टोला) निवासी मूरत प्रसाद व लालजी प्रसाद कीर्तन गाने गांव के दुर्गा मंदिर पर गए थे। उनकी घर पर महिलाएं ही थीं। रात करीब दस बजे परिवार की एक महिला घर के बाहर निकली तो नाद के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उन्होंने शोर मचाया तो वह भागने लगा।

भाग रहे व्यक्ति के साथ दो से तीन अन्य लोग भी भागते दिखे। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों को महिलाओं ने बताया कि भागने वाले सभी लोग मास्क लगाएथे। उनके शरीर पर काले रंग का कपड़ाथा। बरसात वाला जूता पहने हुए थे। एसएचओ दीपक सिंह ने बताया कि सूचना पुलिस को नही मिली है। संवाद

# जाली नोट : सामने आने लगीं पीड़ित महिलाएं, आरोपियों पर दर्ज होगा केस

## मोबाइल में अश्लील वीडियो मिलने के बाद पुलिस ने शुरू की थी जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** विदेशी करेंसी, वैध असलहा, जाली नोट समेत अन्य गैरकानूनी धंधे में लिप्त आरोपियों के जेल की सलाखों में जाते ही इनकी करतूतें सामने आने लगी हैं। पुलिस की जांच में आरोपियों के मोबाइल में कस्बे व इलाके की जिन महिलाओं और युवतियों का अश्लील वीडियो सामने आया था।

उसकी पुलिस ने जांच शुरू की तो पीड़ित महिलाएं सामने आने को तैयार हुई हैं। आरोपियों पर महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने का जल्द ही केस दर्ज हो सकता है। हालांकि, पुलिस अभी कुछ कहने से परहेज कर रही है।

जाली नोटों के धंधे में शामिल आरोपियों ने जिन लोगों के साथ रसूख के बल पर अत्याचार और शोषण किया था। उनकी जुबान अब खुलने लगी है।


शहाबुद्दीन से जुड़े रहे भूमाफिया से भी संबंध हैं मो. रफी खान के

4 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

अब तक पीड़ित सामने आने से परहेज करते थे। सपा नेता रफी खान, उर्फ बबलू, औरंगजेब उर्फ लादेन समेत अन्य आरोपियों के साथ चलने वाले गुर्गे फरार हैं। इससे गैंग के अन्य गुर्गों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सूत्रों की मानें तो रफी खान बबलू व उसके गैंग के गुर्गे क्षेत्र की किशोरियों, विधवा व महिलाओं को जाल में फंसा कर शोषण करते थे।

पीड़ित महिलाओं को मदद का झांसा देकर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक शोषण करने की बात पुलिस की जांच में सामने आई है। जरूरत के मुताबिक पीड़ित महिलाओं को दूसरे कस्बों व शहरों में भी भेजा गया है।

इसका प्रमाण आरोपियों से बरामद इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की जांच में मिले हैं। गैंग के सदस्यों ने राजस्व अभिलेखों में जालसाजी कर कमजोर लोगों का कीमती जमीन भी हड़पी है।

ऐसे पीड़ित भी अब खुल कर सामने आने के लिए तैयार हैं। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की करतूतों की जांच गोपनीय तरीके से की जा रही है। जो भी पीड़ित सामने आएगा, साक्ष्य के आधार पर उसका केस दर्ज किया जाएगा।

# समूह से 20 लाख निकलवाने के बाद महिला फरार

## गांव की महिलाओं के नाम पर निकाले थे रुपये, पीड़ित महिलाओं ने एसपी से की शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसौनी बाजार में बीते 15 साल से पति के साथ रहकर दुकान संचालित करने वाली बिहार की मूल निवासी एक महिला एक अक्तूबर को गायब हो गई। गांव की 25 से अधिक कम पढ़ी-लिखी महिलाओं से आरोपी महिला समूह से करीब बीस लाख रुपये कर्ज निकलवा चुकी है और उस पर रुपये लेकर फरार होने का अब आरोप लगाया जा रहा है।

सोमवार को पीड़ित महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंच मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। शाम करीब पांच बजे पीड़ित महिलाएं थाने पहुंच कार्रवाई की मांग करने लगीं।

बिहार के खेम मटिहिनिया निवासी कमल किशोर व उसकी पत्नी करीब 15 वर्ष पूर्व तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी बाजार में आकर किराये की जमीन में दुकान चलाने लगे। दुकानदार होने के कारण गांव के

### आरोपी महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया गुमशुदगी का मुकदमा

लोगों से नजदीकियां बढ़ी तो संबंध प्रगाढ़ हो गए। उसकी महिला का गांव की भोलीभाली, कम पढ़ी-लिखी महिलाओं के साथ उठना-बैठना शुरु हो गया। मजबूत संबंधों के आधार पर दुकानदार की पत्नी ने गांव के करीब 25 महिलाओं से समूह के माध्यम से रुपये लोन दिलाती और खुद उपयोग करती रही।

एक अक्तूबर को आरोपी महिला जरूरी काम की बात पति से बताकर तमकुहीराज गई और लौटकर नहीं आई। इसके बाद पति ने तमकुहीराज पुलिस को पत्नी के गायब होने की सूचना दी।

इसी दौरान गांव की महिलाओं को मामले की जानकारी हुई तो उनके होश उड़े गए। तीन अक्तूबर को पीड़ित महिलाएं थाना क्षेत्र के डिबनी



तमकुहीराज थाने में पीड़ा सुनातीं ठगी की शिकार महिलाएं। संवाद

बंजरवा पुलिस चौकी पहुंच गई और कार्रवाई की मांग की, लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी।

ठगी की शिकार प्रेमशीला देवी, सुगंती देवी, सोनम देवी, चंपा देवी आदि का आरोप है कि गांव निवासी एक युवक से गायब महिला के करीबी संबंध रहे हैं। उत्कर्ष फाइनेंस सलेमगढ़, भारत फाइनेंस तमकुहीराज, एसके, आरोहन व बंधन आदि समूहों में काम करने वाले जिम्मेदारों की मिलीभगत से उनके रुपये हड़प बिहार निवासी महिला फरार हो गई है। समूह से जुड़े लोग रुपये की वसूली के लिए उनके ऊपर दबाव बना रहे हैं। पीड़ित महिलाओं ने मामले की जांच कर रुपये लेकर फरार महिला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# आठवीं की छात्रा सरिता बनी तुर्कपट्टी थाना की दो घंटे की थानेदार

**नवदीप संदेश ब्यूरो**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकासखंड के जनपदीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय रुदावलिया में अध्ययनरत है छात्रा जनसुनवाई के दौरान दिया सूझबूझ का परिचय सुलझाया चार मामला तुर्कपट्टी। प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति योजना के क्रियान्वयन के तहत तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष ने रुदवलिया विद्यालय की छात्रा सरिता निषाद को दो घंटे का थानाध्यक्ष बना कर नारी शक्ति का सम्मान किया। सरिता ने भी अपने साथियों संग विभिन्न फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा अपने विवेक का परिचय देते हुए उन्हें निस्तारित किया। सोमवार को सुबह दस बजे थाना का प्रभार लेने के बाद सरिता निषाद तथा उनकी साथी शिवानी विश्वकर्मा ,आंचल मद्धेशिया सीता मिश्रा, प्रीति यादव तथा संतिमा चौहान ने विभिन्न रजिस्टर, माल खाना, बंदी गृह और भवन का निरीक्षण कर उनके विषय में जानकारी हासिल की।थानाध्यक्ष बनी सरिता ने बताया कि पुलिस कर्मियों का काम बेहद कठिन होता है।धूप, गर्मी, सर्दी,



बरसात में पुलिसकर्मी हमारे लिए कितनी मेहनत से काम करते हैं। जब मुझे पता चला कि मुझे दो घंटे का थानाध्यक्ष बनाया जाएगा तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मैंने चार फरियादियों की शिकायत सुनी,घरेलू विवाद व जमीन का मामला था जिसका निस्तारण भी किया। यह बेहद शानदार अनुभव रहा, दोस्तों के साथ भी इसे साझा करूंगी। मुझे आईपीएस बनना है, शायद यह मेरे सपने का पहला कदम है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि छात्रा को एक दिन के लिए थानेदार बनाया गया था। थानेदार की कुर्सी पर बैठ कर जनसुनवाई की और सामने आए मामलों का निस्तारण भी किया।

# दरवाजे पर शव पहुंचते ही मची चीख-पुकार

**तमकुहीरोड।** सेवरही के वेलवारी पट्टी-पकड़ीयार पूरबपट्टी निवासी दो युवक जो गोरखपुर में बर्गर व मोमो की दुकान चलाते थे।

वे दोनों रविवार को नौकायन रोड पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों युवक की मौत हो गई थी। सोमवार को दोनों युवकों का शव घर पहुंचा तो दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गया।



सूरज गुप्ता और अरविंद कुशवाहा

(फाइल फोटो)

सेवरही थाना क्षेत्र के वेलवारीपट्टी निवासी 18 वर्षीय युवक सूरज गुप्ता और दूसरा पकड़ीयार पूरबपट्टी निवासी 18 वर्षीय अरविंद कुशवाहा गोरखपुर में बर्गर व मोमो की दुकान चलाते थे। रविवार गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के नौकायन रोड पर निर्माणाधीन ताज होटल के सामने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए, उनका इलाज के दौरान मौत हो गई।

पोस्टमार्ट के बाद सोमवार को जब उन दोनों युवकों का शव उनके घर पहुंचा तो उनके परिवार में चीख पुकार मच गया। परिवार के लोग उनका अंतिम संस्कार पकड़ीयार पूरबपट्टी स्थित शमशान घाट पर कर दिया गया। संवाद

# राशोसपा के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी के लिए सुभाष चौक पर लगाया जाम

## पुलिस ने जिलाध्यक्ष के बेटे समेत तीन को किया गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश तेज

संवाद न्यूज एजेंसी



राशोसपा के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम किए नेताओं को समझाते सीओ सदर। संवाद

**पडरौना।** सोशल मीडिया पर चार दिन पूर्व धार्मिक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा समेत सहयोग करने वाले तीन साथियों पर केस दर्ज किया। पुलिस ने 24 घंटे अंदर आरोपी जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। इसके लिए सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन भी किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिली।

इससे नाराज हिंदू वादी नेता सोमवार को दोपहर में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सुभाष चौक पुलिस चौकी पर पहुंचे और सड़क जाम कर दी। इसकी खबर मिलते ही सीओ के साथ कोतवाली पुलिस पहुंच गई। करीब आधे घंटे सड़क जाम रही। वार्ता के दौरान सीओ से नोंकझोंक भी हुई। आरोपी जिलाध्यक्ष के बेटे समेत तीन की गिरफ्तारी के बाद लोग शांत हुए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की बनाई हुई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के नाहर छपरा गांव निवासी जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा ने चार दिन पूर्व सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी की थी। इससे हिंदूवादी नेता आक्रोशित हो गए। मामला बढ़ता देख पुलिस ने रामेश्वर कुशवाहा समेत तीन अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया और 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीओ अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गई थी, बावजूद सफलता नहीं मिली।

सोमवार दोपहर करीब दो बजे हिंदूवादी नेता पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते सुभाष चौक पुलिस चौकी पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इसके चलते शहर में जाम लग गया। इसकी खबर मिलते ही मौके पर सदर सीओ और कोतवाली पुलिस पहुंच गई।

पुलिस के खिलाफ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सीओ ने बताया कि जिलाध्यक्ष के बेटे और इसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। धार्मिक टिप्पणी करने में इनका भी सहयोग रहा है, आरोपी जिलाध्यक्ष को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसी बीच शहर के छावनी में देवी प्रतिमा पर पथराव की खबर मिलते ही पुलिस और हिंदूवादी नेता वहां चले गए।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# दुर्गा मंदिर को ध्वस्त करने का आरोप

महराजगंज। कोठीभार क्षेत्र के ग्राम हेवती स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी अनिल प्रजापति की अगुवाई में सोमवार को दुर्गा मंदिर को ध्वस्त कराने का आरोप लगाया गया। लोगों ने डीएम को शिकायती पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पुजारी अनिल प्रजापति ने बताया कि गांव के उत्तर तरफ एक पोखरा स्थित है। पोखरे के पूरब तरफ दक्षिण किनारे करीब 20 वर्ष पुराना दुर्गा मंदिर है। दुर्गा मंदिर में लंबे समय से ग्रामीण पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। पर गांव के कुछ लोगों ने लेखपाल की मौजूदगी में जेसीबी लगाकर मंदिर को ध्वस्त करा दिया। अतिक्रमणकारियों द्वारा एसडीएम के निर्देश का भी पालन नहीं किया गया। इस अवसर पर रमेश, ईश्वर, राजू, प्रमोद, उर्मिला, सिंधू देवी आदि मौजूद रहे।

# अपहृत किशोरी बरामद आरोपित भी पकड़ा गया

**कामयाबी**

सिन्दुरिया, हिन्दुस्तान संवाद। सिन्दुरिया क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अपहरण करने वाले पनियरा क्षेत्र के युवक को भागाटार से सोनवल जाने वाले मार्ग पर सिन्दुरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को बरामद कर उसकी मां को सौंप दी। आरोपित युवक को अपहरण व पॉक्सो एक्ट में न्यायालय चालान कर दिया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। इस मामले में सिन्दुरिया पुलिस महिला की तहरीर पर रविवार को आरोपित राहुल के खिलाफ बहला-फुसला कर अपहरण व पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी में जुट गई। रविवार को ही पुलिस ने किशोरी को पतरेंगवा तिराहा से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। आरोपित युवक को थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसआई शेषनाथ मौर्य, हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार मौर्य ने भागाटार से सोनवल जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाऊ अपहरण, पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया गया। किशोरी को उसकी मां को सौंप दिया गया है। प्रकरण में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शादी का झांसा देकर भगा ले गया, धर्म परिवर्तन का दबाव

■ लड़की के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक लड़की को घुघली क्षेत्र का एक युवक दो महीने पहले प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। अब युवक इस लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक और उसके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में लड़की के पिता ने बताया है कि बीते 28 जुलाई को वह अपनी दुकान पर चला गया और उसकी पत्नी भी कहीं चली गई थी। इस बीच घुघली थाना क्षेत्र का एक युवक उसके घर आया और उसकी लड़की को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का प्रलोभन दिया। धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से भगा ले गया। लड़की के साथ वह घर में रखा 55 हजार रुपया, पत्नी का सोने और चांदी का जेवर भी चुरा ले गया। इसमें युवक के माता-पिता का भी हाथ है। लड़की के पिता का कहना है कि काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता चला तो वह उससे मिलने गया। वहां आरोपी युवक ने उसकी लड़की से मिलने नहीं दिया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसे भगा दिया। इस मामले में पुलिस ने विशाल राजभर, रामकिशुन और रामकिशुन की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि लड़की के पिता द्वारा कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसके आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तस्करी की कीवी बरामद, सात साइकिल

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली बॉर्डर के पगडंडियों से लाकर भारतीय झेत्र में डंप की गई विदेशी कीवी को गस्त के दौरान एसएस वाहिनी ने बरामद कर सीज कर दिया है। रविवार की रात सोनौली श्याम काट बगीचे के समीप एसएसबी जवानों ने सीमावर्ती भारतीय मात्रा में कैरेट में रखी हुई विदेशी कीबी बरामद किया है। साथ ही ए 7 साइकिल भी जब्त किया है। तस्कर जवानों के हाथ से बच निकले कमांडेंट शैफवान एन. ने बताया कि बरामद विदेशी कीवी को सीज व कार्यवाही के लिए नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है।

# जुलूसों की निगरानी ड्रोन और रूफटॉप ड्यूटी से होगी

## बिना पुलिस सुरक्षा के जुलूस नहीं निकलेगा, विसर्जन स्थलों पर भी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पुलिस और जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा, रामलीला और रावण दहन सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जिले में 1261 स्थानों पर दुर्गा मूर्तियों की स्थापना की गई है।

सभी थानों में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें आयोजकों और वालंटियर्स को जुलूस के दौरान नशा न करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### 1261 स्थानों पर मूर्तियां स्थापित, जुलूस में नशा न करने के दिए निर्देश

सभी थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करके सुरक्षा एवं व्यवस्था संबधी निर्देश जारी किया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी मूर्ति स्थलों पर निरंतर पुलिस बल की तैनाती होगी, और जुलूसों के लिए भी पुलिस सुरक्षा अनिवार्य है।

रामलीला, रावण दहन और विसर्जन स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस जुलूसों की निगरानी ड्रोन और रूफटाप ड्यूटी से की जाएगी। विसर्जन स्थलों और रूट का निरीक्षण कर प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर, रस्सा, एयरट्यूब और नाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतिमाओं का विसर्जन पुल से नहीं, बल्कि निर्धारित मार्ग से किया जाएगा। पुलिस बल के आपसी समन्वय के लिए एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। थानों के अतिरिक्त 15, उप निरीक्षक 15, मुख्य आरक्षी 100, महिला आरक्षी 25, पीएसी 1 कंपनी, 1 प्लाटून

पुलिस [illegible]

परतावल के निजी आयुर्वेद डॉक्टर को फोन कर जांच के नाम पर मांगी रकम

# सीबीआई अधिकारी बता की डिजिटल अरेस्ट की कोशिश

महराजगंज, निज संवाददाता। साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की वजह से परतावल का एक प्राइवेट आयुर्वेद डॉक्टर धोखाधड़ी से बच गए। मामला जानकारी में आने के सक्रिय हुई साइबर थाना की पुलिस ने जांच शुरू की। डॉक्टर को साइबर फ्राड से बचाते हुए फर्जी सीबीआई अफसर बन डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश को नाकाम कर दिया।

परतावल नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 में पिछले ढाई दशक से आयुर्वेद चिकित्सा का का करने वाले बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला के ग्राम बेड़हाती थाना बाल्मिकी नगर निवासी भवतोष चंद्र के पास साइबर फ्राड करने वाले ने फोन कर अपने आपको सीबीआई के क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। कहा कि आपके पास चार बैंक खाता है। मलेशिया से भी ट्रांजेक्शन हुआ है। जांच के लिए बैंक खातों का डिटेल मांगने लगा। यह सुन आयुर्वेद डॉक्टर सहम गए। फर्जी सीबीआई आफिसर ने साइबर फ्राड करने के लिए आयुर्वेद डॉक्टर को डिजीटल अरेस्ट का प्रयास किया। जांच से बचाने के लिए पैसे की डिमांड करने लगा। प्राइवेट डॉक्टर ने जांच से बचाने के लिए धन का इंतजाम करने का थोड़ी मोहलत मांगी। इसके तुरंत बाद डॉक्टर ने साइबर थाना पुलिस को जानकारी दे दी। साइबर पुलिस की जांच में यह बात सामने आया कि फोन करने वाला सीबीआई का अधिकारी नहीं है। वह साइबर फ्राड है। साइबर फ्राड होने से कार्रवाई करने वाली टीम में साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड ए प्रफुल्ल यादव, हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र मल्ल शामिल रहे।



> मामला जानकारी में आने के बाद फौरन जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई, पुलिस या अन्य कोई एजेंसिया कभी भी फोन पर किसी को गिरफ्तार करने का काम नहीं करती हैं। लोगों से ऐसे अपराधों की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करने या साइबर अपराध की वेबसाइट पर करनी चाहिए।
>
> **सोमेन्द्र मीना**, एसपी

## जानिए क्या होता डिजिटल अरेस्ट?

अनजान लोगों के लिए डिजिटल अरेस्ट एक साइबर अपराध की तकनीक है, जहां धोखेबाज किसी शख्स को एसएमएस संदेश भेजते हैं या वीडियो कॉल करते हैं। वे खुद को सरकारी जांच एजेंसियों के अधिकारी होने का फ्रॉड करते हैं। ऐसे मामलों में धोखेबाज झूठा दावा करते हैं कि शख्स या उनके परिवार के सदस्य को ड्रग ट्रैफिकिंग या मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया गया है और इसलिए उन्हें वीडियो कॉल पर अरेस्ट किया जा रहा था। साइबर अपराधी फिर पीड़ित को अपने परिसर में सीमित रहने के लिए मजबूर करते हैं। पीड़ित को रिहा करने के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिये पैसे की मांग करते हैं।

# एनडीपीएस एक्ट में देवरिया के आरोपी को एक साल की सजा

- अपर न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो ने सुनाया फैसला
- विष्णु मद्धेशिया को भाटपार रानी जिला देवरिया से किया था गिरफ्तार

**महराजगंज, निज संवाददाता।** मादक पदार्थ हेरोइन के साथ पकड़े गए अभियुक्त विष्णु मद्धेशिया निवासी बहियारी बघेल थाना भाटपार रानी जनपद देवरिया को अपर न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो ने दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ एक साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रूपया अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पत्रावली के मुताबिक मामला सोनौली कोतवाली क्षेत्र का है। गश्त के दौरान सोनौली पुलिस 9 नवंबर 2016 को सोनौली पुलिस ने 35 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ विष्णु मद्धेशिया पुत्र शत्रुघ्न मद्धेशिया निवासी बहियारी बघेल थाना भाटपार रानी जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू हुई। 15 जनवरी 2017 को विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान एडीजीसी राघवेन्द्र उपाध्याय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा की मांग की। अपर न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई। अभियोजन विभाग से समन्वय बनाकर कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल मुक्तिनाथ यादव व पैरोकार कांस्टेबल अखिलेश यादव ने अभियुक्त को सजा दिलाने में प्रभावी पैरवी की।

# जमानत पर आए कथित डॉक्टर ने किया हमला

परतावल, हिन्दुस्तान संवाद। मासूम बच्ची की इलाज के बाद मौत के मामले में शांतिभंग के केस में जमानत पर छूट कर आए एक कथित डॉक्टर ने शिकायत करने वाले परिजनों के घर पर अपने सहयोगियों के साथ सोमवार को हमला कर दिया। पीड़ित परिवार ने घर में छिपकर अपनी जान बचाई।

क्षेत्र के धनहा नायक गांव में छह वर्षीय मासूम बच्ची को बुखार हुआ था। एक अक्तूबर को परिजन इलाज कराने ले जा रहे थे। आरोप है कि घर से थोड़ी दूर स्थित एक डॉक्टर ने उन्हें रोक लिया। बच्ची को इंजेक्शन लगाया। दवा देकर घर भेज दिया। आरोप है कि इलाज के बाद बच्ची को सूजन हो गया। गुरुवार की रात उसकी की हालत बिगड़ने लगी। परिजन बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां पहुंचने से पहले ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मासूम पिता ने आरोप लगाया कि गलत इलाज के कारण ही बच्ची की मौत हुई है।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में ले ली। शांतिभंग की आशंका में उसका चालान कर दी। आरोप है कि जमानत पर आने के बाद आरोपित डॉक्टर सोमवार को वह अपने 25-30 सहयोगियों के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। मामले में सुलह का दबाव बनाने लगा। श्यामदेउरवा एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# साइबर को लेकर रहें सजग, पुलिस की लें मदद

**महराजगंज।** साधु शरण भारद्वाज इंटर कॉलेज बेलवाकाजी में साइबर क्राइम को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने छात्रों को वूमेन पावर लाइन 1090,112, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार-प्रसार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेंद्र पांडेय, संजीव शुक्ला, वीरेंद्र लोहिया, मंडल महामंत्री सूर्यनाथ शर्मा, सत्यनारायण यादव, अजय पटेल, प्रदीप चौबे, जोखू आदि रहे।

# डीएम व एसपी ने ठूठीबारी कोतवाली में सुंदरीकरण कार्य का किया लोकार्पण

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने ठूठीबारी थाने के प्रांगण के सुंदरीकरण और इंटरलाकिंग कार्य का सोमवार को लोकार्पण किया। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने मुख्य थाना भवन, थाना प्रांगण, आवासीय भवन, पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने सुंदरीकरण कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। दोनों अधिकारियों ने इस अवसर पर प्रांगण में पौधारोपण भी किया और व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी सुना। व्यापार मंडल द्वारा अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, एसडीएम निचलौल शैलेंद्र गौतम, सीओ निचलौल अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



ठूठीबारी कोतवाली में लोकार्पण करते डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेंद्र मीना • जागरण

# जनपद में 1261 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित

**त्योहार**

**महाराजगंज, निज संवाददाता।** दशहरा पर्व को लेकर जिले में कुल 1261 स्थानों पर दुर्गा मूर्तियों की स्थापना हुई है। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के लिए पुलिस, पीएसी व अग्निशमन बल को पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के अनुसार पीस कमेटी की बैठकों में आयोजकों और वालंटियर्स को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि जुलूस के दौरान नशा सेवन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जुलूस और कार्यक्रमों के दौरान पुलिस सुरक्षा अनिवार्य होगी, और बिना पुलिस सुरक्षा के कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। जुलूसों की निगरानी ड्रोन और रूफ टॉप ड्यूटी के माध्यम से की जाएगी, ताकि सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा सके। विसर्जन स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर, रस्सा, नाव और एयरट्यूब की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

> "नवरात्रि पर्व व दशहरा को लेकर जिले में सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया है। लेहड़ा मंदिर में नवरात्रि के पहले ही दिन से अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को दिशा निर्देश जारी है। त्योहार में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-सोमेन्द्र मीना,** एसपी

# डिजिटल अरेस्ट का शिकार होने से बचे आयुर्वेदिक डाक्टर

- फर्जी सीबीआइ, क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर फोन करते हैं साइबर अपराधी
- फोन पर यूपीआईडी और बैंक खाते का विवरण शेयर करने से बचे लोग जागरूकता से ही होगा बचाव

जासं, महराजगंज: डिजिटल अरेस्ट के नाम पर फर्जी सीबीआइ, क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों ने नगर पंचायत परतावल के आयुर्वेदिक चिकित्सक डा.भवतोष चन्द्र को छलने का प्रयास असफल प्रयास किया।

बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले के बाल्मिकी थाना अंतर्गत ग्राम बेड़हाती के मूल निवासी भवतोष चंद्र बीते 40 वर्षों से नगर पंचायत परतावल के वार्ड नंबर 10 में आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने फोन कर अपने को सीबीआइ क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर छल करने का प्रयास किया। जब उसने यूपीआइ आइडी नंबर मांगा तो शक पुष्टि में बदल गया। इसके बाद फोन काटते हुए पुलिस और साइबर थाना को सूचना दी गई। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी साइबर क्राइम थाना /अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे जागरुकता अभियान का असर है कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर छल करने का प्रयास विफल हो गया है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्टर के नाम पर फर्जी सीबीआइ/क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर साइबर अपराधी जिसे काल करते हैं उसकी समस्त डिटेल वह पहले ही पता कर लेते हैं।

सामने वाले के पास जानकारी रखकर वह लोगों को झांसे में लेकर बचाने के नाम पर पैसे की डिमांड करते रहते हैं। ऐसे में जागरूकता बहुत जरूरी है।

# अपहृत किशोरी बरामद आरोपित गिरफ्तार

जासं, हरिहरपुर: सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव से सात दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब किशोरी को पुलिस ने बरामद कर स्वजन को सिपुर्द कर दिया। साथ ही मामले के आरोपित को भी सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी विगत 30 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई थी। मामले में पीड़िता की मां ने सिंदुरिया थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। तहरीर के आधार पर रविवार को पुलिस पनियरा थाना क्षेत्र के रजौड़ा गांव निवासी राहुल के विरुद्ध दुष्कर्म, अपहरण व पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई। थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया पीड़िता को पतरेगवा गांव के पास से बरामद कर स्वजन को सुपुर्द कर दिया।

# हेरोइन की तस्करी के आरोपित को एक वर्ष का सश्रम करावास

- देवरिया जिले के बहियारी बघेल गांव का निवासी है अभियुक्त विष्णु मद्धेशिया
- नेपाल हेरोइन ले जाते समय पुलिस व एसएसबी की टीम ने किया था गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, महराजगंजः हीरोइन की तस्करी के आरोपित विष्णु मद्धेशिया को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्याधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने दोष सिद्ध करार करते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

मामला नौ नवंबर 2016 का है। सोनौली पुलिस और एसएसबी टीम संयुक्त रूप से सीमा पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक तस्कर मोटरसाइकिल से हेरोइन लेकर नेपाल की ओर जा रहा है। टीम ने जांच के दौरान उस संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोक लिया। पूछताछ में उस व्यक्ति ने अपना नाम विष्णु मद्धेशिया निवासी बहियारी बघेल थाना भाटपाररानी जनपद देवरिया बताया। उसने स्वीकार किया कि उसके पास हेरोइन है जिसे वह नेपाल बेचने जा रहा है। सोनौली पुलिस ने विष्णु मद्धेशिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना के पश्चात एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश ने अभिलेखीय साक्ष्यों व गवाहों का परीक्षण कर तथा विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र उपाध्याय की दलीलों को सुनने के बाद आरोपित को उक्त सजा सुनाई।

# आपसी भाईचारा के साथ मनाएं दशहरा का त्योहार



प्राथमिक विद्यालय बबड़हरा बरईपार में चौपाल करतीं सीओ आभा सिंह। जागरण

जागरण संवाददाता मंगलपुर/हरपुर तिवारीः दुर्गा पूजा, दशहरा त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील ग्राम सभा बड़हरा बरईपार में चौपाल के माध्यम से लोगों को भाइचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई। चौपाल में एसडीएम सदर ने कहा कि पर्व प्रेम तथा सौहार्द का प्रतीक होता है। यह भगवान राम की धरती है जिन्होंने प्रेम और शांति का संदेश दिया है। यहां के लोगों को दशहरा पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में मूर्ति

पंडाल में लगने वाले साउंड तथा डीजे मानक ध्वनि में ही बजने चाहिए। शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन पूजा समिति के लोग भी करें। मूर्ति विसर्जन का जुलूस शांति पूर्वक ढंग से निकाले, जिससे कहीं भी शांति भंग का अंदेशा न हो। पकड़ी विशुनपुर संवादाता के अनुसार आगामी त्योहार दशहरा के दृष्टिगत घुघली थानाध्यक्ष रामचरन सरोज द्वारा डीजे संचालक व मूर्ति आयोजक के साथ पीस कमेटी की मीटिंग चौकी घुघली पर की गई। प्रशासन के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष रामचरण सरोज ने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाने, वालेंटियर की नियुक्ति करने, अग्निशमन यंत्रों व लाईटिंग की व्यवस्था रखने की बात बताई गई।

# वाहन चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

जासं, हरपुर तिवारी: श्यामदेउरवा पुलिस ने सोमवार को बुलेट चोरी के मामले में वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया। बीते अक्टूबर माह में ठूठीबारी थाना क्षेत्र के अमन कसौधन ने श्यामदेउरवा थाना पर तहरीर देकर बताया कि उसकी बुलेट श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के पिपरिया से परतावल-गोरखपुर मार्ग पर उसके जीजा के मकान के सामने से चोरी हो गई। श्यामदेउरवा पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने वांछित आरोपित अभय प्रताप उर्फ सुनील उर्फ राकी निवासी सिन्दुरिया विशुनपुर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुलिस की पाठशाला में बालिकाओं को सुरक्षा के दिए गए टिप्स

जागरण संवाददाता, महराजगंजः मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के तहत समस्त थानों की एन्टीरोमियों टीम ने सोमवार को भी पुलिस की पाठशाला लगाकर गुड टच/ बैड टच जागरूकता के क्रम में महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान के लिए विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया। एन्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिर, शापिंग माल, चाय स्टाल, पान की दुकान, बीट क्षेत्र, ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्लों, स्कूल, कालेज आदि के आस-पास गश्त चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। जनपद के थाना परसामलिक के महिला उप निरीक्षक संजू गोंड, महिला कांस्टेबल अनुराधा शुक्ला ने ग्राम सभा परसामलिक तथा प्राथमिक विद्यालय परसामलिक में लोगों को जागरूक किया। इसीक्रम में थाना सोनौली के महिला उप निरीक्षक प्रिया तिवारी व महिला कांस्टेबल प्रेमशीला चौहान ने नवज्योति स्कालर्स अकेडमी स्कूल पिपरहिया चौराहा, थाना बृजमनगंज की महिला उप निरीक्षक प्रिया वर्मा, महिला कांस्टेबल अर्चना यादव, रीमा व कांस्टेबल राजेश मौर्या ने एनएन पब्लिक इंटरमीडियट कालेज, थाना कोठीभार के उप निरीक्षक संदीप कुमार, महिला उप निरीक्षक पूजा यादव, कांस्टेबल आमीर सिंह व महिला कांस्टेबल ऊषा कुशवाहा की एन्टीरोमियों टीम ने सिसवा बाजर, भुजौली, लोहेपार, स्टेट तिराहा, जीडी पब्लिक स्कूल तथा इसके अलावा अन्य पुलिस एन्टीरोमियों टीम ने अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090,112, 1098,1930 के बारे में लोगों को बताया। इस दौरान बालिकाएं और महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हेरोइन रखने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या द्वितीय महराजगंज अभय प्रताप सिंह ने सोमवार को 35 ग्राम हेरोइन बरामद के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर दोषी विष्णु मद्धेशिया निवासी बहियारी बघेल, थाना भाटपाररानी, जनपद देवरिया को एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

पत्रावली के अनुसार, अभियुक्त विष्णु मद्धेशिया को 9 नवंबर 2016 को समय करीब 3 बजे स्थान काली मंदिर गजरजोतिया, थाना सोनौली में एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उसके पास से 35 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया था जिसे वह नेपाल बेचने के लिए ले जा रहा था।

इसको रखने के लिए उसके पास कोई अधिकार नहीं था। स्थानीय पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया था। तत्कालीन थानेदार ने विवेचना कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

## कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

निचलौल। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस सोमवार को कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी गौरव कन्नौजियन्के अनुसार क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक शख्स ने कोर्ट में वाद दाखिल कर लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। जिस मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी विशाल राजभर, रामकिशुन और सोनी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। संवाद

# किशोरी को भगाने के मामले में युवक गिरफ्तार

**सिंदुरिया।** क्षेत्र के एक गांव से 30 सितंबर को नाबालिग लड़की को पनियरा क्षेत्र का युवक भगा ले गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर घटना के सात दिन बाद पुलिस ने राहुल के विरुद्ध पॉस्को सहित बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज किया। किशोरी को पतरेगवां तिराहे के पास से पुलिस ने खोज लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

सिंदुरिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को सात दिन पूर्व उसके घर से एक युवक भगा ले गया था। मामले में पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर सिंदुरिया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉस्को सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार वर्मा ने आरोपी के चालान करने की पुष्टि की। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# आरोपी सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई तो धरना देंगे प्रधान

कप्तानगंज। कप्तानगंज विकासखंड के सभागार में सोमवार को प्रधान संघ की मासिक बैठक हुई। इसमें तीन ग्राम पंचायतों में सचिव के आरोपी होने के कारण विकास कार्यों के ठप होने का मुद्दा उठा। इस दौरान सामूहिक निर्णय लिया गया कि यदि तीन दिनों में आरोपी सचिव पर कार्रवई नहीं हुई तो धरना दिया जाएगा।

प्रधान संघ के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि आठ सितंबर से ही आरोपी सेक्रेट्री सोनम श्रीवास्तव से संबंधित ग्राम पंचायत में विकास का कार्य पूरी ठप है, जांच के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गोपियापार, सरैया मिश्र और जंगल कठार के साथ-साथ दर्जन पर ग्राम पंचायत में काम नहीं हो पा रहा है।

# लूट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने लूट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संध्या रानी तिवारी ने बताया कि एसआई जयप्रकाश चौबे की टीम ने सोमवार को थाने के गेट के पास से मारपीट, लूट समेत अन्य धारा में आरोपी शिवम चौधरी निवासी खमहरिया थाना दुबौलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई संग कां. राजीव रंजन शामिल रहे।

# विद्यालय में ताला तोड़कर हुई लाखों की चोरी

कप्तानगंज। प्रावि पिलखांव में चोर ताला तोड़कर विद्यालय के कमरे में रखा इन्वर्टर, बैट्री, एलईडी टीवी, दो टेबलेट, 5-6 हजार रुपये सहित अन्य कीमती सामान उठा ले गए। सोमवार की सुबह जब विद्यालय के शिक्षक पहुंचे तो मौके का नजारा देखकर दंग रह गए। इसकी सूचना प्रधानाध्यापक चंद्रमोहन ने कप्तानगंज पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुड़ गई। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है, जांच की जा रही है।

# दहेज प्रताड़ना को लेकर पति के विरुद्ध मुकदमा

पैकोलिया। थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला को उसके पति द्वारा दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। मल्लूपुर निवासिनी पूनम पाल पुत्री रामअवतार पाल ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व क्षेत्र के ही गाजीपुर निवासी शिवकुमार पुत्र रामनरेश से हुई थी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया है कि तहरीर मिली है आरोपी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सहकारी गन्ना समिति पर कब्जा करने की लड़ाई तेज

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के सात सहकारी गन्ना विकास समिति पर कब्जा करने के लिए लड़ाई तेज हो गई है। अभी तक अधिकांश समितियों पर सपा का कब्जा था। 16 अक्तूबर को समितियों के डायरेक्टर का चुनाव होगा, जो अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी कर दी है।

बस्ती में सात सहकारी गन्ना विकास समितियां हैं। सहकारी गन्ना समिति बभनान के 557, टिनिच के 101, गौर के 161, मुंडेरवा के 581, गोविन्दनगर के 841, विक्रमजोत के 530 और सदर के 450 सदस्य हैं। जिले के कुल 3221 डेलीगेट 16 अक्तूबर को डायरेक्टरों का चुनाव करेंगे। तीन बड़ी समितियों में 11-11 तथा तीन छोटी समितियों में नौ-नौ डायरेक्टरों का चुनाव होना है। कुल 69 डायरेक्टरों के चुनाव के लिए लड़ाई तेज हो गई है। डायरेक्टर का चुनाव लड़ने वाले लोग डेलीगेटों का वोट पाने के लिए सघन संपर्क कर रहे हैं।

## भाजपा ने जारी की सात प्रत्याशियों की सूची

भाजपा ने सातों सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय से संस्तुति के बाद सहकारी गन्ना विकास समिति लि. गोविन्दनगर के लिए पुष्करादित्य सिंह, गन्ना समिति टिनिच के लिए प्रेमप्रकाश सिंह, गन्ना समिति गौर से अरविन्द सिंह, गन्ना समिति बभनान से अखंड प्रताप सिंह, गन्ना समिति विक्रमजोत से सिद्धान्त कुमार सिंह, गन्ना समिति बस्ती से प्रदीप सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

# चोरी का ट्रैक्टर नेपाल बेचने जाते वक्त तीन गिरफ्तार

- पुरानी बस्ती थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने की धरपकड़
- संतकबीरनगर और अयोध्या के रहने वाले पकड़े गए आरोपी

बस्ती, निज संवाददाता। पुरानी बस्ती थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली संग तीन अंतरजनदीय चोरों को गिरफ्तार किया गया है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने सोमवार को धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी बस्ती क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश में पुलिस लगी थी।

जानकारी के आधार पर सोमवार की सुबह टीम ने चेनपुरवा ओवरब्रिज के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर लिया। मौके से पंकज चौधरी उर्फ गोलू, अर्जुन चौधरी निवासी ककरही थाना महुली संतकबीरनगर और अमित यादव निवासी रामपुर हलवारा थाना महराजगंज अयोध्या को पकड़ा गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली को बेचने के लिए डुमरियागंज के रास्ते नेपाल ले जाया जा रहे थे। सीओ ने बताया कि पकड़े गए पंकज चौधरी उर्फ गोलू के खिलाफ लखनऊ, बस्ती कोतवाली, मुंडेरवा व पुरानी बस्ती में चार केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली के अलावा चार मोबाइल फोन व 2200 रुपये नकद प्राप्त किया है। पुरानी बस्ती क्षेत्र में जिगिना के पास से बीते 30 सितंबर को ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट आमिना खातून पत्नी यार मोहम्मद निवासी बरोंहिया थाना लालगंज ने दर्ज कराई थी।

# प्रबंधक और शिक्षक पर दर्ज होगा केस

बस्ती। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने छात्रा की पिटाई के आरोप में शिक्षक व प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दुबौलिया पुलिस को दिया है। न्यायालय को दिए प्रार्थना-पत्र में विजय श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी पुत्री आरबीएस पब्लिक स्कूल सिरसिया चिलमा बाजार में कक्षा दो की छात्रा है। दिसंबर 2023 में उसे बुखार हुआ। इस कारण चार दिन स्कूल नहीं गई। पांचवें दिन मैं खुद बेटी को स्कूल पहुंचाया। शिक्षक और प्रबंधक को स्कूल नहीं आने का कारण बताया।

इसके बावजूद शिक्षक ने अनुपस्थित रहने के लिए प्रतिदिन चार डंडे के हिसाब से पांच दिन के लिए 20 डंडे मारे। उसके बाएं हाथ में सूजन आ गई।

# सड़क पर गिरा पेड़, आवागमन रहा बाधित

बस्ती। महली-बस्ती मार्ग पर भुवनी शहीद बाबा मजार के पास सोमवार को अचानक एक पेड़ गिर गया। संयोग था कि उस समय वहां पर कोई यात्री नहीं गुजर रहा था। पेड़ गिरने से मार्ग करीब एक घंटे तक बाधित रहा। रास्ता बाधित होने के चलते दोनों तरफ के राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# 39 हजार होता है अग्निवीर का मासिक वेतन

बस्ती। भारतीय वायुसेना चकेरी कानपुर व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बस्ती, सक्सेरिया इंटर कॉलेज व हंसराज लाल इंटर कॉलेज में अग्निवीर योजना के संबंध में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। अग्नि वीर का मासिक वेतन 39000 होता है। इसके अतिरिक्त तीनों सेवाओं में लागू भत्ते, 30 दिन की वार्षिक छुट्टी, एचटीसी कैंटीन व चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। जिला सेवायोजना अधिकारी अवधेंद्र प्रताप वर्मा ने वायुसेना अधिकारी व प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया।

# बीआरसी पर शिक्षकों का धरना

छावनी। विक्रमजोत बीआरसी पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। दो घंटे तक चले धरने का नेतृत्व ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने किया। बीईओ ममता सिंह ने शिक्षकों की जायज मांगे मान लीं। बीआरसी पर शिक्षकों ने सोमवार को शिक्षण कार्य के बाद धरना दिया। शिक्षकों के धरने की प्रमुख मांगों गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने, कक्षा एक से पांच तक मान्यता वाले विद्यालयों द्वारा गैर कानूनी रूप से छह से आठ तक कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई, सीसीएल और मेडिकल अवकाश समय से स्वीकृति देने सहित 10 बिंदुओं को बीईओ ने स्वीकृत कर कार्यवृत्त जारी की। धरने में जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह, बालकृष्ण ओझा, दुर्गेश यादव, सुधीर तिवारी, सत्यप्रकाश कन्नौजिया, अमित पाण्डेय, वकीलुद्दीन, भारत भूषण यादव, जूही श्रीवास्तव, विनोद सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# दुष्कर्म में वांछित आरोपी धराया

बस्ती। थानाध्यक्ष नगर देवेन्द्र सिंह की टीम ने रेप के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी राम गौड़ निवासी थाना कप्तानगंज के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। टीम ने नगर स्थित राजा मूर्ति तिराहे के पास से सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सूचना नहीं देने पर तहसीलदार पर लगा अर्थदंड

छावनी। राजस्व से संबंधित सूचना समय से उपलब्ध नहीं कराया जाना हरैया तहसीलदार पर भारी पड़ गया। राज्य सूचना आयोग के निर्देश पर तहसीलदार के वेतन से अर्थदंड वसूलकर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि हरैया तहसील क्षेत्र के विक्रमजोत विकासखंड के अतरौराझाम निवासी गंगाशरण सिंह ने जनसूचना अधिकारी हरैया से राजस्व संबंधी सूचना जानी चाहिए थी। सूचना देने में तहसीलदार ने आनाकानी की। यही नहीं बीते अगस्त में राज्य सूचना आयुक्त ने हरैया तहसीलदार को निर्देशित किया था कि समस्त सूचनाओं सहित अगली सुनवाई पर खुद आयोग के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा उनके विरुद्ध रु. 25000 का अर्थदंड करते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा। आयोग के आदेशों के अवहेलना करने पर राज्य सूचना आयुक्त रचना पाल ने पत्र भेजकर तहसीलदार के वेतन से अर्थदंड की कुल धनराशि 25000 की कटौती करने का निर्देश दिया है।

---

सोमवार को पुलिस को चकमा देकर सीधे पहुंच गए सीजेएम कोर्ट, कोर्ट ने तीनों को 19 अक्तूबर तक की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जेल

# इनामी भाजपा नेता नागेश समेत तीन ने किया सरेंडर

**शक्ति हत्याकांड**

बस्ती, निज संवाददाता। शक्ति हत्याकांड के 12वें दिन मुख्य आरोपी भाजपा नेता राना नागेश सिंह सहित तीन आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सोमवार को तेजी से घटे घटनाक्रम की भनक पुलिस को भी नहीं लग सकी। सीजेएम कोर्ट में नागेश के साथ ही विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अजय यादव और सोहन यादव ने भी सरेंडर कर दिया। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने तीनों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। अदालत ने तीनों आरोपितों को 19 अक्तूबर तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

जिले के नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का शव 26 सितंबर को दुबौलिया थाने के तिवारीपुर तटबंध के पास बोरे में भरकर फेंका मिला था। पुलिस जांच में सामने आया कि 24 सितंबर को शक्ति का अपहरण किया गया और उसकी हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई विक्रम सिंह ने गांव के नागेश प्रताप सिंह सहित चार के खिलाफ नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान आरोपी अजय यादव निवासी वैष्णोपुर थाना कलवारी और सोहन यादव निवासी उमरिया थाना दुबौलिया का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने मुकदमे में नामजद तीन आरोपी मनोज शुक्ल निवासी फेंसा थाना दुबौलिया, रवि सिंह, शैलेश सिंह निवासी रानीपुर थाना नगर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फरार आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी कराने के साथ ही उन पर 15-15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। एसपी ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए थाने की टीम के साथ एसओजी, स्वॉट व सर्विलांस को जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन पुलिस नागेश व अन्य आरोपितों तक पहुंचती, इसके पहले ही तीनों खुद न्यायालय पहुंच गए। सोमवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे अचानक राना नागेश सिंह, सोहन यादव और अजय यादव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह पहुंचे आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय से बाहर निकलते वक्त नागेश सिंह का पक्ष रखते हुए उनके अधिवक्ता ने कहा कि वह निर्दोष हैं। साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है। न्यायिक व्यवस्था पर हमें पूरा विश्वास है।



अदालत में सोमवार को आत्मसमर्पण के बाद न्यायिक हिरासत में आरोपी नागेश सिंह व अन्य को जेल भेज दिया गया। •हिन्दुस्तान

## मुकदमे के विवेचक को बदलने की मांग

बस्ती। शक्ति सिंह हत्याकांड में वादी मुकदमा उसके भाई विक्रम सिंह ने विवेचक बदलने की मांग की है। एसपी बस्ती को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि थानाध्यक्ष नगर उनके साथ ठीक तरीके से बर्ताव नहीं करते हैं और आरोपितों के प्रभाव में हैं। उनसे उन्हें मुकदमे के निष्पक्ष विवेचना की उम्मीद नहीं है। ऐसी दशा में मुकदमे की विवेचना किसी अन्य सक्षम अधिकारी से कराई जाए। साथ ही एसपी को एक अन्य प्रार्थना-पत्र देकर शक्ति सिंह हत्याकांड में आरोपी नागेश सिंह के परिवार के मुंशी के मोबाइल से फोन कर व मौखिक रूप से उन्हें डराने व धमकाने का आरोप लगाया है।

## बोरे में भरकर फेंका मिला था शव

दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे 26 सितंबर को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने उसी दिन शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी।

# दुष्कर्म का आरोपित धराया

गोटवा : नगर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हथिनास निवासी राम गौड़ को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपित की तलाश में पुलिस को काफी दिनों से जुटी थी। (जासं)

# चाकू से हमला करने वाले पर केस दर्ज

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने रास्ते में युवक पर चाकू से हमले के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के बनरही जंगल के पंडित पुरवा निवासी राहुल चौधरी का आरोप है कि रविवार शाम करीब सात बजे गांव के पासी पुरवा निवासी विशाल पासवान ने उनको रास्ते में रोककर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उनके हाथ पर लगा। अपशब्द कहते हुए व जानमाल की धमकी दी।

प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# मालवीय रोड का पुनर्निर्माण व गांधीनगर के तारों को बदलवाएं

## डीएम के समक्ष व्यापारियों व उद्यमियों ने गिनाईं समस्याएं, कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग व वाणिज्य बंधु की बैठक



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग व वाणिज्य बन्धु की बैठक को संबोधित करते डीएम रवीश गुप्ता • सौ. सूचना विभाग

जागरण संवाददाता, बस्ती: डीएम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग व वाणिज्य बंधु की बैठक हुई। इसमें विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर समस्याएं बताईं। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से बस्ती शहर में बड़ेवन-कंपनी बाग रोड के चौड़ीकरण कार्य को समय से पूरा कराने, मालवीय रोड के पुनर्निर्माण व गांधीनगर के जर्जर तारों को समय से बदलने की मांग व्यापारियों ने की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया। व्यापारियों द्वारा जिले में जलभराव, पेयजल, जर्जर सड़कें, जाम व बंदरों की समस्या से डीएम को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन व्यापारियों द्वारा समय से जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया गया है, वह रिटर्न दाखिल करें, अन्यथा अर्थदंड व अस्थाई कर निर्धारण की कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर सीडीओ जयदेव सीएस, एसपी ओम प्रकाश सिंह, एडीएम प्रतिपाल चौहान, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, व्यापारी नेता सुभाष चंद्र शुक्ल, जगदीश आहारि, मनोज सिंह, विश्वनाथ जायसवाल, आनंद राजपाल के अलावा प्रमुख उद्योगपति मौजूद रहे। वाणिज्य बंधु की बैठक का संचालन उपायुक्त राज्य कर उपेन्द्र यादव, उद्योग बंधु का संचालन उपायुक्त उद्योग हरेंद्र यादव ने किया।

डीएम की अध्यक्षता में हुई सैनिक कल्याण बंधु की बैठक: जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को ही सैनिक कल्याण बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने सैनिक बंधु से संबंधित समस्याओं को एक-एक कर गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित को निस्तारण के लिए दिशा निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सैनिक बंधु अपनी शिकायत को प्रार्थना पत्र के साथ अवगत कराएं, जिससे त्वरित गति से उनकी समस्या का निराकरण किया जा सके। बैठक में सीटीओ अशोक प्रजापति, सीएमओ डा. आरएस दुबे, ईओ सुनिष्ठा सिंह, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी देविन्दर गुहानी व सैनिक कल्याण से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शक्ति हत्याकांड : भाजपा नेता नागेश सहित तीन आरोपियों ने किया सरेंडर

## पुलिस ने तीनों पर घोषित कर रखा था 15-15 हजार रुपये का इनाम

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजपा नेता नागेश सिंह सहित तीन आरोपियों ने सोमवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें अन्य दोनों आरोपियों का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में आया था।

पुलिस ने तीनों पर 15-15 हजार रुपये इनाम घोषित कर रखा था। सीजेएम ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट के बाहर नागेश ने अपने अधिवक्ता के जरिये बताया कि वह निर्दोष हैं। उन्हें साजिश के तहत इस हत्याकांड में फंसाया गया है।



मुख्य आरोपी नागेश सिंह। संवाद

24 सितंबर को रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर लिया गया था। दो दिन बाद 26 सितंबर को दुबौलिया थाना क्षेत्र के तिवारीपुर तटबंध के पास बोर में उसका शव मिला। शक्ति के भाई विक्रम सिंह ने गांव के नागेश प्रताप सिंह सहित चार आरोपियों पर हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज कराया था। नामजद तीन आरोपी रवि सिंह निवासी रानीपुर, शैलेश सिंह निवासी रानीपुर व मनोज शुक्ल निवासी फेंसा थाना दुबौलिया को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए काफी हाथ-पांव मारे, मगर कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे अचानक नागेश सिंह, सोहन यादव और अजय यादव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में समर्पण कर दिया। संवाद >> संबंधित पेज 2 पर

# पुलिस को चकमा दे राना नागेश ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

## शक्ति सिंह हत्याकांड

जागरण संवाददाता, बस्तीः बहुचर्चित शक्ति सिंह अपहरण व हत्याकांड में फरार 15 हजार के इनामी मुख्य आरोपित राना नागेश सिंह घटना के 13वें दिन पुलिस की चार टीमों को चकमा देते हुए सोमवार को दीवानी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीमें आरोपित राना को कोर्ट में देख हाथ मलती रह गई। सीजेएम कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुख्य आरोपित की तलाश में स्वाट (स्पेशल वेपंस एंड टैक्टिस), एसओजी (स्पेशल आपरेशप ग्रुप), सर्विलांस व नगर पुलिस की टीम आरोपितों की तलाश में बराबर दबिश दे रही थी।

10 से अधिक जिलों में पुलिस दबिश देकर थक हार चुकी थी। अचानक नाटकीय ढंग से नागेश के आत्मसमर्पण के दौरान सीजेएम कोर्ट खचाखच भरा रहा। बड़ी संख्या में अधिवक्ता व समर्थक न्यायालय परिसर में जुटे रहे। परिसर में क्रिमिनल से जुड़े कई अधिवक्ता व पूर्व एडीजीसी भी मौजूद रहे।

**पहले गुमशुदगी फिर दर्ज हुआ अपहरण, हत्या का मुकदमाः** बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रहे रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति की अपहरण व हत्या कर दिए जाने की घटना में पहले पुलिस ने मृतक के भाई विक्रम सिंह की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की थी। दूसरे दिन जब दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के तटबंध पर पुलिस ने मृतक शक्ति सिंह का शव बरामद किया तो भाई विक्रम ने शव की पहचान कर नगर थाने में अपहरण व हत्या करने की नामजद प्राथमिकी पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप, रवि सिंह, शैलेश, मनोज शुक्ला समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज कराया था। पुलिस विवेचना में दो अन्य आरोपित अजय यादव व सोहन यादव का भी नाम इस घटना को अंजाम देने में आया है।

**यह था अपहरण व हत्याकांड का घटनाक्रमः** मृतक के भाई विक्रम की तहरीर के अनुसार उनके बड़े भाई शक्ति गांव के ही ऋषिकेश सिंह के निधन पर उनके दाह संस्कार में 24 सितंबर को मूड़घाट गए थे। आरोप है कि वहां वापस घर आते समय रानीपुर गांव के गेट के पास उनके भाई शक्ति का राना नागेश ने अपने साथियों के साथ अपहरण कर लिया था। उसके बाद हत्या कर लाश को बोरे में भर कर दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के किनारे तटबंध पर फेंक दिया था। पुलिस ने शव को बरामद कर उसे पहले दिन मोर्चरी में रखा, अगले दिन पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जब इसकी सूचना शक्ति के भाई को हुई तो वह मोर्चरी पहुंचे और अपने भाई के शव की पहचान की।

**निर्दोष हूं न्यायपालिका पर पूरा भरोसाः राना :** शक्ति सिंह अपहरण व हत्याकांड में आरोपित पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह ने अदालत में आत्मसमर्पण के बाद पत्रकारों के सवालों पर कहा कि मुझे साजिश के तहत फंसाया गया है। मैं निर्दोष हूं, मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

**राना का शस्त्र लाइसेंस होगा रद्दः** मुख्य आरोपित राना नागेश सिंह के पास पिस्टल व उनकी पत्नी के नाम से रायफल का शस्त्र लाइसेंस है। इसमें से राना के पिस्टल का लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति करते हुए नगर पुलिस ने एसपी के माध्यम से जिला प्रशासन को लिखा है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपित राना नागेश के नाम से एक लाइसेंसी पिस्टल है। इसका लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति करके पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिलाधिकारी के भेज दी गई है।

# अंतरजनपदीय चोर धराए



ट्रैक्टर–ट्राली चोरी के बारे में जानकारी देते सीओ सिटी व गिरफ्तार तीनों चोर● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्तीः एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप), सर्विलांस व पुरानी बस्ती पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली को बरामद कर तीन अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के जिगिना गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप से बीते 30 सितंबर को चोरों ने टैक्टर–ट्राली चोरी कर लिया गया था। आमिना खातून पत्नी यार मोहम्मद निवासी बरोंहिया थाना लालगंज ने लिखित तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस की संयुक्त जुटी हुई थी। सोमवार को पुलिस टीम को सफलता हाथ लगी।

इस बात की जानकारी देते हुए सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि संयुक्त टीम ने पंकज चौधरी उर्फ गोलु पुत्र जग्गीलाल चौधरी ग्राम ककरही थाना महुली, अर्जुन चौधरी पुत्र भागवत निवासी ककरही थाना महुली जनपद संतकबीर नगर व अमित यादव पुत्र राजाराम निवासी रामपुर हलवारा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या को चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास से पकड़ लिया गया। अभियुक्तगण ट्रैक्टर–ट्राली को बेचने के लिए डुमरियागंज के रास्ते नेपाल ले जा रहे थे।

# दहेज उत्पीड़न पर पति पर मुकदमा

जासं, पैकोलियाः थाना क्षेत्र के मल्लूपुर निवासिनी पूनम पाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पहले गाजीपुर गांव निवासी शिवकुमार से हुई थी। दोनों की तीन वर्ष एक बेटी भी है। उसके घरवालों ने हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बाद भी दहेज की मांग कर रहे हैं। इसी बात को लेकर प्रताड़ित करते रहते हैं। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चाकू के हमले में युवक घायल

जासं, सोनहाः थाना क्षेत्र के बनरही जंगल टोला पंडित पुरवा पर चाकू के हमले में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। राहुल चौधरी ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार की देर शाम लगभग सात बजे अपने घर से चौहान पुरवा जा रहा था। रास्ते में गांव के पासी पुरवा निवासी विशाल पासवान पुत्र जयराम ने उसका रास्ता रोक लिया। वह कुछ समझ पाता कि उसने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध धारदार हथियार से हमला करने व जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

# गिरफ्तार करने के मंसूबे पर फिरा पानी... कोर्ट की शरण में आरोपी

## शक्ति हत्याकांड: दो दिन पहले ही कोर्ट में पड़ गई थी सरेंडर की अर्जी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह हत्याकांड में पुलिस की चौकसी धरी-धरी की धरी रह गई। हत्याकांड के मुख्य आरोपी और भाजपा नागेश सिंह सहित वांछित तीनों आरोपी चकमा देते हुए सोमवार को कोर्ट में पहुंचे और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की चार टीमें गिरफ्तारी के लिए हाथ-पांव मारती रह गईं।



आरोपी नागेश सिंह ने कोर्ट में किया समर्पण। संवाद

शक्ति हत्याकांड में आरोपी नागेश सिंह के अलावा अन्य दोनों आरोपियों ने शनिवार को ही कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए प्रार्थनापत्र दे दिया था। इस बात की जानकारी पुलिस को हो गई थी। पुलिस चाहती थी कि कोर्ट पहुंचने से पहले ही तीनों को गिरफ्तार कर वाहवाही लूटी जाए। मगर, सोमवार को कोर्ट खुलते ही आरोपी अदालत में दाखिल हो गए।

बता दें कि 24 सितंबर को नगर थानाक्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह को अपहृत कर हत्या कर दी गई थी। 26 सितंबर को दुबौलिया थाने के तिवारीपुर तटबंध के पास बोर में भरा शव मिला था। शक्ति के भाई विक्रम सिंह ने गांव के राना नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मनोज शुक्ला के अलावा कुछ अन्य अज्ञात पर हत्या और अपहरण का केस दर्ज कराया था।

इनमें सबसे पहले मनोज शुक्ला को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। इससे पूछताछ और पुलिस की तफ्तीश के दौरान अजय और सोहन का नाम प्रकाश में आया। इसी दौरान रवि सिंह और शैलेश सिंह पकड़ लिए गए। बाकी बचे नागेश सिंह, अजय और सोहन की तलाश में पुलिस हाथ-पांव मार रही थी।


कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र की सियासत का बिगाड़ा तानाबाना

6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

## बस्ती : प्रेम संबंध में चाची-भतीजे ने दी जान

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के एक गांव में चाची और भतीजे ने रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। कमरे में सल्फास की पुड़िया मिली है। प्रथम दृष्टया मामले को प्रेम प्रसंग को लेकर आत्महत्या माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव का युवक बड़ापाव की दुकान चलाता है। रविवार रात में वह गांव पास हो रही रामलीला परिसर में दुकान लगाने गया था। >> विस्तृत पेज 4 पर

# चोरी का ट्रैक्टर नेपाल बेचने जा रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

## पुरानी बस्ती पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने की धरपकड़

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** एसओजी ने पुरानी बस्ती थाने की पुलिस के साथ चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली नेपाल बेचने जा रहे तीन बदमाशों को सोमवार को गिरफ्तार किया।

तीनों से कब्जे से पुरानी बस्ती पेट्रोल पंप से चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद किया है। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुबह टीम ने चैनपुरवा ओवरब्रिज के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया। उस पर सवार पंकज चौधरी उर्फ गोलू, अर्जुन चौधरी निवासी ककरही थाना महुली जनपद संतकबीरनगर और अमित यादव निवासी रामपुर हलवारा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रैक्टर-ट्रॉली को बेचने के लिए डुमरियागंज के रास्ते नेपाल ले जा रहे थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। संवाद

सीओ ने बताया कि पकड़े गए पंकज चौधरी उर्फ गोलू पर लखनऊ के थाना सुशांत गोल्फ सीटी के अलावा कोतवाली, मुंडेरवा व पुरानी बस्ती में चार केस दर्ज हैं।

लालगंज थानाक्षेत्र के बरोहिया निवासी आमिना खातून ने 30 सितंबर को थाना पुरानी बस्ती में केस दर्ज कराया था कि जिगिना के पास स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ी उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई है।

# कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पीड़ित युवती का आरोप है कि आरोपी उसके साथ शादी का प्रपत्र तैयार कराया और इसके बाद उसे घर ले जाकर रखा।

एक माह तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में मारपीट कर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शोभनाथ समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच सीओ सिटी को सौंपी गई है।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

## 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**बस्ती।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार सप्तम की कोर्ट ने किशोरी को भगाने व दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष कारावास व 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर दो साल और जेल में रहना पड़ेगा।

शासकीय अधिवक्ता वंदना चौधरी, अरुण श्रीवास्त्व व अखिलेश दूबे, अरविंद पांडेय ने कोर्ट को बताया कि परशुरामपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने दो मार्च 2015 को थाने में तहरीर देकर कहा कि 14 वर्षीय बेटी 15 फरवरी 2015 की शाम शौच के लिए निकली थी, लेकिन घर वापस नहीं आई। काफी समय तक खोजबीन की गई। मगर वह नहीं मिली।

विवेचना में दुबौलिया क्षेत्र के माझाकला अव्वल किता गांव के पप्पू का नाम प्रकाश में आया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद साक्ष्य के आधार पर पप्पू को दोषी मानते हुए सात वर्ष राश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# सौहार्दपूर्ण मनाएं त्योहार सुरक्षा को प्रशासन तैयार

## दशहरा पर्व

- सभागार में डीएम व एसपी ने व्यापारियों संग की बैठक
- व्यवसायियों से शांति बनाए रखने को लेकर की चर्चा

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। नवरात्र व दशहरा पर्व को लेकर डीएम डॉ. राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह ने सोमवार को तहसील सभागार में शोहरतगढ़ व बढ़नी के व्यापारियों व समाजसेवियों के साथ बैठक की।

बैठक में त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था का पालन करते हुए शांति-सुरक्षा पर लोगों से चर्चा की। बढ़नी में हुए विवाद का जिक्र करते हुए डीएम ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। प्रशासन पूरी तरह सुरक्षा को लेकर तत्पर है। किसी प्रकार की घटना घटित होने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बात या घटना को लेकर ज्ञापन देना है तो इसे प्रक्रिया के तहत दिया जाए। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि बढ़नी में अचानक घटना हुई। वर्तमान समय में प्रशासन की सक्रियता से शांति व्यवस्था बनी हुई है। आगे कल जैसी घटना न हो हम सभी को इस पर विचार करना चाहिए। सभी लोग एक-दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें। किसी की भावना के साथ खिलवाड़ न करें जिससे उसकी भावना आहत हो।

इस दौरान एडीएम उमाशंकर, एसडीएम चन्द्रभान सिंह, सीओ अरुणकान्त सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, अभय प्रताप सिंह, दुर्गेश अग्रहरि, पंकज श्रीवास्तव, सतीश मित्तल, रवि अग्रवाल, रामसेवक गुप्त आदि मौजूद रहें।

# परंपरागत तरीके से सद्भाव के साथ मनाएं पर्व

बांसी। बांसी कोतवाली में सोमवार को मां दुर्गा पूजा समितियों की बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने पर चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ल ने कहा कि सभी लोग पर्व को परंपरागत तरीके से सदभाव के साथ मनाएं।समिति के सदस्यों ने कहा कि पूरे नगर में सूअर घूमते रहते हैं। जो पंडाल में भी पहुंच जा रहे हैं। इस पर अंकुश लगाना चाहिए। इसके बाद वहां मौजूद नगर पालिका के जिम्मेदारों से सूअर पालकों को सूअर पकड़ने का निर्देशित करने को कहा गया।

# अफसरों ने की पटाखे की दुकानों की जांच

डुमरियागंज। नवरात्र व दीपावली पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क है। सोमवार को क्षेत्र के हल्लौर चौराहे के पास एक बाग में संचालित पटाखा दुकानों का एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चंद्र पांडेय व प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव ने जांच पड़ताल की। लाइसेंस के कागजात व अन्य जरूरी जांच करने कर दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि पटाखा दुकान की जांच में लाइसेंस, गोदाम व स्टाक के साथ-साथ फायर से संबंधित भी चीजें देखी गई। व्यवसाईयों को हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, महबूब अली आदि मौजूद रहे।

# तीन नामजद, 200 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

- बढ़नी में रविवार को विवाद के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, आठ गिरफ्तार
- रेप के बाद मामला गर्माया रविवार को पत्थरबाजी तलवार निकाली गई

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। बढ़नी कस्बे में मासूम बच्ची के साथ दुराचार होने से नाराज लोगों की ओर से रविवार को दुकान बंद कराने के दौरान हुए विवाद में ढेबरुआ पुलिस ने मामले को स्वतः संज्ञान लेते बढ़नी चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव की तहरीर पर दो भाजपा नेताओं सहित तीन को गंभीर धाराओं में नामजद करते हुए दोनों पक्षों के दो सौ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। मुकदमे में पुलिस ने आरोप लगाते हुए कहा है कि तीन अक्टूबर को कस्बा में नौ वर्षीय बालिका के बलात्कार की घटित घटना के विरोध में एक पक्ष कस्बे में रविवार को दुकानें बंद करा रहा था। इसकी अगुवाई भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विवेक गुप्त पुत्र मदन गुप्त निवासी वार्ड नंबर नौ रामजानकी मंदिर नगर, भाजपा युवा मोर्चा के ही बढ़नी के मंडल महामंत्री दुर्गेश पांडेय पुत्र जयकरन पांडेय निवासी वार्ड नंबर दो मुड़िला निकट रेलवे स्टेशन व एक अन्य पंकज चौहान पुत्र स्व. बल्ली निवासी वार्ड एक आंबेडकर नगर थाना ढेबरुआ कर रहे थे। इन लोगों ने दोपहर डेढ़ बजे माल गोदाम तिराहे पहुंचकर रोड को जाम कर बलात्कार की घटना में नामित आरोपी निसार कुरेशी पुत्र मो.याकूब कुरैशी को फांसी की सजा व उसका घर बुलडोजर से ध्वस्त करने की नारेबाजी करते हुए आसपास की दुकानें बंद कराने लगे। इसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों के लगभग 200 अज्ञात आमने सामने आ गए और ईट, पत्थर व तलवार निकाल प्रदर्शन करने लगे।

## पथराव में मुश्किल से बचे पुलिसकर्मी

दोनों पक्षों ने पुलिस बल पर भी पथराव किया लेकिन सुरक्षा की आड़ लेकर वे किसी तरह बचे। आरोपियों के खिलाफ 191 (2), 191 (3), 190, 125, 132 व सीएलए एक्ट की धारा 7 में केस दर्ज किया है। पुलिस ने अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

> पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में लगी है। आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शांति व्यवस्था बनी है।
>
> -संतोष कुमार सिंह, थानाध्यक्ष ढेबरुआ

## उपद्रव के आरोप में इन्हें किया गया गिरफ्तार

दुर्गेश पाण्डेय पुत्र स्व. गोकरन नाथ पाण्डेय, निवासी वार्ड नंबर दो मुड़िला, भरत संजय सेण्डगे पुत्र संजय अप्पा सेण्डगे निवासी गोला बाजार, तौकीर अहमद पुत्र अब्दुल वहीद निवासी गोलाबाजार, सकील अहमद पुत्र सलाहुद्दीन निवासी गोलाबाजार, मो. जुनैद पुत्र अब्दुल रकीब वार्ड नंबर दो मुड़िला, मो. सईद पुत्र अब्दुल रसीद, गोला बाजार, फराज अहमद पुत्र रियाजुद्दीन कुरैशी वार्ड नंबर-एक आंबेडकरनगर व परमानन्द पाण्डेय पुत्र गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय निवासी मधवानगर थाना ढेबरुआ को गिरफ्तार किया।

# कुंए में कूदा मंदबुद्धि युवक, मौत

डिड़ई। शिवनगर डिड़ई के करही बगही निवासी मंद बुद्धि युवक सोमवार सुबह पानी से भरे कूएं में कूद गया। कूएं से जब तक लोग उसे बाहर निकालते उसकी मौत हो चुकी थी। करही बगही गांव निवासी राजेश त्रिपाठी उर्फ डब्लू (40) पुत्र धनुष मंद बुद्धि का था। सोमवार की सुबह करीब नौ बजे वह गांव के कूएं में कूद गया। उसके कूएं में कूदने के बाद उसे बचाने के लिए कई लोग पहुंच गए लेकिन जब तक पानी भरे कूएं से उसे बाहर निकाला गया उसकी मौत हो चुकी थी।

**मासूम से रेप करने वाले को फांसी व घर पर बुलडोजर चलाने की मांग के साथ दुकान बंद कराने को लेकर हुआ था तनाव**

# सुबह दुकानें बंद करने का आदेश, दोपहर में वापस

**बढ़नी बवाल**

बढ़नी,हिन्दुस्तान संवाद। बढ़नी में नौ साल की मासूम के साथ हुई रेप की घटना को लेकर रविवार को आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए थे। आरोपी को फांसी देने व उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग के साथ दुकानें बंद करा रहे थे। इसे लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि ईंट-पत्थर चलने लगे।

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रियों को खदेड़ कर मामले को शांत करा दिया था लेकिन तनाव बना हुआ था। रात में एसपी प्राची सिंह ने भी दौरा किया था। उसके बाद से पुलिस प्रशासन की ओर से आवाजाही पर रोक लगाने के साथ सोमवार को दुकानें बंद रखने का आदेश दिया गया था। बाद में प्रशासन ने अपना आदेश वापस लिया तो दो बजे के आसपास दुकानें खुल गईं। तनाव अब भी बना हुआ है। कस्बे में पुलिस व पीएसी तैनात है।

सोमवार को गोलाबाजार,घट्टी बाजार,रामजानकी मंदिर रोड सहित माल गोदाम,स्टेशन रोड की दुकानें सुबह से ही बंद थी। त्योहारी सीजन होने की वजह से व्यापारियों में दुकानें बंद रखने के आदेश को लेकर नाराजगी थी। उनका कहना था कि दशहरा चल रहा है। लोग सामानों की खरीद नहीं कर पा रहे हैं।

उनकी दुकानदारी चौपट हो रही है। लोगों के आवाजाही पर प्रतिबंध से पूजा पंडालों में भी सन्नाटा पसरा है। यह किसी भी कीमत पर उचित नहीं है। प्रशासन को दुकानें खोलने व लोगों की आवाजाही पर लगी पाबंदी हटानी चाहिए। व्यापारियों के दबाव के आगे आखिरकार प्रशासन को झुकना पड़ा। दोपहर दो बजे प्रशासन ने बंद के आदेश को वापस लिया तो दुकानदारों ने राहत की सांस ली। लोगों की आवाजाही पहले जैसी न सही लेकिन शुरू हो गई। पूरे कस्बा में पुलिस व पीएसी के जवान शांति व्यवस्था बनाए रखने को तैनात हैं।



बढ़नी कस्बे में बंद पड़ी दुकानें, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात।



बढ़नी कस्बे में तनाव के बाद ड्रोन से की जा रही निगरानी।



प्रशासन की अनुमति पर सोमवार को दोपहर दो बजे के बाद दुकानें खुल गईं।



तनाव की वजह से सन्नाटे में डूबा मां दुर्गा का पंडाल।

- तनाव बरकरार, कस्बे में पुलिस और पीएसी के जवान तैनात
- बंदी को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष आए थे आमने-सामने चले थे ईंट-पत्थर

### विवाद के बाद ड्रोन कैमरे से रखी जा रही नजर

बढ़नी कस्बा में रविवार को हुए विवाद के बाद ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। कस्बा की एक-एक गतिविधियां ड्रोन कैमरे में कैद हो रही हैं। कस्बे के डिहवा, रामलीला मैदान, घट्टी बाजार, रामजानकी मंदिर, स्टेशन रोड, गोला बाजार में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है।

### बढ़नी में नवरात्र पर दुर्गा पंडालों पर पसरा सन्नाटा

बढ़नी कस्बे में नवरात्र पर्व पर विभिन्न मोहल्ले में बने दुर्गा पंडालों में सन्नाटा पसरा हुआ है। कई जगह प्रतिमा बैठ गई है लेकिन प्रशासन की सख्ती की वजह से लोग घर से निकल कर पंडालों की तैयारी करने में असहज महसूस कर रहे हैं। कमेटी के इक्का दुक्का लोग दिख रहे हैं।

# निष्पक्ष जांच करने के बाद ही करें कार्रवाई

शोहरतगढ़। बढ़नी डागबंग्ला पर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अधिकारियों व बढ़नी के लोगों के साथ बातचीत की। अफसरों को निर्देशित किया कि बिना भेदभाव के निष्पक्ष जांच करने के बाद ही कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निर्दोषों को परेशान न करें। इस अवसर पर एसडीएम चन्द्र भान सिंह, थानाध्यक्ष संतोष सिंह, सभासद निजाम अहमद, मो. इब्राहिम आदि मौजूद रहे।

# रेप के बाल अपचारी को सात साल की सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष (पाक्सो एक्ट) वीरेंद्र कुमार ने रेप के एक बाल अपचारी को साल की सजा सुनाई। आरोपी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उस्का बाजार थाना में एक बाल अपचारी के खिलाफ 2017 में धारा 376, 323 व पाक्सो एक्ट व 3 (2), 5 एससी/एसटी एक्ट का केस दर्ज हुआ था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को सात साल की सजा सुनाई।

**रिश्तों का कत्ल** | **बेटी का सिर्फ दोष इतना था कि अपनी मां को चाचा के साथ आपत्तिजनक हाल में देख लिया था**

# अवैध संबंध व अहम में ले ली अपनों की जान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। बुद्ध भूमि पर दो दिनों में दो स्थानों पर रिश्तों का खुन हुआ था उसकी चर्चा अब भी जारी है। चिल्हिया थाना क्षेत्र के संतोरी गांव में पत्नी ने पति की गला घोंट कर जबकि लोटन कोतवाली क्षेत्र के खखरा खुर्द गांव में एक मां ने अपनी बेटी का गला दबा कर रिश्तों का खून कर दिया था। दोनों घटनाओं के दोषी जेल जा चुके हैं लेकिन रिश्तों का कत्ल करने वालों को लोग आज भी कोस रहे हैं।

दो अक्टूबर चिल्हिया थाना क्षेत्र के संतोरी गांव में कहासुनी के बाद पत्नी ज्योति चौधरी (20) ने अपने पति अमित चौधरी (21) जिससे छह माह पहले कोर्ट मैरेज की थी उसकी टाई से गला घोंट कर हत्या कर दी थी। मामला इतना बड़ा नहीं थी कि नौबत यहां तक आती लेकिन कहासुनी के बाद और आपस में मारपीट के बाद पत्नी इतनी आग बबूला हो गई थी कि उसने इतना खौफनाक कदम उठा लिया था।



- **दो अक्तूबर को संतोरी में पत्नी ने पति व 3 अक्तूबर को खखरा में मां ने की बेटी की हत्या**
- **दोनों मामलों में हो चुकी गिरफ्तारी रिश्तों का खून करने वालों को कोस रहे लोग**

पुलिस घटना वाली रात ही आरोपी ज्योति चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। अभी पत्नी द्वारा पति की हत्या की चर्चा थमी नहीं थी कि तीन अक्टूबर की शाम लोटन कोतवाली क्षेत्र के खखरा खुर्द गांव की रीता ने अपनी छह वर्षीय बेटी की गली दबा कर हत्या करने के बाद शव को पास के गड्ढे में फेंक कर अपहरण की झूठी कहानी गढ़ पुलिस को तीन दिनों तक गुमराह करती रही। पांच अक्तूबर को मासूम का शव बरामद हुआ तो वह टूट गई और उसने बेटी के कातिल होने की बात कुबूल कर ली। बेटी का दोष सिर्फ इतना था कि उसने अपनी मां को अपने चाचा के साथ स्कूल से लौटते समय घर के अंदर आपत्तिजनक हाल में देख लिया था। दो दिन में दो स्थानों पर रिश्तों के हुए कत्ल को पांच दिन होने को आए लेकिन आज भी हर जगह चर्चा है। लोग पति की हत्यारिन पत्नी व मासूम का गला घोंटने वाली मां को कोस रहे हैं।

# पांच लाख नकदी और एक किलो चांदी चोरी

**दुस्साहस**

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इटवा कस्बे में सोमवार को दिन दहाड़े अलग-अलग जगहों पर दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। कस्बे के बढ़नी रोड पर व्यापारी के डीसीएम से पांच लाख रुपये नगद व बिस्कोहर रोड पर स्वर्ण व्यवसायी के बाइक की डिग्गी से उच्चकों ने 1.300 किलो चांदी के आभूषण को उड़ा लिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम घटनाओं की जांच में जुटी हुई है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



**02** बड़ी घटनाएं हुई हैं इटवा कस्बे में सोमवार को अलग-अलग जगहों पर

- दोनों पीड़ितों ने पुलिस से उचक्कों का सुराग लगाए जाने की मांग की है
- दोनों घटनाओं की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम
- घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा

इटवा कस्बा निवासी सुभाष चन्द्र का कस्बे के बढ़नी रोड पर किराना की दुकान है। सोमवार को उन्होंने बलरामपुर जनपद के व्यापारी राजेश के यहां से चीनी मंगाई थी। डीसीएम पर चीनी लदकर आई थी। सुभाष चन्द्र ने आए माल का डीसीएम चालक को 5 लाख 400 रुपये भुगतान कर दिया। रुपया लेकर चालक दुकान से 200 मीटर दूर खड़ी डीसीएम के पास गया और सीट पर नगदी रखकर गाड़ी के पीछे ढाल का दरवाजा बंद करने लगा। इसी बीच किसी उच्चके ने सीट से रुपये उड़ा लिया। ढाला बंद कर चालक वापस आया तो सीट से रुपया गायब देखकर दंग रह गया। उसने तुरंत इसकी जानकारी व्यापारी को दी। इसके बाद हड़कंप मच गया।

दूसरी घटना मस्जिदिया बिस्कोहर रोड निवासी अशोक सोनी के साथ हुई है। अशोक ने बताया कि सोमवार को वह अपनी बाइक से इटवा आए थे। उनके बाइक के डिग्गी में 1.300 ग्राम चांदी के जेवर रखे हुए थे। बिस्कोहर रोड पर गाड़ी खड़ी करके बगल में कुछ काम करने चले गए। वापस आए तो देखा कि डिग्गी का लाक टूटा है और आभूषण गायब है। दोनों पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर उचक्कों का सुराग लगाए जाने की मांग की है। दोनों घटनाओं की जांच पड़ताल में पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम लगी हुई है। घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। टीमों के हाथ अभी कोई खास सुराग नहीं लगा है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि दोनों घटनाओं की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# शांति व व्यवस्था बिगाड़ने वाले जाएंगे जेल : डीएम

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय उसका बाजार का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस रजिस्टर, लेखा पटल को देखा। लेखा पटल में एफटीओ रजिस्टर, मस्टर रोल पंजिका को देखा गया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजना द्वारा ग्राम पंचायतो में चल रहे कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त किया। आरआरसी सेन्टर की इंट्री मास्टर रजिस्टर में नही था जिस पर कडी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके साथ ही साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय व्यय रजिस्टर पूर्ण नही था जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीओ पंचायत संजय को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि 15 दिवस में अपूर्ण पत्रावलियों को पूर्ण करा ले। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूहो के बारे में जानकारी चाही गयी कि कितने समूह सक्रिय है। पत्रावली पूर्ण न होन पर ब्लाक मिशन प्रबन्धक पंकज कुमार को नोटिस देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्तके अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार अरूण कुमार पाण्डेय व अन्य संबधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बानगंगा प्रतिनिधि के अनुसार** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील सभागार में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डा. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बढ़नी कस्बे के नगरवासियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब दुराचारी गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया तो फांसी लगाने व बुलडोजर चलाने की बात कहां से आ गयी। लोगों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा को आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएं।बैठक में शोहरतगढ़ कस्बे के अभय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को अवगत कराते हुए कहा की शोहरतगढ़ में दुर्गा पूजा संचालन समिति के दो दावेदार बनने से हैं लोग असमंजस में है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों लोगों को दुर्गा पूजा संचालन समिति की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाता है और श्रीराम जानकी मंदिर कमेटी के किसी सदस्य को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्राची सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को आपसी सौहार्द से मनाने का आनंद ही कुछ और होता है। बहुत तेज आवाज में साउंड न बजाए और न ही किसी दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचाने वाला गीत बजाए।पुलिस का पहरा सख्त कर दिया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ड राजा गणपति आर, एसपी प्राची सिंह,एडीएम उमाशंकर, एसडीएम चंद्र भान सिंह, नपं शोहरतगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, नपं अध्यक्ष बढ़नी सुनील कुमार अग्रहरि अभय प्रताप सिंह,सतीश मित्तल,पूर्व चेयरमैन निसार बागी,राजकुमार मोदनवाल,अनुप कसौधन,सौरभ गुप्ता, मनोज कुमार,पंकज श्रीवास्तव, शिवरतन कनौजिया, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहें।



रजिस्टर की जांच करते जिलाधिकारी।

## जिले के एआरटीओ के अभिलेख में 4016 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड

# टैक्सी का परमिट, बना दिया आइसक्रीम पार्लर

- शहर की सड़कों पर सरपट दौड़ रहा आइसक्रीम पार्लर ई रिक्शा
- जिम्मेदारों को नहीं लग रहा गैर कानूनी, मिली है खुली छूट

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एआरटीओ में ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन सवारियां ढोने का है लेकिन जिम्मेदारों की दरियादिली ऐसी है कि उसे आइसक्रीम पार्लर बना कर शहर की सड़कों पर सरपट दौड़ाया जा रहा है। प्रशासन को रजिस्ट्रेशन के इतर प्रयोग होने वाले वाहनों के संबंध में या तो जानकारी नहीं है या फिर जानबूझ कर यातायात नियमों को तोड़ने का लाइसेंस दे रखा है।

कौन सा वाहन किस काम में प्रयोग होगा यह उसका रजिस्ट्रेशन कराते समय ही स्पष्ट हो जाता है। इतना ही नहीं कितनी सवारियां बैठ सकती हैं यह भी साफ हो जाता है। अधिक सवारियां तो बैठाने का आम चलन है ही लेकिन यहां तो वाहन का स्वरूप ही बदल कर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है लेकिन उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ई रिक्शा पर सवारी ढोने की बजाए उसे आइसक्रीम पार्लर बनाकर चलाया जा रहा है। हैरत यह है कि बाइक पर बगैर हेलमेट व तीन सवारियां यातायात पुलिस, यातायात विभाग व पुलिस को नजर आ जाती है लेकिन ई रिक्शा जिसे आइसक्रीम पार्लर बना कर दौड़ाया जा रहा है उस पर नजर नहीं पड़ रही है। एआरटीओ के अभिलेख में जिले में 4016 ई रिक्शा रजिस्टर्ड है। कितने आइस क्रीम पार्लर और कितने सब्जी व सामानों को ढोने में लगे हैं इसकी विभाग के पास जानकारी नहीं है।



आइसक्रीम पार्लर बना दिया सवारी ढोने वाले ई-रिक्शा को। • हिन्दुस्तान

> नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान में ही नहीं वैसे भी कार्रवाई होती रहती है। अगर सवारियां ढोने वाले वाहनों से सामान या फिर सामान ढोने वाले वाहनों से सवारियां ढोती हुई पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। -**सुरेश कुमार**, एआरटीओ

# विकास कार्य में बाधा डालने का आरोप

भवानीगंज। भवानीगंज थानाक्षेत्र के वासाचक रहमतुल्लाह गांव के प्रधान इमरान अहमद ने एसडीएम को पत्र देकर गांव के दो लोगों पर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्राम निधि से बन रहे इंटरलॉकिंग में मिस्त्री व मजदूर व प्रधान को काम रोकने के लिए धमकी दी जा रही है। कहा जा रहा है कि उनके घर के नाली का निर्माण न होने तक काम नहीं करने देंगे। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि मामले की जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपित को सात वर्ष का कारावास

- उस्का थाना क्षेत्र में 2017 में हुई थी घटना
- घर से सोते समय घर से दूर ले जाकर किया था दुष्कर्म

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट बीरेंद्र कुमार की कोर्ट ने नौ वर्षीय बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म के मामले में नाबालिग आरोपित को दोषी करार दिया। कोर्ट ने दोषी को सात वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की 90 प्रतिशत राशि पीड़ितों को देने का निर्देश दिया है।

उस्का थाना क्षेत्र के एक गांव में 27 जून 2017 को पीड़िता अपने नानी के साथ घर के बाहर सोई हुई थी। इसी दौरान गांव का एक किशोर चुपके से आया और बच्ची को सोते समय उठाकर घर से दूर ले गया। आरोपित ने बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने चाकू दिखाते हुए उसके साथ मारपीट की। कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात आरोपित को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया है कि चूकि सजा पाया किशोर अभी नाबालिग है। इस लिए उसे जेल की गतिविधियों की जानकारी कोर्ट को प्रत्येक चार माह में उपलब्ध कराएं। मामले की पैरवी शासकीय अधिवक्ता पवनकर पाठक ने की।

**यह और अन्य खबरें देंखे**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# मारपीट की दो घटनाओं में चार लोग घायल, मुकदमा दर्ज

- भोजवारी ग्रांट में धारदार हथियार से किया गया हमला
- इटवा थाना के परसा खुर्द गांव में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

जासं, इटवा : इटवा व कठेला समय माता थानांतर्गत दो गांव में आपसी विवाद मारपीट में बदल गया। लोग लहूलुहान हुए। चार लोग के घायल होने की खबर है। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई है। कठेला थानांतर्गत ग्राम भोजवारी ग्रांट निवासी शिव पूजन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कठेला चौराहे से अपने घर जा रहे थे कि तभी गांव के तीन-चार लोग पुरानी रंजिश में अपने घर के सामने रोक लिए और उनकी पिटाई करनी शुरू दी। भाला और कुल्हाड़ी से भी हमला कर दिया। इसमें सिर पर गहरे घाव हो गए। उनके चाचा बचाने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी। किसी तरह अस्पताल पहुंचकर उपचार कराए। पीड़ित ने पुलिस से उचित कारंवाई की मांग की। दूसरी घटना इटवा थानांतर्गत ग्राम परसा खुर्द में रास्ते में बैठने को लेकर हुई। गांव निवासी राम धीरज ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार की सुबह आठ बजे रास्ते में बैठने के विवाद को लेकर विपक्षी लोगों ने लाठी-डंडे से पिटाई की। बचाने के लिए गांव निवासी दिनेश आए तो उनकी भी पिटाई कर दी। वहीं विपक्षी राम तीरथ ने भी तहरीर देते हुए मारपीट का आरोप लगाया। इटवा थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि परसा खुर्द में दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों ओर से तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल कराया जा रहा है। वहीं, कठेला थाने के थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि बढ़नी ड्यूटी में हूं। मारपीट की घटना संज्ञान में आई है, तहरीर के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



घायल शिव पूजन यादव • जागरण

# पटाखा दुकानों की हुई जांच

डुमरियागंज : दीपावली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में जगह–जगह पटाखा की दुकानें लगने लगी हैं। सोमवार को एसडीएम डा. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश पाण्डेय, कोतवाल रमेश यादव ने हल्लौर स्थित पटाखा दुकानों व गोदामों का निरीक्षण किया। लाइसेंस आदि देखते हुए जरूरी निर्देश दिए।

# बढ़नी में दूसरे दिन भी प्रशासन ने बंद कराईं दुकानें

## दवा के लिए रोगियों व दूध के लिए नौनिहालों को हुई परेशानी, पुलिस ने चटकाई लाठियां और हिदायत दी





दूसरे दिन भी बंद रहा बढ़नी कस्बा व बढ़नी में तनाव के बीच व्यापारियों के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील करते नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय • जागरण

जागरण संवाददाता, बढ़नी : बढ़नी कस्बे में चार दिन पूर्व एक नाबालिग बालिका के साथ दूसरे समुदाय के अधेड़ द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले में सोमवार को दूसरे दिन भी बाजार बंद रहा। पुलिस प्रशासन ने फुट मार्च करते हुए दुकानें बंद करा दी हैं। दूध, पानी तथा जरूरी औषधियों के लिए लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी। पूरा कस्बा छावनी में तब्दील रहा। हालांकि दोपहर बाद माहौल देखकर पुलिस ने आधे से अधिक दुकानें खुलवा दीं।

दुष्कर्म के विरोध में रविवार को बाजार बंद रहा। बंदी में एक खुले दुकान को बंद कराने के दौरान हुए तनाव को लेकर कस्बे के गोला बाजार में पीएससी एवं अतिरिक्त पुलिस बल लगाई गई है। सोमवार को सुबह लोगों ने अपनी दुकानें खोलने का प्रयास किया तो पुलिस ने डंडे पटककर और सख्त लहजे में दुकान बंद रखने, घरों के अंदर ही रहने की चेतावनी दी। इस दौरान गांव तथा नेपाल से आने वाले ग्राहकों को चेतावनी देकर वापस लौटा दिया गया। दूध वालों को भी कस्बे में नहीं घुसने दिया गया। सबसे अधिक दिक्कत पेयजल की हुई। लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। रविवार रात पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भी अधिकारियों के साथ घटनास्थल व कस्बे का जायजा लिया। इसी दौरान माइक से एलाउंस कर लोगों को घरों से निकलने पर पाबंदी लगा दी गई तथा स्थिति शांत न होने तक दुकानों के खोलने पर भी रोक लगा दी गई है। एसपी के मुआयना के बाद देर रात में ही जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर भी कस्बे में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिए। अधिकारियों से मामले की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि किसके परमिशन पर प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी ने इसकी परमिशन नहीं दिया था। इस बात पर उन्होंने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और कहे कि आप लोगों की सुस्ती के कारण ऐसा हुआ है। सोमवार को कस्बे के गोला बाजार, चट्टी बाजार, राम जानकी मंदिर रोड, स्टेशन रोड सहित माल गोदाम रोड की दुकानों को प्रशासन ने बेहद सख्ती के साथ बंद करा दिया, प्रशासन ने कस्बे में घूम घूम कर सारी दुकानों को बंद कराया, माल गोदाम से गोला बाजार में लोगों के आवागमन पर पाबंदी लगा दी गई। फलों की दुकानों एवं ठेले भी लगाने पर पाबंदी लगा देने से लोगों को भारी दिक्कत एवं परेशानी उठानी पड़ी। फलों एवं पूजन सामग्री की दुकानों के बंद कराने से व्यापारियों को जहां काफी नुकसान हुआ वहीं व्रतधारियों को दिक्कतें हुईं। तनाव के बाद कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। दोपहर बाद पुलिस ने माहौल देखकर आधे से अधिक दुकानें खुलवा दीं।



रविवार को बढ़नी कस्बे में अधिकारियों से बात करते डीएम डा राजा गणपति आर • जागरण

> बढ़नी कस्बा पूरी तरह से शांत है। वहां के लोगों बात हो गयी है। सभी सामाजिक सद्भाव के साथ पर्व को सम्पन्न करने में लगे हुए हैं। दुकानें सुबह ही खुलवा दी गई थीं। प्रदर्शन, पत्थरबाजी सहित विभिन्न आरोपों में शामिल रहे आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

## विवाद में पुलिस ने आठ आरोपितों को किया गिरफ्तार

जासं, शोहरतगढ़ : ढेबरुआ थानाक्षेत्र के बढ़नी कस्बे में नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में रविवार को दुकान बंद करवाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ आरोपितों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया है।

ढेबरुआ एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी नगर पंचायत में नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में रविवार को दुकान बंद करवाने को लेकर हुए विवाद में बढ़नी में दुकान बंद करवाने के दौरान दोनों संप्रदायों के बीच विवाद हो गया। इसमें भाजपा युवा मोर्चा बढ़नी मंडल के उपाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय निवासी वार्ड दो मुड़िला, भरत संजय सेण्डगे निवासी वार्ड 10 गोलाबाजार, तौकीर अहमद पुत्र अब्दुल वहीद निवासी वार्ड 11 गोलाबाजार, सकील अहमद निवासी वार्ड 11 गोलाबाजार, मो जुनैद निवासी वार्ड दो मुड़िला, मो सईद निवासी गोला बाजार, फराज अहमद निवासी वार्ड एक अंबेडकरनगर, परमानंद पांडेय निवासी मधवानगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। इनके ऊपर दंगा भड़काने व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**मेरे समर्थकों के विरुद्ध की जा रही है कार्रवाई :** अपना दल एस से शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि पुलिस दुर्भावना से काम कर रही है। मेरे साथ धरने पर जो लोग बैठे थे अथवा जो मेरे समर्थन में थे, पुलिस ने उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बढ़नी निवासी दुर्गेश पाण्डेय और विवेक गुप्ता ने धरने पर बैठने में मेरा साथ दिया था। वह भाजयुमो के पदाधिकारी भी हैं और आरोपित को फांसी दिए जाने की उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से मांग की थी। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया और जो प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहा था, उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसा करके कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक समेत आइजी, एडीजी से की है। यदि कार्यकर्ताओं के साथ न्याय नहीं हुआ तो वह फिर से धरने पर बैठने को बाध्य होंगे।

## व्यापारियों से मिले नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय

सोमवार दोपहर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने व्यापारियों से मुलाकात की। उनसे कहा कि उनके साथ न्याय होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता करके कहा है कि पुलिस लोगों के साथ न्याय करे। किसी निर्दोष को अनायास न फंसाया जाए।

# फांसी व बुलडोजर चलाना कोर्ट और सरकार का कार्य

## त्योहार को लेकर बढ़नी व शोहरतगढ़ के लोगों के साथ हुई बैठक, कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ तहसील सभागार कक्ष में सोमवार को डीएम डा राजा गणपति आर व एसपी प्राची सिंह की अध्यक्षता में नवरात्र, दशहरा व दीपावली पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर बढ़नी व शोहरतगढ़ के लोगों के साथ शांति कमेटी की बैठक की गई। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया गया। बढ़नी में बंद व पथराव की घटना की निंदा की गई।





शोहरतगढ़ में शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग और उनको संबोधित करतीं एसपी प्राची सिंह ( बीच में), डीएम डा राजा गणपति आर ( दाएं), सीओ अरुण कांत सिंह • जागरण

डीएम ने कहा कि अपराधियों का जाति धर्म नहीं होता है। किसी प्रकार की घटना घटित होने पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। यदि किसी बात अथवा घटना को लेकर ज्ञापन देना है तो इसे प्रक्रिया के तहत दिया जाए। फांसी देना और घर पर बुलडोजर चलाना सरकार और कोर्ट का कार्य है।

उच्च न्यायालय द्वारा जो भी आदेश-निर्देश प्राप्त होगा उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के कहने पर बढ़नी में जो घटना घटी वह निंदनीय है, ऐसा नहीं होना चाहिए।

आगे कहा कि अभी कहा कि वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि आठ वर्ष का बच्चा हाथ में तलवार लिए हुए है, जो कि गलत है। सभी लोगों को आपस में मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए। व्यापारियों को आगाह किए कि ऐसे लोगों का साथ न दें जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे हो। उन्होंने सख्त लहजे से कहा कि घटना के पीछे उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी प्राची सिंह ने कहा कि बढ़नी में अचानक घटना हुई है, जिसका अंदाजा नहीं था। वर्तमान समय में प्रशासन की सक्रियता के चलते शांति व्यवस्था बनी हुई है और आगे भी कल जैसी घटना नहीं होनी चाहिए। साथ ही शोहरतगढ़ और बढ़नी के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से कहा कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें। कस्बे में शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान एडीएम उमाशंकर, एसडीएम चंद्रभान सिंह, सीओ अरुण कांत सिंह, तहसीलदार अजय कुमार, ईओ अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, ढेबरुआ थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ चेयरमैन पति रवि अग्रवाल, प्रकाश पांडेय, राजू पाल, सतीश मित्तल, राजकुमार मोदनवाल, अभय सिंह, शैलेंद्र कौशल, मनोज गुप्ता, बनवारी लाल गुप्ता, कौशल किशोर आदि मौजूद रहे।

नवदुर्गा पूजा संचालन समिति भंग, मंदिर कमेटी को दी जिम्मेदारी: डीएम डा. राजा गणपति आर ने नवदुर्गा पूजा संचालन समिति को लेकर दो गुटों में मतभेद होने के कारण समिति भंग कर दी है। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी श्रीरामजानकी मंदिर कमेटी को सौंपी है। मंदिर कमेटी के सदस्यों में से जो भी नवदुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष बनने के इच्छुक होंगे उनके नाम की पर्ची एसडीएम, सीओ व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में मंगलवार को 11 बजे निकाली जाएगी।

# महिला सुरक्षा से संबंधित कानून के बारे में दी जानकारी

बांसी। मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवार को बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम शेषमणि चतुर्वेदी इंटर कॉलेज बसडीला मरवटिया बाजार में आयोजित किया गया। महिला कल्याण विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने महिला कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, कन्या सुमंगला योजना, बालश्रम के रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, तथा चाइल्ड लाइन 1098, एवं महिला हेल्प लाइन 181 घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी। रोमा पांडेय ने बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के बारे में बताया। इस अवसर पर अनुसुइया चतुर्वेदी, भूपेंद्र चतुर्वेदी, अजय कुमार, वीरेंद्र यादव, शैलेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

# रात में हुई मारपीट, सुबह सुलह

तुलसियापुर। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के भोजवारी ग्रांट में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक व्यक्ति को चोट लग गई।

सोमवार को दोनों पक्षों ने थाने पर सुलहनामा जमाकर किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। मारपीट की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो दोनों पक्षों ने सुलह होने की बात कही और सुलहनामा लिख दिया।

इस संबंध में एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों ने स्वेच्छा से सुलहनामा लिखकर थाने में दे दिया है। संवाद

# व्यापारी का पांच लाख उड़ाया, डिग्गी से जेवरात चोरी

- इटवा में दो बड़ी घटनाओं से व्यापारियों व आम नागरिकों में भय
- पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम जांच में जुटी

जागरण संवाददाता, इटवा : इटवा थाना क्षेत्र के इटवा कस्बे में उचक्कों ने ताबड़तोड़ दो घटना को अंजाम देकर सनसनी मचा दी है। एक घटना में व्यापारी से पांच लाख रुपये उचक्कों ने उड़ा दिये तो तो दूसरी घटना में स्वर्णकार की बाइक डिग्गी से एक लाख से ऊपर के चांदी के आभूषण चुराकर वह फरार हो गये। घटनाओं के पर्दाफाश के लिए एसओजी, थाना पुलिस और सर्विलांस की टीम लगाई गयी है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

इटवा-बढ़नी मार्ग पर व्यापारी सुभाष चंद्र की किराने की दुकान है। इन्होंने बलरामपुर जनपद के व्यापारी राजेश के यहां से चीनी मंगाई थी। डीसीएम पर सामान आया। दुकानदार ने व्यापारी राजेश के मुनीम जो वाहन चालक भी हैं, को पांच लाख, 400 रुपये नकद सामग्री के भुगतान के रूप में दिया। चालक रुपया लेकर 200 मीटर दूर खड़ी डीसीएम के पास गया और सीट पर रुपया रखकर गाड़ी के पीछे का ढाला बंद करने लगा। इसी बीच किसी ने रुपये उड़ा दिया। जैसे ही चालक वापस आया तो देखा कि पैसा गायब है। उसने तुरंत इसकी सूचना व्यापारी को दी। दूसरी घटना इटवा के मस्जिदिया बिस्कोहर रोड निवासी अशोक सोनी के साथ घटना हुई। स्वर्णकार अशोक ने बताया कि वह अपनी बाइक से इटवा आए। डिग्गी में एक किलो 300 ग्राम चांदी के आभूषण रखे हुए थे। बाइक खड़ी करके काम करने लगे। करीब 10 मिनट में ही वापस आये तो देखा कि डिग्गी का लाक टूटा है और आभूषण गायब हैं। घटना से संबंधित सूचना उन्होंने थाने पर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि न्यायालय में आए हैं। व्यापारी से जो घटना हुई है, उसके बारे में पता चला है। पुलिस मामले की जांच में टीम लगी हुई है।



इटवा में पांच लाख रुपये चोरी की घटना का दृश्य सीसी कैमरे में • इंटरनेट मीडिया

# दुष्कर्म के मामले में दोषी किशोर को सात वर्ष की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी किशोर को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

मामला उसका बाजार थानाक्षेत्र का है, जो 28 जून 2017 को हुआ। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि 27 जून 2017 को वह पति के साथ रिश्तेदारी में गई थी। उसकी सास नौ वर्षीय बेटी व अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर रात में सोई थी। 27 जून की रात उसके ही गांव का किशोर उसकी लड़की को सोते समय उठाकर घर से थोड़ी दूरी पर उसके ही खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर भाग गया। पति 28 जून की सुबह घर गए तो लड़की की तबीयत खराब देखी।

अदालत से

पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना की और दुष्कर्म, पॉक्सो, मारपीट व दलित उत्पीड़न के अपराध में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने गवाहों की गवाही, जिरह, मेडिकल रिपोर्ट, वारदात के तथ्यों एवं परिस्थितियों व अन्य सुसंगत दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर किशोर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

न्यायालय ने अर्थदंड की 90 फीसदी राशि पीड़िता को देने का आदेश देते हुए क्षतिपूर्ति पाने के आदेश की प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी। न्यायालय ने जेल अधीक्षक को किशोर को 21 वर्ष की आयु पूरी करने तक उसे सुरक्षित स्थान पर रखते हुए शैक्षिक सेवाएं, कौशल विकास, मनोचिकित्सकीय सहायता सहित सुधारात्मक सेवायें प्रदान करने के लिए आदेशित किया।

# नहाने गए दसवीं के छात्र की डूबकर मौत

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, खेसरहा थाना क्षेत्र के बूधा नदी में हुई दुर्घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**खेसरहा।** खेसरहा थाना क्षेत्र के बोड़िहार जंगल के पास रविवार को बूधा नदी में नहाने गए कक्षा के 10 के छात्र की डूबकर मौत हो गई। सोमवार को उसका शव मिला। प्रशासन ने पीएसी 20 बटालियन बाढ़ राहत कंपनी के गोताखोर टीम को सोमवार सुबह युवक की तलाश में लगाया था। शव मिलने के बाद पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मो. जीशान। (फाइल फोटो)

खेसरहा थाना क्षेत्र अंतर्गत बौड़िहार जंगल के पास रविवार को दोस्तों के साथ बूधा नदी में नहाने गया फरीदाबाद गांव निवासी जीशान (18) पुत्र हबीबुल्लाह नदी में छलांग लगाने के बाद से लापता हो गया। सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन कराने का प्रयास किया, लेकिन नदी में पानी अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिली।

हालांकि लोग घटना के बाद से ही युवक के डूबने की आशंका जता रहे थे। सोमवार सुबह से ही युवक की तलाश में पीएसी 20 बटालियन के गोताखोर व मोटरबोट युवक की तलाश में लग गए। 11 बजे के करीब खोजी टीम ने युवक के शव को नदी में ढूंढ लिया।

शव देखते ही मौके पर मौजूद मृतक जीशान के वालिद हबीबुल्लाह की जान ही निकल गई। वह सिर थाम कर बैठ गए। जीशान के बड़े भाई का रो-रोकर बुरा हाल था। लोग उस घड़ी को कोस रहे थे। जब रविवार को वह कुछ लड़कों के साथ वह नहाने चला आया। लोगों के अनुसार वह पहली बार नदी में नहाने गया था।

जीशान खेसरहा स्थित धूपा देवी इंटर कॉलेज में दसवीं का छात्र था। बताया गया कि चार भाइयों में वह सबसे छोटा और लाडला था। घटना की सूचना मिलते ही जीशान के तीनों बड़े भाई मुंबई से घर पहुंच गए है। जीशान की मां सहित बहनों का भी रो- रोकर हाल बेहाल था।

इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# कुएं में कूदकर युवक ने जान दी

### शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के बगही का मामला

**घोसियारी।** शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के करही- बगही गांव के टोला बगही गांव में सोमवार को एक युवक ने कुएं में कूदकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बाहर निकलवाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों के मुताबिक वह मानसिक रूप से बीमार था। मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।



राजेश। (फाइल फोटो)

क्षेत्र के बगही गांव निवासी राजेश त्रिपाठी उर्फ डब्लू (40) पुत्र धनुषयज्ञ सोमवार सुबह नौ बजे के करीब गांव में ही पानी से भरे कुएं में कूद गया। वहां आसपास के मौजूद लोगों ने राजेश त्रिपाठी को कुएं में कूदते देख शोर मचाने लगे। आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। लोग कुएं से राजेश को निकालने का प्रयास करने लगे, लेकिन कुआं गहरा एवं पानी से भरा होने के कारण असफल हो रहे। ग्रामीणों ने तुरंत पंपिंग सेट से कुएं का पानी निकलवाया, लेकिन जब तक लोग राजेश को बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था। राजेश अपने पिता के दो बेटों में बड़ा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक दस वर्षीय बेटी तवासी एवं पांच वर्षीय बेटे सुतछ को छोड़ गया। इस घटना से जहां हर किसी की आंखें नम थीं।

वहीं, पत्नी सहित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में शिव नगर डिंडई थाना प्रभारी शशांक सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है।

# राजनीतिक रोटी सेंकने में बढ़ता गया विवाद

## शुरुआती दौर में कम थी फोर्स, मौके का फायदा उठाकर निकल गए नेपाल वाले

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे में हुए विवाद की नींव 12 घंटे पहले शनिवार रात 8:00 बजे ही पड़ गई थी, जब व्यापारियों ने अगले दिन रविवार को दुकानों की बंदी का निर्णय किया, तभी यह संदेश पूरे कस्बे में फैल गया।

एक ओर बंदी के लिए व्यापारियों को लामबंद किया गया, तो दूसरे ओर कुछ लोगों ने अपने घरों की छतों पर ईंट-पत्थर रख लिए। इसके साथ ही कुछ लोगों ने पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के लोगों को भी बुला लिया। जब बंदी शुरू हुई तो कम पुलिस फोर्स के कारण दो पक्षों में टकराव हुआ। इसी मौके पर राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश भी हुई और विवाद बढ़ता चला गया।

### बढ़नी कस्बे में 12 घंटे पहले ही पड़ गई थी विवाद की नींव

बढ़नी कस्बे में रविवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि के साथ व्यापारियों ने एसडीएम चंद्रप्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा और जेल में बंद बालिका से दुष्कर्म के आरोपी निसार कुरैशी को फांसी की सजा और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई।

कस्बे में बंदी के दौरान नगर पंचायत में चेयरमैन प्रत्याशी रह चुके एक व्यक्ति दरी पर बैठकर इंसाफ मांगने लगे, हालांकि वह कुछ देर बाद ही चले गए। इस दौरान नगर पंचायत से चेयरमैन पद के चुनाव पर दाव आजमा चुके एक व्यापारी भी सक्रिय दिखे, जबकि एक और व्यापारी भी सक्रिय हुए, जिनके भाई चेयरमैन रह चुके हैं। ये ऐसे दृश्य थे, जिसे देखकर लोगों ने प्रथम दृष्टया ही अंदाज लगा लिया कि राजनीतिक रोटी सेंकी जा रही है। इसके साथ ही जिले के दो नेताओं के समर्थकों की भूमिका पर भी चर्चा हो रही।

> व्यापारियों ने दुष्कर्म के आरोपी को सख्त सजा दिलाने की मांग की और व्यापारी अब भी अपनी मांग पर कायम हैं। जिन लोगों ने कस्बे में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। - **सुनील अग्रहरि**, चेयरमैन नगर पंचायत, बढ़नी

> बढ़नी कस्बे में हुए बवाल के मामले में जिनकी भूमिका है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम ने वीडियो, सीसी फुटेज से 24 लोगों को चिह्नित करके पुलिस को दिया है। बिना किसी राजनीतिक दवाब के कार्रवाई की जा रही है। कस्बे में अब स्थिति सामान्य हो गई है। -**डॉ. राजा गणपति आर**, जिलाधिकारी

पुलिस प्रशासन के लोगों ने भी तनाव पूर्ण माहौल के दूसरे घटना की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की। एक दुकान को बंद कराने के दौरान लोग उग्र हुए और उन्होंने आरोप लगाया कि घरों में नेपाली नागरिक बवाल करने के लिए बुलाए गए हैं। इस मौके पर बवाल की स्थिति की अपेक्षा पुलिस फोर्स कम थी। इस कारण बाहरियों को पकड़ने में स्थानीय लोग ही दौड़ते रहे।

# सुरक्षा के उपाय का पालन करें पटाखा कारोबारी

**डुमरियागंज।** दीपावली पर पटाखा की दुकानदारों को शासन के दिशा-निर्देशो का शत-प्रतिशत पालन कराने को लेकर सोमवार को एसडीएम और सीओ ने बैठक की।

उन्होंने क्षेत्र के हल्लौर स्थित आम की बाग में संचालित पटाखा की दुकानों का निरीक्षण कर पटाखा बिक्री के दौरान अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय करने का निर्देश दिया। वहां बालू से भरी बालटियों और फायर सिलिंडर सहित सभी उपकरण दुरुस्त रखने की हिदायत दी।

दीपावली में कस्बे में पटाखे की तीन दिन दुकानें लगाने के लिए तहसील प्रशासन ने स्थान निर्धारित किया है। इसके तहत क्षेत्र के हल्लौर स्थित सेंट थॉमस स्कूल के सामने आम के बाग में लाइसेंसी पटाखा की दुकानें दुकानदारों द्वारा लगाई जाती है। संवाद

# बाजार बंद होने से बढ़ गई रोज कमाने-खाने वालों की मुसीबत

## लोग बोले-बाजार बंद होने के कारण नहीं मिला काम, अगर और होती बंदी तो परेशानी और बढ़ जाती

संवाद न्यूज एजेंसी





बढ़नी कस्बे में डीएम की पहल पर दोपहर बाद खुलने लगीं दुकानें। शाम को बाजार में चहल-पहल हो गई। संवाद

**ढेबरुआ।** बढ़नी कस्बा मार्केट नेपाल सीमा से सटा हुआ है। मार्केट में प्रतिदिन हजारों की संख्या में नेपाल के नागरिक जरूरत के सामान खरीदने आते हैं, लेकिन बृहस्पतिवार को एक बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर बढ़नी कस्बे में आरोपी को फांसी की सजा व उसके घर पर बुलडोजर चलवाने की मांग को लेकर बाजार बंद करवाया गया।

इसको लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और मार्केट बंद हो गया। जिससे करोड़ों का व्यवसाय ठप हो गया। लोगों को रोजमर्रा के सामानों के लिए तरसना पड़ा। ठेले लगाने वाले, रिक्शा चलाने वाले, सब्जी बेचने वाले, ठेले पर चाय और फास्ट फूड बेचने वालों सहित अन्य छोटे व्यापारियों पर संकट खड़ा हो गया था।

सोमवार को दूसरे दिन जब हालात का जायजा लेने पहुंचे तो रोज कमाने और खाने वालों ने अपनी परेशानी बयां की। उनका कहना था कि अगर बंदी दो दिन से अधिक होता तो भोजन पर संकट आ जाता है। वहीं, कारोबारियों ने दबी जुबान से घटना को गलत करार दिया। उन्होंने कहा कि अमन चैन बिगाड़ने की कोशिश की गई है।

फल विक्रेता, रोहित कुमार गौतम ने बताया की बढनी बजार में फल की दुकान लगाते हैं। नवरात्र का त्योहार चल रहा है। भारी मात्रा में फल की वैरायटी मंगाया था। विवाद के चलते पूरा मार्केट बंद होने से बहुत नुकसान हुआ है।

व्यापार में घाटा लग गया। बहुत सारे फल खराब हो गए। परिवार चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

सब्जी विक्रेता, शिव कुमार ने कहा की बढनी बाजार में सब्जी व फल का ठेला लगता हूं। बाजार बंद होने से समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी कमाई से रोजमर्रा के सामान खरीद कर घर परिवार चलाते हैं। रविवार को घर पर चूल्हे नहीं जले। सोमवार को दोपहर बाद मार्केट खुलने से की उम्मीद है।

### बाजार बंदी पर बोले लोग

नेपाल के चनरौटा रमेश व गोरसिंगिया निवासी निर्मला थारू ने बताया कि 40-50 किलोमीटर की दूरी तय कर बढ़नी आए थे। कुछ जरूरी सामान खरीदना था, लेकिन जब पहुंचे तो दुकानें बंद मिलीं। मायूस होकर घर लौटना पड़ा। पता नहीं कब दुकानें खुलेंगी।



बढ़नी कस्बे में रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करता हूं। जिस दिन रिक्शा बंद हो जाती है। उस दिन परिवार का पेट भरने में बहुत मुश्किल होती है। - **आसिफ,** स्थानीय निवासी



बढ़नी कस्बे में दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। कस्बा बंद हो जाने से रोजी रोटी के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। जब से कस्बा बंद है। -**बढ़काऊ,** दिहाड़ी मजदूर

# दहशत में गुजरा दिन...बवाल के आठ आरोपी गिरफ्तार

## सीसीटीवी कैमरे और वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने 24 और उपद्रवियों को चिह्नित किया, अधिकारियों की अपील पर दोपहर दो बजे के बाद खुलीं कस्बे की दुकानें

संवाद न्यूज एजेंसी



ढेबरुआ पुलिस की गिरफ्त में बढ़नी कस्बे में हुई विवाद के आरोपी। संवाद

दुष्कर्म आरोपी को फांसी की सजा की मांग और बाजार बंद कराने को लेकर हुआ था बवाल

**24** उपद्रवियों को भी चिह्नित किया, उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामार कार्रवाई की जा रही

**बढ़नी।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बे में मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर रविवार को हुए बाजार बंद कराने के दौरान हुए बवाल में पुलिस ने सोमवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से वे जेल भेज दिए गए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने 24 और उपद्रवियों को भी चिह्नित किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

उधर, बवाल का असर सोमवार को भी कस्बे में देखा गया। लोग सहमे हुए नजर आए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात होने के बाद भी उन्हें किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह मय फोर्स के साथ संवेदनशील जगहों पर पैदल मार्च करते रहे।

जो कस्बा लोगों से भरा रहता था, वह वीरान था। इक्का-दुक्का लोग ही बाहर दिखाई दिए तो एहतियात के तौर पर पुलिस उन्हें घर जाने के लिए कहती रही। कस्बे में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। साथ ही आलाधिकारी पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे। दोपहर दो बजे तक कस्बे की दुकानें बंद रहीं। हालांकि उसके बाद डीएम और एसपी की अपील के बाद एडीएम की अगुवाई में दुकानें खुलवा दी गईं।

इसके पहले रविवार रात में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. व एसपी प्राची सिंह ने अधिकारियों के साथ कस्बे का जायजा लिया। उसके लगभग आधे घंटे बाद पुलिस ने कस्बे में एनाउंस कर लोगों को घरों से निकलने और दुकानें खोलने पर पाबंदी लगा दी। तनाव के दूसरे दिन कस्बे के गोलाबाजार, चट्टी बाजार, राम जानकी मंदिर रोड सहित माल गोदाम, स्टेशन रोड की दुकानों को प्रशासन ने बंद करा दिया, सुबह व्यापारियों ने दुकानें खोलनी शुरू की तो, प्रशासन ने कस्बे में घूम-घूमकर सारी दुकानें बंद करा दीं। माल गोदाम से गोला बाजार में लोगों के आवागमन पर पाबंदी लगा दी गई थी।

क्षेत्र में पूरी तरह से कर्फ्यू जैसा माहौल दिखा। नवरात्र में दुकानों के बंद होने एवं फल इत्यादि न मिलने से कस्बे में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### जेल भेजे गए आठ आरोपी

रविवार को दुकान बंद करवाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी में दुष्कर्म के विरोध में रविवार को दुकान बंद करवाने के दौरान दो संप्रदायों के बीच विवाद हो गया, जिसमें सुमित पांडेय निवासी वार्ड नंबर-2 मुड़िला नगर पंचायत बढ़नी, भरत संजय [illegible] निवासी वार्ड नंबर-10 [illegible] नगर पंचायत बढ़नी, तौकीर अहमद निवासी वार्ड नंबर-11 गोलाबाजार, शकील अहमद निवासी वार्ड नंबर-11 गोलाबाजार बढ़नी, मो. जुनैद निवासी वार्ड नंबर-2 मुड़िला बढ़नी, मो. साहिद निवासी गोला बाजार बढ़नी, फराज अहमद साकिन वार्ड नंबर-1 अंबेडकरनगर बढ़नी, आनंद पांडेय निवासी [illegible] थाना ढेबरुआ को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। इनके ऊपर दंगा भड़काने व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। प्रशासन के मुताबिक सीसीटीवी कैमरा और वीडियो के जरिये 24 अन्य लोगों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है।




# शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले जाएंगे जेल : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** पिछले दिनों बढ़नी में एक दुराचारी के खिलाफ फांसी देने व उसके घर बुलडोजर चलाने आदि मांगों को लेकर एक समुदाय दुकानें बंद कराने लगे। इसको लेकर दोनों समुदाय में झड़प हो गई और माहौल खराब हो गया था।

तहसील क्षेत्र में दुर्गा पूजा व दशहरा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सोमवार को तहसील सभागार में डीएम डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। डीएम ने बढ़नी नगर के लोगों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब दुराचारी गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया, तो फांसी लगाने व बुलडोजर चलाने की बात कहां से आ गई। फांसी देना व बुलडोजर चलाना कोर्ट का कार्य है। पुलिस का कार्य केस दर्ज कर अपराधी को सजा दिलाने की पैरवी करना है।

बढ़नी के लोगों ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ने का कार्य किया है। शांति-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बढ़नी में जिन लोगों ने माहौल बिगाड़ा है, उन पर हर हाल में केस दर्ज होगा। डीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा को भाईचारे के साथ संपन्न कराएं।

### डीएम से बोले

बैठक में पूर्व प्रधान अभय प्रताप सिंह ने डीएम को अवगत कराते हुए कहा कि शोहरतगढ़ में दुर्गा पूजा संचालन समिति के दो दावेदार बनने से लोग असमंजस में हैं। डीएम ने कहा कि दोनों लोगों को दुर्गा पूजा संचालन समिति की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाता है, और श्रीराम जानकी मंदिर कमेटी के किसी सदस्य को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मंदिर कमेटी की सदस्य किसी को दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष चुन सकती है। इस बात को लेकर शोहरतगढ़ दोनों दावेदार सहमति जताई। अब मंदिर समिति पुनः दुर्गा समिति संचालन अध्यक्ष चुनेगी। इस दौरान एसडीएम उत्कर्ष, एसडीएम चंद्र भान सिंह, रवि अग्रहरि, सुशील कुमार अग्रहरि, अभय प्रताप सिंह, सतीश मित्तल, निसार बाबी आदि मौजूद रहे।

# जिसके लिए हुआ प्रदर्शन वह डर कर घर में हैं



बढ़नी कस्बे में सुबह छाया सन्नाटा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बढ़नी। बढ़नी कस्बे में जिस परिवार की बेटी को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन हुआ, वह परिवार डर की वजह से घर में दुबका हुआ है। बालिका के पिता को डर है कि आरोपी जमानत पर बाहर आएगा तो उल्टे उसे ही प्रताड़ित करेगा, क्योंकि पीड़ित की माली हालत ठीक नहीं है।

बालिका के पिता ने बताया कि आरोपी निसार कुरैशी का परिवार मनबढ़ है। उसकी और उसके परिवार की चिंता है कि अगर वह जमानत पर छूट कर जेल से बाहर आता है तो उसके साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है। उसकी मांग है कि उसे सुरक्षा प्रदान की जाए।

## मुहल्ले में बने दुर्गा पंडालों पर पसरा सन्नाटा

बढ़नी। बढ़नी कस्बे में नवरात्रि के पर्व पर विभिन्न मुहल्ले में बने दुर्गा पंडालों में सन्नाटा पसरा हुआ था। कई जगह मूर्तियां बैठ गई है, लेकिन प्रशासन के सख्ती की वजह से लोग घर से निकल कर पंडालों की तैयारी करने में असहज महसूस कर रहे हैं, पंडालों में कमेटी के इक्का दुक्का लोग दिख रहे हैं, लेकिन तैयारियां धीमी पड़ गई है। संवाद

बढ़नी कस्बे में हुए विवाद के मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। पहले दिन तीन नामजद , 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। सोमवार को पांच और लोगों को चिह्नित करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए लोगों में एक भी नेपाली नागरिक नहीं है।

-प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# सीसीटीवी में दिख रहा चोर पुलिस की पकड़ से दूर

**संतकबीरनगर।** जनपद के कांटे चौकी से महज एक किलोमीटर दूर बीते गत दिवस रात्रि में भुजैनी चौराहे चोर ने घटना को अंजाम दिया था। चोरी की इस घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद उसकी तलाश में पुलिस जुटी है लेकिन पुलिस की हर तकनीक नाकाम रही है। विदित हो कि कांटे चौकी से एक किलोमीटर दूरी पर नेशनल हाईवे पर स्थित भुजैनी चौराहे पर जलपान की खुली दुकान बलराम गुप्ता के मकान पर बीते दो अक्टूबर की रात मे बगल छप्पर मकान से होकर अज्ञात चोर ने पीड़ित के मकान मे घुसकर नगद ₹ के साथ साथ मोबाइल लैपटाप लेकर चलता बना जबकि घटना का अंजाम देने के बाद दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी मे चोर जाते दिखाई दे रहा है लेकिन उसकी तलाश में पुलिस की हर तकनीक नाकाम ही रही है। पीड़ित ने बताया कि चोरी को अंजाम देने वाले चोर की फुटेज मौजूद है। दुकानदार ने फुटेज पुलिस को सौंप दी है। इसके बावजूद भी चार दिन बीत गए अभी तक पुलिस चोरी का कुछ भी पता लगाने मे असफल रही है।

# साबरमती ट्रेन के इंजन में साइकिल फंसने में संदिग्ध युवक को पुलिस ने पकड़ा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** दो दिन पूर्व खलीलाबाद शहर के पुरानी एआरटीओ आफिस के निकट साबरमती एक्सप्रेस के इंजन में साईकिल फंस जाने के मामले पुलिस जांच में जुटी थी। इस घटना में सीसीटीवी कैमरे की मदद से पटरी पर साइकिल रखने वाले संदिग्ध युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवक से रेलवे और स्थानीय पुलिस कोतवाली खलीलाबाद में पूछताछ कर रही है। इसके पीछे उसका उद्देश्य क्या था इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। विदित हो कि शनिवार को शहर के पुरान एआरटीओ आफिस के निकट रेल की पटरी पर साईकिल रखी हुई थी। सुबह के समय गोरखपुर से जा रही साबरमती एक्सप्रेस के

**हिरासत में लेकर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस कोतवाली खलीलाबाद में कर रही है पूछताछ**



इंजन में साईकिल फंस गई। लोको पायलट ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था और इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी थी। सूचना मिलते ही रेलवे व पुलिस महकमे में हड़कंप मच गयाथा। एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी सुशील कुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस ट्रैक पर साईकिल रखने वाले की तलाश में रेल की पटरी के आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि के जरिए घटना की जांच में जुटी थी। जहां पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में शनिवार को भोर में रेलवे पटरी की तरफ एक संदिग्ध युवक साईकिल ले जाता हुआ दिख रहा था। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। उक्त संदिग्ध युवक से रेलवे और स्थानीय पुलिस थाना कोतवाली खलीलाबाद में पूछताछ कर रही है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर देशी शराब की शीशियां बरामद

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने सहयोगी पुलिसकर्मी की मदद से रविवार को थाना क्षेत्र के तिघरा गांव स्थित नहर के माइनर के समीप एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर के कब्जे से बेचने के लिए ले जाई जा रही दो गत्ते में भरी 90 शीशी देशी शराब की शीशियां बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्कर के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**महुली थांना क्षेत्र के नोक्ता गांव का निवासी है गिरफ्तार शराब तस्कर**

जानकारी के अनुसार मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी अमरजीत यादव रविवार की शाम समन तामिला हेतु मुखलिसपुर कस्बे में मौजूद था उसी दौरान उसे सूचना मिली कि एक शराब तस्कर साइकिल पर सफेद बोरे में कुछ संदिग्ध सामान लेकर मुखलिसपुर नहर के किनारे की सड़क से होकर आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिसकर्मी तिघरा गांव स्थित नहर के माइनर पर पहुंच गए उसी दौरान एक व्यक्ति साइकिल पर सफेद बोरी में सामान बांधकर आता दिखाई दिया तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया और नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम-पता क्रमशः परशुराम चौहान पुत्र स्व.बलेसर निवासी ग्राम नोक्ता थाना महुली बताया। साइकिल बर बधे बोरे को खोलकर देखने पर उसमें रखे दो गत्ते में कुल 90 शीशी बन्टी बबली टीट्रा ब्रांड देशी शराब बरामद हो गया। पुलिस ने शराब तस्कर परशुराम चौहान को गिरफ्तार कर लिया और उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी।

# धर्म संपरिवर्तन मामले में दो आरोपी भेजे गये जेल

संतकबीरनगर। धर्म संपरिवर्तन मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक आरोपी को नेदुला बाईपास के बाद से गिरफ्तार कर 06 अक्टूबर को ही न्यायालय रवारना किया था। वहीं दूसरे आरोपी को सोमवार को ग्राम गरथवलिया के पूरब स्थित नहर के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय/जेल रवाना किया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर पर अभियुक्त श्रवण पुत्र झिनकान निवासी गुलरिया सिरमा सिसवा जनपद बस्ती व उसके दो साथियों के विरुद्ध लोगों को लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने व हिन्दू देवी देवताओं के संबंध में अपमानजनक शब्द कहने, हिन्दू औरतों से अपना बिछिया, पायल एवं गले में पहने ओम के लाकेट उतरवा देने, हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियों फेकने के लिए कहने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त आरोपी को प्र.नि. सतीश कुमार सिंह, हे.कां. धर्मेन्द्र कुमार, कां. आदित्य सिंह ने रविवार को गिरफ्तार किया था।

# पत्नी को भगा कर ले जाने का लगाया आरोप

मेंहदावल । थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपनी पत्नी को भगा ले जाने का आरोप गांव के कुछ युवकों पर लगाया है। आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मेंहदावल पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम गुदरिंहवा निवासी केश पुत्र पुरुषोत्तम ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि अखिलेश पुत्र कोइल, भालचंद्र पुत्र कोइल, कोइल पुत्र रसियावन, धर्मेंद्र पुत्र कोइल ने साजिश के तहत मेरी पत्नी मंजू को बहला फुसला कर भगा लिया है। जबकि मंजू के पास एक पांच वर्ष का लड़का है जिसका नाम कन्हैया है। वह घर पर ही है और रो-रो कर उसका बुरा हाल है। घटना की जानकारी के बाद मंजू की तलाश की गई लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है। पूछने पर विपक्षीगण अपशब्द कह रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच में जो तथ्य सामने निकलकर आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रेलमार्ग सुरक्षा को लेकर एसपी ने की बैठक

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** पुलिस लाइन सभागार कक्ष में रेलवे मार्ग सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बैठक की। उन्होंने रेलमार्ग सुरक्षा को लेकर पुलिस बल, रेलवे कर्मचारीगण, रेलवे पुलिस, संभ्रांत व्यक्तियों व ग्राम चौकीदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एसपी ने रेलवे मार्ग व आसपास के शहर क्षेत्र में रात्रि चेकिंग व पैदल गश्त करने, पैदल गश्त के दौरान आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान सहित पुलिस व रेलवे कर्मचारीगण मौजूद रहे।



रेलमार्ग सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में बैठक करते एसपी। फोटो : एसएनबी

# मेंहदावल नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान से मचा हड़कंप

**मेंहदावल (एसएनबी)।** नगर क्षेत्र में देर शाम ईओ के आदेश पर नगर पंचायत प्रशासन व के अतिक्रमण विरोधी संयुक्त अभियान से हड़कंप मच गया है। कस्बे के मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने का अभियान चला जिसमें सड़कों पर अतिक्रमण जमाये व्यापारियों का अतिक्रमण ही नहीं हटा बल्कि अतिक्रमण करने वालों की जमकर क्लास लेते हुए कड़ी फटकार भी लगाई। इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया।

नगर पंचायत क्षेत्र मेंहदावल में बढ़ते अतिक्रमण के कारण जहां सड़के सिकुड़ गई थी वही आए दिन जाम की स्थित से लोगों को दो-चार होना पड़ता था। लंबे समय से बढ़ते अतिक्रमण पर नकेल कसने की आवाज उठती रही पर प्रशासनिक नाकामी के कारण अतिक्रमण पर शिकंजा नहीं कसा जा सका था। बुधवार को ईओ पंकज कुमार के आदेश पर पुलिस व नगर पंचायत प्रशासन के नेतृत्व में मेंहदावल नगर के अंजहिया बाजार व चौक बाज़ार में जबरदस्त अतिक्रमण विरोधी अभियान चला जिसमें दर्जनों व्यापारियों द्वारा सड़क पर दुकान लगाएं व दुकान पर साजन करने तथा सड़क की पटरियों पर चौकी लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए प्रशासन के तेवर काफी सख्त दिखे। अतिक्रमण करने वालों को सख्त हिदायत दिया कि दुबारा सड़कों पर अवरोध उत्पन्न कर दुकान लगाए तो विधिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। पुलिस व नगर पंचायत प्रशासन के तेवर देखकर जहां अतिक्रमण करने वाले हलकान रहे वहीं नगरवासी प्रशासन के इस कार्रवाई की भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे है।

# बंदियों के प्रार्थना पत्र पर हो त्वरित कार्रवाई : एडीजे

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिला जज अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में हुआ।

उन्होंने सभी बंदियों के बैरक में जाकर उनसे बातचीत की तथा बीमार बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी हाल चाल लिया। अल्प वयस्क बंदियों के पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला कारागार में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई बंदी अपने मामले में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता चाहता है अथवा अन्य कोई प्रार्थना पत्र देता है तो उसका त्वरित निस्तारण कराया जाए। पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा जेलर को साफ-सफाई एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण में नवागत न्यायिक अधिकारी निधि मिश्रा एवं अभिनव त्रिपाठी के अलावा जिला कारागार के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं जेल में पराविधिक स्वयं सेवक मौजूद रहे।

**जिला कारागार का न्यायिक अधिकारी ने किया निरीक्षण**

# सार्वजनिक मार्ग पर दीवार खड़ी कर दबंगों ने अवरूद्ध किया मार्ग, गांव में तनाव

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव के मुख्य इण्टरलाकिंग मार्ग पर बीच में दीवार खड़ा कर कुछ दबंगों ने रास्ता अवरूद्ध कर दिया है साथ ही रास्ते की बची थोड़ी जगह पर पशुओं को बांधकर दबंग पूरे रास्ते की भूमि को जबरिया कब्जा कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को गांव के बाहर आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विरोध करने पर दबंगों द्वारा ग्रामीणों को मारने-पीटने और जान-माल की धमकी भी दी जा रही है जिसको लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ रहा है। पूरे मामले की शिकायत सोमवार को महुली पुलिस को दे दी गई है जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव निवासी हेमन्त कुमार पुत्र राम सिंह ने बताया है कि गांव में आने-जाने के लिए एक ही मुख्य मार्ग है जिस पर आवागमन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा इण्टर लाकिंग का निर्माण भी

**महुली थाना क्षेत्र के कोड़रा गांव का है मामला**



इण्टरलाकिंग मार्ग पर खड़ी की गई दीवार। फोटो : एसएनबी

कराया गया है। गांव के ही कुछ लोग दबंगई के बल पर उक्त मुख्य मार्ग के बीच में दीवार खड़ी कर दी है और दीवार खड़ी करने के बाद बचे रास्ते पर नाद रखकर पशुओं को खिला रहे हैं जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों और गांव की महिलाओं को गांव के बाहर निकलने में सर्वाधिक दिक्कतें हो रही है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि पुलिस और तहसील प्रशासन से इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे रास्ता अवरूद्ध करने वाले दबंगों का हौसला बुलन्द है। रास्ता अवरूद्ध होने को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महुली हरेश तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है मौके पर पुलिस बल भेजकर पूरी जानकारी करने के बाद राजस्वकर्मियों के सहयोग से कार्रवाई की जाएगी।

**दवा की कीमत के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में भिड़न्त**

# आठ को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी पुलिस

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थानान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैंसर बाजार (मलौली) के गेट के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा की कीमत के लेन-देन को लेकर मेडिकल स्टोर संचालक सोमवार की शाम विवाद पर उतारू हो गए और दवा खरीदने पहुंचे एक युवक के उपर हमला कर दिया। उसके बाद युवक के साथ कुछ सहयोगी भी पहुंच गए और मेडिकल स्टोर संचालकों और युवकों के बीच भिड़न्त हो गई। इस दौरान कुछ लोगों को चोटे भी आई है।

घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और विवाद में शामिल दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया जहां पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर-छितौनी गांव निवासी रामनरायन सिंह पुत्र स्व. तेज बहादुर सिंह अपने किसी परिजन का इलाज कराने सीएचसी हैंसर बाजार (मलौली) सोमवार को गए थे जहां चेकअप के बाद अस्पताल गेट के बाहर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदा। बताया जाता है कि दवा की कीमत मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा 750 रूपए मांगी गई तो रामनरायन सिंह मात्र 500 रूपया होने की बात कहते हुए दवा वापस करने को कहा.जिस पर मेडिकल स्टोर संचालक विवाद पर उतारू हो गया और दोनों के बीच भिड़न्त हो गई। इसी दौरान रामनरायन सिंह के कुछ सहयोगी भी मौके पर पहुंच गए और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारा-मारी शुरू हो गई। अस्पताल गेट के बाहर स्तित मेडिकल स्टोर के सभी संचालक एकजुट होकर युवकों से भिड़ गए। इसी बीच सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मारामारी कर रहे एक पक्ष से थाना क्षेत्र के रामपुर-छितौनी गांव निवासी रामनरायन सिंह पुत्र स्व.तेज बहादुर सिंह,अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र प्रेमनरायन सिंह व विलकी सिंह पुत्र गुलाब सिंह तथा दूसरे पक्ष से थाना क्षेत्र के बकैनिया-पकड़ी गांव निवासी मेडिकल स्टोर संचालक बृजेश कुमार अग्रहरि पुत्र त्रिलोकी अग्रहरि, अवधेश कुमार पुत्र राजदेव, मनोज व किरन कुमार पुत्रगण त्रिलोकीनाथ तथा थाना क्षेत्र के अहरा गांव निवासी मैनुद्दीन पुत्र तूफानी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया जहां पुलिस सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैंसर बाजार के गेट के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर का है मामला**

# महिला के उपर नाबालिग किशोरी के अपहरण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के दीपपुर-डिहवा गांव निवासी एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने का आरोप गांव निवासी एक महिला के उपर लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के दीपपुर-डिहवा गांव निवासी भगानी देवी पत्नी रामाज्ञा ने बताया कि उसके गांव के निवासी रंजना देवी पत्नी जय सिंह ने रविवार की शाम 4 बजे उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसे लेकर कहीं दूर अज्ञात स्थान पर चली गई है। नात-रिस्तेदार एवं क्षेत्र जवार में काफी खोजबीन करने के बाद भी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला रंजना देवी के विरूद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी और नामजद आरोपी महिला की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही किशोरी समेत आरोपी महिला को कब्जे में लेकर आरोपी महिला के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दुर्गा प्रतिमा स्थापना व विसर्जन तक की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करें अधिकारी : एडीजी

नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली परम्परागत ढंग से मनायें जनपदवासी : मण्डलायुक्त

अधिकारीगण दुर्गा पूजा आयोजक मण्डली के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक तैयारी करें पूर्ण : आईजी

दुर्गा पूजा/नवरात्र, दशहरा एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा बैठक

संतकबीरनगर(एसएनबी)। दुर्गा पूजा नवरात्रि, दशहरा, दीपावली सहित आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत संबंधित विभागों द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार ने की। बैठक में मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज के साथ जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. केएस प्रताप कुमार ने त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को कायम रखते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में परंपरागत तरीके से एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं के आदर के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की है। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना से लेकर प्रतिमाओं के विसर्जन तक के समस्त कार्यों, तैयारियों एवं विशेष तौर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से बार-बार क्रास चेकिंग करा लिया जाय। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्व निर्धारित रास्तों से ही गुजरते हुए निर्धारित स्थलों पर ही किया जाय। विसर्जन के रास्तों में बिजली के पोल, विद्युत तारों, केबल व सड़कों की स्थिति सहित साफ-सफाई आदि को संबंधित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं विभागीय अधिकारीगण स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर लें और किसी भी संभावित दुर्घटना के कारणों को समय रहते ठीक कर लिया जाय। सभी आवश्यक जगहों के साथ-साथ विसर्जन जुलूस के साथ समुचित पुलिस बल का डिप्लायमेन्ट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने जनपद में दुर्गा पूजा/नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले आयोजनों जैसे दुर्गा पाण्डालों में मूर्तियों की स्थापना से लेकर मंचन, समापन एवं विसर्जन तक को सकुशल एवं सुरक्षित रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत प्रशासन/पुलिस प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों की तहसीलवार/थानावार जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री जी की मंशा को जाहिर करते हुए कहा कि त्योहारों को मनाये जाने के दौरान आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, दुर्गा पूजा पाण्डालों को सड़कों पर न लगाया जाय, डीजे एवं अन्य वाद्ययंत्रों को तेज आवाज में न बजाया जाए, प्रतिमाओं/मूर्तियों की ऊंचाई ज्यादा न रखी जाय, जिससे बिजली के तारों आदि में छू जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और यदि किसी स्थान पर प्रतिमा की ऊंचाई अपेक्षाकृत अधिक है तो संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि विसर्जन के दौरान रास्तों में किसी प्रकार का कोई अवरोध न हो। मण्डलायुक्त ने सभी उप जिलाधिकारीगण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित अन्य संबन्धित अधिकारियों से तैयारियों/कृत कार्यवाइयों के संबंध में विशेष जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार बार-बार स्थलीय भ्रमण कर पहले से ही करते हुए संभावित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर लिया जाये। शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, त्योहारों का मूल उद्देश्य भंग करने अथवा किसी भी अन्य तरीके से जैसे-व्हाट्सएप, फेसबुक, इन्स्टाग्राम व अन्य किसी सोशल मीडिया मंच पर भ्रामक टिप्पणी करने या किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाय। आईजी बस्ती मण्डल बस्ती आरके भारद्वाज ने जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के सुचारु संचालन के संबन्ध में पुलिस अधीक्षक सहित सीओ व थानाध्यक्षगण से विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विगत वर्षों में संज्ञान में आयी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये तद्नुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने विद्युत विभाग एवं नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा पाण्डाल स्थल से लेकर विसर्जन तक के रास्तों में सड़क, साफ-सफाई, प्रकाश एवं बिजली के तारों की ऊंचाई आदि का विधिवत निरीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा पाण्डालों में आयोजक मण्डली के साथ समन्वय स्थापित कर 24 गुणे 7 ड्यूटी सुनिश्चित की जाय जिसके साथ पुलिस की भी ड्यूटी लगायी जाय। उन्होंने इस बात की जांच कर ली जाए कि दुर्गापूजा पाण्डाल रास्तों पर न हों तथा पाण्डल का फ्रंट प्वाइंट भी मुख्य मार्ग के तरफ नहीं होना चाहिये जिससे आवागमन बाधित न हो।

उन्होंने विद्युत सुरक्षा, अन्य सुरक्षा से संबंधित विशेष सतर्कता बरतने एवं इस संबंध में पहले से ही आवश्यक व्यवस्थायें, जैसे फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट आदि उपलब्ध रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन वाले रास्तों का निरीक्षण संबंधित उप जिलाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, विद्युत विभाग सभी लोगों के साथ मिलकर कर लें, जिससे अपने विभाग से संबंधित समस्या का तत्काल निराकरण हो सके। डीजे का इस्तेमाल निर्धारित आवाज एवं ऊंचाई में ही किया जाये। विसर्जन के दौरान सुविधा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का त्योहार दुर्गा देवी के अवतार से जुड़ा होने के कारण मातृशक्ति का बोध कराता है। इस दौरान सरकार द्वारा भी महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन से संबंधित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शहर में सीसीटीवी कैमरों के संयोजन तथा कन्ट्रोल रूम से कनेक्शन आदि के बारे में भी आवश्यक जानकारी लेते हुए सतत निगरानी बनाये रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपद में त्योहारों को शांति, सुरक्षा एवं परम्परागत रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत की गयी तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर लिया गया है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, उप जिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशव नाथ, तहसीलदार सदर जनार्दन, तहसीलदार मेंहदावल आनन्द कुमार ओझा, तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी आरके पाण्डेय, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, अधि.अभि. विद्युत राजेश कुमार, अधि.अभि. जल निगम संजय कुमार, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, अधिशासी अभियंता नगर पालिका अवधेश भारती, ड्रग इंसपेक्टर प्रीति सिंह, अधिशासी अभियंता नगर पंचायत तथा थाना प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में दुर्गा पूजा/नवरात्रि, दशहरा एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते एडीजी, मंडलायुक्त, आईजी व डीएम, एसपी। फोटो : एसएनबी

# एमवी एक्ट में 82 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 82 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1.02 लाख रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# दो सगे भाइयों समेत चार को आजीवन कारावास

**कोर्ट का फैसला**

- पाक्सो कोर्ट ने सभी आरोपियों पर लगाया एक लाख का अर्थदण्ड
- अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का फैसला
- सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गोरखपुर जनपद एक संतकबीरनगर का

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दो सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

आरोपी विनोद सिंह व मोहन सिंह सगे भाई एवं बल्लभ उर्फ बलिराम गोरखपुर जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र का रहने वाला तथा एक आरोपी अमरजीत सिंह कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम धमैचा का रहने वाला है। कोर्ट ने आरोपियों पर सजा के अतिरिक्त विभिन्न धाराओं में प्रत्येक पर 25-25 हजार रुपए कुल एक लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का भी फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने नालसा प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत पीड़िता को पचास हजार रुपए का प्रतिकर देने का भी आदेश दिया।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अभिमन्युपाल, सत्य प्रकाश गुप्ता, सत्येन्द्र शुक्ल व अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण महुली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अपहरण का अभियोग पंजीकृत कराया था।

26 मई 2016 को थानाध्यक्ष महुली को दिए प्रार्थना पत्र में वादी का आरोप था कि 22 मई 2016 को समय पूर्वाह्न 11 व 12 बजे के लगभग उसकी 16 वर्षीय अवयस्क पुत्री को विनोद सिंह पुत्र राम अर्जन सिंह ग्राम कोठा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कहीं पता नहीं चला। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी विनोद सिंह समेत उसके सगे भाई मोहन सिंह पुत्र राम अर्जन सिंह, बल्लभ उर्फ बलिराम पुत्र राम मिलन सिंह ग्राम कोठा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर तथा अमरजीत सिंह पुत्र परशुराम सिंह ग्राम धमैचा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अभिमन्यु पाल ने बताया कि अभियोजन की तरफ से कुल सात साक्षी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात आरोपियों को दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# चोरी की साइकिल बेच खरीदना चाहता था शराब

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान संवाद। खलीलाबाद पुराने एआरटीओ कार्यालय के पास रेलवे ट्रैक पर रखी साइकिल रिटायर्ड पुलिस कर्मी के बेटे ने रखी थी।

उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके पिता ने दो शादी की थी। पहली पत्नी से वह अकेले है। दूसरी पत्नी से एक बेटा और दो बेटियां है। वह 8वीं तक पढ़ा है। वह नशे का आदती हो गया है। पिता से शराब के लिए पैसा मांगता है जिसे लेकर विवाद होता है। शुक्रवार की शाम उसने साइकिल चोरी की और उससे पूरी रात घूमा। वह पुराने एआरटीओ कार्यालय पर गया। उसकी योजना थी कि चोरी की साइकिल को कबाड़ में बेच कर शराब पीएगा। उसने चोरी की साइकिल ट्रेन से क्षतिग्रस्त होने के लिए ही ट्रैक पर रखी थी। कोतवाल का कहना है कि पता लगाया जा रहा है कि उसने किसकी और कहां से साइकिल चुराई थी।

# धर्म परिवर्तन मामले के दूसरे आरोपी को भी भेजा गया जेल

**फॉलोअप**

- तीसरे फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस की टीम
- बीमारी आदि समस्या दूर कराने के नाम पर लोगों का कराते हैं धर्म परिवर्तन

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में दूसरे आरोपी को नेदुला के पास से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जबकि तीसरे फरार चल रहे आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के गरथवलिया निवासी अमरनाथ शर्मा पुत्र मंतराम शर्मा का आरोप है कि उसके गांव के नहर पुलिया के पास एक टिनशेड के मकान में गांव के मोहित, कमलेश और बस्ती जिले के गुलरिया सिरमा-सिसवा के श्रवण के जरिए हिंदू धर्म के गरीब महिलाओं और पुरुषों को लोभ-लालच देकर इसाई धर्म परिवर्तन कराने के लिए प्रार्थना सभा में शामिल किया जा रहा है। वहां पर मोहित, श्रवण और कमलेश प्रवचन देते हैं। सप्ताह में उक्त कार्यक्रम कई दिन करते हैं। रविवार को वहां पर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। बदल-बदल कर भोजन बनवाते हैं। ये लोग बताते हैं कि प्रभु ईसा मसीह बहुत शक्तिशाली देवता हैं। धर्म परिवर्तन करके उनकी प्रार्थना करना शुरू कर दो तो सारी समस्या दूर हो जाएगी। उक्त लोग हिंदू सम्प्रदाय के लोगों को अपने घर से देवी-देवताओं की मूर्तिया फेंकने को कहते हैं। महिलाओं से बिछिया, पायल एवं गले में पहने ओम लॉकिट को उतरवा देते हैं। इसके साथ ही रक्षा सूत्र को कटवा कर फेंकवा देते हैं। हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करने से मना करते हैं और अपमानजक शब्द में भी बोलते हैं। आरोप है कि उक्त लोग दूर-दूर से गरीब महिलाओं और पुरुषों को प्रलोभन देकर बुलाते हैं और उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। उक्त लोग कोई व्यवसाय नहीं करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से यही काम करके पैसा कमा कर मकान आदि बनवा लिए हैं। इनका एक बड़ा गिरोह है, जो प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराते हैं। अशोक, राम प्रकाश, सीका चंद्र को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया है। पुलिस ने इस मामले में श्रवण, मोहित और कमलेश के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। सूचना पर गरथवलिया में चल रहे प्रार्थना सभा में छापा मारा गया। मौके से आरोपी मोहित को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था।

कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि दूसरे आरोपी श्रवण निवासी गुलरिया सिरमा सिसवा जनपद बस्ती को गिरफ्तार करके सोमवार को जेल भेज दिया गया। तीसरे फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी बीमारी आदि समस्या को दूर कराने के नाम पर लोगों का धर्म परिवर्तन कराते हैं।

# दुष्कर्म करने के आरोपी को सात वर्ष की कारावास

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दोषसिद्ध करार देते हुए सात वर्ष के कारावास का सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी रमेश पर विभिन्न धाराओं में कुल 15 हजार रुपए का अर्थदण्ड का भी फैसला दिया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला जनपद के मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव का है। आरोपी रमेश पुत्र श्रीराम जायसवाल हरिहरपुर थाना फरेन्दा जनपद महाराजगंज का रहने वाला है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अच्युतानंद शुक्ल ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया था। 16 जनवरी 2012 को थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप था कि आरोपी रमेश छत लगाने का काम करता है। गांव में आता-जाता था।

इसी बीच आरोपी ने मेरी 16 वर्षीय अवयस्क पुत्री से भी जान-पहचान बना लिया और मोबाइल से बात करता था। उस समय मुझे संदेह नहीं हुआ। दिनांक 11 अक्टूबर 2011 को रात दो बजे मेरी अवयस्क पुत्री गायब हो गई। गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाया था।

# पक्षी विहार में लगी प्रदर्शनी, बढ़ाया ज्ञान



बखिरा पक्षी विहार में जानकारी लेते बच्चे • जागरण

जासं, बखिराः पक्षी विहार बखिरा में वन्य प्राणी सप्ताह के तहत प्रदर्शनी लगी। बच्चों ने पक्षियों व वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही बखिरा में निर्मित होने वाले उत्पाद गमछा, धोती व झील के उत्पाद चटाई आदि की प्रदर्शनी लगी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढोढ़या मे बच्चों ने चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चों ने पोस्टर से पक्षियों के बारे में ज्ञान दिखाया। बतौर मुख्य अतिथि प्रभागीय वन अधिकारी हरिकेश यादव ने पर्यावरण पर बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में पेंटिंग, पोस्टर की सराहना किया। उन्होंने कहा कि बखिरा झील के किनारे के गांव गोन से चटाई सहित अन्य सामान, जलकुंभी से डलिया, मेजपोश, पर्स, हैंड बैग नरकट से चोकोर, हैंडलूम के कपड़े आदि तैयार हो रहा है। इसके अलावा अगरबती, आम का अचार बनाकर अच्छा कार्य कर रहे हैं। रेंजर प्रीती पांडेय ने कहा कि शीघ्र ही आनलाइन पोर्टल पर ये उत्पाद दिखेंगे। कार्यालय के आसपास बच्चों ने पौधा लगाया। इस मौके पर अमित, प्रद्युम्न, भूषण यादव, सभासद आशुतोष त्रिपाठी, प्रधानाचार्य दया प्रकाश गौतम, गोविंद चौधरी आदि मौजूद रहे।

**ट्रीपल-सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए कर सकेंगे आवेदन :** संतकबीर नगरः चालू वित्त वर्ष 2024-25 में ट्रीपल-सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए पिछड़ी जाति के आवेदक आगामी 10 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चंद्र ने कहा कि आवेदन करने के बाद प्रिंट आउट निकालकर पासपोर्ट साइज के दो फोटो, आय, जाति, आधार व अन्य शैक्षिक अभिलेख को स्वप्रमाणित करते हुए दो प्रतियों में उनके विकास भवन स्थित कार्यालय में जमा करना होगा।

# सीसीटीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध युवक

## पुलिस कर रही पूछताछ, पांच को ट्रेन के इंजन में फंस गई थी रेल पटरी पर रखी साइकिल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध युवक को पुलिस ने सोमवार को हिरासत में ले लिया। कोतवाली खलीलाबाद में उससे पुलिस के अलावा आरपीएफ थाना प्रभारी-बस्ती ने पूछताछ की। पांच अक्टूबर को शहर में रेल की पटरी पर ट्रेन के इंजन में साइकिल फंस गयी थी। लोको पायलट की तहरीर पर इसी दिन देर शाम आरपीएफ-बस्ती ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं स्थानीय पुलिस रेल की पटरी पर साइकिल रखने वाले व्यक्ति की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

- लोको पायलट की तहरीर पर आरपीएफ-बस्ती ने दर्ज कराया था मुकदमा

> रेल ट्रैक पर पड़े साइकिल मामले की जांच जारी है। इस मामले में कुछ लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। सीसी कैमरे में दिख रहे एक संदिग्ध से पुलिस पूछताछ कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों तक मामला है। जल्द ही इसका पर्दाफाश किया जाएगा।
>
> सतीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, खलीलाबाद कोतवाली

- पटरी पर साइकिल रखने वाले की तलाश में पुलिस खंगाल रही थी सीसीटीवी फुटेज



खलीलाबाद शहर के गायत्री मंदिर के पास रेल की पटरी पर साइकिल रखी थी। इसकी वजह से पांच अक्टूबर को सुबह के समय गोरखपुर से साबरमती-गुजरात जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस के इंजन में साइकिल फंस गई थी। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था। इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी थी। इस पर रेलवे व पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी सुशील कुमार सिंह के साथ काफी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे थे। साइकिल को ट्रेन के इंजन से अलग किया गया था। इसके बाद रेलवे पुलिस के अलावा कोतवाली खलीलाबाद पुलिस रेल की पटरी पर साइकिल रखने वाले की तलाश में जुट गयी थी। रेल की पटरी के आसपास स्थित घरों के लोगों से पूछताछ की। इनके घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर दोषी तक पहुंचने की कोशिश में लगी रही। जांच के दौरान पाया कि पांच अक्टूबर को भोर में रेल पटरी की तरफ एक संदिग्ध युवक साइकिल ले जाते हुए दिख रहा है। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी-बस्ती संजय मिश्र ने संदिग्ध युवक से पूछताछ की। यह युवक कोतवाली खलीलाबाद के मोतीनगर (मीट मंडी) का निवासी है। यह युवक नशे का शौकीन बताया जा रहा है। चर्चा है कि उसने साइकिल चार अक्टूबर को शाम के समय चोरी की थी। नशा करने के लिए वह इसे कबाड़ी के यहां बेचना चाहता था। इसके कारण वह साइकिल को दो टुकड़ा करना चाह रहा था। इसलिए उसने साइकिल को रेल की पटरी पर रख दी थी।

वहां से थोड़ी दूरी पर बैठकर ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था। सुबह में अहमदाबाद एक्सप्रेस के इंजन में यह साइकिल फंसकर करीब 150 मीटर आगे तक चली गई थी। इस ट्रेन के जाने के बाद यह युवक दोबारा साइकिल लेने के लिए पटरी पर गया था लेकिन वहां साइकिल नहीं थी। इसके बाद युवक वहां से चला गया था।

# सुशील की मौत का नहीं खुल सका राज

**हि फॉलोअप**

- जोरों पर हो रही है कर्ज लेने की चर्चा
- कर्ज देने वालों पर इशारा कर रहे परिवार के लोग

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र मिठना सिठना-निवासी युवक के फांसी लगाने के कारणों का पांचवें दिन भी नहीं खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि परिवार के लोग अब मौत का कारण दबी जुबान से उसके कर्ज लेने की बात कर रहे हैं लेकिन उन्हें कोई वास्तविक सबूत न मिलने के कारण खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। जबकि पुलिस के पास मोबाइल में कई सबूत मिलने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

थाना क्षेत्र के मिठना-सिठना निवासी सुशील पुत्र गिरजेश यादव का शव गौरापार बाग में मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिवार के लोग 5 दिन का समय बीत जाने के बाद भी गम से उबर नहीं पाए हैं। परिवार के लोगों की माने तो कर्ज के रूप में क्षेत्र के तीन लोगों से कुछ पैसा लिया था। लोगों का कहना है कि हो सकता है इसी से उसने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया हो। इस बात को लेकर परिवार के लोगों के अलावा उसके हित मित्रों में चर्चाएं जोरों पर चल रही हैं। हालांकि चर्चाएं जरूर हैं पर परिवार वालों द्वारा कर्ज के संबंध में व कर्ज देने वालों द्वारा उत्पीड़न करने की पुलिस से शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मामले की जांच में लगी पुलिस अभी तक मौत के कारण के तह तक नहीं पहुंच पाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया अभी तक कर्ज लेने के संबंध में कोई शिकायत नहीं हुई है फिर भी हर बिंदु पर जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही मौत का कारण पता लग जाएगा।

# करंट लगने से मजदूर झुलसा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के बरदहिया बाजार में सोमवार को निर्माणाधीन मकान में शटरिंग करने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक मजदूर झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में लोग झुलसे मजदूर को जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। पीड़ित परिजन भी सूचना पर जिला अस्पताल पहुंच गए।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सियरा सांथा गांव निवासी विशाल (22) पुत्र सर्वजीत सोमवार को शहर के बरदहिया बाजार में एक निर्माणाधीन मकान में शटरिंग करने गए थे।

# मतांतरण कराने वालों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: जनपद में मतांतरण के अब तक कई मामले सामने आ चुके हैं। यह गतिविधि कराने वालों के तार कहां से जुड़े हैं ? इसके पीछे इनकी मंशा क्या है ? इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर पुलिस जांच में जुटी है। जिससे ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगायी जा सके।

करीब 10 माह पूर्व कोतवाली खलीलाबाद के औरही गांव के मतांतरण का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में केरल के दंपती को जेल भेजा था। इसके बाद ग़रथवलिया गांव में इस तरह का मामला सामने आया। इस गांव के मोहित व कमलेश तथा बस्ती जनपद के गुलरिया (सिसवा) निवासी श्रवण के खिलाफ मुक़दमा दर्ज किया था। इसमें से पुलिस ने मोहित व श्रवण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि तीसरा आरोपित कमलेश फरार चल रहा है।

पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस यह जांच कर रही है कि इनके तार कहां से जुड़े हुए हैं ? इन्हें इस कार्य के लिए कहां से और किससे फंड मिलता है ? कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने कहा कि मतांतरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# मुफ्त में वकील पाने को कैदी दे सकते हैं प्रार्थना पत्र

संतकबीर नगर : अपर जिला जज (एडीजे) व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सिंह सोमवार को जिला कारागार में पहुंचे। यहां पर उन्होंने बैरकों के पास पहुंचकर सभी कैदियों से बातचीत की। इस कारागार में स्थित अस्पताल में भर्ती बीमार कैदियों के सेहत के बारे में उनसे पूछताछ की।

उन्होंने अल्प वयस्क कैदियों के पठन-पाठन के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया। उन्होंने अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में बातचीत की। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र देकर अवगत कराएं।



जिला कारागार में कैदियों से बात करते एडीजे महेंद्र कुमार सिंह● फोटो सूचना विभाग

उन्होंने जिला कारागार के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई कैदी अपने मामले में पैरवी के लिए मुफ्त में अधिवक्ता अथवा अन्य कोई प्रार्थना पत्र देता है तो उसका त्वरित निस्तारण कराएं। उन्होंने रसोई कक्ष में बन रहे भोजन की जांच की। खाद्य सामग्रियों के रखरखाव, साफ-सफाई की स्थिति देखी। उनके निरीक्षण के दौरान नवागत न्यायिक अधिकारी निधि मिश्रा व अभिनव त्रिपाठी, जिला कारागार के अधिकारी, कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेवक, कमलेश सिंह, राजेश कसेरा, हरकेश त्रिपाठी, गौरी शंकर गुप्ता, आदि उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)

# त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। नवरात्र, दशहरा, दीपावली पर्व को सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने त्योहारों को लेकर पुलिस, प्रशासन के तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। त्योहारों में खलल डालने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. केएस प्रताप कुमार ने शांतिपूर्ण वातावरण में परम्परागत तरीके से एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं के आदर के साथ त्योहारों को मनाने की अपील किया। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना से लेकर प्रतिमाओं के विसर्जन तक के समस्त कार्यों, तैयारियों एवं विशेष तौर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से बार-बार क्रास चेकिंग करा ली जाए। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्व निर्धारित रास्तों से ही गुजरते हुए निर्धारित स्थलों पर ही किया जाए। विसर्जन के रास्तों में बिजली के पोल, विद्युत तारों, केबल एवं सड़कों की स्थिति सहित साफ-सफाई आदि को सम्बंधित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व विभागीय अधिकारीगण स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर लें। किसी भी सम्भावित दुर्घटना के कारणों को समय रहते ठीक कर लिया जाए। सभी आवश्यक जगहों के साथ-साथ विसर्जन जुलूस के साथ समुचित पुलिस बल का डिप्लायमेन्ट सुनिश्चित किया जाए।



त्योहारों को सकुशल निपटाने के लिए कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते एडीजी जोन, कमिश्नर व आईजी बस्ती रेंज।

बैठक में मण्डलायुक्त ने प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की तहसीलवार, थानावार जानकारी ली। आवश्यक बिन्दुओं पर सम्बन्धित अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि त्योहारों को मनाए जाने के दौरान आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। दुर्गा पूजा पण्डालों को सड़कों पर न लगाया जाए, डीजे एवं अन्य वाद्य यंत्रों को तेज आवाज में न बजाया जाए।

# खलल डालने वालों पर करें कार्रवाई : एडीजी

## नवरात्र व दशहरा पर्व में आम जनमानस की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दें : मंडलायुक्त

- विगत वर्षों की घटना को गंभीरता से लेते हुए करें कार्यवाही : आइजी
- पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए किया विमर्श
- इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले मैसेज पर रखें नजर



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते (दाएं से) डीएम महेंद्र सिंह तंवर, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक डा. केएस प्रताप कुमार, आइजी आरके भारद्वाज, एसपी सत्यजीत गुप्ता • फोटो सूचना विभाग

जासं, संतकबीर नगर : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन डा. केएस प्रताप कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दशहरा को संपन्न कराएं। इसके लिए पुलिस कर्मी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहें। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले मैसेज पर नजर रखें। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

उन्होंने यह बातें सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना से लेकर उसके विसर्जन तक की सारी तैयारियों की जांच कर लें। विशेषकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बार-बार क्रास चेकिंग करायी जाए। विसर्जन पूर्व निर्धारित रास्तों से ही निर्धारित स्थलों पर कराया जाए। विसर्जन के रास्ते में बिजली के पोलों व तारों, सड़कों की स्थिति, साफ-सफाई की उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच कर लें। मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि पर्व में आम जनमानस की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। दुर्गा पूजा के पंडालों को सड़कों पर न लगने दें। निर्धारित से अधिक तेज आवाज में डीजे न बजने दें।

सभी उप जिलाधिकारी, नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता स्थलीय भ्रमण लगातार करते रहें। वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य किसी इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी करने, किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। आइजी आरके भारद्वाज ने कहा कि एसपी सभी सीओ व थानाध्यक्ष से विगत वर्षों में हुई घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें।

उसे गंभीरता से लेते हुए उस पर आवश्यक कार्यवाही करें। दुर्गा पूजा के आयोजकों के साथ समन्वय स्थापित कर पुलिस कर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी लगायी जाए। डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। एडीजी, कमिश्नर, आइजी के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी, एएसपी सुशील कुमार सिंह, सीएमओ डा. रामानुज कन्नौजिया, एसडीएम शैलेश दूबे व उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ केशव नाथ, तहसीलदार जनार्दन, आनंद ओझा व योगेंद्र पाण्डेय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'बंदियों के प्रार्थना पत्र पर हो त्वरित कार्रवाई'

**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। सभी बंदियों के बैरक में जाकर उनसे बातचीत की। जिला कारागार में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की। जेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि कोई बंदी अपने मामले में पैरवी के लिए निशुल्क अधिवक्ता अथवा अन्य कोई प्रार्थना पत्र देता है तो उसका त्वरित निस्तारण कराया जाए। निरीक्षण में नवागत न्यायिक अधिकारी निधि मिश्रा, अभिनव त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

# दवा की कीमत को लेकर दो लोगों के बीच हुई मारपीट

जासं, धनघटा: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर में सोमवार की शाम अपने साथी के साथ पत्नी का इलाज कराने गए भाजपा नेता के भाई व मेडिकल संचालक के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों चार लोग घायल हुए हैं। विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर थाने लाई।

क्षेत्र के डेफरा गांव निवासी रवींद्र का कहना है कि वह रामपुर छितौनी गांव निवासी राम नरायण सिंह की पत्नी का इलाज करने के लिए उनके पति के साथ गए थे। अस्पताल के चिकित्सक ने पर्ची पर दवा लिखा, वह दवा अस्पताल में नहीं मिली। बाहर मेडिकल स्टोर पर दवा व्यवसायी ने अधिक कीमत मांगा। दवा न लेकर जब अस्पताल पहुंचा तो मेडिकल संचालक पीछे-पीछे आ गया। जाति सूचक अपशब्द कहकर मारने लगे। बीच बचाव करने जब भाजपा नेता पीएन सिंह के भाई रामनारायण सिंह उर्फ भैया सिंह पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। मेडिकल संचालक मनोज कुमार का कहना है कि भाजपा नेता के भाई दवा खरीदने मेडिकल स्टोर पर आए। दवा की कीमत 714 रुपए बताया तो वह 600 रुपये देकर जाने लगे। शेष रुपया मांगने पर अपशब्द कहते हुए साथी के साथ पीटने लगे। बीच बचाव करने आए भाई किशन व संतोष पहुंचे तो उन्हें भी पीटकर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने मौके पर जांच किया। उनका कहना है कि किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सरयू में डूबे किसान की एसडीआरएफ ने की तलाश

धनघटा। सरयू नदी में डूबे क्षेत्र के तुरकौलिया नायक गांव निवासी 65 वर्षीय किसान की तीसरे दिन भी पता नहीं चला। जबकि एसडीआरएफ की टीम घटना के तीसरे दिन यानि सोमवार को पूरा दिन नदी में उसकी तलाश करने भी जुटी रही।

65 वर्षीय राजबली शनिवार की शाम शौच के लिए सरयू नदी के किनारे गए हुए थे। उसी दौरान पैर फिसलने के कारण नदी में जाकर गहरे पानी में डूब गए। डूबने के बाद से उनका तलाश स्थानीय गोताखोर घटना के ही दिन देर रात तक किए लेकिन पता नहीं चल सका। सोमवार को भी पूरा दिन एसडीआरएफ की टीम नदी में किसान राजबली की तलाश में जुटी रही । ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव का कहना है कि नदी में डूबे किसान राजबली की तलाश बहुत की गई लेकिन पता नहीं चल रहा है। संवाद

# झोलाछाप है धर्म परिवर्तन का मुख्य आरोपी, मरीजों का करता था ब्रेनवॉश

## मरीजों को बरगला कर प्रार्थना के लिए बनाता था दबाव, दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश में पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के गरथवलिया गांव में धर्म परिवर्तन का मुख्य आरोपी झोलाछाप है। वह गांव में क्लीनिक खोलकर मरीजों को बरगलाता था। गंभीर रोग का हवाला देकर झाड़फूंक और प्रार्थना के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में टीम दबिश दे रही है।

पुलिस की जांच में पाया गया है कि गरथवलिया गांव निवासी राममोहित झोलाछाप है। गांव में ही डिस्पेंसरी है। वहां आने वाले लोगों का इलाज करता है। इससे पहले राममोहित मिशनरी स्कूल में चौकीदारी का भी काम कर चुका है। वहीं दूसरा आरोपी श्रवण निवासी गुलरिया सिरमा सिसवा जनपद बस्ती वर्ष 2021 में गरथवलिया गांव के बगल स्थिति डड़वा गांव के एक घर में आकर प्रार्थना करना शुरू किया। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं।



राममोहित।

**धर्म परिवर्तन के दूसरे आरोपी को भेजा जेल**

कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने धर्म परिवर्तन के दूसरे आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी श्रवण पुत्र झिनकान निवासी गुलरिया सिरमा सिसवा जनपद बस्ती को रविवार की देर रात नेदुला बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अमरनाथ शर्मा निवासी ग्राम गरथवलिया के तहरीर पर आरोपी और उसके दो साथियों के खिलाफ लोगों को लोभ लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने और औरतों से बिछिया, पायल एवं गले में पहने लॉकेट उतरवा देने के संबंध में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया।



धर्म परिवर्तन का पुलिस ने किया भंडाफोड़, तीन पर केस दर्ज

07 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

इसी दौरान मोहित ने अपने चाचा सीकाचंद की जमीन प्रार्थना स्थल के लिए दिला दिया। जहां पर प्रार्थना सभ शुरु हो गया। राम मोहित की मरीजों के इलाज के दौरान भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। इलाज के दौरान मरीज के ठीक न होने पर वह ब्रेनवॉश करके प्रार्थना के लिए उकसाता था। तीन साल में इसका रैकेट बन गया, जो प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन का काम करने लगे।

मामले की विवेचना चल रही है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तीसरे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। - अजित सिंह, सीओ

**जांच में कई और नाम आ सकते हैं सामने :** धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस की जांच में कई और नाम सामने आएंगे। पुलिस ने तहरीर लेकर तीन आरोपी पर केस दर्ज किया है, जबकि कार्यक्रम स्थल पर काफी भीड़ एकत्रित थी, ऐसे में संचालन में कई लोगों का योगदान दिखाई दिया है।

**वैज्ञानिक युग में दिखी अंधभक्ति :** पुलिस की मानें तो वैज्ञानिक युग के वर्तमान परिवेश में गरथवलिया गांव में चल रहे प्रार्थना सभा में अंधभक्ति देखने को मिली। सभा में मौजूद कई महिलाएं और पुरुष अशिक्षित पहुंचे थे, जिनके हाथों में धार्मिक पुस्तक थी। उनसे जब पुस्तक पढ़ने के लिए कहा गया तो वह नहीं पढ़ सके। वहीं प्रार्थना और अन्य मामलों में कई कानूनी उदाहरण भी पेश कर अपना व धर्म के बारे में बचाव करते दिखे।

# महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा की दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा की जानकारी दी। गांव, कस्बा, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन किया। साथ ही शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया।

## महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनके साथ सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों एवं इससे बचाव आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा किया। शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए उनके बीच सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित किया। संवाद

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के चार दोषियों को आजीवन कारावास

## मई 2010 का मामला, दोषियों पर 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

**अदालत से**

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म करने के दो सगे भाई समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अदा न करने पर चारों दोषियों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। पचास हजार रुपये प्रतिकर भी पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

महुली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निवासी किशोरी के पिता ने 27 मई 2016 को तहरीर दिया कि 16 वर्षीय बेटी को 22 मई 2016 को सुबह 11 बजे एक आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया। आरोपी के साथ दो शख्स और थे। प्रार्थना पत्र के आधार पर एक नामजद आरोपी और दो अज्ञात के विरुद्ध थाना महुली मे केस दर्ज हुआ। विवेचक ने विवेचना के बाद चार आरोपियों के विरुद्ध किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

चारों आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म से इनकार किया और विचारण की मांग की। अभियोजन पक्ष ने सात गवाहों को कोर्ट में पेश कराया। बहस सुनने के बाद अपर सत्र न्यायधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने थाना चिलुआताल ग्राम कोठा के दो सगे भाइयों विनोद सिंह, मोहन सिंह और बल्लभ उर्फ बलिराम व थाना खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम धमैचा के अमरजीत को सामूहिक दुष्कर्म करने के दोषी पाए जाने पर चारों दोषियों को आज़ीवन कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही चारों आरोपियों को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अदा न करने पर चारों दोषियों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को सात साल की सजा

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्रनाथ गोस्वामी की कोर्ट ने युवती को बहला-फुसला को ले जाने दुष्कर्म करने के एक दोषी को सात साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना मेंहदावल के एक गांव के पीड़ित ने 16 जनवरी 2012 को प्रार्थना पत्र दिया कि आरोपी हरिहरपुर थाना फरेंदा जिला महाराजगंज का रमेश छत लगाने का काम करता है। गांव में आता-जाता था। इसी दरम्यान 16 वर्ष की बेटी से जान पहचान बना लिया। मोबाइल पर बात करता था। उस समय संदेह नहीं हुआ। लेकिन 11 अक्तूबर 2011 को बेटी रात में करीब दो बजे से लापता हो गई। मेंहदावल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 15 नवंबर 2012 को मेरी पत्नी ने बताया कि बेटी को रमेश ले गया है। इस मामले में केस दर्ज हुआ। विवेचक ने आरोपी रमेश विरुद्ध बहला-फुसला का भगा ले जाने का आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय देवेंद्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दोषी रमेश को सात वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार अर्थदंड लगाया है। संवाद

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मिली जमानत

संतकबीरनगर। विधानसभा चुनाव 2022 में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे आफताब आलम उर्फ गुड्डू को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सिविल जज जूनियर डिवीजन जेएम मिमोह यादव की कोर्ट ने जमानत दे दिया है। आरोप है कि बसपा प्रत्याशी आफताब आलम उर्फ गुड्डू निवासी थाना गुलहरिया जनपद गोरखपुर अपने साथियों के साथ बिना अनुमति के दुधारा क्षेत्र के सेमरियांवा में राजनैतिक कार्यक्रम के दौरान प्रचार-प्रसार कर रहे थे। मामले में तत्कालीन एसओ सर्वेश राय की तहरीर पर पुलिस ने थाना दुधारा पर बसपा प्रत्याशी समेत दस नामजद एवं एवं उनके 300 अज्ञात समर्थकों पर केस दर्ज हुआ। विवेचना के बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। सोमवार को बसपा प्रत्याशी कोर्ट में प्रस्तुत हुए। सुनवाई के बाद न्यायालय ने जमानत दे दिया। संवाद

# हमारे बेटे की सूदखोरों ने जान ली है, न्याय कीजिए

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अपने जवान बेटे की मृत्यु से टूट चुका पिता अब न्याय की आस में दर-दर भटक रहा है। अधिकारियों से मिलकर उसने कहा है कि उसके बेटे की जान सूदखोरों ने ली है। आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस आरोपितों को बचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस को सारा सुबूत देने के बाद भी अभी तक आरोपितों को नामजद नहीं किया गया है। यदि बेटे के हत्यारोपितों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह जान दे देगा।

- मिठना-सिठना गांव के सुशील का पेड़ से लटका मिला था शव
- पिता ने अधिकारियों को सूदखोर की प्रताड़ना का दिया है प्रमाण

सुशील की मृत्यु के मामले मे अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। मृतक के मोबाइल से जो भी जानकारी मिली है, उसे भी विवेचना मे शामिल किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने भी कुछ लोगों के नाम बताए हैं। जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।



सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

### ...तो 75 लाख रुपये के चलते पूर्व प्रधान हो गया है गायब

क्षेत्र के एक पूर्व प्रधान से सूदखोर 75 लाख रुपये वसूलने के लिए दबाव बनाए था। उसके डर से एक माह से पूर्व प्रधान गायब है। आरोपित एक व्यक्ति को फोन कर पूर्व प्रधान से 75 लाख रुपये वसूलने की बात कर रहा है। यह भी कह रहा है कि कब तक भागेगा, बिना पैसा दिए मरने भी नहीं दूंगा। सुशील की मृत्यु के बाद सूदखोरों के बारे में ऐसी कई तरह की बातें अब सामने आ रही हैं। लोग सूदखोरों की रिकार्डिंग भी पुलिस को मुहैया करा रहे हैं।



धनघटा थाना क्षेत्र मिठना-सिठना गांव के गिरजेश यादव ने बताया कि उनका 28 वर्षीय पुत्र सुशील यादव छोटा-मोटा व्यापार करता था। क्षेत्र के एक चर्चित सूदखोर से उसने कुछ पैसा ब्याज पर लिया था। आरोपित अपने पैसे का तीन गुना से अधिक वसूल भी चुका था और पैसे के लिए लगातार दबाव बना रहा था। बेटे के मोबाइल में ऐसे कई मैसेज मौजूद हैं, जिसमें वह धमकी दिया है कि पैसा तत्काल वापस नहीं किए तो तुम्हारे घर से तुम्हें उठा ले जाउंगा। पूरे परिवार की इज्जत नीलाम कर दूंगा। पीड़ित पिता ने कहा कि बेटा अपनी पीड़ा यदि हम लोगों को बताया होता तो आज वह हमारे साथ होता। बेटे ने कई लोगों से उधार मांगा। कुछ मित्र और रिश्तेदारों ने पैसा दिया तो बेटे ने सूदखोरों को दिया था। पुलिस कह रही है कि बेटे ने आत्महत्या की है। यदि बेटे को अपनी जान ही देनी थी तो वह घर से सात किमी दूर गौरापार में क्यों फंदे से लटकता। बेटे की मृत्यु के दूसरे दिन पुलिस ने तीन अक्टूबर को पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज किया। अब जब आरोपितों का पता चल गया है तो पुलिस उन्हें बचाने में जुटी है। स्थानीय पुलिस को पूरे प्रमाण के साथ आरोपितों की जानकारी दी जा रही है तो वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। यदि हमारे साथ न्याय नहीं हुआ तो हमारी मौत की जिम्मेदार पुलिस की होगी।

सूदखोर ने घटना के दिन 20 बार बेटे को किया था फोन : दो अक्टूबर को उनके बेटे के पास आरोपित सूदखोर ने 20 बार फोन किया था। बेटा उसके डर से इधर-उधर भाग रहा था। आरोपित घर पर चढ़कर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दे रहा था। बेटे को कुछ और नहीं सूझा तो उसने अपनी जान दे दी।

## अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म करने के दो सगे भाई समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अदा न करने पर चारों दोषियों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। पचास हजार रुपये प्रतिकर भी पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

महुली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निवासी किशोरी के पिता ने 27 मई 2016 को तहरीर दिया कि 16 वर्षीय बेटी को 22 मई 2016 को सुबह 11 बजे एक आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया। आरोपी के साथ दो शख्स और थे। प्रार्थना पत्र के आधार पर एक नामजद आरोपी और दो अज्ञात के विरुद्ध थाना महुली मे केस दर्ज

# दवा की कीमत पर भाजपा नेता के भाई और मेडिकल स्टोर संचालक में मारपीट

## सीएचसी मलौली में पत्नी का इलाज कराने आए थे भाजपा नेता के भाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** सोमवार की शाम सीएचसी मलौली पर पत्नी का इलाज कराने गए भाजपा नेता के भाई और मेडिकल संचालक के बीच मारपीट हुई। दोनों पक्षों से चार लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को समझा-बुझाकर थाने ले लाई।

क्षेत्र के डेफरा गांव निवासी रविंद्र पुत्र रामचेत का कहना है कि वह रामपुर छितौनी गांव निवासी रामनरायण सिंह की पत्नी का इलाज करने के लिए रामनारायण सिंह के साथ सीएचसी मलौली पर गए हुए थे। अस्पताल के डॉक्टर ने पर्ची पर दवा लिखी। दवा अस्पताल में नहीं मिली तो बाहर मेडिकल स्टोर पर खरीदने गए।

दवा व्यवसायी ने दवा की कीमत जो बताया वह अधिक लगा तो बिना दवा खरीदे अस्पताल पर चले गए। आरोप है कि मेडिकल संचालक पीछे-पीछे गए और जातिसूचक अपशब्द कहकर मारने लगे। बीच बचाव करने जब भाजपा नेता पीएन सिंह के भाई रामनारायण सिंह उर्फ भैया सिंह पहुंचे तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिए। पीएन सिंह भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बताए जा रहे हैं।



मलौली अस्पताल पर विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस। स्रोत- ग्रामीण

दूसरी तरफ मेडिकल संचालक मनोज कुमार का कहना है कि भाजपा नेता न सिंह के भाई दवा खरीदने मेडिकल स्टोर पर आए। दवा की कीमत 714 रुपये जब बताया तो वह 600 रुपये देकर जाने लगे। शेष रुपया मांगने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपशब्द कहते हुए वह है और उनके साथी मारने-पीटने लगे। बीच बचाव करने भाई किशन और संतोष पहुंचे तो किशन को भी मारपीट कर घायल कर दिए। इसी दौरान भाजपा नेता पीएन सिंह भी पहुंचे और उनके साथ आए तमाम लोग हॉकी-डंडों से मारपीट पर उतारू हो गए। अस्पताल के कर्मचारी और अन्य दुकानदार साथी बीच बचाव किए तब जाकर किसी तरह तीनों भाइयों की जान बच सकी।

एसओ अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे जहां भाजपा नेता और उनके बीच झड़प होने की चर्चा है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक चोरी के मामले में केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद समय माता मंदिर के पास से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र स्थित भरोहिया गांव निवासी वासुदेव राम त्रिपाठी ने बताया कि चार अक्टूबर को उनके संपर्क के राजेश्वर बाइक लेकर खलीलाबाद गए हुए थे। दिन में लगभग एक बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने बाइक को खड़ा किए थे। कुछ समय बाद बााइक वहां से गायब थी। संवाद

# रेलवे ट्रैक पर साइकिल रखने के मामले में एक दबोचा

## दो स्थानों पर सीसी फुटेज में कैद युवक, सब्जी मंडी से पुरानी साइकिल चोरी करने की रही चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर साइकिल रखने के मामले में सोमवार को एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध नशे का आदी है। उसने साइकिल चोरी कर रेलवे ट्रैक पर रखा था ताकि वह कबाड़ बन जाए और वह उसे बेच कर नशे का सामान खरीद सके। संदिग्ध बाजार से लेकर रेलवे ट्रैक की ओर जाते समय अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। बस्ती आरपीएफ की टीम भी आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि संदिग्ध युवक के पिता पुलिस से सेवानिवृत्त हैं। करीब 28 साल का युवक नशे का आदी है। मामले की जांच कर रही पुलिस शहर के प्रमुख चौराहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। इसी दौरान समय माता मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक साइकिल के साथ दिखा।




07 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

> रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से साइकिल टकराने के मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस हर बिंदु पर गहनता से जांच कर रही है। कुछ स्थानों पर आरोपी सीसीटीवी में कैद हुआ है। अन्य स्थानों की जांच की जा रही है।
>
> – सतीश कुमार सिंह, कोतवाल

बताया जा रहा है कि उसने समय माता सब्जी मंडी के पास से वह साइकिल चोरी की थी। उसने वहां एक दुकान से तीन अखबार खरीदे। इसके बाद वह पुराने एआरटीओ कार्यालय के सामने रेलवे ट्रैक पर पहुंचा। वहां सुबह 05:18 से 06:02 के बीच में रेलवे ट्रैक पर पेपर और साइकिल लेकर जाते एक अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ।

इसके अलावा सीसीटीवी में मंदिर पर पूजा करने आई एक महिला से भी उसकी पुष्टि हुई।

### साइकिल टूटने का था इंतजार

जांच से जुड़े लोगों की मानें तो आरोपी ट्रैक पर साइकिल रखकर ट्रेन के गुजरने का इंतजार कर रहा था। समय बिताने के लिए वहीं बैठकर अखबार पढ़ रहा था। साइकिल टूटने के बाद वह उसे कबाड़ी के यहां बेचने की तैयारी में था, जिससे मिले रुपये से वह नशे का सामान खरीदता। मालूम हो कि शनिवार सुबह मगहर व खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के मध्य पोल संख्या 537-21 पर गाड़ी संख्या 19410 के ट्रैक पर साइकिल रखने के मामला सामने आया था। बस्ती आरपीएफ ने लोको पायलट की तहरीर पर केस दर्ज किया था।

# किसी भी तरह की नई परंपरा नहीं होगी कायम : एडीजी

संवाद न्यूज एजेंसी

## कलक्ट्रेट में त्योहारों की तैयारियों को लेकर की बैठक, अधिकारी रहे मौजूद

संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप कुमार ने सोमवार को मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, आईजी आरके भारद्वाज, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता के साथ कलक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह की नई परंपरा कायम नहीं होनी चाहिए।

कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में दुर्गा पूजा और दीपावली को देखते हुए उच्चाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान शासन द्वारा जारी आदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन कराने के लिए बताया। त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न कराने के लिए गहनता से चर्चा की।

उच्चाधिकारियों ने सभी अधिकारी को निर्देशित किया कि मूर्ति विसर्जन वाले मार्गों का जायजा पहले ही कर लें। कहीं पर किसी भी प्रकार के विवाद होने की सूचना पर तत्काल सीओ व एसडीएम भ्रमण कर निस्तारण कर लें।

डीजे का प्रतिस्पर्धा किसी भी दशा में न होने दें। पंडाल में बिजली व्यवस्था की चेकिंग अग्निशमन अधिकारी द्वारा करने, मूर्ति रखने से कोई भी आवागमन का मार्ग बाधित नहीं होने देने, पटाखे की दुकान आबादी से दूर निश्चित स्थान पर लगवाने, त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए सभी को निर्देशित किया।

इस दौरान एडीएम जय प्रकाश, एएसपी सुशील कुमार सिंह, सीडीओ जयकेश त्रिपाठी, सीएमओ रामानुज कन्नौजिया के साथ ही सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीओ और अन्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# दशहरा और दीपावली पर कंट्रोल रूम से होगी सुरक्षा की निगरानी



कलक्ट्रेट में बना कंट्रोल रूम। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** दशहरा और दीपावली में शहर में भीड़ बढ़ेगी। इससे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। ट्रैफिक और सुरक्षा के लिए कमांड कंट्रोल सेंटर से शहर की निगरानी की जाएगी।

इसके लिए कर्मचारियों की 24 घंटे शिफ्टवार डयूटी लगाई गई है। शहर के सभी सीसीटीवी को कमांड सेंटर से जोड़ दिया गया है। साथ ही कहीं ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा होगी वहीं से अलर्ट भेजा जाएगा और रूट डायवर्ट करा दिया जाएगा। इससे लोगों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

शासन-प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक सिस्टम को लेकर काफी गंभीर है। शहर के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही व्यवसाईयों से भी आग्रह कर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। साथ ही कलक्ट्रेट परिसर में कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित हो चुका है। अब इसका उपयोग शहर में ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा की निगरानी की तैयारी है। प्रशासन का मानना है कि दशहरा व दीपावली पर शहर में भीड़ बढ़ेगी। इससे ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। ऐसे में प्रशासन ने कमांड कंट्रोल सेंटर से पूरे शहर की निगरानी की तैयारी कर ली है। कंट्रोल कमांड सेंटर 24 घंटे सक्रिय रहेगा और यहां से पूरे शहर की प्रमुख सड़कों व गलियों की निगरानी होगी।

## जाम की समस्या से भी मिलेगी राहत

शहर में भीड़ बढ़ने पर जिस भी क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न होगी, वहां कमांड कंट्रोल रूप से यातायात पुलिस को अलर्ट भेजा जाएगा। इसके बाद रूट डायवर्ट कर दिया जाएगा, ताकि जाम से लोगों को राहत मिल सके। बड़े वाहनों की शहर में इंट्री भी प्रतिबंधित रहेगी। इससे शहर में जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी।

शहर में त्योहारों पर भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसके मद्देनज़र पूरे शहर की निगरानी कमांड कंट्रोल सेंटर से की जाएगी। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है व सुरक्षा की भी चिंता दूर होगी।

**– महेंद्र सिंह तंवर, डीएम**

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# सर्विलांस से सुराग तलाश रही पुलिस

कटरा बाजार। दो दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी मृतक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिले के सभी थाने के साथ साथ पड़ोसी जनपद बहराइच के करीब आधा दर्जन थानों में युवती के बारे जानकारी मांगी गई है। रविवार सुबह थाना क्षेत्र के मौजा सेल्हरी के कुशहा गांव के पास बीच सड़क पर खून से लथपथ 20 वर्षीय लड़की का शव मिला था। हत्यारे लड़की का किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर शव को दो बोरियों में भरकर उसे बीच सड़क पर फेंककर चले गए थे।

# लखनऊ से बरामद महिला बोली, नहीं रहना पति के साथ

- मायके व ससुराल वालों ने दर्ज कराया था मुकदमा
- नगर कोतवाली पुलिस ने दर्ज कराया बयान

गोण्डा, संवाददाता। मायकेवालों की ओर से दहेज हत्या और ससुरवाल वालों की ओर से अपहरण का मामला दर्ज होने के तीन साल बाद विवाहिता अपने प्रेमी संग लखनऊ से बरामद हुई थी। सोमवार को नगर कोतवाली पुलिस ने बयान के लिए महिला को सीजेएम कोर्ट में पेश किया है। एपीओ ने बताया कि कोर्ट ने महिला का बयान दर्ज करने के बाद उसे इसके लिए स्वतंत्र कर दिया है कि वह किसके साथ रहना चाहती है। बताया जा रहा है कि महिला ने पति के साथ रहने से इनकार कर दिया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ददुआ बाजार स्थित अपनी ससुराल से विवाहिता कविता देवी लापता हो गई थी। इसके बाद मायकेवालों ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या और पति ने मायकेवालों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस के मुताबिक कविता देवी की शादी 2017 में ददुआ बाजार निवासी विनय कुमार से हुई थी।

वर्ष 2021 में कविता अचानक घर से लापता हो गई। तीन साल में विवाहिता का पता न चलने पर परिजनों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट की सख्ती पर हरकत में आई पुलिस ने कविता को लखनऊ में उसके प्रेमी के घर से बरामद कर लिया।

# चौकी प्रभारी व दो सिपाही निलंबित

बेलसर। बेलसर में हुए विस्फोट के बाद पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल को चारों तरफ से सील कर दिया है। पुलिस बल का भारी बंदोबस्त घटनास्थल पर किया गया है। चौकी प्रभारी रगड़गंज सुनील कुमार तिवारी, कांस्टेबल गौरव मिश्रा व कृष्ण देव की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि प्रकरण में थाना प्रभारी की भूमिका के संबंध में पुलिस अधीक्षक पूर्वी को प्रारंभिक जांच सौंपी गई है।

वहीं जिला मुख्यालय पर पहुंची पुलिस की कई टीमें भी जांच में जुटी हुई हैं। विस्फोट में मिला बारूद इतनी भारी मात्रा में कहां से आया था कि इसका पता लगाया जा रहा है। एसपी के सख्त तेवर व घटना को गंभीरता से लेने पर जांच करने वाली टीमें मामले की तह तक जाने के लिए खूब हाथ-पैर मार रही हैं। पुलिस इससे जुड़े अन्य कारोबारियों के संबंध में भी बारीकी से पता लगा रही है। पुलिस से जुड़े सूत्र बताते हैं कि इस घटना के बाद आसपास जिलों की भी पुलिस चौकन्नी हो गई है।

# सेमीफाइनल में नानपारा गोंडा से होगा मुकाबला

संसू, जागरण • गोंडा : जिगर मेमोरियल इंटर कालेज मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की स्मृति में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट गोंडा प्रीमियर लीग (जीपीएल) में चौथी रात तीन मैच खेले गए। नानपारा वारियर्स ने नूर इलेवन बरेली को 54 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में नानपारा वारियर्स का मुकाबला गोंडा पुलिस इलेवन व फाइन फर्नीचर क्लब का मुकाबला कामाक्षी उत्तम इलेवन की टीम से होगा। पहला मैच नूर इलेवन बरेली व पवन टीवीएस गोंडा के बीच, दूसरा मैच केबीएफ इटियाथोक व नानपारा वारियर्स के बीच और तीसरा मैच नूर इलेवन बरेली व नानपारा वारियर्स के बीच खेला गया। आयोजक मतीन सिद्दीकी ने बताया कि सेमीफाइनल में फाइन फर्नीचर क्लब, गोंडा पुलिस इलेवन, कामाक्षी उत्तम इलेवन व नानपारा वारियर्स पहुंच गई है।

# 17 वर्षों से साधू वेश में अयोध्या में छिपे थे हत्यारोपित, गिरफ्तार

संसू, जागरण • नवाबगंज (गोंडा) : तुलसीपुर माझा में वर्ष 2007 में हुई हत्या के आरोपितों को अयोध्या में गिरफ्तार किया है। आरोपित 17 वर्षों से साधु वेश में छिपे हुए थे।

तुलसीपुर माझा निवासी महावीर सिंह की वर्ष 2007 में गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक के भाई दीपक कुमार सिंह ने मुकदमा कराया था। अयोध्या रतन सिंहासन के महंत अरुणदास को आरोपित बनाया था। विवेचना के दौरान तत्कालीन थानाध्यक्ष केके पांडेय ने वादी के बयान के आधार पर अरुण दास का नाम निकाल दिया था। विवेचना के दौरान संजय उर्फ विजय उर्फ गोविंद व सीताराम दास उर्फ विजय चेला रामसरन दास हनुमान कुटी अयोध्या का नाम प्रकाश में आया। तभी से दोनों फरार थे। वर्ष 2008 में आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय के

- गोंडा जिले के तुलसीपुर माझा में वर्ष 2007 में हुई हत्या
- दोनों आरोपितों पर था 15-15 हजार रुपये का इनाम

आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई थी। सोमवार को दोनों को अयोध्या से गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने कहा कि दोनों आरोपितों के ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अयोध्या रामजन्म भूमि के थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि दोनों साधूवेशधारी आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी तलाश काफी दिनों से हो रही थी, लेकिन आरोपितों पर नजर नहीं पड़ रही थी। जांच के दौरान दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।

# नाराज छात्रा को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

मनकापुर (गोंडा)। मां की डांट पड़ने से नाराज होकर घर से निकली नाबालिग छात्रा को रास्ते में राहगीरों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पीआरवी के जवानों ने पूछताछ के बाद छात्रा को उसके परिजनों के हवाले कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा सात की छात्रा है। वह चार दिन से स्कूल नहीं जा रही थी। सोमवार को पुत्री की मां ने डांटा तो वह बैग लेकर सुबह नौ बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली गई। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मां की डांट से नाराज छात्रा लुधियाना अपनी बड़ी बहन के पास जाने के लिए घर से निकल कर अकेले मनकापुर स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रही थी।

इस बीच मनकापुर-गोंडा मार्ग पर बंजरिया गांव के पास राहगीरों ने लड़की को रोता हुआ देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको ले जाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। (संवाद)

# फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने वाले पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## खरगूपुर थाना क्षेत्र के गौनरिया गांव का मामला

खरगूपुर (गोंडा)। फर्जी दस्तावेज तैयार करने के बाद 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एक लाख रुपये दर्शाकर प्लाट का बैनामा करा लिया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया का है। यहां के निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि उसका गांव में एक प्लॉट है। जिसे उसके गांव के आरोपी जगदीश प्रसाद ने कूटरचित दस्तावेज से 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एक लाख रुपये दर्शाकर फर्जी बैना करा लिया।

पीड़ित ने जमीन के मामले में कोई रुपया भी नहीं लिया है। जानकारी होने पर उसने स्थानीय थाने पर तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी जगदीश प्रसाद के विरुद्ध धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवक की हत्या के दो आरोपी 17 साल बाद दबोचे

- अयोध्या जिले की रामजन्मभूमि थाने की पुलिस को मिली कामयाबी
- वर्ष 2007 में दिनदहाड़े हुई थी घटना, दोनों पर घोषित हुआ था इनाम

नवाबगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव में दिनदहाड़े ढेमवा रोड पर युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने 17 साल बाद गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अयोध्या के रामजन्म भूमि थाने की पुलिस ने सोमवार को गोंडा की अदालत में रिमांड के लिए प्रस्तुत किया। दोनों आरोपियों को नवाबगंज पुलिस ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। अदालत ने दोनों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था।

पुलिस के मुताबिक 2007 में 6 जून को सुबह करीब आठ बजे तुलसीपुर माझा गांव के महावीर सिंह को दो बाबा घर से अयोध्या ले जाने के बहाने बाइक से ले जा रहे थे। गांव से कुछ दूरी पर ढेमवा रोड पर पहुंचते ही महावीर सिंह की गोली मारकर हत्या करने के बाद दोनों मौके से भाग निकले थे। परिजनों ने थाने में तहरीर देकर अयोध्या के संजय उर्फ विजय चेला सियाराम दास और अरुण दास को आरोपी बनाया था। विवेचना के दौरान अरुणदास का नामजदगी गलत पाए जाने पर उनका नाम हटाते हुए प्रकाश में आए एक और बाबा सीताराम उर्फ विजय चेला रामदास को नामजद किया गया था। संजय उर्फ विजय उर्फ गोविंद चेला सिद्धनाथ मूलरूप से बिहार के लखीसराय जिले के बढ़इया का रहने वाला है। घटना के बाद वह बिहार भाग गया था। तफ्तीश के दौरान हत्या की वजह मंदिर की कुछ कृषि योग्य भूमि और मठ पर कब्जेदारी की बात सामने आई थी।



पुलिस की गिरफ्त में सीताराम दास उर्फ विजय (बाएं) तथा संजय उर्फ विजय उर्फ गोविंद (दाएं)।

## दोनों की गिरफ्तारी पर था 15-15 हजार का इनाम

हत्या के मामले मे फरार चल रहे दोनों आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंह की रिपोर्ट पर एसपी विनीत जायसवाल ने पन्द्रह-पन्द्रह हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इनकी गिरफ्तारी के लिए एसीजीएम के अदालत से गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। इसकी जानकारी होने पर थाना रामजन्म भूमि की पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# 17 साल बाद दो हत्यारोपी दबोच

## महाबीर हत्याकांड : एसपी ने 15-15 हजार का ईनाम किया था घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

विश्नोहरपुर/नवाबगंज (गोंडा)। नवाबगंज के तुलसीपुर माझा निवासी महाबीर सिंह हत्याकांड में 17 साल से फरार चल रहे ईनामी दो अभियुक्तों को अयोध्या पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। अयोध्या पुलिस ने दोनों को गोंडा की कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

तुलसीपुर माझा निवासी महावीर सिंह (25) को छह जून 2007 की सुबह साधुवेशधारी दो युवक अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गए थे। ढेमवा मार्ग पर दोनों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर भाग गए थे। परिजनों ने अयोध्या के संजय उर्फ विजय और अरुण दास के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अयोध्या के रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि तफ्तीश के दौरान अरुण दास की नामजदगी गलत पाए जाने



अयोध्या में पकड़े गए साधु वेशधारी हत्यारोपी। स्रोत: पुलिस

**अयोध्या के रामजन्मभूमि थाने की पुलिस ने गोंडा कोर्ट में किया पेश**

**तुलसीपुर माझा निवासी महाबीर सिंह हत्याकांड में थे आरोपी**

पर उनका नाम हटाते हुए प्रकाश में आए एक और साधुवेशधारी सीताराम उर्फ विजय को नामजद किया गया था। बताया कि संजय मूल रूप से बिहार के लखीसराय बड़इया का रहने वाला है। वारदात के बाद वह बिहार भाग गया थ

तफ्तीश के दौरान हत्या की वजह मां की कृपि योग्य भूमि और मठ पर कब्जेद के विवाद की बात सामने आई थी। पुलि ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत आरोपपत्र दाखिल कर दिया था। अदाल ने दोनों आरोपियों को भगोड़ा घोपित व दिया था। नवाबगंज पुलिस की रिपोर्ट प एसपी ने दोनों आरोपियों पर 15-15 हज रुपये का ईनाम घोपित किया था।

प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बता कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एसीजेए गोंडा ने गैर जमानतीय वारंट जारी किय था। वारदात के तीन साल बाद दोन अयोध्या में आए और नाम बदलकर ए मंदिर में रह रहे थे। सुरागरसी के बा तस्दीक होने पर दोनों को गिरफ्तार क लिया गया।

बताया कि दोनों को गोंडा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# चौपाल में महिलाओं को जागरूक किया

वजीरगंज। सोमवार को सीएचसी पर चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया। एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए 1090 समेत विभिन्न टोल फ्री नम्बरों की जानकारी दी। बालिकाओं व महिलाओं को मनचलों व शोहदों से निपटने का गुर सिखाया। अधीक्षक डॉ आशुतोष शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग की मातृत्व लाभ व परिवार नियोजन समेत स्वास्थ विभाग की विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी।

# सिमकार्ड से युवती के कत्ल की सुलझेगी गुत्थी

## सेल्हरी मंडप गांव में गन्ने के खेत में युवती का शव मिलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। युवती की हत्या कर कटरा बाजार के सेल्हरी कुशहा गांव में गन्ने के खेत में शव फेंकने के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगा है। पुलिस का शक सेल्हरी मंडप गांव के ही कुछ लोगों पर है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सनसनीखेज वारदात में पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को उठाया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक सिमकार्ड बरामद किया है। उम्मीद है कि इसी सिमकार्ड से न सिर्फ युवती की पहचान होगी, बल्कि कातिलों तक पहुंचने में भी पुलिस को मदद मिलेगी।

रविवार सुबह सेल्हरी कुशहा गांव में गन्ने के खेत में 20 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बोरी में मिला था। घटनास्थल से करीब 10 मीटर दूरी पर एक सिमकार्ड मिला है। पुलिस इस सिमकार्ड की कॉल

### गांव केकुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

डिटेल खंगाल रही है। जिसके जरिए आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है। फिलहाल मोबाइल चोरी के रैकेट में शामिल युवक पर पुलिस की निगाहें टिकी हैं। उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि पुलिस को युवती की शिनाख्त में कामयाबी नहीं मिल सकी है।

पुलिस का दावा है कि पीएम रिपोर्ट के बाद कुछ जानकारी हो सकती है। आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की गई है। चर्चा है कि मंडप चौराहे के पास रेडीमेट गारमेंट्स की दुकान पर युवती को पूर्व में देखा गया है। पुलिस ने संबंधित दुकान के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला है। मगर कैमरा बंद पाया गया। आशंका है कि दुष्कर्म के विरोध में युवती की हत्या की गई है।

## फंदे से लटकी मिली हाईस्कूल की छात्रा

परसपुर (गोंडा)। थाना क्षेत्र के रुदौली डीहा गांव में देर रात एक छात्रा ने अपने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। गांव निवासी संतराम ने बताया कि उनकी बेटी लक्ष्मी (16) शाहपुर के इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। वह काफी दिनों से बीमार थी। कुछ दिनों पहले वह स्कूल में बेहोश हो गई थी। रविवार रात खाना खाने के बाद लक्ष्मी अपने कमरे में सोने चली गई। सोमवार सुबह काफी देर तक सोकर नहीं उठी तो उसे आवाज लगाई गई। इसके बावजूद उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा तोड़ा गया तो कमरे में लक्ष्मी का शव छत के हुक में दुपट्टे से लटका मिला। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। (संवाद)

# जिलेभर में पटाखा भंडारण व लाइसेंस की जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर/मनकापुर/तरबगंज/गोंडा। बेलसर पटाखे बनाते समय हुए धमाके में दो लोगों की मौत और तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आखिरकार सरकारी अमला हरकत में आ गया। डीएम व एसपी के निर्देश पर जिले के चारों तहसील क्षेत्र में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीमों ने एक साथ छानबीन शुरू कर दी। संभावित स्थानों पर पटाखा भंडारण व लाइसेंस की जांच की जा रही है। इससे पटाखे बनाने व बेचने वाले लोगों में हड़कंप मचा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़गांव में निरीक्षक अपराध अरविंद यादव के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व टीम ने छानबीन की। हालांकि, बड़गांव में पटाखा भंडारण नहीं मिला। चौक में भी टीम छानबीन कर रही है। कोतवाल मनोज कुमार पाठक ने बताया कि जहां-जहां पटाखा बिक्री की जानकारी मिली है, वहां जांच कराई जा रही है।

परसपुर में एसडीएम करनैलगंज भारत भार्गव, सीओ डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह व थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने पटाखा के लाइसेंसी व भंडारण गोदाम में छानबीन की। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर से भंडारण का मिलान भी कराया। एसडीएम व सीओ ने लाइसेंसी दुकानदारों को पटाखों से होने वाले हादसों से बचाव के लिए

## बेलसर में विस्फोट के बाद हरकत में आया पुलिस-प्रशासन



परसपुर में पटाखा गोदाम का निरीक्षण करते एसडीएम व सीओ। संवाद

पानी और बालू के साथ ही अग्निशमन यंत्र रखने की सख्त हिदायत दी। मनकापुर में सीओ आरके सिंह व कोतवाल संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने पटाखा भंडारण वाले स्थानों पर छानबीन की।

तरबगंज में सीओ विनय कुमार सिंह व कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने पटाखा कारोबारियों के यहां पहुंचकर स्टॉक का मिलान किया और सुरक्षा के मद्देनजर बालू, पानी व अग्निशमन यंत्र रखने के निर्देश दिए। एसपी ने विनीत जायसवाल ने बताया कि चारों तहसील क्षेत्रों के बाजारों में एकसाथ छानबीन कराई जा रही है। अवैध पटाखा कारोबार करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दीपावली से पहले तेज हुआ पटाखों का खतरनाक धंधा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। दीपावली से दो माह पहले ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी-छिपे अवैध पटाखे बनाने व बचने का खतरनाक धंधा तेज हो जाता है। लाइसेंस की चेकिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। सोमवार को हुए विस्फोट की घटना कोई पहली बार नहीं हुई है। पहले भी यहां कई ग्रामीण इलाकों में धमाके हो चुके हैं। जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है और तमाम लोग गंभीर रूप से जख्मी हो चुके हैं।

नगर पंचायत बेलसर में सोमवार को पटाखे बनाते समय हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत और तीन लोगों के मरणासन्न होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। एक दशक पहले छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा बाजार में पुराने मकान में बारूद का भंडारण किया गया था। परिवार के लोग रात में सो गए थे। भोर में अचानक विस्फोट होने से मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

02 जुलाई वर्ष 2021 में वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिकरी ठठेरपुरवा में नुरुल हसन के मकान में हुए विस्फोट में निसार अहमद (35), शमशाद (28), शायरुननिशां (35), रुबीना बानो (32), मोहम्मद शोएब (02), मेराज (11) व नूरीसबा (12) की मौत हो गई थी। नुरुल हसन, इरशाद अहमद, निजाम, रेहान अहमद अलीशा, मोहम्मद जैद व गुलनाज बानो घायल हो गई थीं। यहां भी पटाखा भंडारण के कारण विस्फोट होने की बात सामने आई थी। हालांकि, बाद में जांच टीम ने रसोई गैस सिलिंडर से विस्फोट होने की रिपोर्ट दी थी।

24 अक्तूबर 2022 में नवाबगंज के संचरही मोहल्ला निवासी मोहम्मद सईद के घर में सुबह जोरदार धमाका हुआ था। जिसमें उनका दोमंजिला मकान जमींदोज हो गया था। मलबे में उनकी पत्नी खैरुननिशां (55) व बेटा इब्राहिम (22) दब गए थे। इलाज के दौरान खैरुननिशां की मौत हो गई थी। पटाखा विस्फोट से हुए हादसे के बाद भी सबक नहीं लिया गया। पटाखे बेचने के लाइसेंस तो जारी कर दिए जाते हैं। मगर जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति से पटाखा विस्फोट से होने वाले हादसों पर रोक नहीं लग रही है।

## जांच के नाम पर होती है सिर्फ खानापूर्ति, मसकनवा, वजीरगंज और नवाबगंज में हो चुके हैं धमाके



टिकरी ठठेरपुरवा में वर्ष 2021 में हुए विस्फोट के बाद जमींदोज मकान। फाइल फोटो

## हर साल बनते हैं 200 अस्थायी लाइसेंस

दीपावली से एक माह पहले ही पटाखा कारोबार के लिए व्यापारी अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू कर देते हैं। प्रशासन की शर्तों पर उन्हें एक माह का अस्थायी लाइसेंस संबंधित थानों की पुलिस की रिपोर्ट पर मजिस्ट्रेट जारी कर देते हैं। हर साल दीपावली से पहले ऐसे 200 से अधिक अस्थायी लाइसेंस जारी किए जाते हैं। जिस पर व्यापारी पटाखे का कारोबार करते हैं।

- **बिना लाइसेंस के बना रहे थे पटाखे**
  बेलसर बाजार के एक खंडहर में बिना लाइसेंस के पटाखा बनाने का कारोबार काफी दिनों से चल रहा था। लेकिन ने [illegible] रगड़गंज चौकी पुलिस को इसकी जानकारी थी और न ही थाने की पुलिस को। बेलसर (रगड़गंज बाजार) के लोगों का कहना है कि हादसों के बाद ही प्रशासन और पुलिस हरकत में आती है। अगर पहले ही अवैध पटाखा कारोबार पर पाबंदी लगाई गई होती तो विस्फोट में लोगों की जान न जाती।

## तहसीलवार टीम को कार्रवाई के निर्देश

पटाखा विस्फोट की घटना गंभीर है। इससे सबक लेते हुए अधिकारियों को ऐसे स्थानों को चिह्नित कर दबिश कराने के निर्देश दिए गए हैं। तहसीलवार एसडीएम के निर्देशन में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। लाइसेंसी भंडारण वाले सूचीबद्ध लोगों के रखरखाव की जांच की जाएगी।

– नेहा शर्मा, जिलाधिकारी



घायलों को ले जाते स्वास्थ्य कर्मी। संवाद



मकान में विस्फोट के बाद बिखरा सामान। संवाद

# पटाखे में विस्फोट से दहल चुका है तराई

बलरामपुर। पटाखों के जखीरे में विस्फोट होने से गोंडा ही नहीं बल्कि बलरामपुर भी दहल चुका है। वर्ष 2020 में पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, वहीं दो महिलाएं जख्मी हो गई थीं। ललिया में पटाखों में विस्फोट होने से पूरा मकान ही क्षतिग्रस्त हो गया था। जिले में आए दिन अवैध पटाखों की खेप भी बरामद होती रहती हैं। (संवाद)

## पटाखों में विस्फोट से हुई थी युवक की मौत

- सितंबर 2020 में नगर के गदुरहवा मोहल्ले में अकरम के घर अचानक हुए धमाके ने बड़ी तबाही मचाई थी। विस्फोट से अकरम के यहां ननिहाल आए ननकन अली (18) की मौके पर ही मौत हो गई थी। अकरम की भाभी सुगरा बेगम व भतीजी रूबी गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। धमाका इतना तेज था कि आसपास के करीब 24 मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे।

## विस्फोट से क्षतिग्रस्त हुआ था मकान

ललिया थाना क्षेत्र के रामनगर रसईपुरवा गांव निवासी पटाखा व्यवसायी जिबरील मनिहार के घर में 30 अगस्त 2023 की रात करीब डेढ़ बजे पटाखे के जखीरे में विस्फोट हो गया था। धमाके से घर की दो दीवारें ढह गईं और छत में दरार आ गई थी। पुलिस अधिकारियों की जांच में पता चला था कि व्यवसायी के नाम से शिवपुरा बाजार में पटाखा बेचने का लाइसेंस था। पटाखा रखने के लिए गोदाम की अनुमति रामनगर रसईपुरवा गांव में व्यवसायी के घर से दो सौ मीटर दूर खेत में बनाने की थी।

- **पुलिस चला रही अभियान :** पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक को लेकर पुलिस अभियान चला रही है। कोतवाली नगर व उतरौला पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर चुकी है। एसपी विकास कुमार का कहना है कि ऐसे मामलों को लेकर पुलिस सतर्क रहती है, छापा मारकर कार्रवाई की जाती रहती है।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# नियमों का उल्लंघन कर चलते हैं डग्गामार वाहन

उतरौला। उतरौला क्षेत्र में डग्गामार वाहनों की बढ़ती संख्या से यातायात अव्यवस्थित हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। यह अवैध वाहन नियमों का उल्लंघन करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां भरते हैं और तेज गति से चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इन वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# ठेला व्यापारियों का स्थान करें निर्धारित

उतरौला। श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर बेतरतीब ढंग से लगे फल और चाट के ठेले यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। इन दुकानों पर लगने वाली भीड़ के कारण सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ठेलेवालों के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की मांग की है।

# घटनाओं से सबक नहीं, ट्रालियों से ढो रहे सवारियां

बलरामपुर, संवाददाता। कृषि कार्य के लिए उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों का जिले में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफलेक्टर नहीं लगे हैं, जिस कारण दुर्घटनाएं होना आम बात है। नेशनल हाइवे पर चलने वाली ट्रैक्टर ट्रालियां परिवहन के नियमों का पालन नहीं करतीं, जिसके कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है। कृषि कार्य के बजाय ट्रैक्टर ट्रालियों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जबकि परिवहन निगम इसी शर्त पर लाइसेंस जारी करता है कि जिसमें ट्रैक्टर ट्रालियों को कृषि कार्य के लिए ही परिवहन करने की छूट दी गई है।

जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या लगभग दो लाख के पार है। अधिकांश ट्रैक्टर ट्रालियां कृषि कार्य के साथ-साथ परिवहन में भी लगी हैं। लग्न मुहूर्त आने पर ट्रैक्टर ट्रालियों का व्यवसायिक उपयोग करना शुरू कर दिया जाता है।




बलरामपुर-तुलसीपुर नेशनल हाइवे पर लोगों को ले जाती ट्रैक्टर ट्राली। • हिन्दुस्तान

ट्रैक्टर ट्रालियों में बारातियों को भरकर गंतव्य तक ले जाया जाता है। मुंडन संस्कार व अन्य कार्य में लिया जाता है। ट्रैक्टर ट्रालियों में शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर में दर्शन करने के लिए भी श्रद्धालुओं को लाया-लेजाया जाता है। बिजलेश्वरी मंदिर में भी ट्रैक्टर ट्रालियों से श्रद्धालु आते जाते हैं। इसके अलावा ओवर लोड गन्ना भरने का भी काम ट्रैक्टर ट्रालियों में होता है। ओवर लोड ट्रैक्टर ट्रालियां हादसे का कारण बनती हैं। कभी सड़क पर पलट जाती हैं तो कभी सामने से आने वाले वाहनों से टकराकर जानमाल को नुकसान पहुंचाते हैं। ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी नहीं होती।

## ट्रालियों पर सवारियां ढोने पर जुर्माने का प्रावधान

उप संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद यादव बताते हैं कि ट्रैक्टर ट्रालियों का उपयोग कृषि कार्य के लिए ही किया जा सकता है। व्यवसायिक उपयोग किए जाने पर जुर्माने का प्राविधान है। नियमों का पालन न करने वाले ट्रैक्टर चालकों को दंडित किया जाता है। कोतवाली नगर, थाना देहात व महराजगंज तराई में वर्ष भर में यात्रियों से भरी 13 ट्रैक्टर ट्रालियों का चालान हुआ है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का कहना है कि यातायात नियमों का पालन कड़ाई से कराया जाता है।

अधिकांश ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेफलेक्टर नहीं लगे होते। पीछे से अथवा सामने से आने वाले वाहन उन्हें ठीक से देख नहीं पाते और टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू

जासं • बलरामपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ अक्टूबर के संभावित दौरे की तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। हालांकि, अभी सीएम का लिखित कार्यक्रम नहीं मिला है लेकिन, लोक निर्माण विभाग ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन में स्विस काटेज व बैरीकेडिंग, एप्रोच मार्ग मरम्मत व समतलीकरण समेत अन्य कार्यों के लिए निविदा निकाली है। इससे सीएम का जनपद भ्रमण पक्का माना जा रहा है। सीएम अधिकारियों के साथ प्रगति की समीक्षा करेंगे। निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी राज्य विवि, मेडिकल कालेज का निरीक्षण भी कर सकते हैं। शक्तिपीठ देवीपाटन में रात्रि विश्राम कर सकते हैं। प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

## बैलगाड़ी सीज

महाराजगंज तराई: खरझार पहाड़ी नाला में खैरहनिया गांव के पास बालू खनन कर रहे लोगों ने पुलिस को देख बैलगाड़ी छोड़ कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक गिरीराज त्रिपाठी ने बताया कि बैलगाड़ी लाकर सीज कर दिया गया है। खनन करने की तलाश की जा रही है। (संसू)

## मंदिर में महिलाओं को किया जागरूक

ललिया: मोहन बाबा मंदिर परिसर में मिशन शक्ति के तहत पुलिस कर्मियों ने महिलाओ को जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने डायल 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 107, 1098 आदि हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारियां दी। इस अवसर पर स्टाफ नर्स अर्चना, उपनिरीक्षक दिव्या सिंह, उपनिरीक्षक अमित चौहान, कांस्टेबल प्रीति वर्मा आदि मौजूद रहीं। (संसू)

# प्रमुख मार्गों पर ढाई घंटे जाम, स्कूल वैन में बच्चे व राहगीर परेशान

संवादसूत्र, जागरण • बलरामपुर: कम समय के अंतराल पर झारखंडी व संतोषी माता मंदिर के पास की रेलवे क्रासिंग बंद होने से गोंडा, बहराइच, तुलसीपुर व मुख्य बाजार मार्ग पर लंबा जाम लग गया। तेज धूप में लोग जाम से जूझते दिखे। स्कूल बसों में बैठे छात्रों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

**यहां भी परेशान रहे लोग:** वीर विनय से चारों मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। गोंडा मार्ग पर चंद्रशेखर आजाद पार्क तक जाम लगने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वाहनों में फंसे लोग तेज धूप से बिलबिला उठे। सुबह 11 से दोपहर डेढ़ बजे तक जाम लगा रहा।

**बस चालकों पर मनमानी का आरोप:** राहगीर महेंद्र कुमार ने बताया कि झारखंडी से बस स्टेशन जाने वाले मार्ग पर रोडवेज बस चालक मनमानी करते हैं। सड़क पर ही एक साथ दो बसों को बराबर में खड़ा कर दिया जाता है। इससे मार्ग पूरी तरह से बंद हो जाता है। बहराइच मार्ग पर जाम लग जाता है। अरुण कुमार ने बताया कि मार्ग पर ही लोग दो पहिया वाहन खड़े कर देते हैं। इससे भारी वाहनों के आवागमन पर बगल से निकलने में दिक्कत होती है। विजय ने बताया कि ई-रिक्शों का रूट अलग होने के बाद भी रिक्शा चालक मनमानी करते हैं।



तुलसीपुर मार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन चालक • जागरण

झारखंडी व संतोषी माता मंदिर के पास रेलवे क्रासिंग बंद होने से गोंडा, बहराइच, तुलसीपुर व मुख्य बाजार में वाहनों की लगी कतार




गोंडा मार्ग पर जाम में फंसी स्कूल वैन • जागरण

## पाइप लाइन की मरम्मत के कारण आई समस्या

यातायात प्रभारी उमेश सिंह यादव ने बताया कि वीर विनय चौराहे पर हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने पाइप लाइन की मरम्मत की जा रही थी। इससे चौराहे पर कम जगह होने के कारण वाहनों को निकालने में समय लग रहा था। हालांकि, यातायात कर्मियों की सतर्कता से अधिक समय तक जाम की स्थिति नहीं रही और सभी मार्गों पर वाहनों को सुगमतापूर्वक निकाला गया।

# भक्तों की भीड़, बिगड़ी यातायात व्यवस्था

## देवीपाटन मंदिर में दर्शन करने निकले श्रद्धालु, जाम से रेंगते रहे वाहन, दिनभर परेशान रहे लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय पर जाम की समस्या से सोमवार को लोग परेशान रहे। बलरामपुर-तुलसीपुर, बलरामपुर-गोंडा व बहराइच मार्ग पर आधा दिन जाम की स्थिति बनी रही। इन मार्गों पर दोपहर तक वाहन रेंगते नजर आए।

सोमवार को शारदीय नवरात्र की पंचमी तिथि होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालु तुलसीपुर पहुंचे। गैर जनपदों से सैकड़ों वाहन जिला मुख्यालय से होकर देवीपाटन गए।

ऐसे में जिला मुख्यालय पर वाहनों का दबाव अधिक होने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। दोपहर दो बजे तक शहर में भीषण जाम देखने को मिला। वैसे तो ट्रैक्टर-ट्रॉली से लोगों को बैठाकर यात्रा कराना सख्त मना है लेकिन सोमवार को जाम में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां भी देखने को मिलीं।

तमाम प्रबंधों के दावे भी तुलसीपुर में लंबा जाम लगा रहा। सोशल मीडिया पर लोगों ने अपनी परेशानी बयां की। इसके बाद प्रशासन की अतिरिक्त टीम को लगाया गया।



बलरामपुर में नगर कोतवाली के पास जाम में फंसे लोग। -संवाद

### वीर विनय चौराहे पर बुरा हाल

शहर का प्रमुख चौराहा होने के कारण वीर विनय चौराहे पर दोपहर 11 बजे जाम लगा हुआ था। यह चौराहा बलरामपुर, तुलसीपुर, गोंडा व बहराइच मार्ग को आपस में जोड़ता है। सभी वाहन इसी चौराहे से होकर ही गुजरे। ऐसे में यहां जाम लगने से प्रमुख मार्गों पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। दुकानदार आसिफ, मोनू व सुल्तान ने बताया कि सुबह से ही जाम लगना शुरू हो गया था।

### गोंडा मार्ग पर भीषण जाम

वीर विनय चौराहे से गोंडा मार्ग पर डायट तक करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में फंसे बाइक सवार तेज धूप में काफी परेशान नजर आए। दोपहर में जाम लगने से कई स्कूली वाहन भी फंसे रहे। ऐसे में बच्चों को घर पहुंचने में दिक्कत हुई।

# अतिक्रमण से सिकुड़ा बाजार, सो रहे जिम्मेदार

## मनमानी : सड़कों के दोनों तरफ कब्जा करने की होड़, गुम होते जा रहे फुटपाथ

सुंदर स्वच्छ बाजार

गिरीश मिश्र • जागरण

उतरौला (बलरामपुर): शारदीय नवरात्र नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं कई स्थानों पर रामलीला मंचन का भी आयोजन किया जा रहा है। पूजा पंडालों में पूजन सामग्री की आवश्यकता और कार्यक्रमों के लिए आवश्यक वस्तुएं खरीदने को बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। सड़क पर दुकानदारों द्वारा दुकान सजाने की होड़ में बाजार की सड़क सिकुड़ गई है।

नगर में अतिक्रमण यह स्थिति है कि तमाम जगहों पर पटरियों का नामोनिशान मिट गया है। नवरात्र के बाद दीपावली और धनतेरस को लेकर बाजार की रौनक बढ़ेगी। वहीं, इस पर अतिक्रमण की मार भारी पड़ रही है। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर चेतावनी तो बार-बार दी जाती है, लेकिन परिणाम शून्य ही रहता है।

नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी से मुख्य बाजार की शुरुआत हो जाती है। यहां से बस स्टाप तक सड़क की दोनों पटरियों पर कुछ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। यहां से बाजार की तरफ बढ़ने पर नजारा एकदम बदल जाता है। हाटन रोड तिराहा से महिला पुलिस चौकी, पुराने अस्पताल व बड़ी मस्जिद से होते हुए कर्बला डाकबंगला तक दोनों पटरियों पटरियों पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से बरदही बाजार तक तीन किलोमीटर लंबे मुख्य बाजार में अतिक्रमण के कारण जगह-जगह जाम लगना आम बात हो गई है। इसी तरह फक्कड़ दास चौराहा से गोंडा मोड़ और हाटन रोड तिराहा से पचपेड़वा मार्ग भी अतिक्रमण की जद में हैं। मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण के अलावा रही सही कसर सड़क पर खड़े फलों, सब्जियों के ठेले वाले पूरी कर रहे हैं।

**अतिक्रमण हटाने को चलाया जाएगा अभियान:** उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार का कहना है बाजार से अतिक्रमण हटवाने को अभियान चलाया जाएगा। पहले दुकानदारों को नोटिस दी जाएगी।



नगर के मुख्य बाजार की सड़क पर यूं किया गया अतिक्रमण • जागरण



नगर के मुख्य बाजार की सड़क के दोनों तरफ पटरियों में यूं सजी हैं दुकानें • जागरण

### आमजन का छलका दर्द



फक्कड़ दास चौराहा निवासी अमर सिंह यादव का कहना है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा से बाजार के अंदर प्रवेश करते ही जाम से जूझना पड़ता है। किसी भी दुकान पर खरीदारी करने को वाहन खड़ा करते हैं, तो अन्य वाहनों को दिक्कत होती है।



सुभाषनगर के अमन श्रीवास्तव बताते हैं कि वाहन किसी दुकान के सामने खड़ा कर दिया जाए, तो मिनटों में जाम लग जाता है।



मनोज वर्मा कहते है कि किराना हो या अन्य कारोबारी, सड़क तक दुकान सजाते हैं।



गौरव दुबे कहते हैं कि दिखावे को प्रशासन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाता है। मगर सब पहले जैसा हो जाता है, जिससे नगर स्वच्छ साफ सुथरा जाम मुक्त नहीं हो पा रहा है।

# पैर फिसलने से नदी में बहा चार वर्षीय बालक, 24 घंटे बाद भी नहीं लगा पता

जासं • बलरामपुर : ललिया के लक्ष्मणपुर खैरहनिया गांव के मजरे जगतापुर निवासी अशोक आर्य उर्फ भुर्रे का चार वर्षीय बेटा रविवार की शाम पैर फिसलने से नदी में बह गया था। 24 घंटे बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है। अशोक ने बताया कि गत रविवार शाम उसकी पत्नी राप्ती नदी के किनारे खेत में लगे पेड़ में पानी देने जा रही थी। उनके पीछे बेटा अनुज भी घर से निकल गया। नदी के किनारे पैर फिसलने से अनुज तेज बहाव में बह गया। सोमवार शाम तक अनुज का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस चौकी मथुरा बाजार की पुलिस व स्थानीय गोताखोर अनुज की तलाश में जुटे हुए हैं। ललिया थाना के प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि तलाश की जा रही है।

# चोरी की भैंस बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर : पचपेड़वा थाना पुलिस ने चोरी की दो भैंस बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक अवधेशराज सिंह ने बताया कि नेपाल स्थित महराजगंज जिला के तौलिहवा निवासी रामसमुझ उर्फ यादव व पचपेड़वा के पुरानी बाजार निवासी विवेक दुबे को गिरफ्तार किया गया है। (जासं)

## दो बदमाशों को दबोचा

बलरामपुर : महराजगंज तराई थाना की पुलिस ने वारंटी आरोपित को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी ने बताया कि महदेइया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त नंदनगर अचानकपुर गांव निवासी कपिल सिंह की गिरफ्तारी की गई है। (जासं)

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

बलरामपुर : तुलसीपुर थाना की पुलिस ने दुष्कर्म आरोपित की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि धौरी कला थाना हरैया गांव निवासी श्रवण उर्फ राजेश को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। (जासं)

# कल आ सकते हैं सीएम, तैयारी शुरू

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दो दिवसीय दौरा बुधवार से प्रस्तावित है। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान विकास कार्यों की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री देवीपाटन मंदिर में रात्रि प्रवास करेंगे। इसको लेकर प्रशासनिक अफसरों ने तैयारी तेज कर दी है।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री बुधवार को हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचेंगे। यहां से वह सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर सकते हैं। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में रात्रिप्रवास करेंगे। बृहस्पतिवार को मंदिर में पूजन-अर्चन का कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री के भ्रमण को देखते हुए अफसरों ने तैयारी तेज कर दी है। सोमवार को पूरे दिन सरकारी अधिकारी विकास कार्यों को लेकर होमवर्क करते दिखे। शहर के साथ ही उन सभी मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया जिससे होकर मुख्यमंत्री को गुजरना है। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री का अधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री को भ्रमण प्रस्तावित है। इसे देखते हुए तैयारी की जा रही है। (संवाद)

## मरा सांप फेंकने से मना करने पर पीटा

**बलरामपुर।** पचपेड़वा के परसरामपुर गांव में मरा हुआ सांप घर के पास फेंकने से मना करने पर मारपीट का मामला आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परसरामपुर गांव के भाईलाल का आरोप है कि उसका बेटा राकेश कुमार रविवार को करीब साढ़े सात बजे घर के पास खड़ा था। तभी एक युवक मरा हुआ सांप फेंकने आया। इस पर जब उसके बेटे ने मना किया तो युवक ने अभद्रता की। बाद में युवक के साथ आए दो लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे भाईलाल व उसकी पत्नी रामराजी की भी पिटाई की गई। इसमें तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में शब्बू समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

## मवेशी चुराने वाले दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पचपेड़वा पुलिस ने मवेशी चेरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि पचपेड़वा थाना की पुलिस ने नेपाल देश के जिला तौलिहवा थाना महराजगंज निवासी राम समुझ उर्फ यादव व पचपेड़वा थाना के पुरानी बाजार कस्बा निवासी विवेक दुबे उर्फ सर्वेश दुबे को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो मवेशी बरामद किए गए हैं। (संवाद)

## दो वांछित चढ़ पुलिस के हत्थे

**बलरामपुर।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों से पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि देहात कोतवाली की पुलिस ने वांछित आरोपी ग्राम नंदनगर अचानकपुर निवासी कपिल सिंह को रामपुर मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं, महराजगंज तराई थाना की पुलिस ने वारंटी महदेइया निवासी धर्मेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दोनों आरोपियों की तलाश थी। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# बिजली सामग्री चोरी मामले में वारंटी गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दरोगा दिलीप उपाध्याय, मुख्य सिपाही मृत्युंजय, अजय द्विवेदी ने गुलाम अलीपुरा में दबिश दी। पुलिस ने राजेश कुमार कसेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# यातायात नियमों की अनदेखी पर नजर फेरते जिम्मेदार

बहराइच : सड़क हादसों को रोकने तथा सुरक्षा नियमों का पालन कराने के मकसद से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का बिगुल बज रहा है, लेकिन धरातल पर इसकी सच्चाई फिलहाल कागजों तक सीमित है। जिम्मेदारों की आंखों के सामने ही यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते वाहन चालक नजर आ रहे हैं। बाइक तो दूर की बात, माल वाहन पर भी मानक के विपरीत सवारियां बैठाई जा रही हैं।



पानी टंकी चौराहे पर एक बाइक पर छह लोग तो दूसरी पर पांच लोग सवार • जागरण

**दृश्य एक** पानी टंकी चौराहा शहर का सबसे व्यस्त स्थान है। ऐसे में दिनभर यातायात और पुलिस के अलावा होमगार्ड के जवान तैनात रहते हैं। यहीं एक बाइक पर छह लोग तो दूसरी बाइक पर पांच लोग बैठकर नियम और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखे।

**दृश्य दो** झिंगहाघाट पुल पर एक माल वाहन जाता दिखा, जो सवारियों से भरा हुआ है। चंद कदम की दूरी पर एआरटीओ कार्यालय भी है।

**दृश्य तीन** बाइक पर दो व्यक्तियों से ज्यादा लोगों के बैठने की अनुमति नहीं है, लेकिन लखनऊ-बहराइच हाईवे के टिकोरामोड़ के पास एक बाइक पर चार लोग सवार हो कर फर्राटा भरते नजर आए।

**दृश्य चार** इंदिरा स्टेडियम के निकट एक बाइक पर चालक के विपरीत दिशा में बाइक पर उल्टा बैठा युवक दुर्घटना को दावत देता नजर आया।



झिंगहाघाट पुल पर माल वाहन में सवारियों को ले जाता चालक • जागरण

ये हाल तब है जब जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। बहरहाल, दिनभर ऐसी ही मनमानी अन्य चौक चौराहों व हाईवे समेत अन्य मार्गों पर देखने को मिलती हैं, लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। -अरुण दीक्षित।



इंदिरा स्टेडियम के निकट बाइक पर उल्टा बैठ कर जाता युवक • जागरण



टिकोरामोड़ के पास एक बाइक पर सवार चार लोग • जागरण

# जुआ खेल रहे रंगे हाथों आठ जुआरी गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर थाने में तैनात दरोगा अश्वनी कुमार पांडेय, सुरेश चन्द्र गिरी, झुन्नू प्रसाद, हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य सिपाही धर्मेन्द्र राव, गोवर्धन गुप्ता, स्वामीनाथ खरवार, शैलेश सिंह ने गोपिया गांव में दबिश दी। जुआ खेल रहे आठ व्यक्ति जुआरियों के माल फड़ से 12,640 रुपये व तलाशी से 600 रुपये, 3 गड्डी ताश के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों मोतीपुर थाने के गोपिया निवासी सुरेन्द्र कुमार वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र शिवपाल, कुलदीप, इरफान, फुर्सत अली, रामसमुझ, राजू को जुआ अधिनियम में जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्तान

# छह अपराधी किए गए जिला बदर

बहराइच। जिले में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की ओर से 06 अपराधियों के विरुद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है।

थाना फखरपुर के तहत ग्राम परशुरामपुर निवासी अखलद बेग पुत्र असलम बेग, थाना मोतीपुर के ग्राम टाड़पुरवा राजापुर कतर्निया निवासी गुड्डू पुत्र राम कृपाल, थाना रिसिया के ग्राम इटिहा के चफरिया निवासी कृपाराम व निवास उर्फ राम निवास, थाना रामगांव के ग्राम निबुआरी झिंगहा के करताराम पुत्र सीताराम व थाना कैसरगंज के ग्राम छोटीपुरवा कड़सर बिटौरा निवासी मनोज को जिला बदर कर दिया गया है।

हिन्दुस्त

# नौ लुटेरों ने ट्रक चालक को पीटकर नकदी लूटा

बहराइच। शहर के नानपारा बाईपास पर रविवार रात छह बाइकों पर सवार नौ लुटेरों ने सरिया लदे ट्रक चालक को रोककर नीचे घसीटकर जमकर पीटा। चालक की जेब में रखी नकदी छीन ली। वह किसी प्रकार भागकर केबिन में चढ़ कर स्टार्ट ट्रक लेकर भागा।

लुटेरों ने कुछ दूर तक उसका पीछा किया। बंजारी मोड़ स्थित घर पहुंचने पर लहूलुहान चालक को देख परिजनों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी। कोतवाली देहात व रामगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। देहात कोतवाली के बंजारी मोड़ स्थित मंडली गांव निवासी 52 वर्षीय मुजीबुल पुत्र एनुलहक ट्रक चालक है। उसने रविवार रात रिसिया थाने की सरिया मिल में उन्नाव ले जाने को सरिया लोड कराकर निकला। रास्ते में उसका घर पड़ता था। भोजन करने वह ट्रक लेकर घर को चला। नानपारा बाईपास मुड़ने पर एकाएक आधा दर्जन बाइकों पर सवार नौ युवकों ने आगे जाकर ट्रक रुकवाया। जैसे ही ट्रक रुका, एक युवक ने उसका कालर पकड़कर नीचे घसीट कर सभी युवकों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। चोटहिल मुजीबुल की जेब से हमलावरों ने आठ हजार रुपये निकाल लिए। हमले के बीच चालक ने भाग कर केबिन खोलकर स्टार्ट ट्रक की रफ्तार तेज कर दी।

हिन्दुस्तान

# हादसे में घायल नेपाली से बहराइच रेफर

बहराइच। बलरामपुर जिले के तुलसीपुर बालापुर के बीच बाइकों की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल नेपाली नागरिक को तुलसीपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। नेपाल के डांग के कोईलाबासा से युवक बालापुर साप्ताहिक हाट से खरीदारी कर नेपाल जाने को निकला था। कोइलाबासा निवासी 28 वर्षीय आस बहादुर पुत्र गौर बहादुर रविवार को बाइक से बलरामपुर जिले के तुलसीपुर के बालापुर बाजार में सामान खरीदने आया था। खरीदारी कर वह बालापुर से नेपाल जा रहा था। इसी दौरान बालापुर तुलसीपुर के मध्य आ रही बाइक उसे टक्कर मार कर फरार हो गया।

हिन्दुस्तान

# विसर्जन व जुलूस को लेकर पांच जोन में बांटा गया शहर

- प्रतिमाओं के विसर्जन को तैनात किए गए मजिस्ट्रेट
- आपदा कार्यालय बना कंट्रोल रूम, 05252-230132 होगा नंबर
- 24 घंटे रहेगा क्रियाशील ली जाएंगी गतिविधियों की सूचनाएं

बहराइच, संवाददाता। मां दुर्गा पूजा (नवरात्रि) में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन संग विजयदशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने को लेकर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इनकी देखरेख में जुलूस निकाले जाएंगे। पल-पल की गतिविधियों से जुड़ी जानकारी के लिए आपदा राहत केंद्र को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नंबर पर कॉल कर क्षेत्र में होने वाले घटना की सूचना दी जा सकेगी।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शहर को 05 जोन व 13 सेक्टर में विभाजित कर जोन व सेक्टरवार जिला स्तरीय अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। विसर्जन स्थलों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं।

नगर मजिस्ट्रेट को सम्पूर्ण नगर क्षेत्र का ओवर आल प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर को सह पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद स्तर आपदा कार्यालय में कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05252-230132 है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित श्री मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन को लेकर भी सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को तहसील क्षेत्र का प्रभारी व सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी को सह पुलिस प्रभारी नामित किया गया है। तैनात किए गए सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर नजर रखेंगे मजिस्ट्रेट

जासं • बहराइच : श्री मां दुर्गा पूजा (नवरात्र) में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन तथा विजयादशमी (दशहरा) पर्व को लेकर जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। यह जुलूस व मेले में सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहेंगे।

बहराइच नगर को पांच जोन व 13 सेक्टर में विभाजित कर जोन व सेक्टरवार अधिकारियों को मजिस्ट्रेट बनाया गया है। विसर्जन स्थलों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट को संपूर्ण नगर क्षेत्र का प्रभारी एवं क्षेत्राधिकारी नगर को सह पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। आपदा कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 05252-230132 है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कराने के लिए सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

# 'बेखौफ घर से निकलें महिलाएं, सुरक्षा में पुलिस'

- मिशन शक्ति में दिखी महिला सशक्तीकरण की झलक
- अधिकारों के प्रति किया जागरूक योजनाओं की दी जानकारी

संसू, जागरण • रामगांव (बहराइच) : रामगांव थाना परिसर में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा.पवित्र मोहन त्रिपाठी रहे। महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा व उनका अधिकार पाने के लिए योजनाएं चला रही है। महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। एएसपी ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-5 से सरकार व विभाग नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन को लेकर प्रयासरत है। अब महिलाओं को डरने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी मुसीबत के समय 1090, 1098, 1076, 112, 181 आदि टोल फ्री नंबरों पर काल कर सहायता ले सकती हैं। महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी मंजू यादव ने छात्राओं को साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। बीडीओ तेजवापुर अनुष्का श्रीवास्तव ने योजनाओं के बारे में बताया। थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि थाने में मिनी परामर्श केंद्र स्थापित किया गया है। इससे पारिवारिक विवाद के मामले यहीं पर बातचीत के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। इस मौके पर उपनिरीक्षक अजयकांत द्विवेदी, महिला उपनिरीक्षक आशा वर्मा, महिला आरक्षी पुष्पा देवी, सोनी सिंह, पूजा यादव, ममता कुमार, अंजना, प्रियंका वर्मा समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



रामगांव थाने में महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में मौजद पुलिस अधिकारी व महिलाएं • जागरण

## छात्राओं को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

शिवपुर : राम प्यारे शिव शंकर इंटर कालेज में खैरीघाट थाने की एंटी रोमियो टीम महिला चौपाल लगाकर छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। योजना के बारे में जानकारी दी। उनकी समस्याएं पूछकर उनका निस्तारण किया। महिला उपनिरीक्षक रागिनी वर्मा ने शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। कांस्टेबल पुष्पा यादव, मानसी सिंह, अंजली पांडेय व बबिता यादव आदि मौजूद रहीं।

# डेढ़ वर्ष बाद साथ रहने को राजी हुए दंपती

संसू, जागरण • बौंडी (बहराइच) : ग्राम पंचायत डोकरी के उदासियापुरवा की रहने वाली फूलमती ने थाने पर तहरीर व 1090 पर सूचना दी। जिहुरा मरौचा गांव निवासी पति उमेश पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व डेढ़ वर्ष से घर न ले जाने का आरोप लगाया।

मुख्य आरक्षी सीडी यादव व मुन्नी लाल ने मौके पर जाकर जांच की और दंपती को थाने पर तलब किया। थानाध्यक्ष सूरज राणा, एसएसआइ ध्रुव नारायण सिंह, उपनिरीक्षक ज्योत्सना, महिला आरक्षी पल्लवी ने प्रकरण की सुनवाई की। पुलिस टीम ने दंपती को समझाया। इसके बाद पति-पत्नी साथ रहने को राजी हो गए। हंसी खुशी दंपती थाने से घर को रवाना हुए।

# 'बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का ध्यान रखना शिक्षकों की जिम्मेदारी'



बीआरसी डीहा में प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को जानकारी देते बीईओ अनुराग मिश्र • जागरण

संसू, जागरण • चित्तौरा : ब्लाक संसाधन केंद्र डीहा में सोमवार से बुनियादी भाषायी एवं गणितीय दक्षताओं के विकास (एफएलएन) प्रशिक्षण के छठे व सातवें बैच की शुरुआत बीईओ अनुराग मिश्र की देखरेख में की गई। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गए तरीकों को कक्षा शिक्षण के दौरान प्रयोग में लाएं। बच्चों का शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने शिक्षकों की जिम्मेदारी है।

मास्टर ट्रेनर भानु प्रताप मिश्र ने गणित शिक्षण को सुगम बनाने के लिए टीएलएम पर जोर दिया। बच्चों को बुनियादी भाषा तथा गणित में निपुण करने का शिक्षकों को तरीका बताया। हुकुम सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं में आने वाली चुनौतियों को समझना है।

# बहराइच और गोंडा समेत पांच जिलों में बनेंगे बाईपास

- मीरजापुर, मैनपुरी व फर्रुखाबाद में भी बाईपास बनाने की तैयारी
- जिलाधिकारियों से लोक निर्माण विभाग ने मांगी रिपोर्ट
- बाईपास बनने से 12 जिलों में हल होगी यातायात जाम की समस्या



राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने पांच जिलों में यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए बाईपास बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। बहराइच, गोंडा, मीरजापुर, मैनपुरी व फर्रुखाबाद में बाईपास निर्माण के लिए जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्हें स्पष्ट किया गया है कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करके प्रस्ताव तैयार किया जाए। जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मिलने के बाद बाईपास के निर्माण को कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के 63 जिलों में यातायात जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए बाईपास की सुविधा उपलब्ध है या इसका निर्माण किया जा रहा है। लोनिवि ने शासन को रिपोर्ट दी है कि वर्तमान में 12 जिलों में बाईपास या रिंग रोड नहीं है। इसकी वजह से लोगों को यातायात जाम की समस्या झेलनी पड़ रही है। इन जिलों में बहराइच, गोंडा, मीरजापुर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, औरैया, भदोही, बुलंदशहर, संभल, चंदौली, बागपत व श्रावस्ती शामिल हैं। लोनिवि ने शासन को भेजी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि फिलहाल औरैया, भदोही, बुलंदशहर, संभल, चंदौली व बागपत तथा श्रावस्ती में अलग से बाईपास के निर्माण की जरूरत नहीं है। इन जिलों के पास से निकलने वाले छह राष्ट्रीय राजमार्गों को केंद्र सरकार की मदद से बाईपास के रूप में तब्दील किया जा सकता है, जबकि बहराइच, गोंडा, मीरजापुर, मैनपुरी व फर्रुखाबाद में बाईपास के निर्माण की जरूरत बताई गई है।

बाईपास को कार्ययोजना में शामिल किए जाने से पहले जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। साथ ही फर्रुखाबाद में बनने वाले बाईपास के निर्माण पर 626.6 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान विभाग ने लगाया है। शासन ने बाईपास व रिंग रोड के निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपये का बजट प्रविधान भी कर रखा है, जिसे बढ़ाकर 1,050 करोड़ रुपये किया जा सकता है। लोनिवि के विभागाध्यक्ष योगेश पवार ने बताया कि जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मिलने के बाद कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

# गैंगस्टर का आरोपी पकड़ा

बहराइच। मोतीपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मनगौढिया निवासी उत्तम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर मोतीपुर राकेश पांडेय के मुताबिक आरोपी की काफी दिनों से पुलिस को तलाश थी। (संवाद)

# ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई में 15 वाहन सीज

बहराइच। यातायात पुलिस ने सोमवार को शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 15 वाहनों को सीज कर परिसर में खड़ा करा लिया और 137 वाहनों का चालान कर दो लाख 91 हजार का जुर्माना लगाया। (संवाद)

# 60 हजार से अधिक की कीमत के तिल के तेल की 1004 बोतलें सीज

## एफएसडीए विभाग ने खाद्य पदार्थों पर छापामार 12 नमूनों को भेजा प्रयोगशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों में संचालित खाद्य की दुकानों व प्रतिष्ठानों पर छापामारा। इस दौरान टीम ने 60 हजार 240 की लागत से एक हजार से अधिक तिल के तेल को सीज करते हुए 12 खाद्य पदार्थों के नमूनों को एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

नवरात्र के पर्व को देखते हुए एफएसडीए विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ.अमर सिंह की अगुवाई में टीम ने गोंडारोड पर शिवनगर स्थित अपना प्रोविजन स्टोर से एक कुट्टू का आटा और मूंगफली के दाने का नमूना एकत्रित किया। इसके बाद टीम ने नानपारा पहुंचकर स्टेशनरोड स्थित मनीष इंटर प्राइजेज से खुली सौंफ, देसी घी और सिंघाड़े का नमूना एकत्रित किया।

टीम ने यहीं से मयूरी ट्रेडर्स प्रतिष्ठान व जयदुर्गे प्रोविजन स्टोर से साबूदाना का नमूना एकत्रित किया। इसके बाद टीम ने गिल्लीलारोड स्थित ताज ट्रेडर्स से मूंगफली तेल के मूल पैक, छआरा, साबुत हल्दी का नमूना, हार्दिक किराना स्टोर से कुट्टू का नमूना एकत्रित किया।

जरवल कस्बे से टीम ने श्याम ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से तिल के तेल का संदिग्ध नमूना एकत्रित कर 60 हजार 240 की लागत से 1004 बोतल तिल का तेल जब्त की।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ.सिंह ने बताया कि सभी एकत्रित किए गए 12 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान के संचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी अरूण कुमार शुक्ला, खाद्य सुरक्षाधिकारी कमला रावत, डॉ. विवेक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अग्निशमन यंत्र नहीं चला सके पटाखा कारोबारी, लगाई फटकार

**पयागपुर(बहराइच)।** तहसील के कोट बाजार स्थित पटाखा गोदामों का सोमवार को एसडीएम दिनेश कुमार व मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामानुज गौंड़ कोटबाजार के कटहरी बाग पहुंचे। दोनों ने पटाखा निर्माण कार्य, रख-रखाव, आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन यंत्र प्रयोग की हकीकत जानी। अग्निशमन यंत्र की जांच के दौरान एक पटाखा व्यावसायी अग्निशमन यंत्र नहीं चला सका। जिस पर उसे कड़ी फटकार लगाई। साथ ही दो अतिरिक्त बड़ा अग्निशामक यंत्र व पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। (संवाद)

## दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए मजिस्ट्रेटों की हुई तैनाती

**बहराइच।** जिले में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम सोमवार को मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन व दशहरा पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शहर को पांच जोन व 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि जोन व सेक्टरवार जिला स्तरीय अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है। वहीं विसर्जन स्थलों के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आपदा कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका नंबर है 05252-230132 है। डीएम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीएम को तहसील क्षेत्र का प्रभारी और संबंधित क्षेत्राधिकारी को सह पुलिस प्रभारी नियुक्त किया गया है। (संवाद)

# जमानत याचिका निरस्त

अदालत से

बहराइच। थाना कोतवाली नानपारा के बड़ा चंदेला गांव निवासी कौडिला उर्फ रेनू व अशफाक उर्फ रिंकू के खिलाफ थाने की पुलिस ने मई 2024 में दहेज हत्या आदि का मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को अभियुक्तों के अभिवक्ता की ओर से अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम आनंद शुक्ला की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत किया था। अभिवक्ताओं की जमानत याचिका पर शासकीय अधिवक्ता की ओर विरोध जताया गया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्तों की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। (संवाद)

# गुंडा एक्ट के छह अपराधी जिला बदर

बहराइच। डीएम मोनिका रानी ने छह अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। डीएम ने कार्रवाई के दौरान थाना फखरपुर के परशुराम गांव निवासी अखलद बेग, थाना मोतीपुर के ग्राम टाइबापुरवा निवासी गुड्डू, थाना रिसिया के ग्राम चर्खरिया निवासी कृपाराम व राम निवास, थाना रामगांव के ग्राम निबुआरी झिंगहा निवासी करताराम और थाना कैसरगंज के कुड़ासर बिटौरा गांव निवासी मनोज कुमार को छह माह के लिए जिला बदर किया है। (संवाद)

# खाते में भेजी गई 7.84 लाख की धनराशि

बहराइच। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जिले में आई विभिन्न आपदाओं के अंतर्गत के पीड़ितों के खाते में सहायता धनराशि भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच अक्तूबर को तहसील महसी में नदी की कटान से हुई क्षति को ध्यान में रखते हुए 17 लोगों के बैंक खाते में गृह अनुदान व अहैतुक सहायता राशि के रूप में सात लाख 84 हजार की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई है। (संवाद)

# तेंदुए ने कुत्ते को बनाया निवाला पिंजरा लगवाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

मिहींपुरवा(बहराइच)। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र में तेंदुए का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ दिनों में तीन तेंदुए पकड़े जाने के बाद भी दहशत नहीं घटी है और लगातार तेंदुए देखे जा रहे हैं। रविवार की रात ककरहा रेंज के धरमपुर गांव तेंदुए ने एक कुत्ते को निवाला बनाया। वहीं बेझा गांव में किसान के आगे अचानक तेंदुए के आने से वह सहम गया। ग्रामीण अभी भी क्षेत्र में चार से पांच तेंदुओं के होने का दावा करते हुए पिंजरा लगवाने की मांग कर रहे हैं।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज के ग्राम पंचायत धरमपुर के मजरा मैकूपुरवा व बेझा में ग्रामीण प्रतिदिन तेंदुआ देखने का दावा कर रहे हैं। जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। रविवार की रात

क्यूआर स्कैन कर देखें वीडियो

## धरमपुर में कुत्ते को बनाया निवाला तो बेझा में किसान का रोका रास्ता

लगभग नौ बजे धरमपुर गांव से तेंदुआ एक पालतू कुत्ते को उठा ले गया और निवाला बनाया। वहीं रविवार की शाम बेझा गांव में किसान के आगे एक तेंदुआ आने से वह सहम गया। किसान के हांका लगाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया।

बेझा गांव निवासी शिव कुमार ने बताया कि रोज चार से पांच तेंदुए दिख रह हैं, जिससे काफी दहशत है। शाम होते ही बच्चे घरों में कैद हो जाते हैं और किसान अपनी फसलों की रखवाली के लिए नहीं जा पा रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार मांग करने के बाद भी जिम्मेदार गांव में पिंजरा नहीं लगवा रहे हैं। वहीं नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग पर गश्त न करने का भी आरोप लगाया है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-10-2024

# अंतर्राज्यीय गिरोह का ठग गिरफ्तार

## कार्रवाई

- आरोपी नकली सोने को असली बताकर ठगता था
- आरोपी के कब्जे से 600 ग्राम नकली सोना बरामद

**श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली। संयुक्त टीम ने नकली सोने को असली बताकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से करीब 600 ग्रा. नकली सोना बरामद किया गया।

हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के भेसरी निवासी श्याम लाल यादव पुत्र रामबरन ने गिरंट थाने में तहरीर देकर ठगी का मामला दर्ज कराया था। श्याम लाल ने पुलिस को बताया था कि एक आरोपी ने 6.50 लाख रुपये नकद की ठगी की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के साथ सर्विलांस टीम को लगाया गया। सोमवार को थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय पुलिस व सर्विलांस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान टीम ने मुखबिर की सूचना पर नामजद आरोपी कमलेश प्रजापति जिसका असली नाम पवन राय पुत्र मोहन निवासी ग्राम मऊ थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ है को देवरा नहर पुल से गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि आरोपी के कब्जे से दो कंगन पीली धातु, एक चेन पीली धातु, 605.16 ग्राम नकली सोना, एक एटीएम कार्ड व चार हजार 800 रुपये नकद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी का असली नाम पवन है जो अपनी पहचान छिपाकर कमलेश नाम से ठगी करता था। उन्होंने बताया कि धारा की बढ़ोत्तरी करते हुए जेल भेजा जा रहा है। एसपी की ओर से गिरफ्तारी करने वाली टीम को 10 हजार पुरस्कार की घोषणा की गई।

## एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। दुर्गापूजा व आगामी त्योहार को लेकर पुलिस सक्रिय है। रविवार शाम को थानाध्यक्ष हरदत्तनगर गिरन्ट शैलकांत उपाध्याय टीम के साथ ही सुरक्षा का जायजा लेने के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने अरमान अली पुत्र जाफर अली निवासी सिटकहना थाना हरदत्तनगर गिरंट को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

# 36 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती : पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले 36 वाहनों का ई-चालान कर 89 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। (वि.)



कार्यक्रम में मौजूद पुलिस व छात्र

# हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

श्रावस्ती। यूपी सरकार की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को सिरसिया के प्राथमिक विद्यालय बगही में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बच्चों के सशक्तिकरण और सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी देना था। इंचार्ज अध्यापक कर्मवीर राणा ने स्कूली बच्चों व महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 112 की जानकारी दी और बताया कि मुसीबत के समय में बेझिझक हेल्पलाइन नम्बर के माध्यम से सहायता प्राप्त करें।

# चोरी गई बकरी बरामद, चोर गिरफ्तार

श्रावस्ती। बकरी की चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी गई बकरियों को बरामद कर दिया। इकौना के चिचड़ी निवासी अहमद पुत्र इसराइल ने रविवार को तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उसकी मां बकरी चरने के लिए छोड़ी थी। दोपहर में तैश पुत्र साबिर निवासी बनकसिया, जनपद बलरामपुर, आजम पुत्र मो. उमर, अकरम पुत्र मो. उमर कुरैशी व वकील पुत्र साबिर उसकी एक बकरी व एक बकरा चोरी कर ले गए।

# नवागंतुक एसएचओ ने संभाली कमान, बैठक की

इकौना, संवाददाता। इकौना थाने के प्रभारी के रूप में राजकुमार सरोज की तैनाती की गई है। जिन्होंने थाने का कार्यभार सम्हाल लिया। नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने सोमवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक की।

उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसका समाधान करने का आश्वासन दिया। दुर्गा पूजा कमेटी व रामलीला आयोजकों से रास्ते या अन्य किसी अन्य प्रकार की समस्या, विसर्जन स्थल से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से कानून के दायरे में रहकर मनाएं। शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालेंगे। जुलूस को लेकर कोई समस्या होती है तो उन्हें फोन पर सूचित कर सकते हैं। कोई नई परम्परा न डालें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरों को समस्या हो या उससे माहौल खराब होने की संभावना हो। पुलिस लोगों की सुरक्षा में तैनात रहेगी। उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने व अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोग अफवाहों पर बिलकुल ध्यान न दें और न खुद अफवाह फैलाएंगे। इस मौके पर क्राइम प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार दूबे, उप निरीक्षक दीपक सिंह, एसआई प्रेमानंद, एसआई विशाल शुक्ला, विहिप से केडी सिंह, संजय, जितेंद्र, संजय, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

# दबोचा गया अंतरराज्यीय गिरोह का शातिर ठग, नकदी व बाइक बरामद

## पुलिस ने भेसरी नहर निवासी के साथ हुई ठगी का किया राजफाश

जासं • श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने नकली सोने को असली बताकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के ठग को देवरा नहर पटरी से दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से ठगी के रुपये, पीली धातु के जेवर, चोरी की बुलेट बाइक व अन्य सामान बरामद हुआ है। एसपी ने ठग को गिरफ्तार करने वाली टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

भिनगा स्थित पुलिस कार्यालय में सोमवार को एसपी घनश्याम चौरसिया ने मामले का राजफाश करते हुए संवाददाताओं को बताया कि 19 सितंबर को भेसरी नहर निवासी श्याम लाल यादव के साथ लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के मऊ गांव निवासी कमलेश प्रजापति ने साढ़े छह लाख की ठगी की थी। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सेल व हरदत्तनगर गिरंट थाने की पुलिस टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने आरोपित को हरदत्तनगर क्षेत्र के देवरा नहर पुल के पास नहर की पटरी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से धोखाधड़ी कर ठगा गया सामान व चोरी की बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में पाया गया कि आरोपित फर्जी आरसी और आधारकार्ड बनवाए था तथा नकली सोना बेचते समय अपना गलत नाम पवन राय की जगह कमलेश प्रजापति बताता था। उसके कब्जे से दो कंगन पीली धातु, एक चेन पीली धातु (असली सोना), 605.16 ग्राम पीली धातु (नकली सोना), एक्सिस बैंक का एक एटीएम कार्ड, चोरी की बुलेट बाइक यूपी-40 यू0756, चार अलग-अलग नंबरों के फर्जी आधारकार्ड व 4,800 रुपये बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया ठग इसके पूर्व बिहार के पटना व लखीमपुर खीरी में भी ठगी कर चुका है। गिरफ्तारी टीम में हरदत्तनगर गिरंट थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय, सर्विलांस शाखा प्रभारी नितिन यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अंकुर कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी नीरज पाल सिंह, जयशीप यादव, आरक्षी अभिषेक सिंह, अभिषेक सिंह यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला, विनोद भारती आदि शामिल रहे।



पुलिस कार्यालय में गिरफ्तार ठग के बारे में जानकारी देते एसपी घनश्याम चौरसिया • जागरण

• ठगी के रुपये, पीली धातु के जेवर व अन्य सामान बरामद



अंतरराज्यीय ठग के कब्जे से बरामद किए गए रुपये व सामान • जागरण

### जल्द होगा हत्या का राजफाश

महिला पुजारी रामावती की 22 जुलाई को हुई हत्या के मामले में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी अभी तक न होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। नामजद आरोपितों की लोकेशन घटना स्थल पर नहीं पाई गई है। शीघ्र ही मामले का राजफाश कर दिया जाएगा।

# श्रावस्ती में अंतरजनपदीय चार बकरा चोर गिरफ्तार




इकौना थाने में चोरी के बकरों के साथ पुलिस हिरासत में आरोपित ● जागरण

**संसू, जागरण● इकौना(श्रावस्ती) :** गिरोह बनाकर बकरा चोरी करने वाले चार अंतरजनपदीय चोरों को पुलिस ने इकौना नगर से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो बकरों को भी बरामद किया गया है।

बलरामपुर के ललिया क्षेत्र के बनकसिया निवासी मुहम्मद तैस, मुहम्मद आजम कुरेशी, अकरम व वसीम बस स्टेशन इकौना के पास कमरा किराए पर लेकर इकौना क्षेत्र में बकरा चोरी करने करते थे। आरोपित रविवार को इकौना क्षेत्र के चौबेजोत के मुहम्मद असलम व चिचड़ी के वसीम के घर से खेत में चरने गए दो बकरे बाइक पर लादकर

## बलरामपुर निवासी चार लोग गिरोह बनाकर इकौना क्षेत्र में करते थे चोरी, भेजे गए जेल

भाग गए थे। वसीम की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस टीम ने बस स्टेशन इकौना से गिरोह के मुखिया मुहम्मद तैस को हिरासत में लिया। तैस से पूछताछ के दौरान गैंग में शामिल मुहम्मद आजम कुरेशी, मुहम्मद अकरम व मुहम्मद वसीम को थाने लाया गया। पूछताछ के दौरान चोरों की निशानदेही पर किराए के मकान से चोरी के दो बकरे बरामद किए गए।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज

## गोवंशों की मौत का मामला, डिप्टी सीवीओ निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** लखना के काशीपुर मूसा स्थित गोशाला में बृहस्पतिवार रात संदिग्ध हालात में 12 गोवंशों की मौत के मामले में ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए गए। जबकि डिप्टी सीवीओ को निलंबित कर दिया गया।

वहीं सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना प्रसारित करने व गलत बयानबाजी कर माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिह्नित किया गया है। मामले में पहले ही साक्ष्य मिटाने के आरोप में प्रधान प्रतिनिधि पर गिलौला थाने में मामला दर्ज कराने के साथ ग्राम सचिव को निलंबित किया गया था।

सोमवार डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि गिलौला के कासीपुर मूसा स्थित गोशाला में संदिग्ध हालात में 12 गोवंशों की मौत हो गई थी।

> मामले में भ्रामक सूचना फैलाने व गलत बयानबाजी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को चिन्हित किया जा चुका है। जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। **अजय कुमार द्विवेदी** डीएम

मामले को छिपाने व साक्ष्य मिटाने के आरोप में प्रधान प्रतिनिधि बबलू के विरुद्ध गिलौला थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जबकि ग्राम सचिव विकास कुमार मौर्य को निलंबित कर दिया गया था। अब डिप्टी सीवीओ विनय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

वहीं ग्राम प्रधान गुलशन जहां का वित्तीय अधिकार सीज करते हुए गांव के विकास के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है।

# दस हजार रुपये का इनामी अंतरराज्यीय ठग गिरफ्तार

## नकदी, जेवर व बाइक सहित अन्य सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 10 हजार रुपये का इनामी एक अंतरराज्यीय ठग को गिरफ्तार किया है। यह नकली सोने को असली बताकर ठगी करता था। जिसके कब्जे से पुलिस ने पीली धातु के जेवर, नकदी व अन्य सामान सहित एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि जिले में नकली को असली सोना बनाकर बेचने को लेकर हरदत्त नगर गिरंट के भेसरी निवासी श्यामलाल यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि उसके साथ साढ़े छह लाख रुपये की ठगी की गई है। इसका मामला दर्ज कर हरदत्त नगर गिरंट थानाध्यक्ष शैलकान्त उपाध्याय के नेतृत्व में सर्विलांस टीम को लगाया गया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर देवरा नहर पुल से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान लखनऊ के थाना मोहनलालगंज के ग्राम मऊ निवासी पवन राय के रूप में हुई जो अपना नाम कमलेश प्रजापति बताता था।

इसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, दो पीली धातु के कंगन, एक असली सोने की चेन, 605.16 ग्राम नकली सोना, एक एटीएम कार्ड, अलग-अलग नंबरों के फर्जी चार आधार कार्ड व 4800 रुपये नकदी बरामद हुई। इसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### घर से नकदी व जेवर चोरी

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम केवटन पुरवा निवासी शिवकली रविवार रात घर में सो रही थी। इस दौरान घर में घुसे चोर ने बक्से में रखा नकदी सहित उसका चांदी का जेवर व उसकी दो बहू का सामान व जेवर पार कर ले गए। इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को सोमवार सुबह हुई। ऐसे में शिवकली ने हरदत्त नगर गिरंट पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर चोरी किया गया सामान खोज निकालने की मांग की है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में 28 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात अलग अलग स्थानों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने 53 वाहनों का ई चालान कर 89,000 रुपये जुर्माना भी लगाया। (संवाद)

ठगी की गई है। इसका मामला दर्ज व

# रामलीला व दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना थाना परिसर में सोमवार को रामलीला व दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक इकौना राजकुमार सरोज ने दुर्गा पूजा कमेटी और रामलीला आयोजकों से रास्ता विवाद या किसी अन्य प्रकार की समस्या, विसर्जन स्थल व अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक क्राइम अश्विनी कुमार दुबे, एसआई दीपक सिंह, प्रेमानंद, विशाल शुक्ला, केडी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

# महिलाओं व बच्चियों को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जिले के थानों में गठित शक्ति मोबाइल की ओर से सोमवार सिरसिया के बेचई पुरवा, सिरसिया बाजार, सोनवा के दिकौली मोड़ पर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने मौजूद महिलाओं व बालिकाओं के लिए ट्विटर सेवा, साइबर अपराध, डायल 112, हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन 1090, सीएम हेल्पलाइन 1076 आदि बारे में जानकारी दी। (संवाद)